

" नाम और पहचान भले ही छोटी हो, मगर खुद की होनी चाहिए। "

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



बोले गए शब्द केवल माफ किए जा सकते हैं, केवल भुलाए नहीं जा सकते।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, मंगलवार, 16 सितंबर, 2025 | अश्विन कृष्ण पक्षः दशमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 256 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### बिहार में किसानों की जमीन लुटवा रही है भाजपा सरकारः कांग्रेस

**नई दिल्ली (अप्रस)।** कांग्रेस कहा है कि मोदी सरकार अपने नजदीकी उद्योगपति पर बिहार में भी मेहरबान हो रही है और वहां ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए किसानों की जमीन लूटकर गौतम अडानी को दी जा रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में भागलपुर के पीरपैंती में किसानों की जमीन की लूट मची है और वहां स्थापित होने वाले ऊर्जा संयंत्र के लिए बहुत कम दरों पर किसानों की जमीन खरीदी जा रही है। उनका यह भी आरोप था कि वहां किसानों से डरा धमकाकर कम दाम पर जमीन खरीदी जा रही है। खेड़ा ने कहा कि 10 लाख पेड़, 1,050 एकड़ जमीन 'राष्ट्र सेठ' गौतम अडानी को पावर प्लांट लगाने के लिए एक रुपए प्रतिवर्ष पर 33 साल के लिए दे दी गई। जब आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार जा रहे हैं, तब वहां के ग्रामीणों को नजरबंद कर दिया गया, ताकि वे धरना न दे सकें। श्री बिहार से जाते-जाते अपने दोस्त अडानी को 1,050 एकड़ जमीन देने जा रहे हैं। ये 2,400 मेगावॉट का प्रोजेक्ट है, जिसका बजट 21,400 करोड़ रुपए है। इसकी घोषणा बजट में भी हुई थी। हालांकि उस वक्त सरकार ने कहा था कि वो खुद ये प्लांट लगाएगी लेकिन बाद में सरकार ने हाथ खड़े कर दिए और ये प्रोजेक्ट गौतम अडानी को दे दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थिति बिहार में बहुत खराब है। उन्हें डर है कि अगले चुनाव में जीत नहीं होगी इसलिए सुनिश्चित हार को देखते हुए चुनाव से पहले अपने मित्र का ऊर्जा संयंत्र स्थापित करवा रहे हैं। उनका कहना था कि महाराष्ट्र में जब चुनाव हुए तो उससे पहले पावर प्लांट का प्रोजेक्ट और धारावी गौतम अडानी को दे दिया था।




बिहार में एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट बोला-

# गड़बड़ी मिली तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी, अंतिम फैसला पूरे देश पर लागू होगा

सात अक्टूबर को अगली सुनवाई

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बिहार में एसआईआर (वोटर वेरिफिकेशन) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि चुनाव आयोग प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहा है। नियमों की अनदेखी हो रही है। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम यह मानकर चलेंगे कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारियों को जानता है। अगर कोई गड़बड़ी हो रही है, तो हम इसको देखेंगे। अगर बिहार में एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता पाई जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत शर्मा और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने स्पष्ट किया कि वह बिहार एसआईटार पर टुकड़ों में राय नहीं दे सकता। उसका अंतिम फैसला केवल बिहार में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में एसआईआर पर लागू होगा। मामले पर 7



अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के खिलाफ मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वह यह मानकर चल रही है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी होने के नाते चुनाव आयोग ने एसआईआर के संचालन में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन किया है। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे पर कोई भी विस्तृत राय देने से इनकार कर दिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि

### देश भर में प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकते

पीठ ने स्पष्ट किया कि वह चुनाव आयोग को देश भर में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए इसी तरह की प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकती। हालांकि, पीठ ने बिहार एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ याचिकाकर्ताओं को 7 अक्तूबर को अखिल भारतीय एसआईआर पर भी बहस करने की अनुमति दे दी।

### एक अन्य याचिका पर नोटिस

इस बीच शीर्ष अदालत ने 8 सितंबर के उस आदेश को वापस लेने की मांग वाली एक याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें चुनाव आयोग को बिहार एसआईआर में आधार कार्ड को 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में शामिल करने का निर्देश दिया गया था। 8 सितंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा और निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए मतदाता की ओर से प्रस्तुत किए जाने पर इसकी वास्तविकता का पता लगा सकता है।

उसके अंतिम फैसले का एसआईआर प्रक्रिया पर अखिल भारतीय प्रभाव पड़ेगा।

पंजाब सीएम की पंजाबियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ न करने की चेतावनी

# श्रद्धालुओं को पाकिस्तान जाने पर रोक लगाना मोदी सरकार का पंजाब विरोधी रवैयाः सीएम मान

क्रिकेट इंतजार कर सकता है, लेकिन आस्था नहीं

भाजपा सरकार द्वारा राज्य के साथ किए गए अन्याय को पंजाबी हमेशा याद रखेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** भारत सरकार की ओर से श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर सिख श्रद्धालुओं के जत्थे को पाकिस्तान भेजने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कड़ा ऐतराज जताया है। मुख्यमंत्री ने अफसोस जाहिर किया कि यह समझना बहुत मुश्किल है कि क्या भाजपा की नीति पाकिस्तान के खिलाफ है या अपने ही लोगों के खिलाफ। उन्होंने कहा कि इससे मोदी सरकार का पंजाब विरोधी रवैया झलकता है। उन्होंने कहा कि अगर एक पाकिस्तानी अभिनेत्री किसी पंजाबी अभिनेता के साथ फिल्म करती है, तो केंद्र सरकार उस



फिल्म पर प्रतिबंध लगा देती है और पंजाबियों को गद्दार करार देती है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि केंद्र सरकार के सौतेले मां जैसे व्यवहार से हमारी फिल्म इंडस्ट्री और पंजाबी कलाकारों को नुकसान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि यह फिल्म पुलवामा आतंकी हमले से काफी पहले फिल्माई गई थी, लेकिन पुलवामा हमले के बहाने फिल्म पर प्रतिबंध लगाना सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच की अनुमति केवल इसलिए दी जाती है क्योंकि 'बड़े साहब' का बेटा यह मैच करवाना चाहता था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भाजपा की नेतृत्व वाली 'ट्रोल आर्मी' ने पंजाबी अभिनेताओं और निर्माताओं को

### मोदी सरकार पंजाब विरोधी मानसिकता की शिकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावी कार्यक्रम के अनुसार राज्यों को पैकेज दिए जाते हैं, जिसके कारण असम, बिहार और अन्य राज्यों को विकास के लिए बड़े पैकेज मिल रहे हैं, जबकि बाढ़ राहत के लिए जानबूझकर पंजाब की मदद नहीं की जा रही। जाखड़, बिट्टू और अन्य की भागीदारी वाली भाजपा की कांग्रेस इकाई के संदिग्ध रुख की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि ये नेता अपने निजी हितों की रक्षा के लिए भगवा पार्टी में शामिल हुए हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य के लोग अकाली, भाजपा और अन्य के दोहरे चेहरों से अच्छी तरह वाकिफ हैं, जिन्होंने राज्य का पैसा लूटने के अलावा कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि मोदी सरकार पंजाब विरोधी मानसिकता की शिकार है, जिसके कारण वह राज्य को बर्बाद करने पर तुली हुई है।

गद्दार तक कह दिया, लेकिन अब दोनों देशों के बीच हुए क्रिकेट मुकाबले के बारे में हर कोई चुप है।

शेष पेज-12

मुख्यमंत्री ने समालखा के साधना एवं ग्राम विकास केंद्र में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में की शिरकत

# एमएसएमई से ही आत्मनिर्भर अभियान को मिलेगी गतिः सैनी

युवा उद्यमी ही लिख सकते हैं 'विकसित भारत विकसित हरियाणा' की कहानी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**समालखा।** मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे राष्ट्रीय अभियानों की सफलता में लघु उद्योगों की भूमिका सर्वोपरि है। 21वीं सदी का भारत जिस ऊंचाई और गति से आगे बढ़ रहा है, उसमें एमएसएमई का महत्वपूर्ण योगदान है। हरियाणा सरकार लघु उद्योगों के विकास के लिए विशेष योजनाएं और प्रोत्साहन नीतियां लागू कर रही है, ताकि उद्यमियों को अधिक से अधिक अवसर मिल सकें और वे बाजार प्रतिस्पर्धा में मजबूती से खड़े हो सकें। यह बातें सीएम नायब सिंह सैनी ने जिला पानीपत के समालखा में आयोजित लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि समालखा में लघु उद्योग भारती के तीन दिवसीय औद्योगिक चिंतन से लघु उद्योगों के विकास की नई दिशा मिल सकेगी। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त कर युवा उद्यमी 'विकसित भारत विकसित हरियाणा' की कहानी लिखेंगे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा का भौगोलिक क्षेत्र केवल 1.3 प्रतिशत है, लेकिन यह वर्ष 2024-25 के अग्रिम अनुमान के अनुसार राष्ट्रीय जीडीपी में 3.6 का प्रतिशत का योगदान दे रहा है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद पिछले दशक में 10.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। फरीदाबाद, पानीपत, यमुनानगर और अंबाला के अनधिकृत औद्योगिक क्षेत्र में चल रही हजारों एमएसएमई को राहत प्रदान की गई है।




### रोजगार उपलब्ध करवाने में लघु उद्योगों की बड़ी भूमिका : मनोहर लाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के विकास में उद्योगों का बड़ा योगदान है। लघु उद्योगों को सरकारी सहायता से गति प्रदान कर रोजगार के नए अवसर पैदा किया जा सकते हैं। केंद्र और राज्य सरकार उद्योग हितैषी नीतियों से भारत में नई औद्योगिक संस्कृति को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में वर्षों बाद जीएसटी के इतने कम स्लैब बनाए गए हैं जो कि अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज विभिन्न उद्योगों में महिलाएं आगे आ रही हैं। उन्होंने बड़ी-बड़ी कंपनियों में महिलाओं की भागीदारी और उनको आत्मनिर्भर बनाने की बात पर जोर देते हुए कहा कि छोटे-छोटे उद्योगों में महिलाओं को आगे लाना होगा।

दौरा | कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने किया पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

# पंजाब में राहुल गांधी ने रोता बच्चा चुप कराया, बाढ़ पीड़ितों से मिले

बोले-मुआवजा जल्द दे सरकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर/गुरदासपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पंजाब का दौरा किया। उन्होंने अमृतसर और गुरदासपुर में अलग-अलग स्थानों पर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। राहुल पंजाब में लगभग साढ़े 6 घंटे रहे। अमृतसर के घोनेवाल गांव में बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में बताते हुए एक बच्चा रो पड़ा, जिसे राहुल गांधी ने गोद में उठाकर चुप कराया। इसके बाद राहुल गांधी ने गुरदासपुर में भी प्रभावित क्षेत्रों का ट्रैक्टर से दौरा किया। सुरक्षा कारणों के चलते वह पाक बॉर्डर से सटे गांवों में नहीं जा सके। अपने दौरे के दौरान उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की। शाम 4 बजे वह पठानकोट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

दौरे के बाद राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि बाढ़ ने पंजाब में भारी तबाही मचाई है। आज घोनेवाल में ग्रामीणों से मिला - उजड़े





आशियाने, बर्बाद खेत, बिखरी जिंदगियां। दर्द आंखों में साफ दिखता है, मगर हौसला अटूट है।

राज्य और केंद्र सरकार दोनों हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि राहत पैकेज और मुआवजा बिना देरी पीड़ितों तक पहुंचे, जिन्हें इस वक्त इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इस त्रासदी में मैं हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं। उनकी आवाज बुलंद करूंगा और उन्हें हर संभव मदद दिलाना मेरा संकल्प है। पंजाब में बाढ़ से 23 जिलों के 2,097 गांव प्रभावित हुए हैं, और लगभग 1,91,926 हेक्टेयर में फसलें डूब गई हैं। 15 जिलों में 52 लोगों की जान जा चुकी है।

गौरतलब है कि 6 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब का दौरा किया था और स्थिति को देखते हुए पंजाब को 1,600 करोड़ रुपए देने की घोषणा की थी। इस पैकेज को भगवंत मान सरकार ने नाकाफी बताया था।




# 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण: एंटीबायोटिक्स की आवश्यकता से अधिक उपयोग को रोकने के लिए पंजाब में एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस कार्य योजना शुरू

- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह द्वारा ड्रग रेसिस्टेंस के वैश्विक खतरे से मुकाबला करने हेतु व्यापक योजना का उद्घाटन
- एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस पर राज्य कार्य योजना शुरू करने वाला सातवां राज्य बना पंजाब
- कार्य योजना निगरानी, सफाई और स्वस्थ स्वास्थ्य, अंतर-विभागीय समन्वय और एंटीबायोटिक्स के तर्कसंगत उपयोग पर केन्द्रित



**ये रहे बैठक में मौजूद**

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, एनएचएम पंजाब और देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ और अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस योजना को सफलतापूर्वक लागू करने की दिशा में सहयोग का आश्वासन दिया।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** एंटीबायोटिक्स के दुरुपयोग और एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (एएमआर) जैसी गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती का सामना करने के लिए पंजाब सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण पर आधारित राज्य स्तरीय एएमआर कार्य योजना का औपचारिक शुभारंभ किया। इस पहल के साथ पंजाब भारत का सातवां और उत्तर भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने एएमआर की रोकथाम के लिए एक समर्पित और व्यापक नीति लागू की है। यह कार्य योजना मानव स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, कृषि और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों को जोड़ने वाले 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसका उद्देश्य विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से एंटीबायोटिक दवाओं के गैर-ज़रूरी उपयोग को रोकना, संक्रमण नियंत्रण को सुदृढ़ करना और स्वास्थ्य प्रणाली की प्रभावशीलता को बनाए रखना है।

राज्य कार्य योजना के तहत सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों से लिए गए नमूनों की निगरानी के लिए एक सशक्त लेबोरेटरी नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जिससे एंटीबायोटिक प्रतिरोध के पैटर्न को ट्रैक किया जा सके। इसके साथ ही अस्पतालों, क्लीनिकों और खाद्य विक्रेताओं में स्वच्छता के उच्च मानकों को अनिवार्य बनाकर संक्रमण के जोखिम को न्यूनतम करने का प्रयास किया जाएगा। योजना का एक प्रमुख उद्देश्य है विभिन्न विभागों - स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि और खाद्य सुरक्षा- के बीच आपसी तालमेल को मज़बूत बनाना ताकि एक समन्वित ढंग से इस चुनौती का सामना किया जा सके।

इस कार्य योजना के अंतर्गत क्लीनिकल दिशा-निर्देशों के अनुसार केवल प्रिस्क्रिप्शन आधारित और तर्कसंगत एंटीबायोटिक उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि इसके दुरुपयोग को रोका जा सके। इसके साथ ही आम लोगों को स्व-चिकित्सा से होने वाले खतरों और दवा का कोर्स अधूरा छोड़ने की गंभीरता के प्रति जागरूक किया जाएगा। राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों, उप-जिला स्वास्थ्य केंद्रों, प्राइमरी हेल्थ केयर सेंटरों और आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से जमीनी स्तर पर बड़े स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

इस योजना का एक अन्य प्रमुख उद्देश्य पशुओं और कृषि क्षेत्र में नॉन-थेरेप्यूटिक एंटीबायोटिक उपयोग को घटाना है और इसके स्थान पर सुरक्षित विकल्पों को बढ़ावा देना है ताकि इन क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले रेसिस्टेंस का नियंत्रण किया जा सके। साथ ही यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि समय पर रोग की पहचान और सही इलाज सुनिश्चित किया जा सके और अनावश्यक एंटीबायोटिक उपयोग से बचा जा सके।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि एएमआर कार्य योजना पंजाब की स्वास्थ्य प्रणाली के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जमीन स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि नागरिक समझ सकें कि बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक लेना या इलाज अधूरा छोड़ना किस प्रकार एंटीबायोटिक रेसिस्टेंस को जन्म देता है।

# गन्ना बकाया राशि शीघ्र जारी की जाएगी: चीमा

- गन्ना किसानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में दिया भरोसा
- वित्त मंत्री द्वारा ग्राम पंचायत जल सप्लाई पंप ऑपरेटर एसोसिएशन, पंजाब पुलिस कोरोना वारियर्स, फ्रीडम फाइटर्स उत्तराधिकारी संस्था और दंगा पीड़ित वेलफेयर सोसाइटी के साथ भी बैठकें
- संबंधित विभागों को जायज़ मांगों के शीघ्र समाधान हेतु निर्देश दिए



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितम्बर।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज गन्ना किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को भरोसा दिया कि निजी मिलों द्वारा खरीदे गए उनके गन्ने की कीमत में पंजाब सरकार के हिस्से की बकाया राशि जल्द से जल्द जारी कर दी जाएगी। इस दौरान किसान संगठनों ने बैठक और भरोसे के लिए वित्त मंत्री का धन्यवाद किया।

यहां अपने कार्यालय में गन्ना किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कृषि समुदाय की भलाई प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने भुगतान में किसी भी विलंब के कारण गन्ना उत्पादकों को होने वाली वित्तीय कठिनाइयों को समझते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार बकाया भुगतान की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रदेश के किसानों को उनकी उपज का समय पर भुगतान प्राप्त हो।

गन्ना किसानों के साथ बैठक से पहले, वित्त मंत्री ने ग्राम पंचायत जल सप्लाई पंप ऑपरेटर एसोसिएशन, पंजाब पुलिस कोरोना वारियर्स, फ्रीडम फाइटर्स उत्तराधिकारी संस्था और दंगा पीड़ित वेलफेयर सोसाइटी सहित विभिन्न एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया। ये बैठकें इन संगठनों की मांगों और मुद्दों के समाधान पर केंद्रित थीं। वित्त मंत्री ने संबंधित विभागों को इन प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत सभी जायज़ मांगों एवं मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए।

इन बैठकों के दौरान, माजा किसान संघर्ष कमेटी के अध्यक्ष बलविंदर सिंह राजू, दोआबा किसान कमेटी के अध्यक्ष जंगवीर सिंह चौहान, पंजाब पुलिस कोरोना वारियर्स के अध्यक्ष गुरबाज़ सिंह, ग्राम पंचायत जल सप्लाई पंप ऑपरेटर्स के अध्यक्ष बंत सिंह, फ्रीडम फाइटर्स उत्तराधिकारी संस्था के दो अलग-अलग विंग्स के अध्यक्ष चित्तन सिंह मानसा और मेजर सिंह, तथा दंगा पीड़ित वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सुरजीत सिंह सहित इन संगठनों के अन्य सदस्य भी अपने-अपने मुद्दे प्रस्तुत किए।

# लुधियाना के सरकारी स्कूलों के अध्यापक व स्टाफ़ ने बाढ़ राहत के लिए दिया 31.53 लाख रुपये का योगदान

- अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य मंत्री बाढ़ राहत फंड के लिए शिक्षा मंत्री बैंस को चेक सौंपा
- यह नेक कार्य अध्यापकों की क्लासरूम से बाहर समाज और मानवता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है: हरजोत सिंह बैंस



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** मानवता की सेवा के लिए एकता और सहानुभूति वाले नेक कार्य के तहत लुधियाना जिले के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के अध्यापक और स्टाफ़ ने सामूहिक रूप से पंजाब मुख्यमंत्री बाढ़ राहत फंड में 31,53,000 रुपये का योगदान दिया है, जिससे प्रदेश में चल रहे बाढ़ राहत कार्यों को मजबूती मिलेगी। पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस को सोमवार को नंगल में जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी), लुधियाना श्रीमती डिंपल मदान की अगुवाई में अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा यह सामूहिक योगदान औपचारिक रूप से भेंट किया गया। अध्यापकों के इस प्रतिनिधिमंडल में डिप्टी डी ई ओ अमनदीप सिंह, स्टेट स्पोर्ट्स कमेटी मेंबर अजीत पाल और फिजिक्स के लेक्चरर दिनेश मोदी शामिल थे।

स हरजोत सिंह बैंस ने अध्यापकों की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा, 'हमारे अध्यापकों द्वारा दिया गया यह विशेष योगदान समाज के प्रति उनकी संवेदना और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रदेश के राहत कार्यों में योगदान देकर अध्यापकों ने यह साबित किया है कि क्लासरूम से बाहर भी वे समाज के प्रति समर्पित हैं और यह एकता बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत और पुनर्वास प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।' शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह नेक कार्य अध्यापकों को समाज के स्तंभ के रूप में उजागर करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पूरी तरह से बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

# पंजाब की टैक्स चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई, 385 करोड़ रुपये का फर्जी बिलिंग घोटाला बेनकाब: चीमा

- 69.57 करोड़ रुपये की टैक्स धोखाधड़ी के लिए 7 के खिलाफ मामला दर्ज
- बिना बिल के माल ढुलाई करने वाले दो पासरों के खिलाफ भी एफ.आई.आर. दर्ज



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितम्बर।** टैक्स चोरी के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक बड़े स्तर पर तेजी से आगे बढ़ाते हुए, पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां घोषणा की कि राज्य के कराधान विभाग ने 385 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी वाले लेन-देन समेत एक बड़े जाली बिलिंग घोटाले, जिसके माध्यम से 69.57 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी हुई, में शामिल 7 व्यक्तियों के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं। इस संबंधी विवरण साझा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि 12 सितंबर, 2025 को दर्ज की गई एफआईआर में से पहली, मैसर्स राजधानी आयरन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके डायरेक्टर मनीष गर्ग व रिद्धिम गर्ग के खिलाफ दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में जांच के दौरान मैसर्स महालक्ष्मी ट्रेडर्स और मैसर्स शिव शक्ति एंटरप्राइजेज सहित जाली फर्मों का जटिल नेटवर्क उजागर हुआ, जो बड़े स्तर पर धोखाधड़ी गतिविधियों और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के गलत उपयोग में लिप्त था। उन्होंने कहा कि इन घोषित व्यावसायिक ठिकानों की भौतिक सत्यापन से पता चला कि वे या तो बंद थे या मौजूद नहीं थे, जिससे इनकी कार्यवाही में धोखाधड़ी की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि इस फर्म पर 310 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी वाले लेन-देन का मामला है, जिसके परिणामस्वरूप 55.93 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी हुई। उन्होंने कहा कि इस मामले में वरिष्ठ सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस, फतेहगढ़ साहिब के पास एफआईआर दर्ज करवाई गई। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आगे बताया कि अन्य कार्रवाई में, 9 सितंबर, 2025 को मैसर्स के. के. इंडस्ट्रीज और उसके सहयोगी चंदन सिंह, अमनदीप सिंह और मुकेश के खिलाफ एक और बड़े जाली बिलिंग घोटाले में भूमिका के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि जांच में खुलासा हुआ कि मैसर्स के. के. इंडस्ट्रीज माल की असल आवागमन के बिना ही जाली इनवॉइस जारी कर रही थी, जिससे लाभार्थी फर्मों को गलत तरीके से आईटीसी पास करने एवं प्राप्त करने में मदद मिल रही थी। वित्त मंत्री ने बताया कि जांचकर्ताओं ने जीएसटी रिटर्न्स, ई-वे बिल डेटा की क्रॉस-वेरिफिकेशन की तथा स्थान की भौतिक सत्यापन की, जिससे लेन-देन की धोखाधड़ी वाली प्रकृति का पर्दाफाश हुआ। उन्होंने बताया कि यह फर्म 75 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी वाले लेन-देन से जुड़ी हुई थी, जिससे 13.64 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी हुई।

इसके अतिरिक्त, 14 सितंबर, 2025 को बठिंडा में दीपक सिंगला एवं विवेक सिंगला के खिलाफ एफआईआर नंबर 182 दर्ज की गई, जिनकी पहचान बठिंडा क्षेत्र में लोहे एवं स्टील का पासर होने के रूप में हुई। जांच से पता चला है कि दोनों दोषी बिना हिसाब-किताब वाले सामान को आवश्यक बिलिंग के बिना ढुलाई में शामिल थे, जिससे बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी हुई तथा सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया गया।

इन एफआईआरज़ के अलावा, कराधान विभाग ने अपनी फील्ड-स्तरीय कार्रवाई तेज कर दी है। मंडी गोबिंदगढ़ में एक विशेष तीन दिवसीय चेकिंग अभियान के दौरान स्टेट इन्वेस्टिगेशन एंड प्रिवेंटिव यूनिट्स (एसआईपीयू) ने सत्यापन हेतु 108 वाहनों को रोका। इनमें से 26 वाहनों पर 50 लाख रुपए के जुर्माने लगाए जा चुके हैं, जबकि बाकी वाहनों के संबंध में कार्रवाई अभी जारी है।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 198वें दिन पंजाब पुलिस ने 293 जगहों पर छापेमारी; 74 नशा तस्कर काबू

- 56 एफआईआर दर्ज; 606 ग्राम हेरोइन बरामद
- नशा छुड़ाने संबंधी प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 10 व्यक्तियों को इलाज के लिए तैयार किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितम्बर।** प्रदेश से नशे का पूरी तरह ख़ात्मा करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए गए 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 198वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 293 स्थानों पर छापेमारी की।

इसके बाद पूरे प्रदेश में 56 एफआईआर दर्ज कर 74 नशा तस्करों को गिरफ़्तार किया गया। इस तरह 198 दिनों में गिरफ़्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या 29,660 हो गई है।

इन छापों के दौरान पकड़े गए नशा तस्करों के कब्ज़े से 606 ग्राम हेरोइन, 340 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 9,720 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, डिप्टी कमिश्नरों और एसएसपी को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के आदेश दिए हैं। नशों के ख़िलाफ़ इस जंग की निगरानी के लिए पंजाब सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी बनाई है।

इस ऑपरेशन के दौरान 61 गज़ेटेड अधिकारियों की निगरानी में 1,000 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में छापेमारी की। दिनभर चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 307 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

यह भी उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने प्रदेश से नशा ख़त्म करने के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - एन्फ़ोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी) - लागू की है। इस रणनीति के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने आज 10 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए तैयार किया है।

## DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

Draw Time: 08:00 PM ONWARDS | DATE: 15/09/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 BEAST MONDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs.50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)

B 19281

2nd Prize Amount (50) Rs. 9,000/- (On 5 digits)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03981 | 15619 | 17942 | 20270 | 35131 | 37160 | 42609 | 45199 | 46236 | 67599 |

3rd Prize Amount (250) Rs. 5,000/- (On Last 4 digits)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4670 | 5166 | 6451 | 6855 | 9980 |

4th Prize Amount (500) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0863 | 1425 | 2223 | 2671 | 4537 | 5077 | 5612 | 6667 | 7129 | 7514 |

5th Prize Amount (500) Rs. 1000/- (On last 4 digits)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0438 | 1027 | 1236 | 2460 | 5074 | 6058 | 8061 | 8180 | 8685 | 8706 |

6th Prize Amount (500) Rs. 500/- (On last 4 digits)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2241 | 2273 | 2516 | 3076 | 3384 | 4517 | 4556 | 6528 | 7237 | 7887 |

7th Prize Amount (88,000) Rs. 100/- (On last 4 digits)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0050 | 0013 | 0027 | 0028 | 0038 | 0040 | 0044 | 0065 | 0068 | 0072 |
| 0073 | 0083 | 0098 | 0122 | 0152 | 0166 | 0170 | 0172 | 0188 | 0191 |
| 0192 | 0193 | 0212 | 0221 | 0226 | 0231 | 0236 | 0241 | 0252 | 0256 |
| 0258 | 0270 | 0284 | 0285 | 0303 | 0329 | 0342 | 0352 | 0361 | 0366 |
| 0380 | 0393 | 0401 | 0404 | 0423 | 0466 | 0475 | 0485 | 0489 | 0491 |
| 0493 | 0497 | 0499 | 0506 | 0508 | 0516 | 0526 | 0531 | 0549 | 0552 |
| 0566 | 0578 | 0581 | 0582 | 0592 | 0595 | 0599 | 0610 | 0652 | 0670 |
| 0705 | 0709 | 0723 | 0735 | 0781 | 0821 | 0844 | 0845 | 0848 | 0872 |
| 0876 | 0880 | 0898 | 0906 | 0908 | 0912 | 0920 | 0946 | 0958 | 0980 |
| 0997 | 1004 | 1019 | 1028 | 1034 | 1042 | 1047 | 1052 | 1059 | 1086 |
| 1097 | 1112 | 1136 | 1152 | 1153 | 1180 | 1216 | 1230 | 1232 | 1235 |
| 1270 | 1271 | 1280 | 1301 | 1320 | 1332 | 1334 | 1339 | 1340 | 1400 |
| 1410 | 1431 | 1455 | 1467 | 1472 | 1482 | 1486 | 1488 | 1496 | 1526 |
| 1527 | 1534 | 1542 | 1550 | 1559 | 1576 | 1585 | 1589 | 1590 | 1592 |
| 1594 | 1597 | 1620 | 1621 | 1644 | 1671 | 1693 | 1697 | 1703 | 1712 |
| 1719 | 1720 | 1734 | 1745 | 1748 | 1763 | 1770 | 1772 | 1778 | 1784 |
| 1785 | 1787 | 1790 | 1814 | 1824 | 1834 | 1852 | 1854 | 1860 | 1924 |
| 1932 | 1936 | 1953 | 1957 | 1967 | 1983 | 2000 | 2012 | 2016 | 2033 |
| 2051 | 2059 | 2086 | 2089 | 2092 | 2094 | 2102 | 2103 | 2109 | 2115 |
| 2119 | 2137 | 2142 | 2154 | 2155 | 2159 | 2160 | 2165 | 2176 | 2193 |
| 2221 | 2234 | 2251 | 2264 | 2291 | 2315 | 2318 | 2343 | 2350 | 2358 |
| 2362 | 2367 | 2377 | 2382 | 2388 | 2453 | 2487 | 2500 | 2526 | 2543 |
| 2579 | 2582 | 2596 | 2620 | 2622 | 2626 | 2644 | 2664 | 2682 | 2702 |
| 2710 | 2727 | 2740 | 2754 | 2755 | 2772 | 2785 | 2795 | 2802 | 2847 |
| 2911 | 2974 | 2986 | 3001 | 3012 | 3018 | 3027 | 3037 | 3041 | 3067 |
| 3074 | 3075 | 3083 | 3087 | 3091 | 3095 | 3110 | 3113 | 3129 | 3132 |
| 3149 | 3186 | 3191 | 3192 | 3240 | 3250 | 3263 | 3294 | 3296 | 3309 |
| 3326 | 3336 | 3359 | 3361 | 3364 | 3377 | 3379 | 3385 | 3386 | 3395 |
| 3410 | 3441 | 3465 | 3468 | 3475 | 3479 | 3490 | 3497 | 3503 | 3508 |
| 3518 | 3547 | 3574 | 3578 | 3591 | 3592 | 3605 | 3622 | 3635 | 3651 |
| 3660 | 3676 | 3680 | 3740 | 3742 | 3770 | 3776 | 3792 | 3795 | 3797 |
| 3824 | 3835 | 3850 | 3854 | 3874 | 3879 | 3881 | 3882 | 3889 | 3891 |
| 3903 | 3908 | 3928 | 3936 | 3938 | 3946 | 3947 | 3951 | 3994 | 3996 |
| 4005 | 4014 | 4021 | 4088 | 4094 | 4118 | 4125 | 4139 | 4154 | 4159 |
| 4173 | 4185 | 4194 | 4196 | 4197 | 4200 | 4223 | 4224 | 4241 | 4248 |
| 4263 | 4265 | 4280 | 4311 | 4322 | 4328 | 4330 | 4370 | 4404 | 4409 |
| 4411 | 4425 | 4455 | 4471 | 4486 | 4498 | 4514 | 4515 | 4522 | 4544 |
| 4548 | 4552 | 4569 | 4573 | 4579 | 4597 | 4602 | 4607 | 4623 | 4664 |
| 4674 | 4675 | 4681 | 4710 | 4711 | 4720 | 4725 | 4737 | 4742 | 4753 |
| 4762 | 4772 | 4776 | 4777 | 4779 | 4795 | 4816 | 4821 | 4835 | 4861 |
| 4864 | 4875 | 4876 | 4914 | 4923 | 4931 | 4949 | 4960 | 4963 | 4979 |
| 4981 | 4996 | 5000 | 5012 | 5018 | 5026 | 5070 | 5071 | 5076 | 5090 |
| 5116 | 5164 | 5166 | 5188 | 5191 | 5209 | 5212 | 5226 | 5237 | 5263 |
| 5270 | 5275 | 5279 | 5291 | 5297 | 5307 | 5323 | 5324 | 5360 | 5361 |
| 5380 | 5386 | 5398 | 5415 | 5417 | 5446 | 5455 | 5459 | 5469 | 5474 |
| 5475 | 5484 | 5502 | 5511 | 5522 | 5526 | 5532 | 5533 | 5535 | 5539 |
| 5543 | 5544 | 5553 | 5569 | 5572 | 5573 | 5575 | 5651 | 5666 | 5668 |
| 5675 | 5676 | 5682 | 5691 | 5696 | 5727 | 5804 | 5806 | 5816 | 5824 |
| 5828 | 5831 | 5845 | 5914 | 5934 | 5959 | 5983 | 5993 | 6014 | 6015 |
| 6024 | 6037 | 6043 | 6064 | 6066 | 6084 | 6085 | 6124 | 6133 | 6150 |
| 6154 | 6164 | 6174 | 6184 | 6190 | 6219 | 6223 | 6231 | 6234 | 6252 |
| 6258 | 6273 | 6284 | 6292 | 6325 | 6362 | 6379 | 6395 | 6407 | 6408 |
| 6425 | 6437 | 6449 | 6458 | 6461 | 6477 | 6494 | 6503 | 6512 | 6519 |
| 6521 | 6580 | 6592 | 6597 | 6628 | 6668 | 6682 | 6691 | 6695 | 6709 |
| 6740 | 6756 | 6771 | 6798 | 6802 | 6834 | 6847 | 6849 | 6861 | 6863 |
| 6871 | 6877 | 6885 | 6904 | 6912 | 6913 | 6918 | 6945 | 6946 | 6963 |
| 6976 | 6993 | 7006 | 7016 | 7036 | 7052 | 7070 | 7082 | 7113 | 7114 |
| 7127 | 7132 | 7141 | 7147 | 7155 | 7165 | 7183 | 7184 | 7192 | 7226 |
| 7248 | 7291 | 7319 | 7328 | 7330 | 7352 | 7353 | 7354 | 7373 | 7388 |
| 7390 | 7439 | 7443 | 7444 | 7447 | 7456 | 7471 | 7494 | 7497 | 7510 |
| 7517 | 7528 | 7530 | 7536 | 7545 | 7549 | 7553 | 7555 | 7566 | 7578 |
| 7579 | 7595 | 7621 | 7636 | 7650 | 7668 | 7670 | 7694 | 7698 | 7712 |
| 7715 | 7721 | 7731 | 7733 | 7746 | 7748 | 7757 | 7792 | 7802 | 7803 |
| 7804 | 7829 | 7831 | 7844 | 7859 | 7863 | 7881 | 7893 | 7896 | 7899 |
| 7924 | 7933 | 7941 | 7986 | 7992 | 7996 | 8033 | 8059 | 8073 | 8082 |
| 8121 | 8125 | 8134 | 8138 | 8176 | 8195 | 8196 | 8224 | 8227 | 8229 |
| 8237 | 8267 | 8280 | 8301 | 8321 | 8324 | 8331 | 8333 | 8340 | 8366 |
| 8383 | 8389 | 8400 | 8414 | 8471 | 8487 | 8488 | 8502 | 8545 | 8571 |
| 8573 | 8575 | 8577 | 8588 | 8593 | 8597 | 8599 | 8608 | 8627 | 8653 |
| 8655 | 8659 | 8672 | 8692 | 8709 | 8711 | 8714 | 8715 | 8717 | 8725 |
| 8749 | 8773 | 8774 | 8777 | 8798 | 8828 | 8832 | 8850 | 8852 | 8875 |
| 8912 | 8927 | 8943 | 8954 | 8966 | 8982 | 8983 | 9010 | 9034 | 9041 |
| 9070 | 9071 | 9088 | 9106 | 9111 | 9116 | 9124 | 9140 | 9154 | 9155 |
| 9166 | 9172 | 9175 | 9188 | 9230 | 9241 | 9247 | 9273 | 9288 | 9299 |
| 9314 | 9327 | 9331 | 9368 | 9373 | 9396 | 9404 | 9408 | 9418 | 9428 |
| 9439 | 9454 | 9456 | 9462 | 9465 | 9469 | 9480 | 9482 | 9486 | 9494 |
| 9496 | 9525 | 9530 | 9537 | 9575 | 9598 | 9607 | 9610 | 9613 | 9630 |
| 9641 | 9644 | 9650 | 9653 | 9655 | 9664 | 9667 | 9677 | 9678 | 9688 |
| 9704 | 9754 | 9780 | 9786 | 9800 | 9823 | 9830 | 9855 | 9860 | 9863 |
| 9933 | 9939 | 9940 | 9944 | 9954 | 9962 | 9983 | 9988 | 9989 | 9996 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

Kindly check the final result with Official Gazette Notification

# पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लोगों के स्वस्थ जीवन और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति वचनबद्ध

**पीपीसीबीबी विकास के साथ-साथ उद्योगों द्वारा सुरक्षित तकनीक अपनाने और स्थायी विकास सुनिश्चित करने के लिए दृढ़**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक गतिविधियों को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) ने राज्यभर में सभी टायर पायरोलेसिस ऑयल (टीपीओ) यूनिटों का व्यापक निरीक्षण किया। प्रवक्ता ने बताया कि विभिन्न जिलों में स्थित 17 टीपीओ यूनिटों के एक साथ निरीक्षण के लिए, पर्यावरण अभियंता रैंक के अधिकारियों सहित 17 टीमें तैनात की गई थीं। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इन निरीक्षणों का उद्देश्य पर्यावरण सुरक्षा उपायों, सुरक्षा प्रोटोकॉल और कानून व निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत आवश्यक प्रदूषण नियंत्रण उपायों के अनुपालन का मूल्यांकन करना था।

निरीक्षण से पता चला कि 17 में से 11 यूनिट निर्धारित सुरक्षा उपायों का पालन नहीं कर रहे थीं। आम उल्लंघनों में उचित वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की कमी, पायरो गैस का असुरक्षित प्रबंधन और गंदे पानी के प्रबंधन में खामियां शामिल थीं।

इन उल्लंघनों पर सख्त संज्ञान लेते हुए पीपीसीबी ने अनुपालन न करने वाली यूनिटों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें नोटिस जारी किए हैं। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य में औद्योगिक विकास के साथ-साथ सतत विकास और पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को दोहराया। प्रवक्ता ने आगे कहा कि बोर्ड उद्योगों द्वारा सुरक्षित तकनीकों को अपनाने के लिए दृढ़ है।

टायर पायरोलेसिस में टायर पायरोलेसिस ऑयल (टीपीओ) और कार्बन ब्लैक को उप-उत्पाद के रूप में तैयार करने के लिए ऑक्सीजन-रहित परिस्थितियों में अपशिष्ट टायरों को प्रोसेस करना शामिल है। यदि इन यूनिटों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुसार नहीं चलाया जाता है, तो ये यूनिटें गंभीर पर्यावरणीय खतरों जैसे कि काले धुएं का उत्सर्जन, पायरो गैस का असुरक्षित प्रबंधन और गंदे पानी के सही तरीके से निपटान न होने का कारण बन सकती हैं।

# मुख्यमंत्री ने गांवों के विकास कार्यों की निगरानी हेतु निगरानी कमेटियों के गठन की घोषणा की

- परियोजनाओं को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु कमेटियों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई गई
- युवाओं की अपार ऊर्जा को सही दिशा में लगाने हेतु युवा क्लबों को सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितम्बर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज ज़मीनी स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी के लिए गांव स्तर पर निगरानी कमेटियों के गठन की घोषणा की है।

यहां युवा क्लबों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पंजाब के विकास में तेजी लाने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जनता के करदाताओं के पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित करना समय की मांग है, जिसके लिए लोगों के स्तर पर निगरानी बहुत जरूरी है। भगवंत सिंह मान ने बताया कि इस उद्देश्य के तहत विकास कार्यों की निगरानी एवं उनके सुचारू और पारदर्शी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु गांव स्तरीय निगरानी कमेटियां बनाई जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कमेटियों में युवा क्लबों के सदस्य तथा गांव के अन्य चुने हुए प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये कमेटियां ज़मीनी स्तर पर सरकारी फंडों के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु सार्थक भूमिका अदा करेंगी। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि ये कमेटियां परियोजनाओं के निर्बाध कार्यान्वयन की जिम्मेदारी लेंगी ताकि आम लोगों को इसका लाभ मिल सके।

लोगों विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी से पंजाब के सर्वपक्षीय विकास के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने गांव स्तर पर खेलों को प्रोत्साहित करने में युवा क्लबों को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने ऐसे प्रयासों हेतु प्रदेश सरकार की पूरी समर्थन देने का भरोसा भी दिया।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह कदम युवाओं की अपार ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा।

# हाउसिंग सोसायटियों को 21 दिनों के भीतर बकाया की अदायगी करने के निर्देश: रजिस्ट्रार सहकारी सोसायटियां

- निर्धारित समय में कानूनी बकाए का भुगतान न करने पर होगी सख्त कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** सहकारिता विभाग ने उन सहकारी हाउसिंग और हाउस बिल्डिंग सोसायटियों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं, जिन्होंने अपने सदस्यों से बकाया राशि वसूलने के बावजूद संबंधित शहरी विकास प्राधिकरणों को इसका भुगतान नहीं किया है।

मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत रजिस्ट्रार सहकारी सोसायटियां गिरीश दियालन ने इन सभी सोसायटियों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। इन बकायों में बाहरी विकास खर्चे (ईडीसी), भूमि के इस्तेमाल में परिवर्तन (सीएलयू) खर्चे और अन्य खर्चे शामिल हैं।

इन भुगतानों को न करना प्रबंधक समितियों और पदाधिकारियों की ओर से विश्वास का गंभीर उल्लंघन है। ऐसे डिफॉल्ट न केवल सोसायटियों की कानूनी स्थिति को खतरे में डालते हैं बल्कि उनके सदस्यों के हितों को भी नुकसान पहुँचाते हैं।

सदस्यों के अधिकारों की रक्षा और कानूनी आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए, सभी सहकारी हाउसिंग और हाउस बिल्डिंग सोसायटियों को निर्देश दिए जाते हैं कि संबंधित शहरी विकास प्राधिकरण को देय सभी बकाए, इस नोटिस के 21 दिनों के भीतर जमा करवाए जाएं। जहाँ व्यक्तिगत सदस्यों ने अपना हिस्सा जमा नहीं किया है, वहाँ प्रबंधक समिति को 30 दिनों के भीतर इसकी वसूली कर जमा करना सुनिश्चित करना होगा। प्रत्येक सोसायटी को 30 दिनों के भीतर संबंधित प्राधिकरण से डीआरसीएस कार्यालय में एक नो-ड्यूज़ सर्टिफिकेट(कोई बकाया नहीं) जमा करना होगा।

उन्होंने आगे कहा कि इन निर्देशों का पालन न करने पर इसे सहकारी सभाएं अधिनियम की धारा 27 के तहत लगातार डिफॉल्ट या लापरवाही माना जाएगा। अनुपालन न करने की स्थिति में प्रबंधक समिति को बर्खास्त करने सहित सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी।

श्री दियालन ने कहा कि यह कदम सदस्यों के अधिकारों की रक्षा और सहकारी हाउसिंग सभाओं के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बड़े जनहित में उठाए जा रहे हैं।

# स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने पूर्व सांसद महिंदर सिंह केपी के इकलौते पुत्र रिची केपी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने पूर्व सांसद महिंदर सिंह केपी के इकलौते पुत्र रिची केपी के जालंधर में सड़क हादसे में बेवक्त निधन पर गहरी दुख व्यक्त किया।

स्पीकर संधवां ने कहा कि यह खबर सुनकर उन्हें बहुत दुख हुआ है और वे परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुःख की घड़ी में दुखी परिवार को यह कभी न भरने वाला आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान कल्याण को लेकर केंद्रीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री के साथ बैठक कर विभिन्न विषयों पर की चर्चा

# पीईजी योजना के तहत हरियाणा के गोदामों की क्षमता को बढ़ाकर 30 लाख मीट्रिक टन करने की केंद्र सरकार से मिली मंजूरी : नायब सैनी

मुख्यमंत्री के 1 अक्तूबर से शुरू होने वाली खरीद को हरियाणा में निर्धारित समय से पहले शुरू करने के आग्रह को केंद्र सरकार ने स्वीकार किया

केंद्रीय पूल में हरियाणा द्वारा दिए गए गेहूँ और चावल की फसल की बकाया राशि 6200 करोड़ रुपये के जल्द भुगतान का मिला आश्वासन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ बैठक कर किसानों के हितों और फसल खरीद से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हरियाणा में 1 अक्तूबर से प्रस्तावित फसल खरीद को निर्धारित समय से पहले शुरू करने की अनुमति दी जाए, ताकि किसानों को बिना किसी परेशानी के अपनी उपज बेचने का अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री के इस आग्रह को केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया।

बैठक के दौरान, प्राइवेट एंटरप्रेन्योर्स गारंटी (पीईजी) स्कीम के तहत हरियाणा के गोदामों की क्षमता को बढ़ाकर 30 लाख मीट्रिक टन करने की केंद्र सरकार की ओर से मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा, केंद्रीय पूल में हरियाणा द्वारा दिए गए गेहूँ और चावल की फसल की बकाया राशि 6200 करोड़ रुपये का जल्द भुगतान का भी आश्वासन मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के पास मौजूदा वक्त में केंद्रीय पूल का 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं और चावल का स्टॉक है। दिसंबर में अगली फसल की सप्लाई शुरू होने पर हरियाणा को 14.5 लाख मीट्रिक टन स्टॉक रखने का स्थान केंद्र सरकार से अतिरिक्त प्राप्त होगा। अतिरिक्त चावल व गेहूं को अन्य राज्यों में भेजा जाएगा।

बैठक के दौरान, फसल विविधीकरण और गन्ने की फसल को बढ़ावा देने के लिए श्री नायब सिंह सैनी ने शुगर मिल की दूरी को 25 किलोमीटर से घटाकर 15 किलोमीटर रखने का प्रस्ताव दिया, जिस पर भारत सरकार ने अनुमोदन दिया।

मुख्यमंत्री ने पीडीएस के तहत बांटे जाने वाले चावल को 25 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत टूटा हुआ करने की पायलट योजना का पुरजोर समर्थन किया और हरियाणा का लक्ष्य 3.5 लाख टन से बढ़ाकर 8 लाख टन करने पर केन्द्र सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा इस साल 10 प्रतिशत टूटे चावल के 8 लाख मीट्रिक टन की खरीद के लक्ष्य को पूरा करेगा। 15 प्रतिशत बचे टूटे चावल को केंद्र सरकार की तरफ से 15 दिनों में बेचा जाएगा।

बैठक में हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरूण गुप्ता, रेजिडेंट कमिश्नर डी सुरेश सहित कई उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए तीन आपराधिक कानूनों को लेकर राज्य में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इनको लेकर कुरूक्षेत्र में विशाल प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी का उदघाटन केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह करेंगे।

एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक विशेष सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस सेवा पखवाड़े के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विशेष कार्यक्रम एवं कार्य योजना बना कर महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जैसे बड़े स्तर पर सेवा कार्य किए जाएगें। उन्होंने कहा कि सेवाओं को लेकर कई कार्यक्रम चलाएं जाएगें और महिलाओं व नागरिकों के स्वास्थ्य पर फोकस किया जाएगा।

## घग्गर क्षेत्र के दोनों राज्यों के किसानों के सुझावों पर एक सप्ताह में रिपोर्ट दें अधिकारी : डीसी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 15 सितंबर।** डीसी प्रीति ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार सरकार का प्रयास है कि हरियाणा व पंजाब के किसानों को घग्गर नदी में पानी की अधिकता की स्थिति में नुकसान न हो। इसके लिए पहले भी सरकार ने व्यापक स्तर पर उपाय किए हैं। इस बार भी सरकार द्वारा स्थिति पर बारीकी से नजर रखते हुए प्रयास किया गया कि इस क्षेत्र के आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो। सरकार व प्रशासन के प्रयासों के चलते पानी आबादी में नहीं पहुंचा। अब जब घग्गर में पानी कम हो गया है तो सिंचाई विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि पंजाब एवं हरियाणा के घग्गर के आस-पास के गांवों के लोगों ने जो भी सुझाव एवं शिकायतें दी हैं, उन सुझावों व शिकायतों सहित घग्गर नदी के जल स्तर पर कार्ययोजना की एक सप्ताह में रिपोर्ट तैयार करें। जिसे सरकार से स्वीकृति मिलते ही तुरंत काम शुरू करवाया जाएगा। पूरा प्रयास रहेगा कि नदी के पानी के चलते इस क्षेत्र में दोनों ही ओर के लोगों को नुकसान की न हो। डीसी प्रीति सोमवार को कैथल लघु सचिवालय स्थित सभागार में हरियाणा व पंजाब के घग्गर क्षेत्र के किसानों, आमजनों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। बैठक में जिले के सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग सहित एसडीएम गुहला व अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे। डीसी प्रीति ने बताया कि पिछले दिनों पंजाब क्षेत्र के कुछ गांवों के किसान माननीय मुख्यमंत्री से मिले थे। उनसे मिलकर घग्गर क्षेत्र में हर दो-तीन साल बाद उत्पन्न होने वाली बाढ़ जैसी स्थिति से बचने के लिए कई सुझाव दिए थे। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को आदेश जारी किए थे कि पंजाब क्षेत्र के किसानों के साथ बैठक कर जलभराव संबंधी उपायों पर चर्चा कर समस्याओं का समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार बैठक कर घग्गर के जलभराव वाले क्षेत्र में आने वाले पंजाब एवं हरियाणा के गांवों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की है। जिसमें दोनों ही क्षेत्र के किसानों ने घग्गर की साफ-सफाई सहित कई सुझाव दिए हैं। किसानों द्वारा दिए गए सुझावों व शिकायतों का मौके पर ही अधिकारियों द्वारा तार्किक जवाब दिया गया। साथ ही दोनों ही क्षेत्र के आबादी, कृषि क्षेत्र के कल्याण के लिए जो भी उपाय किए जा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में जानकारी दी गई



**निसिंग (अप्रस/कृष्ण)।** केनरा बैंक ने सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में जानकारी देने के लिए गांव गोविंदगढ़ में विशाल शिविर का आयोजन हुआ। केनरा बैंक मेगा जानकारी शिविर में केनरा बैंक के महाप्रबंधक मनोज कुमार मीणा, डीजीएम डी वी सी पनेंद्र कुमार , ए जी एम राज मंगल,डी एम शांति भूषण के पहुंचने सरदार महल सिंह व सरपंच जितेंद्र सिंह के साथ मिलकर किया जोरदार स्वागत ।सरदार महल सिंह अपने गांव से सेंकड़ों लोगों को लेकर केनरा बैंक द्वारा लगाए गए आयोजन में पहुंचे कार्यक्रम का आयोजन सरदार महल सिंह डाचर व सरदार जितेंद्र सिंह सरपंच और गुरुद्वारा प्रबंधक सरदार बलकार सिंह जी की अध्यक्षता में रखा गया। केनरा बैंक के अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई गई स्कीमों के बारे में काफी जानकारी दी। और जल्दी गांव डाचर व गोविंदगढ़ में केनरा बैंक का एटीएम की भी शुरुआत करने का आश्वासन दिया। गांव चोरकारसा के सरपंच रामपाल भी अपने गांव के लोगों को लेकर इस आयोजन में पहुंचे। केनरा बैंक के अधिकारियों ने बताया कि अपने अकाउंट में लगातार टैक्सेशन करते रहे अपने खाते को बंद ना करें बंद करने से आपके खाते में नुकसान होता है और हमेशा अकाउंट को निरंतर चालू रखें और जिनके भी अकाउंट बंद थे फिर केवाईसी द्वारा जोड़कर अकाउंट को शुरू किया गया गांव की काफी लोगों ने अपने नए अकाउंट भी खुलवाएं।

### यातायात नियमों को लेकर पुलिस की सख्ती, काटे चालान

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जींद पुलिस ने 5 से 14 सितंबर तक विशेष ट्रैफिक अभियान चलाया। यह अभियान एडीजीपी यातायात एवं हाईवे हरियाणा करनाल के दिशा-निर्देश, पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन और डीएसपी सदींम कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक शमशेर सिंह ने बताया कि इस दौरान 876 गलत लेन में वाहन चलाने, 11 प्रेशर हॉर्न बजाने, 10 बुलेट पटाखा निकालने और 101 नशे में वाहन चलाने के चालान काटे गए। कुल 54 वाहन भी इम्पाउंड किए गए। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि गलत लेन में गाड़ी चलाना, प्रेशर हॉर्न बजाना, बुलेट पटाखा निकालना और नशे की हालत में वाहन चलाना बेहद खतरनाक है, क्योंकि इससे न केवल चालक बल्कि अन्य राहगीरों की जान को भी गंभीर खतरा रहता है। विशेषकर रात के समय नशे में गाड़ी चलाने से हादसों की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इस अभियान का उद्देश्य ट्रैफिक अनुशासन कायम करना और लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करना है। एसपी ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलेंगे और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी।



### सीआरएसयू में 26वीं शैक्षणिक परिषद बैठक सम्पन्न

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी की अध्यक्षता में 26वीं शैक्षणिक परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अद्यतन योजनाओं और पाठ्यक्रमों को मंजूरी दी गई। स्वीकृत पाठ्यक्रमों में लचीली क्रेडिट प्रणाली, व्यवसायिक शिक्षा का समावेश और अनुसंधान पर जोर शामिल है। बीएड, एमएड, बीए-बीएड/बीएससी-बीएड, एमपीईएस आदि पाठ्यक्रमों के प्रॉस्पेक्टस को सत्र 2025-26 के लिए मंजूरी दी गई। कई शिक्षा कॉलेजों को बीबीए, बीएससी कंप्यूटर साइंस और बीएससी स्पोर्ट्स शुरू करने की अस्थायी संबद्धता दी गई। बैठक में विश्वविद्यालय और कॉलेजों के छात्रों को विशेष व मर्सी चांस देने का निर्णय भी लिया गया। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर वृत्तचित्र और विस्तृत प्रस्तुति प्रस्तुत की गई, जिसे परिषद सदस्यों ने सराहा।

### रामलीला महोत्सव 2025 बनेगा नरवाना की पहचान

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** श्री भारतीय कला केंद्र (रजि.) नरवाना द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2025 का शुभारंभ 21 सितम्बर को होगा, जिसका उद्घाटन हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण बेदी करेंगे। यह आयोजन 2 अक्टूबर को दशहरे पर संपन्न होगा। केंद्र के प्रधान कुलदीप सिंगला ने बताया कि इस बार आयोजन और भी भव्य होगा। नई पीढ़ी के कलाकार अत्याधुनिक मंच तकनीक के साथ रामायण की दिव्य कथाओं का मंचन करेंगे। सुरक्षा, पार्किंग और महिला सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने आयोजन के समर्थन का संकल्प लिया है। इसे नरवाना की संस्कृति, परंपरा और एकता का प्रतीक बताते हुए सभी ने व्यापक सहयोग देने का आश्वासन दिया। भारतीय कला केंद्र ने नरवाना वासियों से परिवार सहित रामलीला में भाग लेने का आह्वान किया है।



## संसद खेल महोत्सव 2025 खेलेगा कुरुक्षेत्र, बढ़ेगा भारत : अरविंद गोलन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 15 सितंबर।** सांसद नवीन जिंदल के पूंडरी हलका प्रभारी अरविंद गोलन पूंडरी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया विजन् और कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर संसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतियोगिता है बल्कि युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन, और राष्ट्रप्रेम का संचार करने वाला एक महाउत्सव है। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी युवाओं को खेलों के माध्यम से एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और अपने गाँव, क्षेत्र व देश का नाम रोशन करें। यहां बातचीत कर जानकारी देते हुए अरविंद गोलन ने बताया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 सितंबर है और खेल आयोजन 21 सितंबर से 25 दिसंबर 2025 तक होगा। इस आयोजन में विभिन्न आयु वर्गों के लिए कई प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दौड़, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, और पारंपरिक ग्रामीण खेल शामिल होंगे। अरविंद गोलन ने कहा कि फिट युवा ही विकसित भारत की असली पहचान हैं। संसद खेल महोत्सव एक ऐसा मंच है, जो हमारे युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाएगा, बल्कि उनमें नेतृत्व, टीमवर्क और आत्मविश्वास का विकास भी करेगा। इस आयोजन का संदेश है खेलेगा कुरुक्षेत्र, बढ़ेगा भारत,फिट युवा फॉर विकसित भारत। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे स्वयं पंजीकरण करें।

### स्वच्छता पखवाड़े के तहत सीटीएम ने किया सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण

**कैथल (अप्रस)।** सीटीएम गुरविंद्र सिंह द्वारा सोमवार को शहर में स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने स्वच्छता को लेकर स्थिति का आंकलन किया। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के भवनों, खेल विभाग व बीडीपीओ कार्यालय में अव्यवस्था पर तीनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कार्यालय के निरीक्षण के दौरान बेसमेंट में पानी भरा हुआ मिला। इसके अलावा जिला खेल अधिकारी कार्यालय में मलबा पड़ा हुआ था। साथ ही शौचालय बंद पड़े थे। जिला खेल अधिकारी को मलबा हटाने सहित शौचालय सुचारू रूप से करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## सभी एमिनेट पर्सन आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाएं : ज्योति सैनी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 15 सितंबर।** हरियाणा सरकार द्वारा सीएम विंडो पर जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों से एमिनेट पर्सन नियुक्त किए जाने पर आज सभी नियुक्त सदस्य भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे और जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति सैनी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का भी आभार जताया। ज्योति सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की गई यह नियुक्तियां सरकार की जनकल्याणकारी सोच को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि अब जिले के हर व्यक्ति की समस्या सीएम विंडो पर और अधिक तेजी व पारदर्शिता के साथ हल होगी। ज्योति सैनी ने भरोसा जताया कि सभी एमिनेट पर्सन अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने का काम करेंगे। नियुक्त एमिनेट पर्सन्ज में पूंडरी से ममता सैनी, राजिंदर सिंह, ऋषि कुमार, राजिंदर शर्मा। कैथल से अरुण वर्मा, यशपाल प्रजापति, संजय गुज्जर, नरेश कुमार, शिव पराशर पाडला। गुहला से शैली मुंजाल, प्रदीप वर्मा, महिंदर सिंह चीमा, बलविंदर जांगड़ा, रमेश कुमार सैनी। कलायत से मेनपाल राणा, मदन मटौर, कपिल दीक्षित, कृष्ण बालू, बबीता शामिल हैं। सभी उपस्थित एमिनेट पर्सन ने कहा कि ये नियुक्तियां जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बड़ा कदम हैं और वे सरकार की मंशा के अनुरूप पूरी निष्ठा से जनता की सेवा करेंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, जिला महामंत्री सुरेश संधू, मुनीष शर्मा, अक्षरा गुप्ता, बलिन्द्र जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजरव अत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं, सम्बंधित विभागों को दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 15 सितंबर।** समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने ग्रामीणों व शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए सर्म्बधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर के दौरान विभिन्न गांवों और कॉलोनियों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं- गांव बड़ी बस्सी के रामकुमार ने मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने से जुड़ी मांग रखी।

नारायणगढ़ की दुर्गा कॉलोनी निवासी प्यारे लाल ने बस स्टैंड के पास से गुजर रहे नाले की सफाई करवाने की समस्या उठाई। गांव कुराली के प्रवीण कुमार ने परिवार पहचान पत्र में कार दर्ज होने से संबंधित समस्या रखी। गांव नगावां के जयचंद ने परिवार पहचान पत्र में आय कम दर्ज करने की मांग की।

गांव गदौली के ग्रामीणों ने गांव में चल रहे सीवरेज कार्य को सही तरीके से जल्द पूरा करवाने की मांग रखी। गांव गदौली के गुरदयाल सैनी, ओम प्रकाश सैनी और प्रधान राजकुमार ने मारकण्डा नदी पार मंगत माजरा वाले रास्ते पर बनी पटरी से लगते खेतों से पानी निकासी का प्रबंध करने संबंधी समस्या रखी।

नारायणगढ़ के पठाना वाला मोहल्ला निवासी रमेश कुमार ने वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिलवाने की मांग की। गांव पंजलासा की ममता रानी ने बीपीएल राशन कार्ड कटने से संबंधित समस्या रखी। गांव ब्राह्मणमाजरा की संजू देवी ने भी बीपीएल कार्ड कटने संबंधी समस्या रखी। नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने आश्वासन दिया कि शिविर में रखी गई सभी समस्याओं का संज्ञान लेकर शीघ्र समाधान किया जाएगा और इसके लिए सर्म्बधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### हैप्पीनेस प्रोग्राम में सिखाई सुदर्शन क्रिया

**कैथल (अप्रस)।** आर्ट ऑफ लिविंग कैथल संस्था की आचार्य रुचि शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा कपिस्थल आश्रम में हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में आचार्य कंचन सेठ ने लोगों को सुदर्शन क्रिया सिखाई। सुदर्शन क्रिया सांसों की ऐसी तकनीक है जो हमारे शरीर से विषाक्त पदार्थ को निकाल कर प्राण शक्ति बढ़ाने में सहायक होती है। सुदर्शन क्रिया से हमारे शरीर की शुद्धि और मानसिक स्पष्टता भी मिलती है। यह कार्यक्रम तीन दिन तक चला और सभी प्रतिभागियों ने इसका भरपूर आनंद लिया। प्रतिभागियों ने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में उन्हें जीवन जीने की कला सिखाई गई जिससे वह रोज आने वाली चुनौतियों को संभाल सकते हैं और तनाव मुक्त होकर किस तरह अपना जीवन शैली बना सकते हैं।

## वंशिका ने पहला और सेंजल ने दूसरा स्थान हांसिल किया

राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में मना हिंदी दिवस

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 15 सितंबर।** राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में प्राचार्या श्रीमती कमलेश रानी के योग्य नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में हिंदी विभाग के सौजन्य से महत्वपूर्ण दिवस समारोह संयोजक डॉ सतीश कुमार के सार्थक प्रयासों से हिन्दी दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में हिंदी कविता एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने खूब बढ़ - चढ?र कार्यक्रम में भाग लिया। मंच का सफल संचालन डॉ विक्रम सिंह द्वारा किया गया। कविता पाठ प्रतियोगिता में बी.एससी तृतीय वर्ष की छात्रा वंशिका ने प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा सेजल ने द्वितीय तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की ही छात्रा स्वाति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । वहीं भाषण प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा सोनिया प्रथम, बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा सोनिया द्वितीय तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की ही छात्रा खुशबू तृतीय स्थान पर रही। श्रीमती ममता रानी, डॉ हितेंद्र कुमार, श्री संदीप कुमार, डॉ मीतु चावला, श्रीमती अपूर्वा निर्णायक मंडल की भूमिका में रहे। इस अवसर पर श्रीमती दीपा ढुल एवं श्री पवन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

## सहयोग-एक कोशिश संस्था का प्रोजेक्ट आत्मनिर्भर, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 15 सितंबर।** सहयोग-एक कोशिश संस्था ने प्रोजेक्ट आत्मनिर्भर के अंतर्गत महिलाओं व लड़कियों के लिए दूसरा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया। आंचला चौक के पास खुले इस केंद्र का शुभारंभ भोलेनाथ के आशीर्वाद के साथ हुआ।

संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि सिलाई का ज्ञान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन के पहले ही दिन 22 लड़कियों ने प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण कराया।

कार्यक्रम में प्रिंसिपल शशि बाला, प्रिंसिपल राजीव चावला, श्री एम.एल. राजपाल, ड्रग्स इंस्पेक्टर चेतन वर्मा, कविता कंसल, कनिका, अलका पोपली, रूपिका, कोमल बजाज, शिव, हर्ष, गौरव, नित्यम वलेचा, मोहित खुराना और साहिल गाबा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता और समाज की प्रगति में ऐसे प्रयासों को सराहा।

## नायब सरकार का उद्देश्य जनता की सेवा और पारदर्शी प्रशासन देना : अशोक गुर्जर

सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन प्रतिनिधमंडल ने अशोक गुर्जर का जताया आभार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 15 सितंबर।** हाल ही में नवनियुक्त सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन के प्रतिनिधिमंडल ने ढांड स्थित निवास पर पहुंचकर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड से भेंट की और अपनी नियुक्ति पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी एवं निर्वतमान भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर व भाजपा हाईकमान का आभार जताया।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने भाजपा नेता अशोक गुर्जर का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने सभी नवनियुक्त एमिनेंट पर्सन को बधाई देते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये सभी नवनियुक्त पदाधिकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। सीएम विंडो एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके जरिए आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार का स्पष्ट उद्देश्य जनता की सेवा और पारदर्शी प्रशासन देना है। जनता की सेवा करना ही नायब सरकार का संकल्प है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने यह भी कहा कि विपक्ष केवल आलोचना करता है, लेकिन हमारी सरकार जमीनी स्तर पर काम कर रही है। जनता आज समझ चुकी है कि कौन उनके हित में काम कर रहा है और कौन केवल राजनीति कर रहा है। आने वाले समय में हम और अधिक मजबूती से जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सीएम विंडो टीम को क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान देने और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। सरकार व प्रशासन के माध्यम से जनता की समस्याओं के समाधान करवाए। इस मौके पर अशोक गुर्जर से मिलने वालों में यशपाल प्रजापति,महेंद्र चीमा, ऋषि फतेहपुर, राजेंद्र कसाना ढांड, बलविंद्र जांगड़ा, ममता सैनी आदि सदस्य मौजूद थे।

## राष्ट्र स्वच्छता ही सेवा 2025 के लिए तैयार, 17 सितम्बर को होगा शुभारम्भ

# एक दिन, एक घंटा, एक साथ: 25 सितम्बर 2025 को राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक श्रमदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 15 सितंबर।** पूरे देश में ऊर्जा और उत्साह का वातावरण है। स्वच्छ भारत मिशन के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2025 के 9वें संस्करण के लिए मंच तैयार है। यह अभियान 17 सितम्बर से आरम्भ होकर 2 अक्टूबर, गांधी जयंती पर सम्पन्न होगा। पंद्रह दिवसीय यह राष्ट्रीय कार्यक्रम लाखों लोगों को उच्च प्रभाव वाले स्वच्छता अभियानों में सामूहिक भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। इसे आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया जा रहा है। एसएचएस 2025 का उद्देश्य नागरिकों, समुदायों और संस्थाओं को ज़मीनी स्तर पर जोड़कर स्वच्छता को जनआंदोलन बनाना है। इसका विशेष ध्यान स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों (अंधेरे, गंदे और उपेक्षित स्थानों) पर रहेगा।

कर्टेन रेज़र कार्यक्रम में आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस बार भी अभियान का मुख्य फोकस स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों पर रहेगा। वर्ष 2024 में 8 लाख से अधिक ऐसे स्थानों को परिवर्तित कर उपयोगी सार्वजनिक स्थल बनाया गया था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी इन स्थानों की पहचान कर उन्हें साफ-सुथरा और सुंदर बनाया जाएगा। नगर निकाय ऐसे क्षेत्र चुन रहे हैं जहाँ गंदगी, अंधेरा और उपेक्षा हो, जैसे कूड़े के ढेर, पिछली गलियाँ, रेलवे स्टेशन, नदियाँ, बंजर भूमि इत्यादि।

श्री मनोहर लाल ने दिल्ली के भलस्वा कूड़ाघर को रूपांतरण व सौन्दर्यीकरण के लिए गोद लेने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर को वे प्रशासकों के साथ इस स्थल का दौरा कर सफाई और कचरा उपचार योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

केंद्रीय मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एसएचएस 2025 स्वच्छोत्सव की थीम पर आधारित है, जो उत्सव और जिम्मेदारी का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि यह अभियान अंत्योदय से सर्वोदय की भावना को साकार करता है, जिसमें हर गांव और कस्बे तक सम्मान, स्वास्थ्य और स्थिरता पहुँचाना लक्ष्य है। उन्होंने नागरिकों से 25 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी श्रमदान में भाग लेने का आह्वान किया। श्री पाटिल ने सूरत और नवसारी के लिए 8-10 करोड़ रुपये का सफाईमित्र सुरक्षा कोष घोषित किया।

स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों का रूपांतरण- कठिन, अंधेरे और उपेक्षित स्थानों की सफाई। स्वच्छ सार्वजनिक स्थल- सामूहिक सफाई गतिविधियाँ। सफाईमित्र सुरक्षा शिविर- स्वास्थ्य जांच, सम्मान और सुरक्षा। स्वच्छ हरित उत्सव- पर्यावरण अनुकूल, शून्य अपशिष्ट आयोजन। स्वच्छता के लिए जनजागरण- ग्राम सभाओं में ओडीएफ प्लस और स्वच्छ सुजल गांव की घोषणा।

स्वच्छता ही सेवा 2025 के अन्तर्गत 25 सितम्बर को ÷एक दिन, एक घंटा, एक साथ÷ का राष्ट्रव्यापी श्रमदान होगा। इसमें स्थानीय स्तर पर सफाई, प्लॉगिंग अभियान और नागरिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। श्रमदान में शामिल सफाईकर्मियों का सम्मान भी किया जाएगा।

इस अभियान की तैयारी हेतु 3 सितम्बर को मंत्रियों की बैठक, 9 सितम्बर को राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ समीक्षा बैठक, 10 सितम्बर को कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सचिव समिति की बैठक तथा 12 सितम्बर को समन्वय समितियों की बैठक आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त सभी मंत्रालयों के नोडल अधिकारियों और क्षेत्रीय इकाइयों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

## हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विशेष विस्तृत पुनरीक्षण के सम्बन्ध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए श्रीनिवास ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 10 सितंबर को सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी जिसमे पूरे देश में विशेष विस्तृत पुनरीक्षण (एसआईआर) को लागू करने निर्देश दिए थे। इसी दिशा में हरियाणा सीईओ ने सभी डीईओ के बैठक आयोजित की।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए श्रीनिवास ने विशेष विस्तृत पुनरीक्षण के सम्बन्ध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को कहा कि प्रदेश में जहाँ पर

बीएलओ के पद खाली पड़े हैं वहाँ पर जल्द नियुक्ति कर उनके आईकार्ड जारी किये जाएं, ताकि नए सिरे से बनने वाली मतदाता सूची के कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इसके अलावा, एसआईआर से सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाए।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए श्रीनिवास ने यह निर्देश आज यहां विशेष विस्तृत पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारियों व निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए। उन्होंने विशेष विस्तृत पुनरीक्षण (एसआईआर) के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचक पंजीयन अधिकारी को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष विस्तृत पुनरीक्षण के संबंध में समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि विशेष विस्तृत पुनरीक्षण के सम्बन्ध में आयोग के दिशा निर्देश अनुसार नई मतदाता सूची तैयार की जाएगी। आयोग ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी बीएलओ 20 अक्टूबर तक हरियाणा की वर्तमान मतदाता सूची को वर्ष 2002 वाली मतदाता सूची के साथ मिलान करेंगे।

### बीएलओ नई मतदाता सूची के लिए गणना (एनुमरेशन) फॉर्म मतदाता के घर जाकर भरवाएगा

श्री ए श्रीनिवास ने सभी डीईओ को निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ नई मतदाता सूची के लिए गणना (एनुमरेशन) फॉर्म हर मतदाता के घर जाकर फॉर्म भरवाएगा। जिसके लिए मतदाता को दो कॉपी फॉर्म की भरने के लिए दी जाएगी। जिसमे से एक कॉपी मतदाता और दूसरी कॉपी बीएलओ नई मतदाता सूची बनाने के लिए साथ ले जायेगा। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्र का मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 के आधार पर रेशनलाइजेशन किया जायेगा, यदि 1200 से ज्यादा मतदाता है तो नया मतदान केंद्र बनाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिला में स्थित सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समय – समय पर बैठकें आयोजित की जाए तथा सभी से बूथ लेवल एजेंट की सूची प्राप्त की जाए। इसके अलावा, गणना प्रपत्र की प्रिंटिंग तथा बीएलओ को समय पर उपलब्ध करवाना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2002 तथा वर्ष 2024 की अन्तिम रूप में प्रकाशित मतदाता सूचियाँ विभाग की वेबसाइट पर आम जनता की सुविधा के लिए उपलब्ध हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य के सभी पंजीकृत मतदाताओं, युवाओं जोकि मतदाता बनने के पात्र हैं तथा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील है कि राज्य की त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए किए जा रहे विशेष विस्तृत पुनरीक्षण में अपना सहयोग दें।


बिहार सरकार

समाहरणालय, रोहतास (सासाराम)। (मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)

**अल्पकालीन नीलामी सूचना**

| क्र0 सं0 | वाहनों की सूची क्रमांक | नीलामी का स्थान | प्रथम नीलामी की तिथि | द्वितीय नीलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रमांक 01 से 01 तक | अनुमण्डल कार्यालय, सासाराम। | 22.09.2025 | 25.09.2025 |

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा 58 के अन्तर्गत रोहतास जिले के विभिन्न पुलिस थाना कांडों एवं मद्य निषेध विभाग, रोहतास द्वारा उत्पाद वादों में जप्त एवं अधिहरित निम्नलिखित वाहनों की नीलामी खुले डाक द्वारा जो है, जहाँ है, जैसा है उसी स्वरूप में के आधार पर जिले के तीनों अनुमण्डल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा अनुमण्डल मुख्यालय में निम्नांकित तिथियों को नीलामी की जायेगी।

सभी इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि निम्नांकित शर्तों के अधीन नीलामी में भाग लेने का कष्ट करें।

सासाराम अनुमण्डल

| क्र0 सं0 | उत्पाद / थाना | अधिहरण वाद सं0 | वाद / कांड सं0 दिनांक | निबंधन सं0 / चेसिस सं0 / इंजन सं0 | वाहन का प्रकार | वर्तमान में अनुमानित मूल्य | अग्रधन की राशि (10%) | वाहन स्वामी का नाम एवं पता। | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सासाराम उत्पाद | 510/22 | 564/22 | PB10GR2850 MBLHAR070HHK32418 HA10AGHHK34725 | मोटर साईकिल | 8050 | 805 | नाम- सुधीर कुमार सिंह, पिता- उमेश सिंह, हाउस नं0- 1532 [illegible], थाना- लुधियाना, राज्य- पंजाब | |

1. अधिक जानकारी के लिए रोहतास जिला के वेबसाईट www.rohtas.bih.nic.in पर तथा सहायक आयुक्त मद्य निषेध कार्यालय, रोहतास, सासाराम/सदर अनुमण्डल कार्यालय, सासाराम/ अनुमण्डल कार्यालय, डिहरी/अनुमण्डल कार्यालय, बिक्रमगंज से जानकारी प्राप्त की जा सकती है एवं आवेदन प्रपत्र भी प्राप्त किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

जिला पदाधिकारी, रोहतास,सासाराम।

PR- 014829 (Excise) 2025-26 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**PUBLIC NOTICE**

We, Mridula Joshi (Aadhaar No.8194 6191 3059) w/o Sh. S.K. Joshi and D/o late Sh. V.K. Kaushal, R/o H.No.419-A, Sector-6, Panchkula, Haryana and Manjula Sharma (Aadhaar No.4103 6233 6733) w/o Sh. Brij Mohan Sharma and D/o late Sh. V.K. Kaushal, R/o H.No.37, Sector-21, Panchkula, do hereby declare that the memorandum of family settlement dated 05.05.2024 executed at Panchkula is null & void and not binding on any party to it being obtained under coercion. No local authority or any person from general public shall rely on said memorandum of family settlement dated 05.05.2024.

**Mridula Joshi & Manjula Sharma**


## मुख्यमंत्री दरबार में पहुंचा फर्जी हस्ताक्षर एवं अंगूठों से सैकड़ो एकड़ कृषि भूमि को बेचने का मामला

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 15 सितंबर।** कलायत में पावर ग्रिड के नाम पर ई-भूमि पोर्टल पर किसानों के फर्जी हस्ताक्षर एवं अंगूठों के इस्तेमाल का मामला मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दरबार में पहुंच गया है। किसानों के शिष्टमंडल ने चंडीगढ़ में सीएम आवास पर प्रदेश का यह हाईप्रोफाइल मामला रखा। राम सिंह राणा, जसबीर सिंह, प्रदीप राणा, तरसेम सिंह, क्रिकेटर राहुल राणा और अन्य किसानों ने बताया कि किसानों के पक्ष को सीएम ने गंभीरता से सुना। इस पर सीएम ने मामले की गहनता से जांच का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री का कहना था कि बिना आपकी सहमति आपकी जमीन कोई नहीं ले सकता। यदि आप लोगों की सहमति ई-पोर्टल पर नकली हस्ताक्षर व अंगुठे लगा कर दिखाई गई है तो जांच की जाएगी। जो भी इसमें दोषी मिलेगा उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी। किसानों की जमीन उनकी निजी संपत्ति है। इस प्रकार की संपत्ति को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने ई-भूमि पोर्टल जैसी पारदर्शी नीति बनाई है। किसानों का कहना है कि फर्जीवाड़ा करने वालों ने ई-भूमि पोर्टल पर बड़ी साजिश रची। इस मामले में एक गवाह भी सामने आया है जिसने स्वीकार किया कि उनके सामने पिता पुत्र ने अपने हाथों की सभी अंगुलियों व अंगुठे से सहमति पत्र पर अंगुठे लगाए हैं। किसानों का कहना है कि उनको यह नहीं पता कि उनकी भूमि सरकार लेना चाहती है या कोई निजी कंपनी पर वे अपनी जमीन को नहीं बेचना चाहते।

सरकार किसी भी भूमि के अधिग्रहण को लेकर नोटिफिकेशन जारी करती है। भूमि के अधिग्रहण के लिए कुल 70 प्रतिशत किसानों की सहमति जरूरी होती है। नियुक्त किया गया एग्रीगेटर जमीन के मालिक किसानों को सहमत करके उनकी लिखित में सहमति लेकर ही उसे ई-भूमि पोर्टल पर अपलोड करता है उसके बाद आगे की प्रक्रिया चालू होती है। कलायत में किसानों का कहना है कि उनकी सहमति तो दूर उनसे कोई मिला तक नहीं।


**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-निविदा सूचना सं0 22/2025-26 (खुली)/ उमुइं II / एमसीएफ / आरबीएल

उप मुख्य इंजीनियर-II/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

कार्य का नाम: [illegible] निविदा सं0: 28/2026-25-RT-1, अनुमानित लागत (रु): ₹2,76,91,692.80, निविदा खुलने की तिथि: 03.10.2025 कार्य समापन की अवधि: 24 माह

शुद्धिपत्र

| क्रम सं. | ई-निविदा सूचना सं0 | निविदा सं0 | अनुमानित लागत रु0 | निविदा खुलने की तिथि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21/2025-26 (Open) of Dy. CE/II/MCF/RBL | 28/2026-25-RT | 2,76,91,692.80 | 18.09.2025 | [illegible] |

[illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

उप मुख्य इंजीनियर-II

ई-एकलदोहरा टेंडर नोटिस सं. 40/ई/2025-26 दिनांक: [illegible]

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11241377ए | [illegible] | 35 सेट | 09.10.2025 |
| 02 | 11251213 | [illegible] | 202 सेट | 08.10.2025 |

शुद्धिपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 36/ई/2025-26 दिनांक: 29.08.2025 | टेण्डर नं. 04251248 | निविदा खुलने की तिथि [illegible] से बढ़ाकर तिथि 19.09.2025 गई। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

ई-एकलदोहरा टेंडर नोटिस सं. 41/ई/2025-26 दिनांक: [illegible]

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03251444 | [illegible] | 1921 सेट | 10.10.2025 |
| 02 | 03251415ए | [illegible] | 3519 नग | 30.09.2025 |
| | | [illegible] | 3375 नग | |
| 03 | 15245018बी | [illegible] | 1 नग | 03.10.2025 |
| | | [illegible] | 1 नग | |
| 04 | 13251063ए | [illegible] | 102 सेट | 08.10.2025 |
| | | [illegible] | 39 सेट | |
| 05 | 12241458बी | [illegible] | 620 नग | 08.10.2025 |
| 06 | 07251890 | [illegible] | 18 सेट | 06.10.2025 |
| 07 | 07251888 | [illegible] | 55 सेट | 07.10.2025 |
| 08 | 15255233 | [illegible] | 1 सेट | 15.10.2025 |
| | | [illegible] | 1 सेट | |
| 09 | 11251197 | [illegible] | 66 सेट | 07.10.2025 |
| 10 | 03251771 | [illegible] | 761 नग | 16.10.2025 |
| | | [illegible] | 523 नग | |
| 11 | 05255040ए | [illegible] | 26 सेट | 01.10.2025 |
| 12 | 05251163ए | [illegible] | 2972 नग | 10.10.2025 |
| 13 | 03251468ए | [illegible] (2.5x12x62) [illegible] | 23993 नग | 07.10.2025 |

शुद्धिपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 27/ई/2025-26 दिनांक: 22.07.2025 | टेण्डर नं. 05251140 | निविदा खुलने की तिथि [illegible] से बढ़ाकर तिथि 24.09.2025 गई। |
| 02 | 36/ई/2025-26 दिनांक: 29.08.2025 | टेण्डर नं. 12241377ए | निविदा खुलने की तिथि [illegible] से बढ़ाकर तिथि 10.09.2025 गई। |
| 03 | 24/ई/2025-26 दिनांक: 11.07.2025 | टेण्डर नं. 05251121 | निविदा खुलने की तिथि [illegible] से बढ़ाकर तिथि [illegible] गई। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



बिहार सरकार

समाहरणालय, खगड़िया (मद्य निषेध शाखा)

**अल्पकालीन सूचना**

बिहार मद्य-निषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2016 के तहत जब्तशुदा किये गये वाहनों के निलामी के पूर्व वाहन स्वामियों को अपना पक्ष रखने हेतु अल्पकालिन सूचना संख्या-(03/2025-26)

एतद् द्वारा निम्न सूची में अंकित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वैसे वाहन जिन्हें मद्य-निषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2016 की धारा-58 के तहत मद्य निषेध विभाग एवं पुलिस थाना द्वारा जप्त किया है तथा समाहर्त्ता-सह-जिला दंडाधिकारी, खगड़िया द्वारा गठित विभिन्न अधिहरण न्यायालय द्वारा राज्यसात किया गया है एवं जिसकी नीलामी किया जाना है। नीलामी से पूर्व सूची में अंकित सभी वाहन स्वामियों को व्यक्तिगत नोटिस निर्गत किया गया है। जिसमें से कुछ वाहन स्वामी उपस्थित हुए तथा कुछ नहीं। अतः निम्नांकित वाहनों के स्वामी को सूचित किया जाता है कि दिनांक-27.09.2025 तक अधिक्षक मद्यनिषेध, खगड़िया के कार्यालय में वाहन के संबंध में अपना पक्ष रखें। आप सभी को ये अंतिम अवसर दिया जा रहा है। समय सीमा के अंदर अपना पक्ष नहीं रखने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है, तत्पश्चात आपके वाहनों को नीलाम कर दिया जायेगा।

अधिहरित वाहनों की सूची

| क्र0 | अधिहरण वाद संख्या | थाना का नाम | कान्ड संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन निबंधन संख्या/विवरण | वाहन स्वामी का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 28/2021-22 | बेलदौर | 59/2022 | ट्रक | PB03BE-1317 Eng.- E483CD9M220095, Ch.- MC2ZSERC0AA192840 | [illegible] पि॰-[illegible], ग्राम-VPO, कोट भाइ जिला-भटिण्डा, राज्य-पंजाब |
| 2 | 04/2024 | [illegible] | 176/2024 | बोलेरो पिकअप | PB10AW-2125 | सुरेश साहु, पे॰-राजेन्द्र साहु, मका-B29/542 C/O [illegible] FNR रेलवे स्टेशन जी थाना-लुधियाना (पंजाब) |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 014779 (EXCISE) 2025-26

समाहर्त्ता-सह-जिला दंडाधिकारी, खगड़िया।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार

## सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों, विमुक्त घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों, भूमिहीन कृषि मजदूरों और पारंपरिक कारीगरों की श्रेणी से संबंधित कम आय वाले छात्रों के लिए राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति स्कीम के अंतर्गत विदेशों में मास्टर्स और पीएचडी पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए चयन वर्ष 2025-26 के दूसरे दौर के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए एनओएस पोर्टल खोला जाएगा।

आवेदन आमंत्रित करने के लिए पोर्टल दिनांक 15-09-2025 से 24-10-2025 तक खुला रहेगा और उसके बाद पोर्टल को केवल आवेदनों में सुधार करने के लिए 26-10-2025 से 29-10-2025 तक पुनः खोला जाएगा।

फॉर्म भरने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश पोर्टल पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे फॉर्म भरने से पहले स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी पात्रता की जांच कर लें।


पोर्टल का लिंक www.nosmsje.gov.in है।

अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

CBC 38101/11/0020/2526



**सार्वजनिक सूचना**



**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष।**

विषयः स्व. मेजर दलबीर सिंह संधु की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1504, सेक्टर 34-डी, चंडीगढ़ (आरपीडी 14445) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री मेजर दलबीर सिंह संधु 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1504, सेक्टर 34-डी, चंडीगढ़ के स्वामी है। ईकरम सिंह संधु के माध्यम से सूचित किया गया है कि श्री मेजर दलबीर सिंह संधु की 22.02.2019 को मृत्यु हो गई है तथा उसने मृतक स्वामी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-(1) रोमीना घुम्मन-पुत्री, (2) सुरिंदर संधु-पत्नी (मृतक), (3) ईकरम सिंह संधु-पुत्र।

अब, ईकरम सिंह संधु ने पंजीकृत वसीयत दिनांक 31.10.2014 के आधार पर अपने पक्ष में स्व. मेजर दलबीर सिंह संधु द्वारा आयोजित 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1504, सेक्टर 34-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथ पत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उपरोक्त लाभार्थी के नाम दर्ज कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**



**नीलामी सूचना**

राजकीय वरि.मा. विद्यालय अलीपुर खालसा खण्ड घरौंडा जिला करनाल के प्रांगण में खड़े सफेदे के 3 पेड़ों की नीलामी दिनांक 20.09.2025 (शनिवार) को स्कूल में प्रातः 10 बजे होगी। बोलीदाता को 5000/- रूपये जमानत राशि बोली से पहले जमा करवानी होगी।

स्कूल प्रबंधन कमेटी एवं प्रधानाचार्य रा.वरि.मा.वि. अलीपुर खालसा खण्ड घरौंडा जिला करनाल, मो. 9996818873



**LOST AND FOUND**

Sunita w/o Sh. Sanjay Kumar R/o H/No. 72/14, Subhash Chowk, Charkhi Dadri, is owner & in possession of Property/shop measuring 18 sq. yrds. Khewat no. 2334 Khatoni no. 2480 killa no. 367//2 measuring 2 kanal 19 marla share 5/472 i.e. 3/5 marla i.e. 18 sq. yrds. Situated at moja Dadri, Tehsil & Distt. Charkhi Dadri,, lost her previous Original Sale Deed no. 4022/1 dated 05.11.2014 in favour of Smt. Kamla w/o Sh. Balbir Singh, regarding the property situated at moja Dadri, Tehsil & Distt. Charkhi Dadri, Haryana between in Rohtak city and if any person has found /information /Possession/ Knowledge for above said documents shall submit/intimate within 03 day to Sh. M. L. Dhingra Advocate, Office/Shop No.13 Near Ram Panwari Chhotu Ram Chowk Rohtak or Chamber No.148 Distt. Court Complex Rohtak M.No.9416380702. Thereafter any kind of claim will not be accepted.



**COURT NOTICE**

IN THE COURT OF Sh. Abhimanyu Rajput Sub Divisional **Judicial Magistrate Kalka**

**Vijay Kumar Vs. Sonia Aggarwal**

**CNR No.:- HRPKA1-001032-2021**

**Next Date:-08-10-2025**

Complaint U/s: 138 of Negotiable Instruments Act 1881

NOTICE TO:

**Sonia Aggarwal Wife of Shri Rakesh Aggarwal, Tower "G", Sushma Grand, Gazipur, Zirakpur 140603 Distt. SAS Nagar Mohali (Punjab) Phone no 98877214837**

In above titled case, the accused could not be served. It is ordered that accused should appear in person or through counsel on 08-10-2025 at 10.00 a.m

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district Panchkula"

**Sub Divisional Magistrate Kalka**

**Dated this day of 08-09-2025**



**दि लेबर ब्यूरो इम्पलॉइज को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग (फर्स्ट) सोसाइटी लि.**

पंजी.सं. 672, दिनांक-23.09.2023

प्लाट सं. 20, सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़-160047

पृष्ठांकन सं. एलबीएस/जीबीएम-9/ दिनांक: 15.09.2025

सामान्य निकाय बैठक के लिए सूचना समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की सामान्य निकाय बैठक 03.10.2025 को सायं 03.00 बजे कम्यूनिटी सेंटर के समीप सोसाइटी के सेंट्रल पार्क में आयोजित की जाएगी। विस्तृत एजेंडा आईटम्स समिति के नोटिस बोर्ड पर चस्पाए गए हैं और सदस्यों को दस्ती तौर पर सुपुर्द किए गए हैं।

**अध्यक्ष**



ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।

ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ: 3366, ਸੈਕਟਰ 89, 100 ਵ. ਗਜ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Varun Nagpal S/o Rajesh Kumar ਨੇ Jagtar Singh S/o Jeet Singh ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪਲਾਟ ਦਾ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 2024-25/3/4/2457, ਜਿਲਦ ਬਹੀ 4 Dated 26.03.2025 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।

ਇਸ ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Jagtar Singh S/o Jeet Singh ਨੇ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ: 3366, ਸੈਕਟਰ 89, 100 ਵ.ਗਜ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਨੂੰ Kulbir Kaur W/o Tejinder Singh #133, Harsha Chhina, Lopoke Amritsar ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਇਜਾਜ਼ਤ ਲੈਣ ਲਈ ਪੱਤਰ ਨੰਬਰ 457129 ਮਿਤੀ 12-09-2025 ਰਾਹੀਂ ਪ੍ਰਤੀਬੇਨਤੀ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਸੁਪਰਡੰਟ ਮਿਲਖ ਦਫਤਰ, ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ: 3366, ਸੈਕਟਰ 89, 100 ਵ.ਗਜ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਛਪਣ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਇਤਰਾਜ਼ ਮਿਲਖ ਦਫਤਰ, ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ਼ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ: 3366, ਸੈਕਟਰ 89, 100 ਵ.ਗਜ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਸੁਪਰਡੰਟ, ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।



ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ

ਮਿਲਖ ਦਫਤਰ

ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

Plot no. 2205, 200 Sq. Yards, Ecocity-2, SAS Nagar ਦੇ 50% ਹਿਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Jyotika Bansal w/o Harsh Kumar Bansal ਵਲੋਂ Harsh Kumar Bansal S/o Surinder Kumar Bansal R/o H.No.198, Sector-10, Panchkula, Haryana ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੀ ਪੀ ਏ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 135 ਬੁੱਕ ਨੰ: 4, ਮਿਤੀ 06/08/2025 ਰਾਹੀਂ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਪੰਚਕੂਲਾ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।

ਇਸ ਜੀ ਪੀ ਏ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Harsh Kumar Bansal S/o Surinder Kumar Bansal ਨੇ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਨੂੰ ANITA GARG w/o SHAMMI GARG R/o # 435, SECTOR-12, PANCHKULA HARYANA ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਟ੍ਰਾਂਸਫਰ ਲਈ ਐਪਲੀਕੇਸ਼ਨ ਆਈ.ਡੀ.ਨੰ: 457004 ਰਾਹੀਂ ਕੇਸ ਅਪਲਾਈ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ ਇਸ ਲਈ Plot No. 2205, 200 Sq. Yards, Ecocity- 2, SAS Nagar ਨੂੰ ਟ੍ਰਾਂਸਫਰ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਜਾਰੀ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ਼ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰ ਹੋਈ ਜੀ ਪੀ ਏ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Plot No. 2205, 200 Sq. Yards, Ecocity-2, SAS Nagar ਨੂੰ ਟਰਾਂਸਫਰ ਦੀ ਆਗਿਆ ANITA GARG W/o SHAMMI GARG ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇਗਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਸੁਪਰਡੰਟ (ਪ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।



**सार्वजनिक सूचना**

**संपदा अधिकारी, सिरसा के समक्ष**

विषय: प्रॉपर्टी न.- 48, सेक्टर -20, पार्ट -1, हुडा, सिरसा का तबादला अलॉटी श्री विजय राम गर्ग पुत्र श्री बब्बू राम गर्ग की मृत्यु के बाद करने बाबत।

श्री विजय राम गर्ग, प्रॉपर्टी न.- 48, सेक्टर -20, पार्ट -1, हुडा, सिरसा स्थित है के अलॉटी थे और जिनकी मृत्यु दिनांक 08/11/2017 को हो गई है। वे अपनी मृत्यु के बाद पंजीकृत या गैर पंजीकृत वसीयत नहीं छोड़ गए हैं। उनके लीगल वारिस अमित गर्ग (पुत्र) तथा दीपिका बंसल ( पुत्री) हैं।

अमित गर्ग पुत्र श्री विजय राम गर्ग निवासी श्री मुक्तसर साहिब (पंजाब) एवं दीपिका बंसल पुत्री श्री विजय राम गर्ग पत्नी श्री मुकेश बंसल निवासी श्री मुक्तसर साहिब इस संपति का तबादला अपने नाम बतौर लीगल वारिस के रूप में करवाना चाहते हैं।

यदि उपरोक्त संपति के नामान्तरण/तबादले को लेकर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज करना चाहता है तो ऐसा व्यक्ति इस नोटिस के जारी होने के 30 दिन के अंदर-अंदर एस्टेट आफिसर, एचएसवीपी सिरसा के कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रस्तुत होकर इस संपति के तबादले को लेकर ऐतराज कर सकता है। 30 दिन के बाद एस्टेट आफिसर, सिरसा द्वारा एचएसवीपी नियमों के अनुसार इस संपति का तबादला कर दिया जाएगा।

**अमित गर्ग एवं दीपिका बंसल लीगल हीयर/वारिस संपदा अधिकारी की ओर से**

▲ अधिकतम 30 डिग्री से.
डिग्री से. 24 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.07 बजे
सूर्यास्त 6.28 बजे
सोना 24 कैरेट : 1,12,100.00
सेंसेक्स : 81,785.74
अमेरिका : 88.18
कैनेडियन : 63.79
आस्ट्रेलिया : 58.70

क्यों वापिस मूल कैडर में चंडीगढ़ पर डेपूटेशन से लौट रहे हरियाणा के अधिकारी

# चंडीगढ़ से हरियाणा सिविल सेवा अधिकारी डॉ. ऋचा की वापसी, पारिवारिक कारणों का हवाला

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) अधिकारी डॉ. ऋचा को चंडीगढ़ प्रशासन ने सोमवार को उनके मूल कैडर हरियाणा में वापस भेज दिया। डॉ. ऋचा ने चंडीगढ़ में प्रतिनियुक्ति पर लगभग आठ महीने की सेवा के बाद पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए हरियाणा लौटने का अनुरोध किया था। चंडीगढ़ प्रशासन ने अपने आदेश में कहा कि यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक ने डॉ. ऋचा (एचसीएस) रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोसाइटीज, यू.टी. चंडीगढ़ को 15 सितंबर 2025 (पूर्वाह्न) से चंडीगढ़ प्रशासन से मुक्त करने की स्वीकृति दी है, ताकि वे अपने मूल राज्य हरियाणा में शामिल हो सकें।

डॉ. ऋचा चंडीगढ़ में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत थी। वह उच्च शिक्षा की अतिरिक्त निदेशक, शहरी नियोजन, मेट्रो और आवास की संयुक्त सचिव, खाद्य और आपूर्ति निदेशक, उपभोक्ता मामले और कानूनी मापविज्ञान के साथ-साथ रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोसाइटीज के पद पर थीं। सूत्रों के अनुसार, डॉ. ऋचा ने स्वयं चंडीगढ़ प्रशासन को पत्र लिखकर हरियाणा वापसी का अनुरोध किया था।

### हरियाणा ने भेजा नया पैनल


डॉ. ऋचा की जगह लेने के लिए हरियाणा सरकार ने चंडीगढ़ प्रशासन को एचसीएस अधिकारियों का एक नया पैनल भेजा है। इस पैनल में भूपिंदर सिंह (2016 बैच), इंदरजीत सिंह (2016 बैच) और कमलप्रीत कौर (2011 बैच) शामिल हैं। चंडीगढ़ प्रशासन इनमें से एक अधिकारी का चयन उनके कार्य अनुभव और प्रशासनिक गुणों के आधार पर करेगा। अंतिम स्वीकृति चंडीगढ़ प्रशासक द्वारा दी जाएगी।

### पहले भी हो चुकी है समयपूर्व वापसी

यह पहला मौका नहीं है जब किसी एचसीएस अधिकारी ने समय से पहले हरियाणा लौटने की इच्छा जताई हो। इससे पहले 2016 बैच की एचसीएस अधिकारी शशि वसुंधरा ने भी चंडीगढ़ नगर निगम में संयुक्त आयुक्त के रूप में सेवा देते हुए हरियाणा लौटने की इच्छा व्यक्त की थी। इसी तरह, शालिनी चेतल और शंभु राठी भी चंडीगढ़ नगर निगम में संयुक्त आयुक्त के रूप में कार्यरत रहते हुए अपने मूल कैडर में लौट चुके हैं। एक अन्य एचसीएस अधिकारी संयम गर्ग को भी उनके कार्यकाल पूरा होने से पहले चंडीगढ़ प्रशासन ने मुक्त कर दिया था।

# हाईकोर्ट ने एमईएस के इंजीनियर-इन-चीफ, चीफ इंजीनियर और एसई को अवमानना मामले में किया तलब

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को अदालत की अवमानना मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश दिए हैं। यह कार्रवाई पंचकूला स्थित एक ठेकेदार द्वारा दायर याचिका के बाद की गई है।

कोर्ट ने जिन अधिकारियों को तलब किया है, उनमें लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद वालिया, इंजीनियर-इन-चीफ, नई दिल्ली, मेजर जनरल राजदीप सिंह रावल, चीफ इंजीनियर, वेस्टर्न कमांड (मुख्यालय), रविंदर कुमार वर्मा, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (क्वांटिटी सर्वेयर एंड कॉन्ट्रैक्ट्स), वेस्टर्न कमांड शामिल हैं।

पंचकूला की ठेकेदार फर्म एम/एस जोगिंदर नाथ गुप्ता एंड संस ने मई 2025 में एक रिट याचिका दायर की थी, जिसमें उनके पैनल नवीनीकरण (एम्पेनलमेंट रिनुअल) के आवेदन पर निर्णय लेने की मांग की गई थी। यह आवेदन पिछले दो वर्षों से लंबित था।

हाईकोर्ट ने यह याचिका 5 जून 2025 को निपटाई थी, जिसमें एमईएस के वकील ने कोर्ट को आश्वासन दिया था कि यदि ठेकेदार एक हलफनामा दाखिल करता है, तो उसका केस दो सप्ताह के भीतर निपटा दिया जाएगा। ठेकेदार ने अगले ही दिन हलफनामा दाखिल कर दिया था, लेकिन अधिकारियों ने दो महीने बीत जाने के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया।

इस 'जानबूझकर की गई लापरवाही और कोर्ट के आदेश की अनदेखी' को गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार ने अवमानना याचिका दायर की। 1 सितंबर 2025 को हुई पिछली सुनवाई में न्यायमूर्ति निधि गुप्ता ने अधिकारियों के व्यवहार को गंभीरता से लिया और स्पष्ट किया कि यदि अगली सुनवाई से पहले कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया, तो तीनों वरिष्ठ अधिकारियों को 26 सितंबर 2025 को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। ठेकेदार की ओर से अधिवक्ता निश्छल चेतन्य मनचंदा ने पक्ष रखा, जबकि अधिकारियों की ओर से अधिवक्ता उर्वशी दुग्गा ने दलीलें दी।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 27 निवासी ने पुलिस को बताया कि उसका कुछ समय पहले किसी अज्ञात का कॉल आया। उसने पीड़ित को झांसे में लेते हुए कहा कि अगर वह ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट में पैसा लगाते हैं तो उसे अच्छा मुनाफा होगा। पीड़ित उनके झांसे में आ गया। उसने कुल मिलाकर 32,11,058 रुपए दिए गए खाते में जमा करवा दिए। जब बाद में संपर्क किया तो उसने संपर्क करना बंद कर दिया। और पता चला कि उसके साथ ठगी हो गई है। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

इंस्पेक्टर रंजीत सिंह की टीम को बड़ी कामयाबी

# चंडीगढ़ पुलिस के ऑपरेशन सेल ने कुख्यात ड्रग तस्कर को 398 ग्राम चरस के साथ किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी




**चंडीगढ़, 15 सितंबरी।** यूटी पुलिस का अहम विभाग माने जाने वाले ऑपरेशन सैल पुलिस के इंस्पेक्टर रंजीत सिंह की टीम को फिर उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली।जब पुलिस ने कुख्यात ड्रग तस्कर को 398 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी ड्रग पैडलर की पहचान इंद्रा कॉलोनी मनीमाजरा के रहने वाले 44 वर्षीय परवीन कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते डीएसपी ऑपरेशन सैल की सुपरविजन में 13 सितंबर को ऑपरेशन सैल के इंस्पेक्टर रंजीत सिंह की टीम को गुप्त सूचना के आधार पर उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस जांच के दौरान यह पता चला है कि आरोपी परवीन कुमार एक आदतन अपराधी है।और लंबे समय से नशीले पदार्थों की तस्करी के धंधे में संलिप्त है।इससे पहले 2016 में उसे चंडीगढ़ पुलिस ने 1.2 किलोग्राम चरस (व्यावसायिक मात्रा) के साथ गिरफ्तार किया था और उसके खिलाफ थाना आईटी पार्क में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत दिनांक 10 मार्च.2016 को एफआईआर संख्या 49 दर्ज की गई थी।आरोपी को 10 साल की कैद और एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी।पुलिस के अनुसार बताया जा रहा है कि उसे इससे पहले 2019 में बिलासपुर,हिमाचल प्रदेश में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 29 के तहत गिरफ्तार किया गया था। वर्तमान में वह जमानत पर था और फिर से ट्राईसिटी क्षेत्र में ड्रग्स की तस्करीका धंधा चला रहा था। आरोपी के खिलाफ 2007 में भी थाना 39 में एक अलग मामला दर्ज पाया गया है।

# पंजाब विश्वविद्यालय में छात्रों से रूबरू हुई यूके डेलिगेशन

चेवनिंग, यूके-भारत व्यापार संबंध और वीज़ा फ्रॉड जागरूकता अभियान बने चर्चा का केंद्र

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 15 सितम्बर।** ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन, चंडीगढ़ ने हाल ही में पंजाब विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन स्टडीज़ में एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। इस टीम का नेतृत्व यूके के डिप्टी हेड ऑफ मिशन (डीएचएम) चंडीगढ़ अमनदीप ग्रेवाल और राजिंदर एस. नगरकोटी, पॉलिटिकल, प्रेस एंड प्रोजेक्ट्स एडवाइज़र तथा चंडीगढ़ क्षेत्र के चेवनिंग अधिकारी ने किया।

सत्र के दौरान, डेलिगेशन ने छात्रों और फैकल्टी के साथ यूके-भारत सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की। बातचीत का मुख्य फोकस था यूके का चेवनिंग स्कॉलरशिप प्रोग्राम, यूके-भारत मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) और यूके का 'वीज़ा फ्रॉड तों बचो' जागरूकता अभियान।

फैकल्टी सदस्यों में डॉ. भवनीत भट्टी, विभागाध्यक्ष, और प्रो. अर्चना आर. सिंह भी मौजूद रहीं और सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लिया। इस अवसर पर पंजाब विश्वविद्यालय ने श्री ग्रेवाल और नगरकोटी के साथ एक विशेष रेडियो इंटरव्यू भी आयोजित किया।

चेवनिंग के बारे में बोलते हुए श्री ग्रेवाल ने कहा-'चेवनिंग एक अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति कार्यक्रम है जिसे यूके सरकार के फॉरेन, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। यह कार्यक्रम 150 से अधिक यूके विश्वविद्यालयों में एक वर्षीय मास्टर्स डिग्री के लिए पूरी तरह वित्तपोषित छात्रवृत्ति प्रदान करता है। इसमें कोई आयु सीमा नहीं है और 160 से अधिक देशों से छात्रों का स्वागत किया जाता है। आवेदन की वर्तमान विंडो 7 अक्टूबर तक खुली है।'

यूके-भारत मुक्त व्यापार समझौते पर श्री ग्रेवाल ने इसे 'भारत का अब तक का सबसे अच्छा सौदा और यूरोपीय संघ से बाहर आने के बाद यूके का सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय व्यापार समझौता' बताया और कहा कि इससे दोनों देशों के प्रमुख क्षेत्रों को लाभ होगा।

'वीज़ा फ्रॉड तों बचो' अभियान पर प्रकाश डालते हुए श्री नगरकोटी ने कहा-'यह अभियान इस वर्ष फरवरी में शुरू किया गया था और पंजाब के ग्रामीण इलाकों तक पहुँच चुका है, जहाँ गाँव के बुजुर्गों और महिलाओं को वीज़ा फ्रॉड के खिलाफ जागरूक किया गया। हमने अंग्रेज़ी और पंजाबी में एक व्हाट्सएप चैटबॉट (+91-7065251380) भी लॉन्च किया है ताकि लोगों को प्रामाणिक जानकारी मिल सके। हमारा मिशन स्पष्ट है - लोगों को वीज़ा फ्रॉड से बचाना, जागरूकता फैलाना और यूके की ओर सुरक्षित, वैध यात्रा को बढ़ावा देना।'

# पुलिस ने स्नैचिंग मामले में नाबालिग समेत दो काबू किए

आरोपियों के कब्जे से एक मोबाइल फोन और तीन मोटर साइकिल बरामद किए

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** यूटी नार्थ ईस्ट डिविजन की थाना मनी माजरा पुलिस ने स्नैचिंग के मामले में नाबालिग समेत दो आरोपियों को हिरासत में लिया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान मनी माजरा निवासी 19 वर्षीय अरुण के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन के अलावा तीन मोटर साइकिल भी बरामद किए। जानकारी के अनुसार पता चला कि पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला था कि एरिया से स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के थाना मनी माजरा के प्रभारी इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह की टीम ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पंचकूला निवासी विजय ने पुलिस को बताया कि वह 12 सितंबर को लगभग साढ़े 5 बजे वह साइकिल से मनीमाजरा अंडरपास से हाउसिंग लाइट पॉइंट जा रहा था। जब वह मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के पास पहुँचा, तो उसका फ़ोन बज उठा और उसने अपनी जेब से फ़ोन निकाला और बात करने लगा। इसी बीच, पीछे से दो मोटरसाइकिल सवार आए और उसके हाथ से उसका ओप्पो मोबाइल फ़ोन छीनकर मौके से फरार हो गए। आरोपी बिना हेलमेट के स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चला रहे थे। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज होने के तुरंत बाद पुलिस टीमें हरकत में आई और जाँच शुरू कर दी। इलाके से सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर उनका विश्लेषण किया। संदिग्धों के संभावित ठिकानों पर छापे मारे गए। पुलिस जाँच के दौरान आरोपी अरुण को 15 सितंबर.2025 को सुबह-सुबह गिरफ्तार किया गया और एक अन्य आरोपी, जो नाबालिग है और स्नैचिंग में सक्रिय रूप से शामिल था। हिरासत में लिया गया। छीनी गई संपत्ति, एक ओप्पो मोबाइल फोन और अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। इसके अलावा, विभिन्न स्थानों से चोरी की गई दो और मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं। पकड़े गए आरोपी अरुण को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।और पकड़े गए किशोर को चंडीगढ़ के सेक्टर-25 स्थित बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

# पीएचडीसीसीआई की चार दिवसीय इन्स एंड आउट प्रदर्शनी संपन्न, 40 हजार लोगों किया विजिट



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित चार दिवसीय 11वी इन्स आउट आर्किबिल्ड प्रदर्शनी सोमवार को संपन्न हो गई। पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चेप्टर के अध्यक्ष मधुसूदन विज ने बताया कि इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ आर्किटेक्टस, द फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडियन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), चंडीगढ़ बिजली वितरण लिमिटेड और नेटवर्क ऑफ पीपल फॉर कंस्ट्रक्शन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 40 हजार लोगों ने भ्रमण किया है। प्रदर्शनी में करीब 150 कारोबारियों ने भाग लिया। पीएचडीसीसीआई की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक भारती सूद ने बताया कि समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे राज्य सभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने बेस्ट इनोवेशन में विजेता ला-एस्पदा, उपविजेता बुरकान इंजीनियरिंग, बेस्ट डिस्पले में पॉलीकैब इंस्डस्ट्री को विजेता तथा ग्लास पैलेस को उपविजेता, बेस्ट फुटफॉल के लिए विजेता का अवार्ड टोस्टेम तथा उप विजेता का अवार्ड विवा लाइफ स्टाइल को दिया गया।

भारती सूद ने बताया कि चार दिनों के दौरान, विषय विशेषज्ञों ने आधुनिक निर्माण तकनीक, अग्नि सुरक्षा, सुरक्षा, रियल एस्टेट, साज-सज्जा और सजावट सहित विविध विषयों के अलावा पीएम सूर्य घर योजना, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा शुरू की गई रैंप योजना पर आयोजित सेमिनार के माध्यम से यहां आने वाले लोगों को जागरूक किया।

# स्ट्रीट वेंडर्स का नगर निगम पर धरना-प्रदर्शन, कांग्रेस नेताओं ने दिया समर्थन

पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी और कांग्रेस महासचिव वसीम मीर पहुंचे मौके पर, यूनियन ने ज्वाइंट कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** आज चंडीगढ़ रेडी-पड़ी यूनियन और स्ट्रीट वेंडर्स ने अपनी मांगों को लेकर नगर निगम चंडीगढ़ मुख्यालय के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी तथा चंडीगढ़ कांग्रेस के महासचिव वसीम मीर मौके पर पहुंचे और वेंडर्स को पूरा समर्थन दिया।

यूनियन के अध्यक्ष राममिलन गोड़ ने वेंडर्स की प्रमुख समस्याओं को पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी के सामने रखा। समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए पार्षद गुरप्रीत सिंह गपी ने वेंडर्स को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को आगामी नगर निगम हाउस मीटिंग में ज़रूर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई मुद्दे अत्यंत आवश्यक हैं और उन्हें प्राथमिकता के साथ रखा जाएगा।

पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने वेंडर्स से यह भी अपील की कि वे अपने क्षेत्र में ग़ैर-कानूनी वेंडर्स का विरोध करें ताकि सभी का काम व्यवस्थित रूप से चल सके और भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि वे हमेशा वेंडर्स के साथ खड़े हैं और चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी भी गरीब और मेहनतकश लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हैं। यह मामला सांसद के सामने भी रखा जाएगा।

धरना-प्रदर्शन के उपरांत पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी, कांग्रेस महासचिव वसीम मीर, यूनियन अध्यक्ष राममिलन गोड़ तथा अन्य वेंडर्स ने मिलकर ज्वाइंट कमिश्नर नगर निगम चंडीगढ़ हिमांशु को वेंडर्स की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा।

# लद्दाख की ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराकर चंडीगढ़ पुलिस के सिपाही सचिन कुमार ने रचा इतिहास

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** अगर हौसले और जुनून से कोई आदमी कुछ करने की ठान ले तो क्या नहीं कर सकता। इस बात का उदाहरण चंडीगढ़ पुलिस विभाग के कांस्टेबल ने पेश किया है। चंडीगढ़ पुलिस के सिपाही सचिन कुमार जो पिछले 14 वर्षो से पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा दे रहे हैं।उन्होंने पर्वतारोहण के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। उन्होंने अब तक विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट (8849 मीटर), विश्व की चौथी सबसे ऊँची चोटी माउंट ल्होत्से (8516 मीटर) सहित लगभग 13 चोटियों पर सफल आरोहण किया है। इस बार उन्होंने लद्दाख की 6 चोटियों (6000+ मीटर) पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश और चंडीगढ़ पुलिस का नाम रोशन किया।

**सफल आरोहण:** इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन (आईएमएफ) दिल्ली की अनुमति और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सचिन कुमार ने लेहङ्कलद्दाख क्षेत्र में अल्पाइन स्टाइल और अपने निजी संसाधनों से अभियान पूरा किया। इस दौरान उन्होंने सफलतापूर्वक इन चोटियों पर चढ़ाई की– माउंट मेंटोक कांगड़ी 1 (6280 मीटर), माउंट चोमो चोंकर 1, माउंट चोमो चोंकर 2, पीक 6090 मीटर, पीक 6040 मीटर, पीक 6030 मीटर

**स्वच्छ पर्वत - जिम्मेदार पर्वतारोहण:** सचिन कुमार और उनकी टीम ने अभियान को 'लीव नो ट्रेस' की भावना के साथ पूरा किया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार का प्लास्टिक, कचरा या प्रदूषण पर्वतों पर न छोड़ा जाए। सचिन कुमार ने अपने इस अभियान को बाढ़ पीड़ितों और स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित किया।

### सहयोग और आभार

सचिन कुमार ने सहयोग हेतु चंडीगढ़ पुलिस, आईटीबीपी की 37वीं बटालियन बीएसएफ प्री-एवरेस्ट एक्सपीडिशन टीम (लीडर : पद्मश्री लवराज सिंह धर्मसत्तू), लेह-लद्दाख पुलिस, हिमाचल पुलिस और डेकाथलन जीरकपुर का विशेष धन्यवाद किया।

### खेल नीति पर अपील

सचिन कुमार ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन की नई खेल नीति में पर्वतारोहण को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने गुजारिश की कि पर्वतारोहण को अन्य खेलों की भांति खेल नीति में मान्यता मिले। खिलाड़ियों को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की खेल नीतियों की तर्ज़ पर समान सम्मान व लाभ दिए जाएं। केवल भर्ती में खेल कोटा ही पर्याप्त नहीं है।बल्कि सेवा में पदोन्नति के समय भी पर्वतारोहियों और जोखिमपूर्ण खेलों में उपलब्धि हासिल करने वालों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि चंडीगढ़ प्रशासन अगर खेल नीति में पर्वतारोहण को स्थान देता है तो आने वाले समय में एक से एक बेहतरीन पर्वतारोही हमारे क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# डंपिंग ग्राउंड: कूड़े का पहाड़ हटाने की डेड लाइन 30 तिसंबर पर संकट के बादल

साइट पर अभी भी मौजूद है हजारों टन मीट्रिक टन कचरा

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** डंपिंग ग्राउंड के कूड़े का पहाड़ शहर और नगर निगम के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। आगामी 30 सितंबर तक इसे हटाने की तयशुदा समय सीमा पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। क्योंकि इसे हटाने की अंतिम तिथि के दिन अब बहुत कम रह गये हैं। किंतु इस साइट पर हजारों मीट्रिग टन कचरा पड़ा है।

उल्लेखनीय है कि इस कचरे के चलते निकटवर्ती क्षेत्र के लगभग 50 हजार लोग गंदगी और दुर्गंध से परेशान हैं। इन लोगों का कहना है कि स्थिति इतनी ज्यादा खराब है कि इधर से गुजरने वाला व्यक्ति भी दिन भर बदबू की मार झेलने को मजबूर है। यह लोग पिछले कई सालों से इसके समाधान की मांग कर रहे हैं, किंतु नगर निगम के पास अभी तक कोई हल नहीं है।



### परिणाम जीरो: कुलदीप कुमार

पूर्व मेयर एवं आम आदमी पार्टी के पार्षद कुलदीप कुमार डलहौरा के अनुसार नगर निगम बार-बार इसकी डेडलाइन तय करता है, किंतु काम का परिणाम जीरो है। उनके अनुसार आप पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया से पंजाब में जमीन उपलब्ध कराने की मांग की गई है, ताकि डंपिंग साइट को यहां से शिफ्ट किया जा सके। यह मांग मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के सामने जरूरत पड़ने पर रखी जायेगी। बता दें कि एमसीसी के अधिकारियों का कहना है कि इस बार बारिश ने पूरे काम की गति को रोक दिया है। उनका कहना है कि एक दिन की बारिश चार दिन का असर छोड़ती है, जिससे काम आगे नहीं बढ़ पाता है। उनका कहना है कि अगस्त और सितंबर में हुई लगातार बारिश के चलते हालत और बिगड़ गई है।

### 25 फीसदी काम अभी बाकी

निगम के अनुसार अब तक तकरीबन 75 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, किंतु कूड़े का पहाड़ अब भी जस का तस है। स्थानीय निवासियों की मानें तो बदबू इतनी तेज है कि हवा के साथ इसकी दुर्गंध सेक्टर 37 की मार्केट तक पहुंचती है। वर्ष 2022 में जहां लगभग 7.67 लाख मीट्रिक टन कचरा जमा था।

### काम पूरा होने में वक्त लगेगा: मेयर

नगर निगम चंडीगढ़ के मौजूदा मेयर हरप्रीत कौर बबला का मानना है कि इस बार बारिश के चलते काम पर असर पड़ा है। ऐसे में 30 सितंबर तक कूड़े का पूरा पहाड़ हटा पाना काफी मुश्किल है। उम्मीद है कि आने वाले कुछ महीनों में यह काम पूरा हो जायेगा। बता दें कि डंपिंग साइट का मुद्दा अदालत तक पहुंच चुका है। हरियाणा एवं पंजाब हाईकोर्ट भी इस पर सख्त टिप्पणी कर चुके हैं।

सम्पादकीय

# पाक को एक बार फिर किया पस्त, यह सिलसिला रहेगा जारी

निश्चित रूप से पाकिस्तान का जन्म हारने और अपमानित होने के लिए ही हुआ है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा उसे जो सबक सिखाया गया, उसकी श्रृंखला रुकने का नाम ले रही। दुबई में एशिया कप के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम ने जिस हौसले और जांबाजी से पाक टीम को पस्त किया, उससे एक बार फिर यह साबित हो गया कि भारत अब पाक से उसकी नफरत को नहीं झेलेगा और उसी की भाषा में उसे जवाब देगा। चाहे यह भाषा गोला-बारूद की हो या फिर खेल की। यह बहुत अजीब था, जब देश में अनेक विपक्षी दलों ने भारतीय क्रिकेट टीम के पाक के साथ खेलने पर सवाल उठाए थे। इन लोगों की राय थी कि पाक से खेलकर पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों का अपमान किया जा रहा है। हालांकि भारतीय क्रिकेट टीम ने पाक पर जीत हासिल करके न केवल पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी अपितु देश की सेनाओं के सम्मान और गौरव को भी बढ़ाया।

**भारत और पाक के बीच क्रिकेट या फिर अन्य खेल मुकाबलों पर दोनों देशों के समेत पूरी दुनिया की नजर होती है। मैदान पर दोनों टीमें आमने-सामने होती हैं तो सांसें जैसे थम जाती हैं। हालांकि जब टीम इंडिया जीत हासिल करती है तो देश में भावनाओं का ज्वार आ जाता है। लेकिन इस बार यह ज्वार नहीं आया। इसकी वजह साफ थी, क्योंकि देश ने समझ लिया है कि पाक की औकात इतनी भी नहीं है कि वह खेल के मैदान में ही हम से मुकाबला कर सके। युद्ध के मैदान में तो उसकी बिसात बहुत पहले खत्म की जा चुकी है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीन दिन के युद्ध में ही पाक की कमर टूट गई थी और उसके हुक्मरानों ने अमेरिका के सामने गिड़गिड़ा कर खुद को बचाने की गुहार लगाई थी।**

भारत और पाक के बीच क्रिकेट या फिर अन्य खेल मुकाबलों पर दोनों देशों के समेत पूरी दुनिया की नजर होती है। मैदान पर दोनों टीमें आमने-सामने होती हैं तो सांसें जैसे थम जाती हैं। हालांकि जब टीम इंडिया जीत हासिल करती है तो देश में भावनाओं का ज्वार आ जाता है। लेकिन इस बार यह ज्वार नहीं आया। इसकी वजह साफ थी, क्योंकि देश ने समझ लिया है कि पाक की औकात इतनी भी नहीं है कि वह खेल के मैदान में ही हम से मुकाबला कर सके। युद्ध के मैदान में तो उसकी बिसात बहुत पहले खत्म की जा चुकी है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीन दिन के युद्ध में ही पाक की कमर टूट गई थी और उसके हुक्मरानों ने अमेरिका के सामने गिड़गिड़ा कर खुद को बचाने की गुहार लगाई थी। इसके बाद पाक की मांग पर सीजफायर हुआ, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसे अपने लिए मेडल समझा और सीजफायर का श्रेय लेने का प्रहसन किया। हालांकि भारत के स्पष्टीकरण से सब साफ हो गया। यह भी कितना हास्यास्पद है कि पाक क्रिकेट टीम के खिलाड़ी तिनकों की भांति बिखरते चले गए और एक तरह से उन्होंने तश्तरी में रखकर भारत को जीत दे दी। टीम इंडिया ने 7 विकेट से यह मैच जीता है।

इस मैच के दौरान टीम इंडिया ने खेल भावना से विरोधी टीम के साथ खेल खेला, लेकिन पाक के खिलाड़ियों से उचित दूरी भी बनाई। इस दौरान न तो टीम इंडिया के कप्तान ने पाक टीम के कप्तान से हाथ मिलाया और न ही बाकी खिलाड़ियों ने भी उनसे वास्ता रखा। यह सब नाराजगी और आक्रोश दिखाने के लिए था और यह महज टीम इंडिया की भावनाएं नहीं थी, अपितु पूरे भारत देश की थी। यह सब यह बताने के लिए था कि पाक आतंकी गतिविधियों में शामिल होकर किस प्रकार गलत कर रहा है और वह नफरत के काबिल है। टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत के बाद जो बयान दिया वह प्रत्येक भारतवासी को गौरवान्वित करने वाला है। उन्होंने पहलगाम हमले के शहीदों के परिवारों के साथ खड़े होने की बात की वहीं जीत को सुरक्षाबलों को समर्पित किया। टीम इंडिया को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई मिलनी चाहिए कि उसने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाक को हराया। अगर परिणाम इसके उलट रहता तो संभव है आज पाक अपनी जीत का जश्न मना रहा होता, यह उसी प्रकार होता जैसे ऑपरेशन सिंदूर में शर्मनाक हार के बावजूद पाक सरकार, उसकी आर्मी और जनता सड़कों पर खुशी में झूम रही थी। जाहिर है पाक खिलाड़ियों को इस मैच में अपमान झेलना पड़ा है। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पाक में कोई भी अलग-अलग नहीं है। पाक खिलाड़ी भी भारत के संबंध में जहर उगलने में माहिर हैं, वे अपनी सरकार से यह भी नहीं कह सकते हैं कि वह भारत के प्रति इस नफरती रवैये को खत्म करे। देश की सरहदें अपने वतन के प्रति वफादारी को मजबूर कर देती हैं। ऐसे में गलत भी सही नजर आता है और पाक की जनता के साथ यही हो रहा है। बेशक, दोनों तरफ शांति और अमन को चाहने वाले हैं, लेकिन संभव है अब दोनों देश बहुत आगे आ चुके हैं। पाक के लिए भारत के प्रति दुश्मनी उसकी जीवन प्रणाली बन गई है और भारत के लिए खुद को सुरक्षित, सम्मानित और सुदृढ़ बनाना। एशिया कप के इस मैच से यही साबित हुआ है। हमने पाक को एक बार फिर पस्त कर दिया और यह सिलसिला जारी रहेगा।

# आत्मविश्वास की ऊंची मचान से दुनिया के धरातल को देखता और परखता भारत

## भारत के भविष्य को वैभवशाली बनाने के लिए वर्तमान के तरकश में ताकतवर बाणों का संग्रह होना कितना जरूरी

दैनिक अर्थ प्रकाश



धर्मवीर सिंह, डीआईपीआरओ आर

क्या ट्रंप को राष्ट्रपति पुतिन से सीखनी चाहिए दोस्ती की परिभाषा

राष्ट्रहित में प्रेरक सोच की सोपान तैयार करता मोदी का महान व्यक्तित्व

बदलते परिवेश में भारत को आत्मविश्वास की समृद्धशाली विरासत और वर्तमान के दमदार निर्णायक निर्णयों के साथ उंचे मंच और दूरदर्शी मचान की ओर बढ़ते देखा जा सकता है। भारत का ललाट पुरी तरह विश्व धरा पर अपनी उपस्थिती का अहसास कराते हुए निरंतरता में शोभायमान हो रहा है। विषम परिस्थितियों से जूझते हुए आए दिन हर क्षेत्र में देश की ताकत बढ़ रही है। यह एक दिन की मेहनत का नहीं बल्कि कई वर्षो की कड़ी मेहनत के परिणाम सामने आ रहे है।

वर्तमान की बात करें तो इसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व से निकलती सोच और उनके टीम वर्क को जाता है। चुनौतियों को अवसरों में बदलना तो उनकी पुरानी आदत है। एक समय था जब छोटे बड़े देश भारत को आंखें दिखाते रहते थे लेकिन आज देश के मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट विदेश नीति के चलते अमेरिका जैसे देश भी घुटनों के बल आ गए है। मोदी की कार्यशैली की प्रशंसा में दो शब्द हो सकता है कुछ लोगों के पेट में दर्द करते हो लेकिन सच्चाई से कोई मुंह नहीं मोड़ सकता। पिछले 11 वर्षो में हिंदुस्तान ने जो तरक्की की है वह देश के धरातल पर साफ दिखाई देती है। लेखक का लेख यह नहीं कहता कि पिछली सरकारों ने कुछ नही किया। बहुत कुछ किया। लेकिन मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने दशकों पुराना कचरा निकाल कर देश को सम्मानित मंच और मचान पर खड़ा कर दिया है। आज आत्मविश्वास की ऊंची मचान से भारत दुनिया के धरातल को देखता और परखता नजर आ रहा है यदि कोई आलोचक अपनी आंख बंद करके भी देखना चाहे तो उसे हर क्षेत्र में देश की बढ़ती साख नजर आएगी। नीतियों 5की स्वस्थ आलोचना और मार्गदर्शन जरूर होना चाहिए लेकिन रंजिस वश ना हो तो बेहतर माना जाता है।

बात अमेरिकी धौंस की करें तो आने वाले समय में हिंदुस्तान की नीतियां और नीतिगत निर्णय ट्रंप की टैरिफ नीति को वरदान में बदलने का काम करेंगे। ऐसा विशेषज्ञों का मानना भी है। हालात पर नजर दौड़ाने से पता चलता है कि रूस से तेल लेने के कारण टैरिफ नहीं लगाया बल्कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नूरखान और रहीम यार खान एयरबेस पर हमले को वजह बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वहां अमेरिका का हित छिपा था और दूसरा कारण यह बताया जा रहा है कि ट्रंप ने युद्ध रूकवाया इस बात को भारत ने सिरे से नकार दिया। तीसरी बात यह कि विदेश यात्रा से भारत लौट रहे मोदी को ट्रंप अमेरिका बुलाकर नया गेम खेलना चाहता था चूंकि वहां पहले से ही आसिफ मुनीर बैठा हुआ था लेकिन मोदी समय की चाल को पहले ही भांप गया और अमेरिका जाने की बजाय सीधे स्वदेश लौट आए। यही बात ट्रंप को रास नहीं आई। हम उनकी बात क्यों माने जो हमें नीचा दिखाने के लिए प्रपंच रच रहे हो। भारत की अपनी नीतियां है,अपनी सोच। भारत किसी से नही डरता और ना ही किसी के सामने झुकता है। यही बात



तो मोदी ने ट्रंप के फोन नहीं उठाकर सिद्ध कर दी है। देश के लोग अब गर्व से कहने लगे है कि भारत की कूटनीतिक, राजनीतिक, आर्थिक, सामरिक और सोशल ताकत के सामने अमेरिका जैसे बड़े देश भी विचलित होते नजर आ रहे है। हम सीना तान कर कह सकते है कि भारत दुनिया के धरातल का केंद्र बिंदु बन गया है। निजि अहंकार को देश के नीतिगत फैसलों में शामिल कतई नही करना चाहिए,शायद अमेरिकी नेतृत्व से यही भूल हुई।

अभी हाल ही में सम्पन्न हुई एससीओ की मीटिंग में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ भी चर्चा का विषय रहे। खुद पाकिस्तानी मीडिया उनके अपने नेता का मजाक उड़ाता नजर आया। जारी तस्वीरें खुद बा खुद उनके व्यक्तित्व को बता रही थी। खैर छोड़िए उधर हमें जाने की ज्यादा जरूरत नही। जब हमारा पीओके लेंगे तब बात करेंगे। यह बात तो गर्व से अवश्य कह सकते है कि दुनिया के हर मंच पर भारत का कद और स्वाभिमान सफलता से भरी पराकाष्ठा को छू रहा है। जिसका कारण देश का सुलझा हुआ ताकतवर नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,उनकी टीम तथा देश की करोड़ों जनता का आशीर्वाद है।

सम्मेलन में शी का ये कहना कि हाथी और ड्रैगन नई दिशा तय करेंगे। बताते चले कि भारत रूस और चीन एशिया के ताकतवर देश है। ऐसे में उनका परस्पर सहयोग नया सफर तय करने में सफल हुआ तो पश्चिम के दादागीरी करने वाले देश स्वयं घुटनों पर आ जाएंगे। अबकी बार यह प्रसास सफल होता दिखाई दे रहा है। कहते है कि पूत के पैर पालने में दिखाई देते है। टैरिफ को लेकर बात करें तो अदृश्य तरीके से शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन में अमेरिका के मद की हद तोड़ भारत का कद बढ़ता हुआ दिखाई दिया।

टैरिफ के तनाव की जद में आने वाले देश भारत की स्वाभिमानी नीति से कैसे गदगद होंगे ये तो वो जाने लेकिन भारत टैरिफ प्रकरण को लेकर दुनिया की मजबूत रीढ़ बनकर उभरा है। देश हित में एकाएक हुए फैंसलों ने भारत का कद इस कदर बढ़ा दिया है कि अब कोई भी भारत को आंख दिखाने की हिम्मत नही कर पाएगा। शुरूआती दिनों से ही भारत बिना कुछ कहे सब कुछ कह गया। देशहित में मोदी द्वारा लिए गए निर्णय किसी भी देश को घुटनों पर लाने के लिए काफी है। कर्ज का कटोरा उठाकर घुमने वाले तो एससीओ सम्मेलन में विचलित और परेशान से नजर आए। ऐसा लगा कि अमेरिका की गोद में जा बैठे कटोरा खान को चीन ने भी कुछ खास भाव नहीं दिया। वैसे दुनिया के देशों का बड़ा चौधरी समझने वाला अमेरिका कभी भी भारत हितैषी नही रहा। सन 1971 इसका बड़ा उदाहरण है। बेशक टैरिफ विवाद को लेकर जमीं बर्फ पिघलने लगी है। लेकिन अमेरिका और चीन पर भरोसा सोच समझ कर करने में ही भलाई है। सोशल मंच पर ट्रंप मोदी को अच्छा दोस्त और शानदार प्रधानमंत्री बता रहे है। उनकी नजर में यह सच्चाई है या फिर उनका कोई तंज है। मोदी भी ट्रंप को करीबी दोस्त और स्वाभाविक साझेदार कहा। वैसे दोस्त की परिभाषा तो ट्रंप को राष्ट्रपति पुतिन और मोदी से समझनी चाहिए। भारत में सत्ता की सरताज कोई भी पार्टी रही लेकिन रूस हमेशा ही भारत का अच्छा मित्र और सहयोगी रहा लेकिन मोदी के कार्यकाल में रूस के साथ दोस्ती और भी घनिष्ठ हुई। यह देश की विदेश नीति का सार्थक और सकारात्मक परिणाम है।

### अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

## पैट्रोलियम पदार्थों के मूल्य-वृद्धि की सर्वत्र निंदा, गृहणियों का बजट गड़मड़ाया

चंडीगढ़। सरकार द्वारा पैट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ाये जाने की कई नेताओं, संगठनों, आम उपभोक्ताओं, गृहणियों व लगभग सभी वर्गों के लोगों ने सख्त निंदा की है तथा मांग की गई है कि महंगाई की मार से ग्रस्त पहले से आम आदमी दबा पड़ा है अतएव पैट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि वापिस ली जाए। भाजपा के मदन लाल खुराना ने नई दिल्ली में दिये गए बयान में पैट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में वृद्धि की कड़ी आलोचना की है। हरियाणा विधानसभा जनता दल (अजित) विधायक दल की नेता श्रीमति चन्द्रवती और विपक्ष के नेता प्रो. सम्पत सिंह ने पैट्रोलियम रसायनों में हुई मूल्य-वृद्धि की आलोचना की है। चंडीगढ़ न्याय मोर्चा की प्रधान श्रीमति सतिंदर धवन ने भी निंदा करते हुए कहा है कि पैट्रो पदार्थों में सरकार द्वारा की गयी मूल्य वृद्धि से आम गृहिणी के बजट पर विपरीत असर पड़ेगा। फैडरेशन ऑफ स्माल स्केल इंडस्ट्रीज चंडीगढ़ के प्रधान यशपाल महाजन व सचिव राजीव गुप्ता ने भी डीजल, पैट्रोल व कुकिंग गैस के मूल्य वृद्धि की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे देश के लघु उद्योगों पर बुरा असर पड़ेगा।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1810- निगवेल हिदाल्गो ने स्पेन से मैक्सिको की आज़ादी के लिए संघर्ष शुरू किया।

1821- मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।

1893- झण्डा गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' के रचयिता श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' का जन्म।

1908- 'जनरल मोटर्स निगम' की स्थापना की गई।

1947- टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।

1975- केप वर्डे, मोजाम्बिक, साओ टोमे और प्रिंसिप संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।

1975- पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।

1977- पद्म भूषण से सम्मानित भारत की प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका केसरबाई केरकर का निधन।

1978- जनरल जिया उल हक़ पाकिस्तान के राष्ट्रपति निर्वाचित।

1981- भारत की महिला भारोत्तोलक गीता रानी का जन्म।


2003- भूटान ने भारतीय हितों के ख़िलाफ़ अपनी ज़मीन के इस्तेमाल नहीं होने देने का आश्वासन दिया।

2007- पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त ने परवेज मुशर्रफ़ के राष्ट्रपति पद पर दुबारा चुनाव लड़ने के लिए चुनाव से जुड़े क़ानूनों में संशोधन किया।

2008- भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के कर्मचारियों को विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया।

2009- दुनिया भर के समक्ष भारत के एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने वाले अतुल्य भारत विज्ञान अभियान को ब्रिटिश पुरस्कार मिला।

### बोल ब्यूटीफुल



**कादंबिनी शर्मा:** अमेरिका के डलास में एक भारतीय की उनकी पत्नी और बेटे के सामने निर्मम हत्या कर दी गई। पूरी कोशिश के बाद भी वे उन्हें बचा नहीं पाएं। मदद को कोई आगे नहीं आया, लेकिन इस हत्या से वहां पर वैसा तूफान नहीं दिखा जैसा फर्स्ट वर्ल्ड, लोकतंत्र, बराबरी, मानवाधिकार के झंडे बुलंद करने वाले सभ्य समाज में दिखना चाहिए।

**सुमित नागल:** शानदार साझा प्रयासों से भारतीय टीम ने डेविस कप में जीत हासिल की। यूरोप की धरती पर 32 साल बाद मिली यह जीत इतनी खास है कि उसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है।

# मोदी जी और चंडीगढ़- लोकतंत्र की पहली सीढ़ी से आत्मनिर्भर भारत तक

दैनिक अर्थ प्रकाश

### संगठन से आत्मीय रिश्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का चंडीगढ़ से जुड़ाव बेहद खास और आत्मीय रहा है। 1996-98 के दौरान उन्होंने उत्तर क्षेत्रीय प्रभारी के रूप में चंडीगढ़ में रहते हुए भाजपा संगठन की बागडोर संभाली। उस समय चंडीगढ़ लोकतांत्रिक संस्थाओं के अभाव से जूझ रहा था और जनता को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर नहीं मिलता था। ऐसे माहौल में मोदी जी ने न केवल संगठन को मजबूत किया, बल्कि शहर को लोकतंत्र की पहली सीढ़ी पर खड़ा करने का ऐतिहासिक कार्य किया।

### नगर निगम की स्थापना- लोकतंत्र का नया अध्याय

मोदी जी के प्रयासों से दिसंबर 1996 में चंडीगढ़ नगर निगम का गठन हुआ और पहली बार चुनाव संपन्न हुए। यह चंडीगढ़ की लोकतांत्रिक यात्रा का मील का पत्थर साबित हुए। इन्हीं चुनावों में भाजपा की श्रीमती कमला शर्मा शहर की पहली मेयर बनीं। यह उपलब्धि मोदी जी की सूझबूझ और संगठनात्मक रणनीति का प्रत्यक्ष परिणाम थी। कहना गलत नहीं होगा कि लोकतंत्र की पहली पायदान यहीं से शुरू हुई।

### कार्यकर्ताओं से अपनापन

मोदी जी का सबसे बड़ा गुण रहा – कार्यकर्ताओं से गहरा जुड़ाव। वे नेता और कार्यकर्ता के बीच कोई दूरी नहीं रखते थे। स्कूटर पर बैठकर मोहल्लों में जाना, कार्यकर्ताओं के घर चाय पीना और उनके सुख-दुख में शामिल होना उनकी सहज कार्यशैली थी। आज भी चंडीगढ़ के बहुत से कार्यकर्ता गर्व से कहते हैं कि नरेंद्र भाई मोदी उन्हें नाम से पहचानते थे। यही आत्मीय रिश्ता संगठन की असली ताक़त बना।

### लोकल फॉर वोकल की पहली झलक

प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने देश को 'लोकल फॉर वोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' का मंत्र दिया। लेकिन इसकी झलक 1996 में ही चंडीगढ़ में दिखाई दी थी। नगर निगम की स्थापना और चुनाव के जरिए उन्होंने यह संदेश दिया कि लोकतंत्र की असली ताक़त स्थानीय प्रतिनिधित्व और जनता की भागीदारी में है। यह वही विचारधारा थी, जिसने आगे चलकर आत्मनिर्भर भारत का रूप लिया।



### संगठन और जनता दोनों मजबूत

प्रभारी रहते हुए मोदी जी ने संगठनात्मक ढाँचे को मज़बूत किया और कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास भरा। वे हमेशा कहते थे – 'कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताक़त है।' इसी सोच ने भाजपा को चंडीगढ़ में मजबूती दी और जनता से सीधा जुड़ाव बनाया।

### चंडीगढ़ से आत्मीय लगाव

आज भी चंडीगढ़ के कार्यकर्ता मोदी जी को केवल प्रधानमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि अपने पुराने प्रभारी और साथी के रूप में याद करते हैं। उनकी सादगी और लोकतांत्रिक सोच ने यहाँ की राजनीति और संगठन दोनों पर गहरी छाप छोड़ी है।

**निष्कर्ष:** नरेंद्र मोदी जी का चंडीगढ़ से जुड़ाव केवल संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं था, बल्कि लोकतांत्रिक इतिहास का अहम अध्याय था। नगर निगम की स्थापना, पहला चुनाव, कार्यकर्ताओं से आत्मीय रिश्ता और लोकल फॉर वोकल की झलक- यह सब चंडीगढ़ की पहचान बन गया।

आज जब मोदी जी प्रधानमंत्री के रूप में आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार कर रहे हैं, तो चंडीगढ़ गर्व से कह सकता है कि इस सपने का पहला पन्ना यहीं से लिखा गया था।


**-कैलाश चंद जैन**
**पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा चंडीगढ़**

# दिविता जुनेजा के डेब्यू ने जीता दिल पहले दिन की कमाई पहुंची 1.28 करोड़

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मुंबई। उमेश शुक्ला निर्देशित फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की है। रिलीज़ के पहले ही दिन फिल्म ने 1.28 करोड़ रुपये की कमाई कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है।

फिल्म की मुख्य अभिनेत्री दिविता जुनेजा, जो इस फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं, को समीक्षकों और दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। सभी का कहना है कि दिविता जुनेजा ने पहले ही प्रयास में बेहतरीन अभिनय कर यह साबित कर दिया है कि वह लंबे सफर के लिए आई हैं। उनकी स्क्रीन प्रेज़ेंस, इमोशंस को जीने का अंदाज़ और किरदार को निभाने की सादगी ने सबका दिल जीत लिया है। फिल्म में प्रीत कमानी, आशुतोष राणा, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा और मेघना मलिक जैसे दिग्गज कलाकारों ने भी अपने दमदार अभिनय से कहानी को मजबूती दी है। वहीं फिल्म के गाने, खासकर 'आई लव माय इंडिया' जिसमें लंदन की गलियों में भारतीय तिरंगा लहराता दिखता है, दर्शकों को खूब भावुक कर रहा है।




समीक्षकों और दर्शकों का कहना है कि 'हीर एक्सप्रेस' आज के दौर में बनी एक बेहतरीन पारिवारिक फिल्म है, जिसे हर उम्र का दर्शक अपने परिवार संग बैठकर देख सकता है। सोशल मीडिया पर भी फिल्म को लेकर पॉज़िटिव रिव्यूज़ की बाढ़ सी आ गई है। हालाँकि, अगले सप्ताह तक सारी सिचुएशंस साफ होंगी, पर कई बड़ी रिलीज़ के बीच 'हीर एक्सप्रेस' अपने कंटेंट और वर्ड ऑफ माउथ से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाती दिख रही है।

## जीएसटी चोरी से सरकार को करोड़ों का नुकसान

# कारोबारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से सरिया-सीमेंट की अवैध ढुलाई

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** ऊना क्षेत्र में निर्माण कार्यों की रफ़्तार तेज़ है और इसी बीच बड़ा घोटाला सामने आ रहा है? । सूत्रों के अनुसार कई कारोबारी और ठेकेदार आपसी मिलीभगत से गाड़ियों में सरिया, मार्वल,सीमेंट और लोहे का सामान अवैध तरीक़े से ढो रहे हैं। कागज़ात में कम माल दिखाकर, असलियत में उससे कहीं ज़्यादा माल भरा जाता है। इस तरह न केवल जीएसटी की भारी चोरी हो रही है बल्कि सरकार को करोड़ों का राजस्व घाटा पहुँच रहा है।




### कैसे हो रहा खेल?

- ट्रक व पिकअप गाड़ियों में निर्धारित मात्रा से कहीं ज़्यादा सरिया- सीमेंट मार्वल भरा जाता है।
- जीएसटी स्लिप पर कम माल दर्ज कराकर टैक्स चोरी की जाती है?।
- कई बार एक ही ई बे बिल से 2-3 गाड़ियों तक माल भेज दिया जाता है?।
- रात के समय व सुनसान रास्तों का इस्तेमाल कर विभागीय जांच से बचने की कोशिश होती है।

### स्थानीय लोगों की चिंता

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से ईमानदारी से व्यापार करने वाले लोग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। जिन व्यापारी और ठेकेदारों ने सरकार को टैक्स चुकाने के नियमों का पालन किया है, उनके कारोबार पर असर पड़ता है।

### सरकार को राजस्व का नुकसान

जानकारों का अनुमान है कि इस अवैध कारोबार से सरकार को हर महीने लाखों से करोड़ों तक का नुकसान हो रहा है। अगर यह सिलसिला यूं ही चलता रहा तो आने वाले समय में प्रदेश की विकास योजनाओं पर भी इसका असर पड़ सकता है।

EXCLUSIVE

### विभागीय कार्रवाई कब?

लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग जल्द से जल्द जांच अभियान चलाए और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करे। अगर समय रहते सख्ती नहीं की गई, तो यह गोरखधंधा और भी बड़ा रूप ले सकता है।

### ई वे बिल पर हमारी नजर, होगी सख्ती कार्रवाई

विनोद कश्यप ने कहा कि मीडिया ने मामला ध्यान मे लाया गया है। अगर ऐसा हो हो रहा है तो सख्त कार्रवाई करेंगे। ई वे बिल पर हमारी नजर है। चेकिंग हमारी टीमें कर रही आजकल हमारा अभियान भी चला हुआ है। जो भी व्यापारी ऐसा काम करता है उस पर सख्त कार्रवाई करेंगे हमने पूरे सेंट्रल जोन जिसमें ऊना बद्दी, बिलासपुर, मंडी में अभियान में 5 करोड़ से ऊपर का जुर्माना किया है ।

**शैलेन्द्र कुमार,**
**एसडीएम, पंचकूला**

---

केंद्रीय राज्यमंत्री पहुंचे कुल्लू, एनएच- 03 एवं 305 समेत अन्य बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का लिया जायजा, दिए दिशा-निर्देश

# बेहतरीन तकनीक और पहले से भी सुरक्षित होंगे राष्ट्रीय राजमार्ग

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 15 सितंबर।** केंद्रीय राज्य सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री अजय टम्टा ने आज कुल्लू पहुंचकर आपदा से क्षतिग्रस्त जिया, छरूड्डू, रायसन, बिन्दु ढांक आदि क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने इस अवसर पर भारी वर्षा के कारण हुए नुकसान प्रभावित लोगों से मुलाकात भी की।

इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री ने कॉन्फ्रेंस हाल कुल्लू में प्रशासन व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। बैठक में एनएचएआई, बीआरओ प्रोजेक्ट दीपक, (सड़क यातायात एवं राजमार्ग) मोर्थ पीआईयू द्वारा पीपीटी के माध्य से प्रदेश में हाल में आई आपदा से सभी राजमार्गों को हुए नुकसान का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

बैठक में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय राजमार्ग को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है तथा कीरतपुर से मनाली के मध्य दो सौ की संख्या में मशीनरी रात- दिन बहाली का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि भारी वर्षा से कई स्थानों पर सड़कों और रास्तों को नुकसान पहुंचा है, जबकि लोगों की निजी जमीनें और मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि प्रभावित इलाकों में हुए नुकसान का विस्तृत आंकलन की पूर्ण रिपोर्ट तैयार करें, ताकि राहत एवं



पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण कार्यों को गति मिल सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि राजमार्ग में क्षतिग्रस्त सुरंगों की विशेषज्ञ एजेंसियों से विस्तृत अध्ययन के आधार पर इनको बेहतरीन तकनीक से सुरक्षित रूप से बहाल करने का कार्य करें।

इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री ने भारी बारिश से क्षतिग्रस्त एनएच-305 का मौके पर जाकर नुकसान का जायजा भी लिया। उन्होंने से अधिकारियों से एनएच -305 के शीघ्र मरम्मत कार्यों के साथ-साथ इसके सतत्व से सुरक्षित सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए, ताकि आने वाले समय में क्षेत्र की जनता और पर्यटकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे पूर्व केंद्र से अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम भी आपदा से हुए नुकसान का आंकलन करने कुल्लू-मनाली क्षेत्र में भेजी गई थी। इस अवसर पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, विधायक बंजार सुरेन्द्र शौरी,


उपायुक्त तोरुल एस रवीश, एनएचआई के प्रोजेक्ट निदेशक वरुण चारी, सड़क यातायात एवं राजमार्ग) मोर्थ, बीआरओ, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग तथा जलशक्ति विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सहित अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मदद के लिए केंद्र सरकार गंभीर : अखिलेश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 15 सितंबर :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व का जताया आभार है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हालिया प्राकृतिक आपदा के बीच केंद्र सरकार लगातार प्रदेश की जनता के साथ खड़ी है। आपदा की गंभीरता को देखते हुए केंद्र से लगातार उच्चस्तरीय दौरे किए जा रहे हैं। 2 दिन पहले ही भारत सरकार की केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर और श्री शांतनु ठाकुर ने कुल्लू पहुंचकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया और वहां के हालात पर केंद्र को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। इसके तुरंत बाद भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय टम्टा ने भी हिमाचल का विशेष दौरा कर राहत एवं बहाली कार्यों की गहन समीक्षा की।

भारतीय जनता पार्टी और हिमाचल की जनता ने इस संवेदनशील पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , केंद्रीय नेतृत्व और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा का हृदय से आभार व्यक्त किया है। भाजपा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आपदा की इस घड़ी में हिमाचल की जनता को राहत प्रदान करने के लिए अब




तक 1500 करोड़ रुपये की विशेष सहायता राशि और 200 करोड़ रुपये अग्रिम एसडीआरएफ के रूप में जारी किए हैं। इतना ही नहीं, मोदी जी ने हिमाचल की गंभीर स्थिति को देखते हुए सात केंद्रीय मंत्रियों को प्रदेश भेजकर जनता का दुख-दर्द साझा करने की जो पहल की है, वह इस बात का प्रमाण है कि हिमाचल वास्तव में प्रधानमंत्री जी का दूसरा घर है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा का यह दौरा इस बात का प्रतीक है कि केंद्र सरकार हिमाचल की हर समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से ले रही है। कुल्लू में टम्टा जी ने जिला प्रशासन, एनएचएआई, बीआरओ, पीडब्ल्यूडी और अन्य विभागों की बैठक कर अधिकारियों को राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर जी भी उनके साथ मौजूद रहे और आपदा प्रभावित जनता से लगातार मिलकर उनका दुख-दर्द साझा करते रहे।

दौरे के दौरान पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर जी ने जिला कुल्लू में हुए भारी नुकसान का विस्तृत ब्यौरा केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। श्री टम्टा जी ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार सभी बहाली कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए हर संभव सहयोग देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्गों की तत्काल मरम्मत हेतु 264 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं, मनाली क्षेत्र की संपर्क स?कों को चालू रखने के लिए 4 करोड़ रुपये अतिरिक्त दिए गए हैं, और स्थायी समाधान के लिए सुरंग, पुल, ढलान स्थिरीकरण तथा नदी सुरक्षा कार्यों की डीपीआर लगभग अंतिम चरण में है, स?क बहाली का अग्रिम कार्य शुरू कर दिया गया है

इसके साथ ही यह भी तय किया गया है कि बाढ़ द्वारा क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्ग को दुरुस्त करने के लिए बाढ़ रोधी आईसीसी दीवारों का निर्माण किया जाएगा, ताकि भविष्य में होने वाले दल नुकसान को रोका जा सके और मार्ग की स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



## राज्यपाल ने चंबा उप-मंडल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज चंबा उपमंडल के विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान प्रभावितों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने ग्राम पंचायत करियां में राष्ट्रीय उच्च मार्ग के भू-स्खलन प्रभावित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कलसूंई तथा घरवाला में क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय उच्च मार्ग और लोथल घार का भी जायजा लिया।

श्री शुक्ल ने घरवाला के समीप ऐतिहासिक धार्मिक स्थल त्रिलोचन महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

## नराकास प्रोत्साहन सम्मान से नवाजा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भूपेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला (कार्यालय-2) को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आज ÷नराकास प्रोत्साहन सम्मान''' - 2024-25 के उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हिंदी दिवस-2025 और पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर प्रदान किया गया।

भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने कहा कि यह सम्मान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला (कार्यालय-2) के सदस्य केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों एवं बैंकों में राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला (कार्यालय-2) आगे भी अपने सदस्य कार्यालयों में राजभाषा में और अधिक प्रयोग के लिए सभी के साथ मिलजुल कर प्रयास करती रहेगी।

इस अवसर पर अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन ने बताया कि राजभाषा हिन्दी के प्रयोग एवं प्रसार की सराहना के लिए इस सम्मान की स्थापना संपूर्ण भारत में गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के लिए की गई है। इसके अंतर्गत संपूर्ण भारत में गठित नराकास द्वारा प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन कर राजभाषा नीति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन संबंधी सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर किया गया है।

यह पुरस्कार अंशुली आर्या, सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के कर कमलों से श्री आशीष पंत, महाप्रबंधक(राजभाषा), एसजेवीएन-सह-सदस्य-सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला (कार्यालय-2) ने गांधी नगर, गुजरात में आयोजित एक समारोह के दौरान राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्य कार्य-निष्पादन हेतु प्राप्त किया। ''नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति÷ एक आधिकारिक समिति है, जो भारत सरकार के विभिन्न कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों आदि में राजभाषा हिंदी के प्रगति और कार्यान्वयन की निगरानी और प्रोत्साहन हेतु गठित की जाती है।

---

## न्यूज ब्रीफ

### लोक कल्याण मेला 17 व 18 को एमसी कार्यालय ऊना में

**ऊना (रोहित शर्मा)।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 17 व 18 सितंबर को एक विशेष अभियान के अंतर्गत नगर निगम ऊना के कार्यालय सभागार में



लोक कल्याण मेले का अयोजन किया जा रहा है। नगर निगम ऊना के आयुक्त एवं एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने जानकारी दी कि लोक कल्याण मेले का मुख्य मकसद पथ विक्रेताओं एवं स्ट्रीट वेंडर्स को वित्तीय सहायत उपलब्ध करवाना और उनकों डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना है। एडीसी ने बताया कि लोक कल्याण मेले के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नए आवेदनकर्ताओं का पंजीकरण, स्वीकृत ऋणों का वितरण, बैंक से लौटे आवेदन प्रक्रियाओं का पुनः संचालन, लंबित आवेदन स्वीकृति में सहायता, डिजिटल ऑनबोर्डिंग के माध्यम से लाभार्थियों का पंजीकरण किया जायेगा और एफएसएसएआई के सहयोग से स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भी किया जायेगा ।

### एसजेवीएन मुख्यालय में हिन्दी पखवाड़े का उदघाट्न



**शिमला।** भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन के मार्गनिर्देश में आज कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी पखवाड़े की बधाई दी और हिन्दी पखवाड़े की महता पर प्रकाश डाला। निदेशक (कार्मिक) ने सभी कर्मचारियों से पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर शर्मा ने राजभाषा हिन्दी के प्रति अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि भाषा विचार अभिव्यक्ति का सरलतम माध्यम है। विविधता से सम्पन्न भारत में हिन्दी भाषा विभिन्न संस्कृतियों, समुदायों, संप्रदायों को जोड़ने का कार्य करती है। हिंदी केवल एक भाषा नहीं। यह हमारी संस्कृति और सभ्यता की आत्मा है। दुनिया में हिंदी तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम ऐसी भाषा से जुड़े हैं, जो वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान कायम कर रही है। हिन्दी पखवाड़े का आयोजन दिनांक 28 सितंबर, 2025 तक किया जाएगा, जिसमें एसजेवीएन कारपोरेट मुख्यालय सहित परियोजना कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य हिन्दी को ब?ावा देने एवं उनके मध्य हिन्दी के प्रति स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक की भावना को बढ़ावा देने की दृष्टि से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कारपोरेट मुख्यालय में हिन्दी पखवा? के दौरान निगम मुख्यालय में शुद्ध शब्द लेखन, श्रुतलेखन, काव्य-गोष्ठी तथा सुलेख आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (मा सं), चंद्रशेखर यादव सहित कारपोरेट मुख्यालय के विभिन्न विभागों/अनुभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित शुद्ध शब्द लेखन प्रतियोगिता में 60 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।

---

## मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण के लिए 2.20 करोड़ की राशि स्वीकृत की : विवेक

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने कहा है कि उन्होंने सोमवार को ग्राम पंचायत बड?ांव के री का दौरा किया। उन्होंने कहा कि री गांव के लोग लंबे समय से परेशानियां झेल रहे थे। बिना सड? सुविधा के समस्या झेलनी पड़ रही थी।

उन्होंने कहा कि इस सड? का सर्वे करवाया गया। मुख्यमंत्री सुखबिंद्र सिंह सुक्खू से भी बातचीत की गई और समस्या रखी। ताकि इस सड? को लेकर बजट मुहैया करवाई जाए। जिसके चलते मुख्यमंत्री सुखबिंद्र सिंह सुक्खू द्वारा इस सड? के लिए दो करोड़ 20 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। अब इस गांव के



लोगों को जल्द ही बेहतर सड? सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले री गांव में एक घटना घटित हुई थी। लेकिन वह इस पर कुछ नहीं कहना चाहते हैं। न ही इस तरह की घटना को राजनीतिक रंग देना चाहते हैं। लेकिन री गांव के लोगों को समस्या झेलनी पड़ रही थी। विवेक कुमार ने कहा कि अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया है। ताकि यहां के लोगों को सड? सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि री गांव के लोगों को बारिश के चलते समस्या हुई थी। उन्होंने कहा कि अब सरकार द्वारा दो करोड़ 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री सुखबिंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। ताकि लोगों को राहत मिल सके। मौके पर लोक निर्माण अधिशासी अभियंता राकेश शर्मा व सहायक अभियंता सचिन नाडा उपस्थित रहे!

---

सम्मान समारोह

अनुराग ठाकुर ने पेशेवर कुश्ती अकादमियों की आवश्यकता पर दिया जोर

## खेलेगा हिमाचल, खिलेगा हिमाचल : अनुराग सिंह ठाकुर

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज में छिंज (कुश्ती) कमेटियों के जिला स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा द्वारा हमीरपुर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की संयोजक भोरंज की पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी थीं।

समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में पारंपरिक कुश्ती की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में छिंज कमेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखकर उनके बीच एक स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों की विशेष रूप



से सराहना की।

हालाँकि, उन्होंने स्थानीय कुश्ती को पेशेवर स्तर तक बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि पिछले अनेक वर्षों में छिंज कमेटियों द्वारा विभिन्न कुश्ती प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है, लेकिन उनके विकेंद्रीकृत स्वरूप ने स्थानीय पहलवानों के लिए प्रतिस्पर्धा करने और उच्च स्तर पर सफलता प्राप्त करने के अवसरों को सीमित कर दिया है। परिणामस्वरूप, राज्य के बाहर के पहलवान अक्सर शीर्ष पदक जीतते हैं। उन्होंने इस सन्दर्भ में बताया कि घुमारवीं के मोरसिंही में हैंडबाल की एक एकेडमी में हमारा एक प्रोग्राम चलता है, जिसके अंतर्गत आज हमारी 6 बेटियाँ देश के लिए खेल रही हैं। इसी तर्ज़ पर हिमाचल के पहलवान भी देश-विदेश में प्रदेश को ख्याति प्राप्त करवा सकते हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि अन्य राज्यों से पहलवानों को लाना अवांछनीय नहीं है, लेकिन स्थानीय प्रतिभाओं को व्यवस्थित प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने हमीरपुर जिले में कम से कम दो पेशेवर कुश्ती अकादमियों की स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिनका प्रबंधन कुश्ती समितियों द्वारा सामूहिक रूप से किया जाएगा और जो राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होंगी। उन्होंने इस पहल के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की व्यवस्था और स्थानीय प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण के अवसर शामिल हैं, जो उनकी ओर से निःशुल्क प्रदान किए जाएँगे, ताकि हिमाचली कुश्ती प्रतिभाओं को उभारा जा सके।

---

**OFFICE OF MEDICAL SUPERINTENDENT N.S.C.B.**
**ZONAL HOSPITAL MANDI DISTT MANDI HP 175001**

E Mail Address=zonalhospitalmandi@gmail.com
Office Telephone No. 01905-222928

**HFW-MND-MS-Tender/2025-27-/ 5881-85 Dated-12 Sep,2025**

**TENDER NOTICE**

Sealed tenders are hereby invited for the washing of Linen articles of Zonal Hospital Mandi for the year 2024-25. The tender should reach in this office on or before 27 Sep 2025 up to 11:00 AM along with Earnest Money of Rs. 25,000/- (Rs. Twenty-five thousand only) in the shape of Demand Draft / Fixed Deposit/ duly pledged in the name of the undersigned. Sealed cover should be bearing the words super scribed "WASHING OF LINEN TENDER OF ZONAL HOSPITAL MANDI to be opened on same day 27 Sep 2025 (11:30 AM) in the presence of bidders or their representatives who may wish to remain present on the day. Tender received late or incomplete will not be accepted. In case the opening day is declared as holiday, tenders shall be opened on the next working day as per the above-mentioned time schedule. The Medical Superintendent ZH Mandi, reserves the right to postpone or cancel the tender process at any stage without assigning any reason.

Sr. Medical Superintendent
Zonal Hospital Mandi,
District Mandi (H.P.) 175001

R.O. No. 3028_2025-2026


### पंचकूला के कॉलेज जाने के लिए निकले, बदमाशों ने बीच रास्ते में रोक किया हमला

# कॉलेज के प्रोफेसर पर दिनदिहाड़े तलवारों से हमला, हमलावरों की तलाश में जुटी एसआईटी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 15 सितंबर।** शहर के सेक्टर-1 स्थित सरकारी कॉलेज के बीपीएड प्राध्यापक प्रवीण ढांडा पर सोमवार सुबह कॉलेज आते बीच रास्ते में हमला हो गया। प्रोफेसर प्रवीण ढांडा अपने निवास डकोली से कॉलेज के लिए निकले थे। पंचकूला बॉर्डर के पास आधा दर्जन युवकों ने उनकी गाड़ी रोककर तलवार और डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में प्रवीण ढांडा गंभीर रूप से घायल हो गए और लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए उनको तुरंत चंडीगढ़ सेक्टर-32 अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। कॉलेज के प्रचार्या ने कहा कि

प्रोफेसर प्रवीण ढांडा पर हमले की घटना कॉलेज से बाहर हुई है,



लेकिन यह बेहद चिंताजनक है। हम पुलिस को पूरा सहयोग दे रहे हैं। छात्रों और स्टाफ की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

**मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित :** डीसीपी ने प्रोफेसर पर हुए हमले की वारदात की जांच के लिए एसआईटी गठित की है। विशेष टीम हमले की जगह, प्रोफेसर के निवास के नजदीक और मार्केटों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। ताकि हमलावरों की शिनाख्त हो सके। पुलिस अधिकार ने कहा कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

प्रोफेसर प्रवीण ढांडा पर हमला होने के बाद डरे सहमे स्टाफ के सदस्य पंचकूला की डीसीपी से भी मिले और स्टाफ तथा छात्रों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की।

#### पहले भी हो चुका हमला, स्टूडेंट्स में रोष

इसी कॉलेज के एक एसोसिएट प्रोफेसर पर पिछले साल भी हमला हुआ था। कॉलेज के प्रोफेसर पर हुए हमले के बाद स्टूडेंट्स में रोष है। हालांकि पुलिस ने कॉलेज के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है।

## राजीव गुप्ता मर्डर केस में युवती गिरफ्तार, तीन दिन के रिमांड पर



**पंचकूला।** प्रेम संबंध की रंजिश में चंडीगढ़ से युवक को अगवा कर हत्या करने के बाद शव को पिंजौर में दफनाने के मामले में डिटेक्टिव स्टाफ ने फरार चल रही महिला आरोपी सिमरन (21) निवासी मनीमाजरा को गिरफ्तार किया है। अदालत में आरोपी को पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भीज दिया गया। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि जांच में सामने आया है कि सिमरन ने ही इंस्टाग्राम के माध्यम से मृतक राजीव गुप्ता से सम्पर्क कर उसे मिलने बुलाया था, जिसके बाद युवती के परिजनों ने उसकी हत्या कर दी। उल्लेखनीय है कि 22 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि पिंजौर-नालागढ़ बाईपास पर गांव सुखोमाजरी के समीप सड़क किनारे खाई में करीब दो सप्ताह पुराना शव दबा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू की थी। मृतक राजीव गुप्ता के पिता ने पुलिस को बताया था कि उसके बेटे ने 2 अप्रैल को उसने प्रेम विवाह किया था। बाद में उसका एक अन्य युवती से प्रेम प्रसंग भी चल रहा था। इस संबंध में युवती (प्रेमिका) के भाई व मामा ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी शिकायत चंडीगढ़ पुलिस को पहले भी दी गई थी।

## अस्पताल में निर्माण कार्यों के चलते नहीं हो सकी इंस्पेक्शन, एक महीना बाद फिर आएगी टीम

मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर अस्पताल की खामियों को किया जा रहा दूर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सेक्टर 6 के सिविल अस्पताल में निर्माण कार्य जारी होने से मानवाधिकार के निर्देश पर गठित की गई कमेटी सोमवार को इंस्पेक्शन नहीं कर सकी। निर्माण कार्य पूरा होने तक अगले महीने फिर से टीम अस्पताल का फिर से दौरा कर अपनी रिपोर्ट आयोग को पेश करेगी।

जानकारी के मुताबिक मानवाधिकार आयोग को सिविल अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में कई तरह की खामियां को लेकर शिकायत की गई थी। सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके नैय्यर ने इन खामियों को लेकर आयोग में याचिका दायर की गई थी। इस याचिका पर अब तक तीन सुनवाई हो चुकी हैं और आयोग के निर्देश पर अस्पताल में निर्माण और जीर्णोद्धार के कार्य जारी हैं। आयोग द्वारा अब अगले महीने इस याचिका पर सिवाई होगी।





#### मल्टी लेवल पार्किंग का फैसला लटका

जिला नागरिक अस्पताल, पंचकूला में पार्किंग समस्या- हाल के वर्षों में, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के कारण नागरिक अस्पताल में आने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप, सीमित स्थान के कारण पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिला नागरिक अस्पताल में बहुस्तरीय पार्किंग स्थापित करने का प्रस्ताव महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं के कार्यालय को पत्र भेजा गया था। इसी संदर्भ में, निदेशक, सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा मुख्य वास्तुकार, हरियाणा को प्रस्ताव की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए एक पत्र भेजा गया था।

जिला नागरिक अस्पताल, सेक्टर-6, पंचकूला की विशेष मरम्मत- जिला नागरिक अस्पताल, पंचकूला की विशेष मरम्मत के लिए 3.91 करोड़ रुपये की धनराशि का अनुमोदन 23 मई 2025 को स्वीकृत किया गया। इसके लिए बजट आवश्यक प्रक्रिया का पालन करते हुए, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, हरियाणा के कार्यालय के माध्यम से सीधे कार्यकारी एजेंसी, लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया। कार्यकारी एजेंसी, लोक निर्माण विभाग ने 12 अगस्त 2025 को नागरिक अस्पताल की विशेष मरम्मत का कार्य शुरू किया और, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा सूचित किए जाने के अनुसार, मरम्मत कार्य पूरा होने की संभावित तिथि 15 सितंबर है।

## लेन ड्राइविंग, ध्वनि प्रदूषण और ड्रिंक एंड ड्राइव पर शिकंजा; 10 दिन में 514 चालान, 18 वाहन जब्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन एवं डीसीपी ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने 5 सितंबर से 14 सितंबर तक विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिन्द्र कुमार एवं सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक कुमार



की अगुवाई में ट्रैफिक टीमों ने व्यापक स्तर पर चेकिंग की। इस दौरान लेन ड्राइविंग के नियमों की उल्लंघना करने वाले 217 चालकों के चालान किए गए तथा 1 वाहन को जब्त किया गया। ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले चालकों, जिनमें प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग करने वाले शामिल थे, के खिलाफ भी सख्ती बरतते हुए 18 चालान काटे गए और इनमें से 5 वाहन इंपाउंड किए गए।

इसके अलावा ड्रिंक एंड ड्राइव जैसी गंभीर और खतरनाक प्रवृत्ति पर भी विशेष ध्यान देते हुए ट्रैफिक टीम ने 279 चालान किए और 5 वाहनों को जब्त किया। इस प्रकार अभियान के दौरान कुल 514 चालान जारी किए गए तथा 18 वाहनों को इंपाउंड किया गया।

## नयागांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंजाब सरकार के विरुद्ध किया रोष प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू चंडीगढ़।** आज सांय लगभग 6 बजे नयागांव में भाजपा मंडल नयागांव के नेतृत्व में पंजाब सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन जिसमें विशेषत- भाजपा के हलका खरड प्रभारी कमलदीप सैनी तथा चोडरी अर्जुन सिंह कांसल पहुंचे थे ।

भाजपा नयागांव के सभी भाजपा नेता गुरधियान, बिल्ला गुजर कांसल , संजय गुप्ता महासचिव ,महासचिव नरेश कुमार नाडा , पार्षद विनोद बंदोलिया, रिंकू नागरा और विशाल मंसा, जिला मोहाली के सचिव भूपिंदर भूपी ,राजेश प्रशेर ,राम रतन ठाकुर , सुरेश यादव,लाभ सिंह मंड, सर्वण सिंह शनिया,सचिव अतुल अरोड़ा,



मक्खन गुर्जर नाडा ,शिव ,महिपाल या सभी भाजपा के लगभग 200 कार्यकर्ता नयागांव के शहीद भगत सिंह चौक में एकत्र हुए तथा उसमें भूपेन्द्र सिंह भूपी ने अपने भाषण में कहा कि पंजाब सरकार को 12,000 करोड़ भूल गए ङ्क सिर्फ 1,600 करोड़ का गुणगान क्यों? कर रही है । पंजाब की जनता आज यह सवाल पूछ रही है कि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से पहले मिली 12,000 करोड़ रुपये की राशि का हिसाब क्यों नहीं दिया। हाल ही में पंजाब सरकार ने सिर्फ 1,600 करोड़ रुपये की आंशिक मदद पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर धन्यवाद दिया और इसे बड़ी उपलब्धि की तरह पेश किया। खरड हलका प्रभारी कमलदीप सैनी ने कहा कि यह वही केन्द्र सरकार है जो पहले जारी की गई 12,000 करोड़ रुपये की राशि का न तो जक्रि करती है और न ही जनता को बताती है कि यह पैसा कहां खर्च हुआ। भाजपा के सदस्यों का कहना है कि यह जनता के साथ धोखा है। पंजाब सरकार को सिर्फ छोटी राशि पर राजनीति करने के बजाय बड़े फंड के उपयोग की पारदर्शी रिपोर्ट जनता के सामने रखनी चाहिए। सिनियर भाजपा नेता अर्जुन सिंह कांसल ने भी इस पर सरकार को घेरा है और सवाल पूछा है कि 12,000 करोड़ का हिसाब किताब कहां है। उनका कहना है कि यह साफ तौर पर जनता को गुमराह करने का प्रयास है और इस पर तुरंत जवाबदेही तय होनी चाहिए। पंजाब के लोग अब जवाब मांग रहे हैं ङ्क12,000 करोड़ का उपयोग कहां हुआ? क्या यह राशि विकास कार्यों में लगी या कहीं और स्त्रद्ब1द्गह्ल्द्गस्त्र कर दी गई? क्यों सिर्फ 1,600 करोड़ की मदद पर राजनीतिक शो किया जा रहा है? जनता को उम्मीद है कि पंजाब सरकार जल्द से जल्द पारदर्शिता दिखाएं और पूरे फंड का हिसाब सामने रखेगी। सिनियर नेता गुरु ध्यान सिंह मंड के कहा कि वित्त विशेषज्ञों का मानना है कि यह 12,000 करोड़ रुपये की राशि राज्य की वित्तीय स्थिति सुधारने और विकास परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण थी।

### फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**पंचकूला।** साइबर क्राइम थाना टीम ने फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर युद्धवीर सिंह की अगुवाई में सब-इंस्पेक्टर हरजीत सिंह ने जांच करते हुए आरोपी नितेश कुमार और उसके दोस्त आदित्य को गिरफ्तार किया। आरोपी नितेश को 12 सितंबर को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। वहीं, आरोपी आदित्य को अदालत से तीन दिन का पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की गई और रिमांड अवधि पूरी होने पर आज उसे भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में सब इंस्पेक्टर अभिषेक छिल्लर ने भी तकनीकी सहायता करते हुए टीम की मदद की थी।

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन के अनुसार, आरोपी आदित्य से पूछताछ के दौरान इस मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की जानकारी मिली है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## एसडी कॉलेज में इक्नॉमिक्स के छात्रों को बताए करियर के अवसर

'आरंभ' के स्थापना दिवस पर नवनियुक्त प्लानिंग फोरम सदस्यों को प्रदान किए गए बैज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के अर्थशास्त्र पोस्ट ग्रेजुएट इक्नॉमिक्स विभाग के प्लानिंग फोरम की ओर से सोमवार को कॉलेज के मिनी ऑडिटोरियम में अपने स्थापना समारोह 'आरंभ' के साथ-साथ ÷छात्रों के लिए करियर के अवसर÷ पर एक एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। भारत सरकार के जनगणना कार्य निदेशक ललित जैन ने व्याख्यान दिया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा और इंग्लिश विभाग की अध्यक्ष एवं डीन कल्चरल एंड आर्ट्स डॉ. पूजा सरीन ने ने वक्ता ललित जैन का स्वागत किया और सम्मान के प्रतीक स्वरूप एक पौधा भेंट किया। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने इस अवसर को और भी उत्साहवर्धक बना दिया।



इसके बाद ललित जैन ने अपने संबोधन में इक्नॉमिक्स के छात्रों को बहुमूल्य करियर मार्गदर्शन प्रदान किया और सरकारी सेवाओं, शिक्षा जगत, शोध संस्थानों, बैंकिंग एवं वित्त, कॉर्पोरेट क्षेत्र, डेटा एनालिटिक्स और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे विविध क्षेत्रों में अवसरों की उनकी समझ को व्यापक बनाया। ललित जैन ने छात्रों को तनाव प्रबंधन, स्वास्थ्य और मानसिक दृढ़ता पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बौद्धिक विकास के साथ शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्पष्टता भी जरूरी है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सहपाठियों, मेंटर्स और फैकल्टी के साथ मजबूत नेटवर्क बनाना भविष्य के अवसरों का मार्ग प्रशस्त करता है।

लेक्चर के बाद कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने विद्यार्थियों से अपने विचार साझा किए। उन्होंने पोस्ट ग्रेजुएट इक्नॉमिक्स विभाग को सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी और छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत इंटर्नशिप तथा प्रायोगिक शिक्षण अवसरों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. शर्मा ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ कौशल विकास के महत्व को भी दोहराया। छात्र-केंद्रित प्लानिंग फोरम की प्रभारी डॉ. रुचि शर्मा ने उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए फोरम की दृष्टि और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अपने समापन संबोधन में उन्होंने प्रिंसिपल, मुख्य वक्ता, फैकल्टी मेंबर्स एवं विद्यार्थियों के प्रति सहभागिता और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा विभाग की ओर से औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का समापन नवनियुक्त प्लानिंग फोरम सदस्यों को बैज प्रदान करने की औपचारिकता के साथ हुआ, जो 'आरंभ' की आधिकारिक स्थापना का प्रतीक था। एक्सपर्ट लेक्चर और स्थापना समारोह विद्यार्थियों के लिए एक समृद्ध एवं प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ, जिसने उन्हें करियर की दिशा के प्रति स्पष्टता प्रदान करने के साथ-साथ कौशल विकास, दृढ़ता और नेटवर्किंग को सफलता के आवश्यक साधन के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम से हिंदू बना युवक, हिंदू लड़की से हिंदू रीति रिवाज के तहत की शादी

लापता युवती को पुलिस ने पटियाला से बरामद किया, कोर्ट में दिए आज बयान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** प्रेम संबंध के चलते संदिग्ध हालात में दो दिन पहले रायपुररानी से गायब हुई युवती को पुलिस ने पटियाला से बरामद कर लिया। हालांकि, इससे पहले युवती के परिजनों ने दोपहर को चंडीमंदिर चौकी के बाहर प्रदर्शन किया और पुलिस पर लापरवाही बरतने के आरोप भी लगाए। फिलहाल पुलिस ने युवती को पटियाला से बरामद कर कोर्ट में पेश किया, जहां युवती ने अपने बयान दर्ज करवाए हैं।

पंचकूला पुलिस की डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि बरामदगी के बाद पूछताछ में युवती ने बताया कि वह लक्की उर्फ सलमान निवासी पंचकूला को पिछले तीन वर्षों से इंस्टाग्राम के



माध्यम से जानती है और दोनों के बीच धीरे-धीरे दोस्ती हो गई। युवती ने बताया कि 10 सितंबर को दोनों ने हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार शादी की थी। आज अदालत में भी दर्ज बयान के दौरान भी युवती ने यह स्वीकार किया कि वह लक्की उर्फ सलमान को लंबे समय से जानती है और परिवार की शादी की असहमति के कारण युवक ने स्वयं धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम से हिंदू धर्म अपनाया तथा दोनों ने हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह किया। पुलिस की जांच से और अदालत में लड़की द्वारा दिए गए बयान में जबरन धर्म परिवर्तन जैसा कोई वाक्या सामने नहीं आया है।

#### पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन, फिर बरामदगी

थाना चंडीमंदिर पुलिस को शिकायतकर्ता ने सूचना दी थी कि उसकी 21 वर्षीय बेटी 10 सितंबर को दवाई लेने रायपुर रानी गई थी, लेकिन इसके बाद घर वापस नहीं लौटी। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसी दिन युवती के मोबाइल की ट्रैकिंग शुरू कर दी और लगातार उसकी तलाश जारी रखी। 14 सितंबर को आस-पास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया और 15 सितंबर को पुलिस ने युवती को पटियाला, पंजाब से सकुशल बरामद कर लिया।

## उपायुक्त ने समाधान शिविर में बरसाती नाले की मरम्मत के दिए निर्देश

खेतपुराली गांववासियों की समस्या का हुआ समाधान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** खेतपुराली गांववासियों की बरसाती नाला टूटने की शिकायत का समाधान करते हुए उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बीडीओ बरवाला व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नाले की मरम्मत करने के निर्देश दिए ताकि गांववासियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

उपायुक्त सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिलावासियों की समस्याएं सुन रहे थे। खेतपुराली निवासी भूरो देवी ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि नाला टूटने के कारण बारिश के दौरान पानी गांव में प्रवेश कर जाता है, जिसकी वजह से गांववासियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने बीडीओ बरवाला व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नाले का मुआयना कर तुरंत मरम्मत करवाने के निर्देश दिए ताकि बरसात का पानी आबादी वाले क्षेत्र में दाखिल ना हो। जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित एक शिकायत का निवारण करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित सभी मामलों का एक तय समय सीमा में समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित कोई भी शिकायत लंबित ना रहे। शिविर के दौरान उपायुक्त ने कुल 15 शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

## महाराजा अग्रसेन जयंती को सरकारी स्तर पर मनाने का ऐतिहासिक निर्णय : विपुल गोयल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महाराजा अग्रसेन जयंती को सरकारी स्तर पर मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से अग्रवाल समाज में खुशी की लहर है। विपुल गोयल आज अग्रवाल भवन सेक्टर-16 में महाराजा अग्रसेन जयंती की तैयारियों को लेकर समाज के प्रबुद्ध लोगों की आयोजित बैठक में मुख्यातिथि के रूप में पंहुचे, जिसकी अध्यक्षता अग्रवाल समाज पंचकूला के कन्विनर अमित जिंदल ने की। उपस्थित अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों के द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती को सरकारी स्तर पर मनाने की घोषणा करवाने हेतू श्री विपुल गोयल,



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मेयर कुलभूषण गोयल, गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवर्ण गर्ग, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल , प्रदेश उपाध्यक्ष बनतो कटारिया और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विपुल गोयल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती को सरकारी स्तर पर मनाने की मांग अग्रवाल समाज द्वारा वर्षो से की जा रही थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मांग का स्वीकार करते हुए महाराजा अग्रसेन जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह 22 सितंबर को सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में मनाने का निर्णय लिया है। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि साथ ही हर जिले से अग्रवाल समाज की विभिन्न संस्थाएं भी इस भव्य कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी।

### पंचकूला में महिलाओं की रामलीला का जीरकपुर में विरोध

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में ÷जड़ों से जुड़ो÷ संस्था द्वारा करवाई जा रही महिलाओं की रामलीला का कुछ हिंदू संगठनों ने ज़ोरदार विरोध किया। ढकोली स्थित रहमत होम्स में जब महिलाएँ रामलीला की रिहर्सल कर रही थीं, तब विरोध करने वालों ने वहाँ पहुँचकर नारेबाज़ी की।

हिंदू संगठनों का कहना था कि रामलीला में श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और परशुराम जैसे पवित्र किरदार महिलाएँ नहीं निभा सकतीं। उनका तर्क था कि यह हिंदू धर्म का अपमान है और वे किसी भी हालत में महिलाओं की रामलीला नहीं होने देंगे, चाहे इसके लिए जेल ही क्यों न जाना पड़े। दूसरी ओर, रामलीला का आयोजन कर रही संस्था ÷जड़ों से जुड़ो÷ की अध्यक्ष एकता नागपाल ने कहा कि वे किसी विरोध के आगे झुकने वाली नहीं हैं।

## सीएम भगवंत सिंह मान ने किया हरमनप्रीत कौर को सम्मानित



अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू-चंडीगढ़।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन(पीसीए) के न्यू चंडीगढ़ के स्टेडियम के महिलाओ की टीम के पहले इंटरनेशनल मैच में पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान भी पहुंचे थे । उन्होंने भारतीय कप्तान और पंजाब की स्टार क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर को सम्मानित किया। हरमनप्रीत ने इसी मैच में 150 वूमन वनडे मुकाबले भी पूरे कर लिए। वे ऐसा करने वाली पंजाब की पहली वुमन क्रिकेटर हैं। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन(पीसीए) की पूरी टीम भी इस मौके पर मौजूद रही और वे लगातार प्रदेश में विमन क्रिकेट को प्रमोट कर रहे हैं।

# हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने में ओबीसी मोर्चा का अहम योगदान: बड़ौली

हरियाणा सरकार ने पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को अपनाकर, समाज के हर वर्ग का किया कल्याण : कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में सोनीपत स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश स्तर की ओबीसी मोर्चा कार्यकारिणी बैठक का अयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा सरकार में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बतौर मुख्यअतिथि भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सभी गणमान्य व्यक्ति के द्वारा पौधारोपण करके की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करना, पार्टी में ओबीसी समाज के योगदान को बढ़ावा देना, पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को आम-जनता तक पहुंचाना व ओबीसी समाज के सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा की हरियाणा में बीजेपी सरकार को लगातार तीन बार जिताने में ओबीसी समाज का अहम योगदान रहा है। ओबीसी समाज हमेशा भारतीय जनता पार्टी के साथ सच्ची निष्ठा व कर्तव्य भाव से जुड़ा रहा है, जिसके लिए हम सब उनका धन्यवाद करते है।

उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए ओबीसी मोर्चा धरातल पर कार्य करता है। जिससे बीजेपी पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस की सरकार ने ओबीसी समाज का हमेशा से अपमान किया है। आज के समय कांग्रेस पार्टी के एक ही काम है, झूठ और भ्रम को समाज में फैलाना। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में पारर्दशिता भर्ति प्रक्रिया के फैसले को अपनाने से आज समाज के हर वर्ग को सरकार से जोड़ना का कार्य किया गया। आज ओबीसी समाज अपनी हाथ की कला के साथ-साथ सरकारी नौकरियों को लेने का कार्य भी कर रहा है।

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में ओबीसी समाज के पदों को रिक्त छोड़ दिया जाता है। लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली इस भाजपा सरकार में सभी वर्गो को लिए समान अवसर प्रदान दिये जाते है। हरियाणा बीजेपी प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया ने कार्यकर्तो से आह्वान किया कि वो भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा जो जीएसटी में संसोधन किए गए है। सभी कार्यकर्ता उनकों धरातल पर आम लोगों को समझाने का कार्य करे। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक (प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस से गांधी जंयती तक ) सेवा पखवाड़ा मनाने का कार्य करेगी। जिसमें 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा कार्य और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मोदी मैराथन, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच के कैंप, पौधारोपण के कार्य, संत-महापुरूपों के विचारों का प्रचार-प्रसार, स्वच्छता और सौदर्यकरण के अभियान, खेलकूद के कार्यक्रम व अन्य चीजे शामिल है। इस मौके पर ओबीसी समाज ने भाजपा के पदाधिकारियों के सामने सरकारी नौकरियों की श्रेणी ए व बी में ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरंक्षण देने की बात कही।इस मौके पर राई विधायक कृष्णा गहलावत, संगठन मंत्री फणिंद्र नाथ शर्मा, ओबीसी प्रदेशाध्यक्ष मदन चैहान, ओबीसी प्रदेश प्रभारी पवन सैनी, प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला अध्यक्ष सोनीपत ओबीसी मोर्चा विनोद बैरागी, गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, जिला अध्यक्ष गोहाना ओबीसी मोर्चा मुकेश, रामेश्वर प्रजापती, श्याम लाल जांगड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सोनीपत में 3.78 करोड़ की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ



हेम नगर व खन्ना कॉलोनी की गलियां होंगी सीसी से पक्की

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। विधायक निखिल मदान ने मेयर राजीव जैन और वार्ड नंबर 3 के पार्षद सुरेंद्र मदान के साथ मिलकर वार्ड 3 में लगभग 3 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे जिन्होंने विधायक और मेयर का विकास कार्यों के लिए आभार जताया और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि सेक्टर 14 में बरसाती पानी की निकासी के लिए 1 करोड़ 12 लाख रु की लागत से स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाई जाएगी। इसमें तिकोना पार्क, हुड्डा पार्क के आस पास के क्षेत्रों में और जहां गलियों में पुरानी लाइन अवरुद्ध है वहां नई स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही हेम नगर और खन्ना कॉलोनी में जहां पर हाल ही में नगर निगम द्वारा सीवरेज लाइन बिछाई गई थी, वहां की गलियों को सीसी से 1 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से नवनिर्माण किया जाएगा।

लगभग 53 लाख रुपए की लागत से हाउसिंग बोर्ड और गांधी चौक की सड़कों को सीसी से पक्का किया जाएगा। साथ ही 50 लाख रुपए की लागत से आदर्श नगर की 5 मुख्य गलियों और ब्रांच गलियों को सीसी से पक्का किया जाएगा।इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा,निगम पार्षद सुरेंद्र मदान,निगम पार्षद सुरेंद्र नैयर,अमन डूडेजा, संजीव वलेचा,संदीप, आदि लोग मौजूद रहे।

## 3 युवकों ने एक व्यक्ति की पीटकर किया घायल

**खरखौदा (अप्रस)।** पाई गांव में तीन युवकों ने एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया। राहुल ने बताया कि रात्रि के साढ़े दस बजे के करीब उसका छोटा भाई देवांश घर पर आया। उसने बताया कि उनके पिता नरेश कुमार को एक गली में 3 युवक पकड़कर मारपीट कर रहे है। जब वह वहां पर पहुंचा तो गली में काफी अंधेरा था और उसका पिता जमीन पर पड़ा हुआ है। वह अपने पिता को इलाज के लिए पीजीआई खानपुर ले गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। उसे शक है कि मोनू,जितेंद्र, पंकज ने उसके पिता को चोटें मारकर घायल किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध पिस्तौल व गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

खरखौदा (अप्रस)। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के सोनीपत बाईपास फ्लाई ओवर के नीचे से एक युवक को अवैध पिस्तौल व गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक सोनीपत बाईपास फ्लाई ओवर के नीचे अवैध पिस्तौल लेकर किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल व तीन गोलियां बरामद की गई। युवक की पहचान सिसाना निवासी कर्मवीर के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पार्षद नीलम कौशिक ने कुंडली के सरकारी स्कूल में ओपन जिम लगवाने का कार्य करवाया शुरू



19 लाख रुपए की लागत से बनने वाले ओपन जिम होंगे बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और अन्य उपकरण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। पार्षद नीलम कौशिक ने अपने वार्ड नंबर 7 कुंडली स्थित सरकारी स्कूल में बच्चों के शारीरिक विकास एवं मनोरंजन के उद्देश्य से ओपन जिम निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया। यह ओपन जिम 19 लाख रुपए की लागत से तैयार करवाई जा रही है, जिसमें बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, व्यायाम उपकरण व अन्य खेल सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी।इस अवसर पर पार्षद नीलम कौशिक ने कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद अत्यंत आवश्यक है। ओपन जिम से बच्चों को फिटनेस के प्रति जागरूकता मिलेगी और वे तकनीक की दुनिया से बाहर आकर शारीरिक गतिविधियों की ओर आकर्षित होंगे।उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वार्ड के विकास के लिए इसी प्रकार की और योजनाएं लागू की जाएंगी ताकि क्षेत्र के बच्चों और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर प्रधान नितिन कौशिक, चेयरपर्सन शिमला देवी, रोहित, राहुल, चंद्रभान और नरेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने सीखी फोटोग्राफी वीडियोग्राफी की तकनीके



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। दूरदर्शन दिवस के अवसर पर हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के प्रांगण में खेल पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की तकनीक को सीखने के साथ-साथ मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्पिता श्रीवास्तव, खेल पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, द्वितीय स्थान विवेक, बीपीईएस तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान मनीष बीपीईएस तृतीय सेमेस्टर और सांत्वना पुरस्कार आयुष यादव ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी न केवल एक कला है, बल्कि यह संवाद और अभिव्यक्ति का एक शक्तिशाली माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि खेल पत्रकारिता और जनसंचार के छात्रों के लिए फोटोग्राफी कौशल का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। दूरदर्शन दिवस के अवसर पर उन्होंने दूरदर्शन की भूमिका और महत्व पर भी प्रकाश डाला द्य खेल पत्रकारिता एवं जनसंचार के विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल मेहरा ने फोटोग्राफी की तकनीक और इसके भविष्य में स्कोप के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी में नए अवसरों की तलाश करने और अपने कौशल को निरंतर विकसित करने से छात्र इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर जनसंचार विभाग से डॉ अनिल कुमार एव विधार्थी उपस्थित रहे ।

# कार देने से इंकार पर किसान को गोली मारी, आरोपी फरार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**खरखौदा।** रोहणा गांव में एक किसान द्वारा कार देने से मना करने पर एक युवक ने उस पर गोली चला दी। किसान सुरेंद्र ने बताया कि वह अपने खेत से बारिश का पानी निकाल रहा था। इसी दौरान उसके पास सुमित नामक युवक का फोन आया कि वह अपनी कार उसे प्रयोग करने के लिए दे दे। उसने सुमित को कार देने से मना कर दिया। जब वह कार लेकर खेत से अपने घर के लिए जा रहा था तो गांव के फ्लाईओवर के नीचे सुमित और सचिन ने उसकी कार को रुकवा लिया। दोनों युवक उसे कहने लगे कि उसने उन्हें कार देने से क्यों मना किया है । उसने कहा कि वह अपनी कार चलाने के लिए किसी को नहीं देता है। इतना कहते ही सचिन ने अपने हाथ में ली हुई पिस्तौल से गोली चला दी। वह दोनों उसे गाली देते हुए अपनी मोटरसाइकिल पर भाग निकले। पुलिस को सूचित करके मौके पर बुलाया गया। जहां से पुलिस ने गोली का खाली रौंद बरामद किया है। पुलिस ने युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

सभी को सूचित किया जाता है की सोनिया, सोनिया धवन और सोनिया वर्मा पत्नी श्री कंचन कुमार पता kothi no, 492, फेज - 2, S.A.S nagar जिला मोहाली एक ही व्यक्ति है।
एपी-4663

**मैं,** सतविन्द्र कौर पत्नी बलविन्द्र सिंह निवासी गांव चक पाडला छोत पोस्ट ऑफिस लदाना बाबा जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम सतविन्द्र कौर से बदलकर सतविन्द्र रखती हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-4664

**मैं,** पंकज पुत्र ओम प्रकाश निवासी मकान नं. सी-15/40 प्रथम मंजिल, बी.पी.टी.पी. पार्क लैडंस, सी-ब्लाक सेक्टर-85, फरीदाबाद हरियाणा बयान करता हूं कि मैने अपने पुराने नाम पंकज को बदलकर पंकज प्रकाश रख लिया है। मेरे पुराने नाम पंकज पर कोई कोर्ट केस व बैंक लोन पैडिंग नहीं है। यदि इस बाबत कोई कानूनी कार्रवाई होती है तो मैं स्वयं जिम्मेवार रहूंगा।
एपी-4665

I SAROJ KAPOOR spouse of Service No 14233418H EX TS (NIK) RANBIR SAIN residing at House No 5557/2, Modern Housing Complex Manimajra Chandigarh Pin code-160101 have changed my name from SAROJ KAPOOR to SAROJ KUMARI and my correct date of birth is 06.07.1958 vide affidavit dated 15.09.2025 before Notary Chandigarh.

**मैं,** टुनटुन चौधरी पुत्र बाल कुंवर निवासी मकान नंबर 503-बी, कजहेड़ी, सेक्टर 52, चंडीगढ़ ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम खुशी चौधरी से बदलकर खुशी रख दिया है।

**मैं,** करनप्रीत कौर पत्नी पुष्पिंदर सिंह लांबा, निवासी मकान नंबर 1670, सेक्टर 33-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम करनप्रीत कौर से बदलकर करनप्रीत कौर लांबा रख लिया है।

**मैं,** मनतेज सिंह सोमल पुत्र नछत्तर सिंह निवासी मकान नंबर 2205, सेक्टर 31-सी, चंडीगढ़ ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम तजमीन कौर सोमल से बदलकर तजमीन कौर रख दिया है।

**मैं,** चक्कर सिंह बोहरा पुत्र मदन सिंह निवासी मकान नंबर 19-बी, भगवानपुरा, किशनगढ़ के पास, चंडीगढ़ ने अपना नाम चक्कर सिंह बोहरा से बदलकर चक्कर सिंह रख लिया है।

**मैं,** मनीष मदान पुत्र राकेश मदान निवासी मकान नंबर 2111, सेक्टर 38-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम मनीष मदान से बदलकर Maniesh R Madan रख लिया है।

**मैं,** किशन चंद धीमान पुत्र स्वर्गीय श्री मस्त राम, निवासी मकान नंबर 5063/2, कैट-3, मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, मनीमाजरा, सेक्टर 13, चंडीगढ़ ने अपना नाम किशन चंद धीमान से बदलकर किशन चंद रख लिया है।

**मैं,** मानसी चितकारा पत्नी Retesh Vatrana निवासी मकान नंबर 1097, सेक्टर 18-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम मानसी चितकारा से बदलकर मानसी वत्राना रख लिया है।
एपी-4666

**मैं,** सोनिया कपूर पत्नी रोहित कपूर वासी मकान नं-1103 सैक्टर 29 बी चंडीगढ़ 160030 ने अपना नाम बदलकर सोनिया से सोनिया कपूर रखा है।

**मैं,** मानसी पत्नी जतिन चावला वासी मकान नं. 49, वजीर चन्द कॉलोनी, करनाल ने अपना नाम बदलकर मानसी चावला से मानसी रखा है।

**मैं,** कर्मजीत पुत्र रघुवीर सिंह वासी गांव झंझाड़ी जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर करम जीत से कर्मजीत रखा है।

**मैं,** जतिन चावला, पुत्र वेद प्रकाश चावला, निवासी मकान संख्या 49, वज़ीर चंद कॉलोनी, करनाल, हरियाणा- 132001, ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम दक्षित से बदलकर दक्षित चावला कर लिया है।

**मैं,** दिलबाग सिंह पुत्र गुरदीप सिंह वासी गांव कांसल, नया गांव, खरड़ मोहाली, एस ए एस नगर ने अपना नाम बदलकर दिलबाग और उपनाम सिंह रखा है।

**मैं,** रंजना देवी पत्नी राकेश कुमार वासी मकान नं.843, ठसका रोड, नजदीक गुरुद्वारा, गांव और डाक इस्माइलाबाद कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर परमिंदर कौर रखा है।

**मैं,** आरती अरोड़ा पत्नी मनोज कुमार वासी गोपाल नगर, सहारनपुर, U.P ने अपना नाम बदलकर आरती रखा है।

**मैं,** तम्मना मुंजाल पुत्री शैलेंदर कुमार वासी मकान नं ए-2/188 एफ एफ, गेट नं. 6, Opp पेट्रोल पंप, सैक्टर 8, रोहिणी, नार्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर तमन्ना से तम्मना मुंजाल रखा है।

**मैं,** ममता पत्नी बिजेन्दर सिंह वासी गांव व डाक रत्तनगढ़ जिला सोनीपत ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर ममता तोमर से ममता रखा है।

**मैं,** मंजू सिंह पत्नी शमशेर सिंह वासी मकान नं 698, मैन रोड, नजदीक Heritage Lawn, सैक्टर 4, पार्ट-2, अर्बन एस्टेट, करनाल ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर मंजू से मंजू सिंह रखा है।
एपी-4668

**मैं,** मोनिका आधार न 211797796440 पत्नी श्री भूपिंदर कुमार निवासी मुलाना तहसील बराडा जिला अंबाला घोषणा करती हूं कि मैने अपना नाम मोनिका अरोड़ा से बदल कर मोनिका रख लिया है।भविष्य में मुझे मोनिका के नाम से जाना जाए।
एपी-4670

I, Manjeet Kaur Oberoi W/o Harcharan Singh Oberoi R/o House no. 926, Phase 11, Mohali, Punjab declare that I have changed my name from Manjeet Kaur to Manjeet Kaur Oberoi

**मैं,** भूमिका शाह पुत्री हरक बहादुर शाह निवासी #1336, टॉप फ्लोर, सेक्टर 22-बी चंडीगढ़ अपना नाम भूमा थापा से बदलकर भूमिका शाह कर लिया है।

**मैं,** विनोद धीमान, पुत्र सुभाष चंद्र धीमान, निवासी मकान नंबर D-94, मोना पैराडाइज, शिवालिक सिटी, सैक्टर-127, खरड़, एस ए एस नगर मोहाली, ने सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम विनोद से विनोद धीमान में बदल दिया है।

**मैं,** सचिन पुत्र रनबीर सैनी, मकान नंबर 73/15 कृष्णा कालोनी नजदीक कुन्दन सिनेमा तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम सचिन से बदलकर सचिन सैनी रख लिया है।

**मैं,** सुभाष चंद्र धीमान, पुत्र लखपत राय धीमान, निवासी आरजेड 144, संतोष पार्क, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली, ने सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम सुभाष चंद्र से सुभाष चंद्र धीमान में बदल दिया है।

**मैं,** हरी किशन पुत्र श्री बाबू राम, निवासी मकान संख्या 125, वार्ड नंबर 10, वी.पी.ओ. - पभात, जिला एसएएस नगर मोहाली, पंजाब, ने अपना नाम हरी किशन से बदलकर हरी कृष्ण कर लिया है।

**मैं,** संतोष रानी पत्नी श्री हरि कृष्ण, निवासी - मकान संख्या 125, वार्ड नंबर 10, वी.पी.ओ. - पभात, जिला एसएएस नगर मोहाली, पंजाब, ने अपना नाम संतोष रानी से बदलकर संतोष कौर कर लिया है।

**मैं,** सीमा रानी पत्नी सतीश कुमार निवासी मकान न.84 अर्बन स्टेट सेक्टर 13 करनाल ब्यान करती हूं कि मैने अपना नाम सीमा से बदलकर सीमा रानी रख लिया है।

**मैं,** सतीश कुमार पुत्र राम प्रकाश निवासी मकान न.84 अर्बन स्टेट सेक्टर 13 करनाल ब्यान करती हूं कि मैने अपना नाम सतीश से बदलकर सतीश कुमार रख लिया है।
एपी-4671

**मैं,** अनिता, सैन्य संख्या- 15593859X रैंक- सैपर नाम- वडजे पवन श्रीमंत की माँ हूँ जो वर्तमान में यूनिट- सीएमई, पुणे, महाराष्ट्र-411031 में तैनात है स्थायी पता- झरी खुर्द, पोस्ट- झरी, जिला- लातूर, राज्य- महाराष्ट्र-413529 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम अनिता से बदलकर अनिता श्रीमंत वडजे कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/06/1975 से 01/01/1966 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 216727, दिनांक- 15/09/2025

**मैं,** वडजे श्रीमंत सैन्य संख्या- 15593859एक्स रैंक- सैपर नाम- वडजे पवन श्रीमंत का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट- सीएमई, पुणे, महाराष्ट्र-411031 में तैनात है स्थायी पता- झरी खुर्द, पोस्ट ऑफिस- झरी, जिला- लातूर, राज्य- महाराष्ट्र-413529 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम वडजे श्रीमंत से बदलकर श्रीमंत पंढरी वडजे कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 216728, दिनांक- 15/09/2025

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

I, RAKESHWARI DEVI is Mother of Army No:18020086A Rank: Spr Name-Ajay Shakya Permanent Address: Village-Biharipur, Post-Samhon, Lahariyapur, PO: Bharthana, Dist: Etawah, Uttar Pradesh-206242 declare that I have changed my name from RAKESHWARI DEVI to RAKESHVRI DEVI. Vide Affidavit No: 11AA 216725,dated: 15/09/2025

**मैं,** सुमनबाई, सैन्य संख्या- 4593044H रैंक- सिपाही नाम- गायकवाड़ माधव नागोराव की माँ हूँ। स्थायी पता- GHR 97, पोस्ट- पेठवाडज, कार्यालय- कंधार, पोस्ट- पेठवाडज, जिला- नांदेड़, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 431714 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम सुमनबाई से बदलकर गायकवाड़ सुमनबाई नागोराव कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 216729, दिनांक- 15/09/2025

**मैं,** नवदीप सिंह पुत्र श्री देवेंद्र सिंह, निवासी मकान संख्या 155ए, सेक्टर 14, पंचकूला, हरियाणा-134116, घोषणा करता हूँ कि मेरे बेटे के 10वीं कक्षा के प्रमाणपत्र संख्या TY 40240188, जो भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा जारी किया गया है, में मेरे बेटे का नाम चौगुन सिंह हंसपाल और मेरा नाम नवदीप सिंह हंसपाल लिखा है, जो गलत है। लेकिन मेरे बेटे का सही नाम उसके आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के अनुसार चौगुन सिंह है और मेरा नाम मेरे आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के अनुसार नवदीप सिंह है।

**मैं,** वीरेंद्र यादव, सैन्य संख्या- 4213356पी रैंक सिपाही नाम- मंजीत यादव का पिता हुं स्थायी पता- टाउन खेकड़ा, पोस्ट ऑफिस खेकड़ा, तहसील- खेकड़ा, जिला- बागपत, राज्य- उत्तर प्रदेश-250101 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम वीरेंद्र यादव से बदलकर वीरेंद्र कर लिया है।

**मैं,** रामधन, सैन्य संख्या- 4214835एच रैंक सिपाही का पिता हूं, नाम- मनोज यादव का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 11 कुमाऊं सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है पत्ता- वीपीओ- हिंगवाहेरा राजधोकी, तहसील तिजारा, जिला- खैरथल तिजारा, (राजस्थान) 301411 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम रामधन से बदलकर रामधन यादव रख लिया है।

**मैं,** रामकौरी देवी सैन्य संख्या 4202450Y रैंक हवलदार नाम- महेश कुमार यादव की मां हूं, वर्तमान में यूनिट- 11 कुमाऊं में तैनात है स्थायी रूप से ग्राम- प्रीतमपुरी, पोस्ट- प्रीतमपुरी, तहसील- नीम का थाना, जिला- सीकर (राजस्थान) घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे के सैन्य रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से रामकौरी देवी के रूप में दर्ज किया गया है, लेकिन मेरा सही नाम रामकोरी देवी है।

**मैं,** चंदा देवी सैन्य संख्या-4205127पी रैंक नायक नाम भूपेंद्र कुमार की मां हूं, जो वर्तमान में ग्राम- लकड़ियामऊ, पोस्ट- नीमसार, तहसील- मिश्रिख, जिला- सीतापुर (यूपी) घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम चंदा देवी से बदलकर चंदा रख लिया है।

**मैं,** शिव कुमार, सैन्य संख्या- 4215130एच रैंक-सिपाही नाम- सुमित कुमार का पिता हूँ, पत्ता- मदारीपुर, पोस्ट- कसावा, तहसील- छिबरामऊ, जिला- कन्नौज, उत्तर प्रदेश -209721 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम शिव कुमार से शिव सागर में बदल लिया है।

**मैं,** किरन देवी, सैन्य संख्या- 4201354X रैंक- हवलदार नाम- सुशील की मां हूं स्थायी पता- बगहन खेड़ा, पूरन पुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-227305 घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे के सैन्य रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से किरन देवी के रूप में दर्ज हो गया है परंतु मेरे सिविल और सरकारी दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही नाम शिव प्यारी है।

अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभावित करें

**मैं,** हीरो देवी, सैन्य संख्या- 4214835एच रैंक सिपाही नाम- मनोज यादव की मां हूं, वर्तमान में यूनिट- 11 कुमाऊं सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है पत्ता- वीपीओ- हिंगवाहेरा राजधोकी, तहसील- तिजारा, जिला- खैरथल तिजारा, (राजस्थान) - 301411 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम हीरो देवी से बदलकर हीरो देवी रख लिया है।
एपी-4672

## बेदखली सूचना

**मैं,** सुनीता रानी पत्नी स्वर्गीय श्री रमेश कुमार, निवासी मकान संख्या 3342, सेक्टर 27 डी, चंडीगढ़, अपने बेटे रिशु और उसकी पत्नी अंजलि को अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। वे मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। अगर कोई भी उनके साथ कोई लेन-देन करता है, तो वह अपनी लागत/जिम्मेदारी पर ऐसा करेंगे ।
एपी-एफ

**मैं,** बलवान सिंह पुत्र श्री धर्म सिंह गांव मखण्ड तह. उचाना जिला जीन्द घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र रोहित जोकि मेरे कहने व सुनने से बाहर है मैं इनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं कोई इससे किसी प्रकार का लेन-देन करेगा स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-4667

**मैं,** टेकचंद (आ.नं. 2268 5125 6322) पुत्र सुरता निवासी भूपेंद्र नगर भिवानी रोड जींद अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि मेरा बेटा राजू और उसकी पत्नी पूजा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उन्हें अपनी तमाम चल- अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उनसे जो भी लेनदेन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-4669

**मैं,** महेंद्र सिंह पुत्र श्री प्यारा सिंह निवासी गांव खेडी शर्फअली तहसील असंध जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र सुमित सिंह मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं।भविष्य में उससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा।

हम गुड्डी बेगम पत्नी मोहम्मद जमील ओर मोहम्मद जमील पुत्र नजीर अहमद निवासी मकान न. 41, first floor एल.आर.सी. होम्स किशनपुरा ढ़कौली जीरकपुर एस.ए.एस नगर मोहाली पंजाब ब्यान करते हैं कि लड़का अकील अहमद और उसकी पत्नी यासमीन हमारे कहने सुनने से बाहर हैं इसीलिए हम उनको अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं जो कोई उनसे लेन देन करेगा वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा।

हम गुड्डी बेगम पत्नी मोहम्मद जमील ओर मोहम्मद जमील पुत्र नजीर अहमद निवासी मकान न. 41, first floor एल.आर.सी. होम्स किशनपुरा ढ़कौली जीरकपुर एस.ए.एस नगर मोहाली पंजाब ब्यान करते हैं कि लड़का शकील अहमद और उसकी पत्नी गुलिस्ता हमारे कहने सुनने से बाहर हैं इसीलिए हम उनको अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं जो कोई उनसे लेन देन करेगा वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा

**मैं,** हरजिंदर सिंह पुत्र स्वर्गीय जरनैल सिंह निवासी 647, फेज 3बी-1, सेक्टर 60 एसएएस नगर मोहाली घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा आलम सिंह और उसकी पत्नी हरप्रीत कौर मेरे नियंत्रण से बाहर हैं, इसलिए मैं अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनके साथ लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा।

**मैं,** इंद्रजीत कौर पत्नी हरजिंदर पाल सिंह निवासी 647, फेज 3बी-1, सेक्टर 60 एसएएस नगर मोहाली घोषणा करती हूं कि मेरा बेटा आलम सिंह और उसकी पत्नी हरप्रीत कौर मेरे नियंत्रण से बाहर हैं, इसलिए मैं अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। इनके साथ लेनदेन करने वाला खुद जिंमेवार होगा।
एपी-4671

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

### ऊर्जा मंत्री अनिल विज का कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज--''बहुत देर कर दी हुज़ूर आते-आते, पानी तो आकर चला भी गया''

# कांग्रेस पार्टी को देश की प्रजातांत्रिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं : विज

वक्फ बिल पर सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद, सम्पतियों का डाटा ऑनलाईन होने से होगा समाधान : विज

अब क्रिकेट के मैदान में भी पाकिस्तान को मारा : विज

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अंबाला, 15 सितंबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि ''बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते, पानी तो आकर चला भी गया और उतर भी गया, जब पानी में लोग डूब रहे थे, तब तुम्हारा राहत भरा हाथ किसी की ओर बढा नहीं''। श्री विज ने कहा कि ''जब सारा पानी उतर गया है, तो जैसे कार्यवाही डाली जाती है, उसी प्रकार राजनीतिक कार्यवाही के तौर राहुल गांधी जी आए हैं कि मैं भी गया था''।

श्री विज आज चण्डीगढ में मीडिया कर्मियों द्वारा राहुल गांधी के पंजाब में बाढग्रस्त इलाकों के दौरे के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

कांग्रेस ने सिग्नेचर अभियान शुरू किया है, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि ''कांग्रेस पार्टी को देश की प्रजातांत्रिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं है, तथा इनके कुछ लोगों में मूक सहमति हुई है कि तमाम प्रजातांत्रिक संस्थाओं को परेशान किया जाए। ईडी और सीबीआई की कार्यवाही पर कांग्रेस के नेता बोलते हैं और कोर्ट के फैसलों के ऊपर भी कांग्रेस के नेता बोलते हैं। वहीं, चुनाव आयोग की अपनी एक प्रक्रिया है, आयोग मतदाताओं का रिवीजन करता है और इस दौरान गलतियां रह सकती है और रहती भी है जिसके लिए समय दिया जाता है, कि एक महीना के अंदर दुरूस्त करवाया जा सकता है और गलत बनने पर कटवाया भी जा सकता है। फिर भी यदि तकलीफ है तो कांग्रेस को वोटें न मिलने की है और इस तकलीफ को कोई दूर नहीं कर सकता है''।

वक्फ बिल पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाने से किए गए इंकार के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने माननीय सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद किया है और कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सबकों मानना चाहिए। इस बारे में सम्पतियों का पंजीकरण एक पोर्टल के माध्यम से हो रहा है जिससे बहुत समस्या का समाधान हो जाएगा तथा यह भी पता चल पाएगा कि किस-किस समय पर किस-किस के पास कौन-कौन सी संम्पतियां है और कब से है। यह डाटा ऑनलाईन होने से काम

**बिजली डिफाल्टरों की बकाया राशि की रिकवरी के लिए जल्द ही ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की होगी बैठक:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि बिजली डिफाल्टरों की बकाया राशि की रिकवरी के लिए जल्द ही ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें संबंधित अधीक्षक अभियंताओं से रिकवरी के संबंध में रिपोर्ट ली जाएगी। श्री विज आज यहां चण्डीगढ में मीडिया कर्मियों द्वारा ऊर्जा विभाग की बकाया राशि 7700 करोड की रिकवरी के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली डिफाल्टरों का यह तथ्य जब उनके सामने आया तो उसी समय ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक ली गई थी, जिसमें प्रत्येक जिलें की रिकवरी के बारे में जानकारी के तहत संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य दिया गया था। उन्होंने कहा कि अब अमुक अधिकारियों की रैंकिंग भी रिकवरी के अनुसार तय की जाएगी। श्री विज ने बताया कि इस बारे में जल्द ही अधिकारियों की बैठक ली जाएगी और रिकवरी के संबंध में रिपोर्ट ली जाएगी। सेवा पखवाडा के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि अंबाला में सेवा पखवाडा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें और अंबाला के चार मण्डलों के अंतर्गत एक–एक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, जिसमें 75–75 लोग रक्तदान करेंगें।

## ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया हिन्दी का महत्व

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अंबाला, 15 सितंबर।** कौन कहता है कि मातृभाषा पढ-सिखकर आगे नहीं बढा जा सकता है, हम भी अपनी मातृ भाषा हिन्दी को पढ़कर आगे बढ़ सकते हैं क्योंकि मातृभाषा से हमें प्रेम, प्यार, स्नेह होता है और उससे आर्शीवाद मिलता है।

यह उदगार हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने गत दिवस एक कार्यक्रम के दौरान हिन्दी दिवस के अवसर पर व्यक्त किए।

श्री विज ने साफगोई व्यक्त करते हुए कहा कि आज हिन्दी को बोलते हुए हमें थोड़ी अहीनता का भाव आता है क्योंकि कई वर्षो तक हमें अरबी व अंग्रेजी पढ़ाई गई और आज अपने देश में हम अंग्रेजी को बोलना एक स्टेटस मानने लगे हैं, जबकि अंग्रेजी चुराई भाषा है और हमारी अपनी भाषा भी नहीं है। अंग्रेजी बोलने वालों को हम समाज का उच्च वर्ग मानने लग गए हैं जबकि हिंदी हमारी अपनी भाषा है इसे बोलने पर हमें अपनेपन का भाव आता है, संस्कार आते है और हिन्दी बोलने से हमें हमारी संस्कृति की अनुभूति भी होती हैं।

एकटक ऊर्जा मंत्री को सुन रहे उपस्थितजनों श्री विज ने प्रश्न उठाते हुए कहा कि मुझे आश्चर्य होता है कि हिंदुस्तान में हिंदी दिवस मनाया जा रहा है जोकि हिंदी की जन्मदाता धरती है और क्या हमें हिंदी को प्रोत्साहन देने के लिए कुछ करना पडेगा, जोकि गलत है। विदेशी लोगों ने हमारे देश में तय कर दिया कि अंग्रेजी ही सबसे उच्च भाषा है, मगर यह हकीकत नहीं है।

श्री विज ने कई देशों के उदाहरण देते हुए बताया कि इंग्लैंड के साथ ही पेरिस है मगर पेरिस में आप अपनी दुकान का बोर्ड अंग्रेजी में लिखकर नहीं लगा सकते। फ्रांस में फ्रेंच भाषा है और फांस के लोगों ने फ्रेंच पढ़कर ही तरक्की की है।

## पिहोवा फोटोग्राफर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलत्स्य

**पिहोवा, 15 सितंबर।** फोटोग्राफर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। नई कार्यकारिणी में मुकेश शर्मा को प्रधान चुना गया है, जबकि सुल्तान और सतीश छाबड़ा को संरक्षक, सुरेश वर्मा को सचिव, रणजीत गुमथला को वरिष्ठ उपप्रधान, कुलदीप कोकी को उपप्रधान, सुयश शर्मा (प्रेम मांगना) को कैशियर, अतुल शर्मा को मीडिया प्रभारी और राजेश जांगड़ा को सह सचिव बनाया गया ।

नए गठन के बाद पिहोवा फोटोग्राफर एसोसिएशन ने अपने क्षेत्र में फोटोग्राफी के प्रोफेशन को और अधिक संगठित और उन्नत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। मुकेश शर्मा ने कहा कि उनकी टीम मिलकर फोटोग्राफरों की समस्याओं को दूर करेगी और नई तकनीकों व हुनर के विकास पर भी ध्यान देगी। संरक्षक सुल्तान और सतीश छाबड़ा ने कहा कि वे अनुभव और मार्गदर्शन से एसोसिएशन को मजबूती देंगे ताकि फोटोग्राफी के क्षेत्र में नवप्रवर्तनों को बढ़ावा दिया जा सके। सचिव सुरेश वर्मा ने बताया कि सदस्यों के बीच बेहतर संचार व्यवस्था स्थापित की जाएगी ताकि सभी फोटोग्राफर अपने अनुभव एक-दूसरे के साथ साझा कर सकें और आगामी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो।वरिष्ठ उपप्रधान रणजीत गुमथला और उपप्रधान कुलदीप ने मिलकर फोटोग्राफरों के लिए कार्यशालाओं और प्रदर्शनी कार्यक्रमों का आयोजन करने की बात कही। मीडिया प्रभारी अतुल शर्मा का कहना है कि एसोसिएशन की गतिविधियों को सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जाएगा, जिससे फोटोग्राफी को सही पहचान मिलेगी।कैशियर सुयश शर्मा (प्रेम मांगना) ने वित्तीय प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालते हुए पारदर्शिता और सदस्यता शुल्क के उचित उपयोग का भरोसा दिलाया। सह सचिव राजेश जांगड़ा ने कार्यकारिणी के समन्वय और संगठन को मजबूत करने में अपनी पूरी कोशिश करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर बंटी वर्मा, देशराज धीमान, सूरजभान, मनदीप, मेघराज, कृष्ण शर्मा, ईश्वर टंडन आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### समाजसेवी श्री बैशाखी राम का मरणोपरांत किया नेत्रदान



**कैथल (अप्रस/विनीत गर्ग)।** जाने–माने समाजसेवी श्री बैशाखी राम गर्ग (बालू वाले) के पिछले सप्ताह हुए निधन के बाद, श्री नर नारायण सेवा समिति की प्रेरणा से उनके परिवार ने नेत्रदान जैसा महान कार्य कर समाज में एक नई मिसाल कायम की है। गर्ग की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए, उनके परिवार ने नेत्रदान किया, जिससे दो जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन में रोशनी आई है। गर्ग की धर्मपत्नी संतोष रानी और उनके बेटों सुनील गर्ग, मुकेश गर्ग और अनिल गर्ग ने दु:ख की इस घड़ी में साहस का परिचय दिया। इस पुनीत कार्य को संपन्न कराने में समिति के सदस्य राजेश गर्ग, रमेश, विजय और राजकुमार मित्तल के साथ–साथ डॉ. दीपक गर्ग ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। उनकी मदद से नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई। इस अवसर पर, श्री नर नारायण सेवा समिति के प्रतिनिधि राजेश गर्ग ने कहा, 'यह परिवार की महानता और साहस का प्रतीक है। बैशाखी राम जी जीवन भर समाज की सेवा करते रहे, और निधन के बाद भी उन्होंने समाज को एक बड़ा दान दिया। हम इस प्रेरणादायक कदम के लिए परिवार के आभारी हैं।' यह घटना समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मजबूत संदेश देती है।

यहाँ आपकी खबर का संक्षिप्त संस्करण प्रस्तुत है:-

### हिंदी दिवस पर 'प्रौद्योगिकी में हिंदी भाषा' विषय पर व्याख्यान




**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी साहित्य परिषद द्वारा हिंदी दिवस पर 'प्रौद्योगिकी में हिंदी भाषा' विषयक व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता पं. चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल के एसोसिएट प्रो. डॉ. सुनील दत्त रहे। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि हिंदी हमारी एकता और संस्कृति की पहचान है। डॉ. सुनील दत्त ने अपने संबोधन में बताया कि हिंदी भाषा का विकास निरंतर हो रहा है और यह बाज़ार, सिनेमा, सूचना, दूरदर्शन व अनुवाद प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से अन्य भाषाओं को अपनाने के साथ मातृभाषा से जुड़े रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी और छात्रा दिव्या ने किया। अंत में संयोजक विजय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रतियोगिता विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### आरएमपी एसोसिएशन ने गुरदासपुर में लगाया चिकित्सा शिविर




**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** आरएमपी एसोसिएशन कुरुक्षेत्र ने पंजाब बाढ़ग्रस्त पीड़ितों के लिए गुरदासपुर में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। प्रधान डा. जसवंत ने बताया कि शिविर के दौरान बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा देखभाल और उपचार प्रदान किया गया। लोगों को दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि विपदा की इस घड़ी में जहां सामाजिक संस्थाएं व हरियाणा सरकार बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद कर रही है वही इसी कड़ी में आरएमपी एसोसिएशन कुरुक्षेत्र ने गुरदासपुर में चिकित्सा शिविर लगाकर बाढ़ प्रभावित लोगों को चिकित्सा सुविधा दी। उन्होंने बताया कि आरपीएम एसोसिएशन इस प्रकार के समाज भलाई के कार्य में सदैव बढ़ चढ़कर भाग लेती है। इस अवसर पर डॉ जसवंत, धर्मवीर राई हरियापुर, सत्यनारायण शर्मा, डॉक्टर नायब सिंह राठी, पवन खेरा, कश्मीर सिंह, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश मौजूद रहे।

### श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में प्रो. सतीश वत्स प्रोक्टर नियुक्त

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के आदेशानुसार रचना शरीर विभाग के अध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार वत्स को विश्वविद्यालय का प्रोक्टर नियुक्त किया गया है। प्रो. वत्स अपनी नई जिम्मेदारी के तहत विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने, विद्यार्थियों से जुड़े मामलों में समन्वय स्थापित करने तथा प्रशासनिक कार्यों में सहयोग करेंगे। कुलपति ने प्रो. सतीश को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से विश्वविद्यालय की अनुशासन प्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी। बतौर प्रोक्टर नियुक्ति होने पर प्रो. सतीश कुमार वत्स ने कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान और कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। प्रो.सतीश की नियुक्ति पर संस्थान के सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## स्वदेशी संकल्प यात्राएं 21 को निकाली जाएंगी : चावला

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 15 सितंबर।** स्वदेशी और उद्यमिता की भावना को जन जन तक ले जाने के लिए स्वदेशी जागरण मंच द्वारा करनाल जिले में स्वदेशी संकल्प यात्राएं निकाली जाएंगी। इसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसका आगाज 17 सितंबर को इंद्री से होगी। उसके बाद घरौंडा, करनाल इंद्री असंध नीसिंग नीलोखेड़ी तरावड़ी में स्वदेशी संकल्प यात्राएं निकाली जाएंगी। यह स्वदेशी स्वदेशी जागरण मंच के पालकों के राष्ट्रीय पालक सतीश चवला और प्रदेश संयोजक सुरेश पुरी ने दी। उन्होंने बताया कि स्वदेशी सुरक्षा और उद्यामिता अभियान पिछले तीन माह से पूरे देश भर में चल रहा हैं। इस अभियान के तहत करनाल जिले में लाखों लोगों तक इस अभियान को पहुंचाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से दैनिक जीवन में स्वदेशी बस्तुओं का प्रयोग तथा युवाओं को नौकरी देने वाला बनाने का संदेश दिया हैं। इस संदेश को जन जन तक पहुंचाना ही इस यात्रा का उद्देश्य हैं। उन्होंने बताया है कि इंद्री में 17 सितंबर को शहीद ऊद्यम सिंह चौक से यात्रा शुरू होगी। उन्होंने बताया कि देश भर में स्वदेशी मेले भी लगाए जाएंगे। करनाल में भव्य ढंग से मेला लगाया जाएगा। इसमें स्वदेशी और लोकल फोर वोकल की भावना को बढ़ाया जाएगा। इन मेलों में लोकल कंपनियों को एक्सपोजर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वदेशी की भावना देश को मजबूत करेगी। उन्होंने बताया कि अपने देश को मजबूत करने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी सुरक्षा और उद्यामिता विकास की भावना को घर घर तक ले जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को जन आदोलन का स्वरूप दिया जा रहा हैं। इस अवसर पर श्रुति काम्बोज, सुरेंद्र गोयल, आदि मौजूद थे।

## महाअभियान का एक–एक दिन स्वच्छता के लिए अहम : अभिनव सिवाच

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलसतय

**पिहोवा, 15 सितंबर।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से हरियाणा को स्वच्छ बनाने के लिए 11 सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है। इसलिए स्वच्छ पिहोवा, मेरा पिहोवा, मेरा अभियान के लिए एक-एक दिन अहम है।

उपमंडल पिहोवा में हर दिन स्वच्छता पर फोकस रखकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने सोमवार को उपमंडल पिहोवा के विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि स्वच्छता अभियान को लगातार जारी रखना होगा। उन्होंने पहले से ही नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सडक़ और मुख्य चौराहों पर होर्डिंग पोस्टर लगाकर सुंदरता खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सभी वार्डों में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाए। जिसके पूरा होने पर वार्डों के बीच स्वच्छता प्रतियोगिता करवा कर सबसे स्वच्छ वार्ड का नाम एवं पुरस्कार घोषित किया जाए।

इस मौके पर उन्होंने पिहोवा के विभिन्न स्थानों का दौरा किया और गंदगी दिखने पर तुरंत वहां पर सफाई करवाई। उन्होंने कहा कि सीवरेज और नालों में ब्लॉकेज का मुख्य कारण पॉलिथीन का प्रयोग पूर्ण रूप से वर्जित है। पॉलिथीन का प्रयोग करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ हरियाणा अभियान का उद्देश्य हर क्षेत्र, हर गली, हर मोहल्ले को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाना तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना है।

उन्होंने आमजन से आहवान करते हुए कहा कि साफ-सफाई को बनाए रखना सभी का कर्तव्य है। कोई भी व्यक्ति कूड़े को खुले में न फैंके। प्रशासन द्वारा रखे गए कूड़ेदानों में कूड़ा डालें। गंदगी न केवल शहर की सुंदरता को खराब करती है अपितु यह कई बीमारियों को भी न्यौता देती है। इसलिए सभी को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रत्येक शहरवासी को इस अभियान में प्रशासन का बढ़-चढ़ कर साथ देना चाहिए।

## पाइट में मनाया इंजीनियर्स डे, नवाचार का महत्व बताया

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुख्य अभियंता ने किया मार्गदर्शन

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालाखा, 15 सितंबर।** सतत विकास के लिए आवश्यक है कि हम नवाचार करें। इसके साथ ही पर्यावरण की भी देखभाल करें। हमारे युवा इंजीनियर देश को बदल रहे हैं। देश उनकी बदौलत तरक्की की राह पर है। यह बात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मुख्य पर्यावरण अभियंता भूपिंदर सिंह रिनवा ने कही। वह यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। पाइट में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स हरियाणा स्टेट सेंटर के सहयोग से इंजीनियर्स डे मनाया गया। भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में इंजीनियर्स डे मनाया जाता है।

एनआइटी कुरुक्षेत्र से सीएसई विभाग के प्रोफेसर जितेंद्र छाबड़ा ने डीप टेक एंड इंजीनियरिंग एक्सीलेंस ड्राइविंग इंडिया टेकाडे विषय पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि डीप टेक से भारत तरक्की करेगा। भारतीय युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। भारत अगले दशक तक डीप टेक और इंजीनियरिंग की उत्कृष्टता के बल पर वैश्विक नेतृत्व को आगे बढ़ाएगा। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी, ईसीई विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज अरोड़ा, कन्वीनर डॉ. पूनम जागलान, आइइआइ काउंसिल चेयरमैन आरएस मलिक, सचिव गौरव भाटिया, सदस्य सदस्य केसी सेठी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता भी कराई गई। पोस्टर प्रेजेंटेशन में थिंकर्स टीम प्रथम रही। मॉडल डिस्प्ले में एग्री-टेकीज टीम विजेता रही।

### हिंदी हमारी संस्कृति की पहचान है: डॉ. कश्मीर सिंह

**शहजादपुर (अप्रस/सुशील कुमार)।** राजकीय महिला महाविद्यालय, शहजादपुर में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता और कविता पाठ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की अधिकांश छात्राओं ने बढ़–चढ?र भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका, रजविंद्र कौर तथा पल्लवी और काव्य–पाठ प्रतियोगिता में बरखा, स्नेहा और रिया ने क्रमश:- प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. चरणदास के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम के आयोजन में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. निर्मल सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक के रूप में डॉ. यशपाल और डॉ. राजकुमार, डॉ. निर्मल सिंह और डॉ. चरनदास ने छात्राओं की प्रस्तुति का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह ने विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं : संतोष सारवान

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 15 सितंबर।** श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित सिंहपुरा स्थित गुरुद्वारा दशमेश साहब में रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान तरसेम सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी ने मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए और उनके शहीदी पर्व पर रक्तदान करना वास्तव में उनके संदेश को आगे बढ़ाने जैसा है। रक्तदान जैसे कार्य समाज में एक नई ऊर्जा और एकजुटता का संचार करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भी रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में 20 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्त एकत्रित करने का कार्य डॉ. जितेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में सिविल हॉस्पिटल अंबाला शहर की टीम द्वारा किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा खंड बराड़ा प्रधान डिंपल राणा, हरजिंदर सिंह, मक्खन सिंह लबाना, एचएसजीपीसी मेंबर राजेन्द्र सिंह कोकी, जसविन्द्र सोहाता, सुखविन्द्र सिंह, रिंकू मचल, दलीप अधोया, रवि सीवनमाजरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## युवक की पीट–पीटकर हत्या मामले में और पांच आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 15 सितंबर।** रैरकला गांव में 21 वर्षीय मोहित की बंधक बनाकर पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में थाना सदर पुलिस ने और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें रिंकू (बतरा कॉलोनी) व सुमित (दिवान नगर कच्चा कैंप) को रविवार को तथा विक्रम उर्फ विक्की (दिवान नगर कच्चा कैंप), गगन (डिमाना) और युवराज (मुखिजा कॉलोनी) को सोमवार शाम पकड़ा गया।

डीएसपी राजबीर सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पहले से गिरफ्तार सुरेश, सौरभ उर्फ धोला, जतिन उर्फ चीता और राहुल उर्फ काला सहित कई साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। रविवार को गिरफ्तार रिंकू व सुमित को अदालत ने दो दिन के रिमांड पर भेजा है, जबकि तीनों अन्य आरोपियों को मंगलवार को पेश किया जाएगा।

इससे पहले पुलिस चार आरोपियों–सुरेश, सौरभ, जतिन और राहुल–को गिरफ्तार कर रिमांड पर ले चुकी है। पूछताछ में पता चला कि सुरेश ने रैरकला गांव में तालाब मछली पालन के लिए लिया था। उसे चोरी का शक था। 8 सितंबर की रात सुरेश, उसका बेटा विक्रम, भांजा, रिंकू, सुमित व अन्य साथी निगरानी के लिए पहुंचे। वहां दो युवक नजर आए तो उन्हें कार में डालकर तालाब के पास खेतों में ले जाकर रस्सी से बांधकर बेरहमी से पीटा गया।

मामले में मृतक मोहित के पिता अजय ने शिकायत दी थी कि उसका बेटा मोहित अपने मित्र आशीष के साथ बुआ व बहन से मिलने रैरकला गया था। रात में आरोपी युवक आशीष और मोहित को जातिसूचक गालियां देते हुए उठा ले गए और तालाब पर ले जाकर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला किया। गंभीर रूप से घायल मोहित ने 11 सितंबर को पीजीआई खानपुर में दम तोड़ दिया, जबकि आशीष का इलाज जारी है।

## मुलाना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा सांसद वरुण चौधरी की कार्यशैली पर सवाल

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक



**मुलाना, 15 सितंबर।** मुलाना हल्का में कांग्रेस पार्टी की आंतरिक राजनीति उस समय गरमा गई जब रविवार शाम को रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक असंतोष और नाराजगी का मंच बन गई। सैकड़ों की संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने अम्बाला सांसद वरुण चौधरी पर सीधा निशाना साधा और उनकी कार्यशैली को लेकर जमकर नाराजगी जताई।

**पार्टी को सींचा, अब उपेक्षित:** बैठक में मौजूद वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का कहना था कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए वर्षों तक मेहनत की, लेकिन आज बड़े नेता कहलाने वाले उन्हें महत्व ही नहीं देते। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि सांसद न तो फोन उठाते हैं, न कार्यक्रमों में संवाद करते हैं और न ही कार्यकर्ताओं से कोई व्यक्तिगत जुड़ाव रखते हैं। कई कार्यकर्ताओं ने यह तक कहा कि उन्हें सांसद के घर का पता तक मालूम नहीं है। कार्यकर्ताओं कहना था कि यदि यही रवैया रहा तो संगठन की जड़ें कमजोर होंगी और चुनावी जमीन खिसक सकती है।

**करण राणा का दर्द:** पूर्व ब्लॉक प्रधान करण राणा, जो चौधरी परिवार के क़रीबी माने जाते थे, ने भी मंच से सांसद पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा ÷मैंने कांग्रेस को मजबूत करने के लिए दिन-रात मेहनत की, लेकिन बदले में उपेक्षा मिली। वरुण चौधरी ने मेरे साथ विश्वासघात किया है। जिस संगठन को हम परिवार समझते थे, वही आज हमें पराया बना रहा है।÷ वरूण चौधरी दूरी बनाए हुए है। इसका सीधा असर पार्टी और कार्य कर्ताओं के मनोबल पर पड़ रहा है।

**बैठक में उबाल, नारेबाजी तक की नौबत:** बैठक के दौरान माहौल इतना गरमा गया कि कई बार नारेबाजी की स्थिति बन गई। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर आम कार्यकर्ताओं की अनदेखी बंद नहीं हुई, तो कांग्रेस को आने वाले चुनावों में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

करण राणा, लक्ष्मण दास ,रामपाल गुर्जर, लवनीश, शुभम जैन ,रामबीर, रजनीश चौहान, जय सिंह ,जय हिंद, ,शामलाल, राजेंद्र बु?ियो, विनीत सहगल, अमित राणा, श्यामलाल, राजेश्वर नंबरदार, विकास नंबरदार, सुखविंदर ,गुरमेल सिंह, राम सिंह, प्रेम बाजीगर, हरिचंद, मदन धीमान आदि बैठक में मौजूद रहे।

# आचार्य श्री महाश्रमण के चतुमार्स व्यवस्थाओं के संदर्भ में विशाल विशिष्ठ संगोष्ठी का आयोजन

कार्यकर्ताओं मे जोश व उत्साह की लहर

आचार्यवर के चंडीगढ चतुमार्स के लिए लगातार उत्साह व जोश बढता हुआ



**चंडीगढ़।** आचार्य श्री महाश्रमण जी के पंजाब चतुमार्स की तैयारियां पूरे जोर शोर से हो रही है हर कार्यकर्ता उत्साह व लगन के साथ चतुमार्स संबधी तैयारियों मे जुटा हुआ है इन तैयारियों को और ज्यादा गति देने की जरूरत है।

महातपस्वी युगप्रधान आचार्य श्रीमहाश्रमण जी की प्रस्तावित चतुमार्स के लिए इस विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया है मुझे खुशी है कि कार्यकर्ताओं मे जोश व उत्साह की कमी नही है। आध्यात्मिक जागृति बहुत ही दुर्लभ और पावन है। इसमें हमारी सारी चेतना बह्माजगत से कट कर हमारी सारी बाहरी क्रीयायो को छोड़कर हमारे अंतरस्थ जगत मे जागती है। आप सभी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास व मेहन से गुरूदेव के चतुमार्स का कारंवा लगातार आगे बढ़ रहा है ये शब्द मनीषीसंत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने आचार्य श्री महाश्रमण के चतुमार्स संबधी विशाल संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा विशाल संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य चतुमार्स संबधी तैयारियों का मूल आकलन करना था जोकि लगभग लगभग पूरी सटिकता से सचारू रूप से आगे बढ रहा है। मनीषीसंत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक के सानिध्य में आचार्यश्रीमहाश्रमण के चंडीगढ चतुर्मास के लिए शहरवासियों मे जोश व उत्साह देखते ही बन रहा है हर जगह एक उमंग की लहर दिखाई दे रही है।

इस विशाल संगोष्ठी मे वरिष्ठ श्रावक केवल जी, अणुव्रत समिति के मंत्री प्रदीप जैन, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष सलील जैन, चयेरमैन पीसी सिंगला, सुशील नाहर, नरेश जैन, सतीश जैन आदि ने विचारो की अभिव्यक्ति दी।

इसके अलावा तेरापंथी सभा के मंत्री सुधीर जैन, राजू जैन, तेरापंथी योग परिषद के मंत्री अंकित जैन, राजेश जैन के अलावा श्रीमती शांता चोपडा, श्रीमती सरिता बोथरा, सुनील जैन ने भी विचार प्रकट किये। कार्यक्रम का सयोंजक मनोज जैन ने किया।

## आचार्यवर के चतुर्मास के लिए हम सभी तन,मन और धन से समर्पित: केवल कृष्ण

श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष व वरिष्ठ श्रावक केवल कृष्ण जैन ने कहा मनीषीसंत के दिशा निर्देशों मे आचार्यवर के चतुर्मास के लिए तैयारियों को देखकर सभी तरफ जोश व उत्साह बढ रहा है। गुरुदेव के पंजाब चतुमार्स का बीज जो मनीषीसंत ने बोया था वह आज सत्साखी होकर आगे बढ रहा है। कार्यकर्ताओ मे उत्साह देखते ही बन रहा था यह जोश और उत्साह मनीषीसंत की बदौलत ही संभव हो सका है क्योकि जहां जहां मनीषीसंत पग थरते है वो क्षेत्र क्रांतिकारी क्षेत्रों की गिनती मे गिना जाने लगता है। हमने चतुर्मास के लिए कॉलेज और स्कूल को चिन्हित किया है मनीषीसंत के दिशा निर्देशों तहत सभी कार्यकर्ताओं मे जोश व उत्साह की लहर है। वही दूसरी तरफ हर कार्यकर्ता की एक ही पुकार थी कि हम दिल से अभिलाशा करते है कि आचार्यवर का चतुर्मास अब की बार चंडीगढ मे इसके लिए हम सब पूरी तरह से तैयार है।

# आचार्य लोकेश कज़ाकिस्तान में विश्व धार्मिक सम्मेलन में भारत का करेंगे तिनिधित्व

श्री श्री रविशंकरजी ने विश्व कांग्रेस में जैन आचार्य लोकेशजी के संबोधन हेतु शुभकामनाएं दी

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**गुरुग्राम / पानीपत।** विश्व शांति दूत आचार्य लोकेशजी ने प्रसिद्ध आध्यात्मिक नेता आर्ट आफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी से मुलाकात की और उन्हें अस्ताना कजाकिस्तान में आयोजित 'विश्व और पारंपरिक धर्मो के नेताओं की कांग्रेस' में आगामी संबोधन के बारे में जानकारी दी। आचार्यश्री 15 से 18 सितंबर तक कजाकिस्तान के अस्ताना में होने वाले आगामी विश्व धार्मिक सम्मेलन में भारत और जैन समुदाय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जैन आचार्य लोकेशजी ने कहा कि ऐसे समय में जब वैश्विक संघर्ष - जैसे रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और फिलिस्तीन के बीच चल रहे युद्ध - लगातार बढ़ रहे हैं, कांग्रेस का उद्देश्य शांति स्थापना और अंतर-धार्मिक संवाद के लिए एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव के नेतृत्व में आयोजित इस वैश्विक सम्मेलन में 60 देशों के 100 से अधिक धार्मिक नेता और जनप्रतिनिधि एक साथ आएंगे। इस सम्मेलन का विषय 'धर्मो का संवाद भविष्य के लिए सद्भाव है।

आर्ट ऑफ़ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर जी ने इस अवसर पर आचार्यजी को बधाई देते हुए कहा कि आचार्य लोकेशजी विश्व शांति और सद्भाव के प्रतीक हैं। गुरुग्राम में नवनिर्मित विश्व शांति केंद्र विश्व शांति, अंतरधार्मिक सद्भाव, मानवीय मूल्यों की स्थापना कर जन कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

आचार्य लोकेश संघर्षरत क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ इस्लाम, ईसाई, यहूदी, हिंदू, बौद्ध, ताओ और पारसी धर्म के वरिष्ठ धार्मिक नेताओं के साथ युद्ध विराम वार्ता और शांति विचार-विमर्श में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

कांग्रेस में भाग लेने वाले प्रमुख वैश्विक नेताओं में मॉस्को के पैट्रिआर्क किरिल, अल-अजहर के ग्रैंड इमाम शेख अहमद अल-तैयब, इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) में राजनीतिक मामलों के सहायक महासचिव यूसुफ अल-डोबे और विश्व बौद्ध फेलोशिप के अध्यक्ष फलोप थाइरी शामिल हैं।

# अमेजन.इन पर अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 से पहले 'अर्ली डील्स' का शुभारंभ

चंडीगढ़। अमेजन.इन ने आज अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 से पहले 'अर्ली डील्स' को शुरु किया है, जो ग्राहकों को 13 सितंबर से शुरू होने वाले शानदार प्री-फेस्टिवल ऑफर कर रहा है। मुख्य फेस्टिवल 23 सितंबर से शुरू होगा, जिसमें प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे की विशेष अर्ली एक्सेस का लाभ मिलेगा। इस साल का शॉपिंग फेस्टिवल विशाल डिलीवरी नेटवर्क, AI-संचालित शॉपिंग टूल्स और त्योहारों के जश्न को और भी खास बनाने के लिए विशेष मनोरंजन विकल्पों द्वारा खरीदारी का अनुभव को शानदार बनाने का वादा करता है। प्राइम मेंबर्स पूरे ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान बेहतरीन मूल्य का आनंद ले सकेंगे। 24 घंटे की अर्ली एक्सेस के लाभ के अलावा, प्राइम मेंबर्स विशेष 'प्राइम धमाका ऑफर' - विशेष लाइटनिंग डील्स और केवल प्राइम ऑफर - को त्योहार की पूरी अवधि के दौरान प्राप्त कर सकते हैं। अमेज़न, अमेज़न इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम में खरीदारी वाले उत्पादों के माध्यम से डील्स दिखाने के लिए समीरा रेड्डी, राजीव मखानी और रणवीर बरार सहित 1 लाख से अधिक क्रिएटर्स को शामिल करेगा। यह पहल एलिवेट, फैशन, होम और 3,000 से अधिक क्रिएटर्स वाले नए टेक इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम जैसे विशेष प्रोग्राम में शामिल है।खरीदारी को और भी ज़्यादा रिवार्डिंग बनाने के लिए, अमेज़न पे लेटर अगले तीन महीनों के लिए फ़ैशन, फ़र्नीचर, किचन अप्लायंसेज़ वगैरह पर स्पेशल नो-कॉस्ट ईएमआई प्लान ऑफर कर रहा है।

# इंसान बनकर जियें और इंसानियत का प्रसार करते चले जाएं



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

सच्चे मायनों में धर्म वहां अपनाया गया है, जहां धर्म की परिभाषा को जानकर इस परमात्मा, निराकार, अकालपुरख के साथ इस रमे हुए राम को जानकर इसके साथ नाता जोड़कर जीवन जिया जा रहा है। फिर वह चाहे पंजाब में हो, हरियाणा में हो, कहीं भी हो। हमें हर जगह ऐसी खुशी, ऐसा आनन्द देखने को मिलता है। जहां भी आप सत्य को सुदृढ़ करने के लिए एकत्रित हुए हैं कि हमने अंधकार फैलाने का कार्य नहीं करना बल्कि रोशनी फैलाने का कार्य करना है। हमने संसार में इन्सानियत को पेश करना है, इन्सानियत को मजबूत करना है। हमने दानवता को बढ़ावा नहीं देना। हमने संसार में फूल बिखेरने हैं, कांटों में इजाफा नहीं करना है। सत्य को मजबूत करने के लिए ही यहां आप सभी एकत्रित हुए हैं और यही प्रार्थनाएं भी कर रहे हैं कि दातार ऐसी कृपा करे कि हम सही मायनों में कार्य कर पायें। हम खुद इन्सान बनकर ही जियें और इसी इन्सानियत का हम स्थान-स्थान पर प्रसार करते चले जाएं क्योंकि अगर इन्सानियत स्थापित होगी तो वास्तव में इस संसार को हम बढ़ता फूलता देख सकते हैं। आज तरक्कियों के कारण हम एक आधुनिक रुप इस युग को दे रहे हैं। बड़ी-बड़ी बिल्डिंगे तो बन रही हैं ऊंची से ऊंची बन रही हैं, आराम के सामान बढ़ रहे हैं। बिल्डिंग की ऊँचाईयां तो बढ़ रही हैं, बाकी चीजें भी बढ़ रही हैं लेकिन अगर हमारी सोच, हमारी प्रवृत्ति नीची हो तो उसको हम तरक्की और सच्ची आधुनिकता का नाम नहीं दे सकते। वास्तविक आधुनिकता तो तभी होगी जब हम सचमुच एक सही इन्सान बनकर जियेंगे। दूसरों के भले के लिए हम प्रार्थनाएं करें, दसूरों को सुन्दर देन दें। अगर हम सोचें कि हम कहीं कुछ गिरा देंगे तो हम बड़े हो जायेंगे तो गिराने वाले बड़े नहीं हआ करते हैं। एक निर्मित को ध्वंस करके अगर हम कहे कि यह आधुनिकता है तो फिर यह हिटलर जैसी आधुनिकता होगी। अगर हम खुद को प्रगतिशील कहते हैं, अगर सिर्फ चलते रहने को प्रगतिशील कहना है तो फिर कोल्हू का बैल, जो कभी रुकता ही नहीं है, बड़ा प्रगतिशील हुआ। वह तो हर समय चलता ही रहता है।

कहने का भाव है कि जब हम जाले स युक्त होकर, आँखें खोलकर चलते हैं सभी आवरण हटा देते हैं, सभी दीवारें गिराकर हम मानव बनकर जीवन जीते हैं तो निरंतर हम बड़े काम करेंगे। एक दूसरे को सुख-चैन देने वाले बनेंगे। तमाम शक्तियां जनकल्याण के लिए लगेंगी। उसी भाव से इस्तेमाल होंगी। आप भक्तजन-सन्तजन यही प्रयास कर रहे हैं और जाहं भी ऐसे कार्य होते दिखाई देते हैं तो भक्तजन उसमें अपना योगदान भी देते हें और ऐसे कार्य की श्लाघा भी करते हैं। जैसे पहले भी दास ने कहा है कि उन मुल्कों में भी जब हम देखते हैं कि कुछ दूरयां समाप्त होती हैं, दीवारें गिरती हैं तो हम एक-दूसरे के करीब आते हैं। वह एक खुशी का कारण होता है। दूरियां समाप्त हुई, तो मुल्क करीब आये। जातियाँ जो ऊँची हुई थी, उनकी दीवारें गिरीं तो वो करीब आयीं। इसी तरह से भाषाओं की दीवारें गिरीं तो करीब आये। संकीर्णताओं की दीवारें जब गिरती जाती हैं और इन दीवारों को गिराने में जो सहयोग देते हैं, जो पहल करके अपना योगदान देते हैं, निश्चय ही वे सराहनीय होते हैं।

## पंचांग

मंगलवार, 16 सितम्बर, 2025, सूर्योदयः 06:06 ए एम, सूर्यास्तः 06:25 पी एम, चन्द्रोदयः 01:27 ए एम, सितम्बर 17, चन्द्रास्तः 03:07 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः भाद्रपद, पूर्णिमान्त महीनाः आश्विन, वारः मंगलवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः दशमी - 12:21 ए एम, सितम्बर 17 तक, नक्षत्रः आर्द्रा - 06:46 ए एम तक, योगः वरीयान् - 12:34 ए एम, सितम्बर 17 तक, करणः वणिज - 12:53 पी एम तक, द्वितीय करणः विष्टि - 12:21 ए एम, सितम्बर 17 तक, सूर्य राशिः सिंह - 01:55 ए एम, सितम्बर 17 तक, चन्द्र राशिः मिथुन - 12:28 ए एम, सितम्बर 17 तक, राहुकालः 03:20 पी एम से 04:53 पी एम, गुलिक कालः 12:16 पी एम से 01:48 पी एम, यमगण्डः 09:11 ए एम से 10:43 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:51 ए एम से 12:40 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:34 ए एम से 09:23 ए एम, दुर्मुहूर्तः 11:06 पी एम से 11:53 पी एम, अमृत कालः 04:04 ए एम, सितम्बर 17 से 05:38 ए एम, सितम्बर 17, वर्ज्यः 06:36 पी एम से 08:10 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आज का दिन मौज–मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा– क्योंकि आप जिन्दगी को पूरी तरह जिएंगे। आप दूसरों पर कुछ ज्यादा खर्चा कर सकते हैं।

**वृषः** आज आपकी अपनी इच्छाएं पूरी करने की कोशिश कारगर होगी। आमतौर पर आज आप किसी बात का बुरा नहीं मानेंगे।

**मिथुनः** आज आसपास के लोगों से सहयोग मिलेगा। लोग आपसे अपने मन की बात कहने में ज्यादा उत्सुक रहेंगे।

**कर्कः** आपकी व्यक्तिगत समस्याएं मानसिक शांति को भंग कर सकती हैं। मानसिक दबाव से बचने के लिए कुछ रोचक और अच्छा पड़ें।

**सिंहः** आज का दिन शानदार रहने वाला है। कोई नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फायदा दिलायेगा।

**कन्याः** आज आपकी जीवन शैली और रहन सहन से लोगों को प्रभावित करेंगे। बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में लगे रहेंगे।

**तुलाः** थोड़ा विश्राम करें और काम के बीच–बीच में जितना हो सके, उतना आराम करते रहें। अपने खर्चों पर काबू रखें।

**वृश्चिकः** आज किस्मत आपके साथ रहने वाली है। कार्यक्षेत्र में आज कुछ नया करने की कोशिश करें। काम धीरे–धीरे ही सही लेकिन पूरा जरुर हो जायेगा।

**धनुः** आज परिवारजनों के साथ कलह के प्रसंग बन सकते हैं। आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। शिक्षा एवं नौकरी के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**मकरः** आपकी जी–तोड़ मेहनत और परिवार का सहयोग इच्छित परिणाम देने में कामयाब रहेंगे।

**कुंभः** आज किसी खास काम से आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात होने के योग बन रहा है।

**मीनः** आज सोच–विचार कर ही किसी बड़े फैसले को अंतिम रूप दें। आपका निर्णायक फैसला बहुत ही फायदेमंद रहेगा।

## मानव सेवा-अमर विवेक की जीवन यात्रा

# न्याय, ग्राम सेवा और 175 रक्तदान, एक अधिवक्ता की अनोखी कहानी

**अदालत से समाज तक**



पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की गहमागहमी के बीच एक अधिवक्ता हैं, जिनकी पहचान सिर्फ क़ानून की किताबों और दलीलों तक सीमित नहीं है। अमर विवेक, लगभग 35 वर्षों से प्रैक्टिस कर रहे वकील, ने अपने जीवन को मानव सेवा के पथ पर समर्पित किया है। उनकी कहानी अदालतों, याचिकाओं और निर्णयों से कहीं आगे जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा का जीवंत उदाहरण बन चुकी है।

**1990 से ग्राम सेवा का अभियानः** 12 सितम्बर 1990 को उन्होंने श्री सत्य साई ग्रामीण जागृति ट्रस्ट की स्थापना की। यह ट्रस्ट आज भी गाँव-गाँव जाकर गरीबों की सेवा कर रहा है। गाव दरवा (यमुनानगर) में ट्रस्ट ने एक अत्याधुनिक निःशुल्क विद्यालय खोला जहाँ गरीब बच्चों को दसवीं तक शिक्षा दी जाती है। साथ ही व्यावसायिक शिक्षा और चिकित्सा सेवाएँ भी उपलब्ध कराई जाती हैं। इस पहल को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली जब राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने 2007 में अपने विदाई भाषण में इस विद्यालय का विशेष उल्लेख किया।

**175 रक्तदान-हर बूंद में जीवनः** 30 जुलाई 1981 को किया गया पहला रक्तदान अमर विवेक के जीवन का अहम पड़ाव बन गया। तब से लेकर अब तक वे हर 90वें दिन रक्तदान करते आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने 175वाँ रक्तदान पूरा किया। यह न सिर्फ एक आँकड़ा है बल्कि उनके जीवन का संकल्प है–'हर बूंद से जीवन बचाना।'

**राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानितः** गाँवों, झुग्गियों और गरीबों के बीच उनके निःस्वार्थ कार्य को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 1985 से सम्मानित किया गया, जो प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने उन्हें 12 जनवरी 1987 को प्रदान किया। लेकिन अमर विवेक मानते हैं कि असली पुरस्कार सेवा करते रहने का अवसर है। वे अपने हर कदम का श्रेय भगवान श्री सत्य साई बाबा की कृपा को देते हैं।

**पिता की प्रेरणा, अस्पताल का संकल्पः** उनके पिता, श्री संतोष कुमार अग्रवाल, स्वयं अधिवक्ता और समाजसेवी थे। पिता की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए अमर विवेक ने मोहाली के गाँव कुराड़ी में श्री सत्य साई मानव सेवा निःशुल्क अस्पताल की स्थापना की।

1 जुलाई 2024 को आरम्भ हुए इस अस्पताल ने अब तक 325 से अधिक निःशुल्क नेत्र शल्यक्रियाएँ करवाई हैं। यहाँ गरीबों को दवाएँ, जाँच और इलाज बिल्कुल निःशुल्क मिलते हैं।

**कोविड काल में उम्मीद की किरणः** जब कोविड-19 ने पूरे देश को झकझोर दिया, तब अमर विवेक ने मई 2021 और जनवरी 2022 में दो 50-बिस्तर वाले कोविड अस्पताल खोले। ये अस्पताल उस कठिन दौर में हजारों लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित हुए, जब स्वास्थ्य सेवाएँ आमजन की पहुँच से बाहर थीं।

**कौशल विकास से सशक्तिकरणः** जुलाई 2020 से वे Sure ट्रस्ट के सह-ट्रस्टी के रूप में कार्यरत हैं। इस पहल के तहत ग्रामीण इंजीनियरिंग स्नातकों को लगभग 40 पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।

आज 600 से अधिक विद्यार्थी इस प्रशिक्षण का लाभ उठा रहे हैं और उद्योगों में रोजगार पा रहे हैं।

**खटकड़ कलाँ में आधुनिक परियोजनाः** अब उनका ध्यान एक और बड़े प्रकल्प पर है। शहीद भगत सिंह के पैतृक गाँव खटकड़ कलाँ (नवांशहर) में वे एक अत्याधुनिक कौशल विकास केन्द्रस्थापित कर रहे हैं।

# मतदाता सूचियों का होगा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य : सुशील सारवान

डीसी ने वीसी के माध्यम सीईओ को अवगत कराई रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने सोमवार को चंडीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से उपायुक्तों व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मतदाताओं की सूची व अन्य बिंदुओं बारे विस्तार से समीक्षा की। वीसी की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक पार्टियों के साथ समय समय पर बैठक होने बारे, बीएलओ के कार्ड वितरित किए जाने बारे, सौ वर्ष से आयु से अधिक के मतदाताओं की वेरिफिकेशन करने बारे, बीएलओज की नियुक्ति बारे व वर्तमान में कितने मतदाता सूची में दर्ज है उस बारे समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सुशील सारवान ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला में छः विधानसभा क्षेत्र है, जिनमें बरोदा, गोहाना, खरखौदा, सोनीपत, राई और गन्नौर शामिल है। उन्होंने बताया कि मतदाता की वेरिफिकेशन का कार्य शुरू कर दिया गया हैं। जिला में 100 वर्ष आयु से अधिक मतदाता है जिनकी संख्या 394 है उनकी वेरिफिकेशन कर दी गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बीएलओज के आईडी कार्ड वितरित किए जा चुके है।

बैठक में एसडीएम गोहाना अंजलि क्षत्रिय, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, डीडीपीओ ललिता निर्वाचन तहसीलदार दिनेश कुमार भी मौजूद थे।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी और घोटालों को रोकने के लिए आई 4-सी और अमेज़न इंडिया ने देशव्यापी उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया

शिमला। भारत सरकार के गृह मंत्रालय,द्वारा स्थापित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी ) और अमेज़न इंडिया मिलकर स्कैम स्मार्ट इंडिया नाम से एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू कर रहे हैं। यह अभियान उपभोक्ताओं को ऑनलाइन घोटालों और धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे से बचाने के लिए तैयार किया गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य उपभोक्ताओं को शिक्षित और जागरूक करने के साथ ही तकनीक-आधारित रोकथाम प्रावधानों को साथ लाकर घोटालों से जुड़ी जागरूकता को जमीनी स्तर तक पहुँचाना,इसे सुलभ, प्रासंगिक और कार्रवाई योग्य बनाना है।इस अभियान के तहत, आई4 सी और अमेज़न आने वाले महीनों में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर संयुक्त रूप से कई पहलों का संचालन करेंगे। आई 4 सी के निदेशक,निशांत कुमार ने कहा,अमेज़न के साथ इस साझेदारी के जरिये उपभोक्ताओं में धोखाधड़ी का पता लगाने और उनके शिकार होने से बचने के तरीके के बारे में जागरूकता पैदा की जाएगी। अमेज़न इंडिया लीगल के वाइस प्रेसिडेंट राकेश बख्शी ने कहा,अमेज़न में, ग्राहक विश्वास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।जब स्कैमर्स ग्राहकों को लुभाने के लिए जाने-माने ब्रांडों के नामों का दुरुपयोग करते हैं,तो वे न केवल व्यवसायों को नुकसान पहुँचाते हैं बल्कि देश की संपूर्ण डिजिटल अर्थव्यवस्था में उपभोक्ताओं के विश्वास को भी नुकसान पहुँचाते हैं। आई4 सी के साथ हमारी साझेदारी की बदौलत, हम व्यावहारिक समाधान तैयार करने के लिए सक्रिय कदम उठाना चाहते हैं जो खरीदारों को स्कैम को पहचानने, उनसे बचने और रिपोर्ट करने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाएँ।

# टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने पेश किया टीसीएस ग्रामीण आईटी क्विज़ का 26वां संस्करण

राजपुरा। आईटी सेवा, परामर्श और व्यावसायिक समाधान के लिहाज से वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) (बीएसईः 532540, एनएसईः टीसीएस) और कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी एवं बीटी विभाग ने घोषणा की है कि टीसीएस ग्रामीण आईटी क्विज़ कार्यक्रम के 26वें संस्करण के लिए पंजीकरण अब शुरू हो गए हैं। यह क्विज कार्यक्रम बेंगलुरु टेक समिट 2025 का अंग है और इसमें ऑनलाइन टेस्ट के साथ-साथ वर्चुअल तथा फिजिकल क्विज़ राउंड शामिल होंगे। देश भर के छोटे शहरों और ज़िलों के कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हालांकि, यह क्विज़ नगर निगम की सीमा के दायरे में आने वाले स्कूलों के लिए उपलब्ध नहीं है। टीसीएस ग्रामीण आईटी क्विज़ विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के प्रयोग और प्रौद्योगिकी परिवेश, व्यवसाय, इससे जुड़े लोगों, एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग सहित नए रुझानों जैसे अन्य पहलुओं पर केंद्रित होगा। इसमें उन क्षेत्रों को भी शामिल किया जाएगा जहां आईटी ने प्रभाव डाला है, जैसे बैंकिंग, शिक्षा, मनोरंजन, रोबोटिक्स, पुस्तकें, मल्टीमीडिया, संगीत, फिल्में, इंटरनेट, विज्ञापन, खेल, गेमिंग और सोशल नेटवर्किंग आदि। क्षेत्रीय स्तर पर आठ फाइनल आयोजित किए जाएंगे, और विजेता नवंबर 2025 में बेंगलुरु में होने वाले राष्ट्रीय फाइनल में पहुंचेंगे। सभी क्षेत्रीय विजेताओं और उपविजेताओं को क्रमशः 10,000 रुपये और 7,000 रुपये के उपहार वाउचर मिलेंगे। राष्ट्रीय विजेता और उपविजेता को क्रमशः 100,000 रुपये और 50,000 रुपये की टीसीएस शिक्षा छात्रवृत्ति भी मिलेगी। छात्र 30 सितंबर, 2025 से पहले https://iur.ls/tcsrural-itquiz2025reg पर क्विज़ के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। क्विज़ के पिछले संस्करण में 28 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों से 5.6 लाख से अधिक प्रतिभागियों शामिल हुए थे।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत में 15 से 30 सितंबर तक ऑन द स्पॉट दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत में 15 सितंबर से 30 सितंबर तक ऑन द स्पॉट दाखिला प्रक्रिया आरंभ हुई है। संस्थान के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत में दाखिले के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के चारों चरणों की समाप्ति होने के बाद ऑन द स्पॉट दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। संस्थान प्रबंधन ने इस प्रक्रिया की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।उन्होंने बताया कि अगर कोई भी छात्र - छात्रा आईटीआई में दाखिला लेना चाहते हैं, और अब तक आवेदन नहीं किया है। तो उनके लिए राहत की खबर है, कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निर्देश अनुसार ऑन द स्पॉट दाखिला प्रक्रिया 15 सितंबर से 30 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। इसमें रोजाना काउंसलिंग होगी। इस प्रक्रिया में पुराने आवेदनों के साथ ही उन विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाएगा, जिन्होंने अब तक आवेदन नहीं किया है। इस प्रक्रिया में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को रोजाना सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आवेदन करना होगा, और दोपहर 12 बजे तक मेरिट कार्ड जमा किए जाएंगे। उसके बाद मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। जिसमें शामिल विद्यार्थियों को उसी दिन आईटीआई में दाखिले के लिए अपने दस्तावेज सत्यापित करवाने होंगे। सोमवार को आईटीआई में रिक्त सीटों की सूची प्रदर्शित कर दी गई है। अब तक प्रवेश से वंचित रहे अभ्यर्थी इस विशेष दाखिला प्रक्रिया के माध्यम से 30 सितंबर तक दाखिला ले सकते हैं। इस अवधि में प्रतिदिन काउंसलिंग होगी। इस अवसर का लाभ वे अभ्यर्थी उठा सकते हैं। जिन्होंने अब तक आवेदन नहीं किया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि सोनीपत आईटीआई में जिन व्यवसायों में रिक्त सीटे उपलब्ध हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भविष्य के अनुरूप शासन के लिए 'कर्मचारी' से 'कर्मयोगी' तक का खाका तैयार किया

देश लोक प्रशासन में सुधार के अभूतपूर्व प्रयास कर रहा है। अब न केवल अधिकारियों के प्रशिक्षण के तरीके बदल रहे हैं, बल्कि उनकी सेवा के मायनों में भी बदलाव आ रहा है। मिशन कर्मयोगी–लोक सेवा क्षमता निर्माण का राष्ट्रीय कार्यक्रम है और इस बदलाव में इंजन की भूमिका निभा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच झलकती है। 25 वर्षों से अधिक समय तक सरकार चलाने और पांच दशकों से अधिक सार्वजनिक जीवन का अनुभव रखने वाले श्री मोदी, व्यवस्थाओं के प्रति एक संचालक जैसी समझ, जड़ आदतों के प्रति एक सुधारक जैसी अधीरता, और ध्रुव तारे की तरह स्पष्ट –नागरिक-प्रथम, विकसित भारत के उद्देश्य को सामने रखते हैं।

मिशन कर्मयोगी की खासियत यह है कि यह केवल दिखावे भर के लिये मानव संसाधन सुधार नहीं है। यह देश की लोक सेवाओं की मूल्य-आधारित परिवर्तनकारी पुनर्रचना है और इसका मुख्य ध्यान प्रदर्शन पर है। यह कार्यक्रम तीन निर्णायक बदलावों को संहिताबद्ध करता है- पहला बदलाव सरकारी अधिकारियों की मानसिकता में बदलाव है, यानी स्वयं को कर्मचारी मानने से लेकर कर्मयोगी मानने तक का सफर है। दूसरा बदलाव कार्यस्थल में बदलाव है, इसमें प्रदर्शन के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपने से लेकर प्रणालीगत प्रदर्शन बाधाओं का निदान और उन्हें दूर करने तक का बदलाव शामिल है। तीसरा बदलाव सार्वजनिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली और उससे जुड़ी क्षमता निर्माण प्रणाली को नियम-आधारित से भूमिका-आधारित बनाना है। यह संरचना स्पष्ट रूप से मोदी के इक्कीसवीं सदी के शासन की मांगों के दूरदर्शी ढांचे से उभर कर सामने आयी है।

यह जीवंत नेतृत्व का परिणाम है। मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में, मोदी ने एक समग्र सरकारी संस्कृति को बढ़ावा दिया–अलग-अलग क्षेत्रों में अलगाव को खत्म किया, मंत्रियों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बहस पर बल दिया, और फाइलों को आगे बढ़ाने की बजाय सिस्टम समाधानों को प्राथमिकता दी। यह भावना महामारी के दौरान दिखाई दी, जब सरकार, उद्योग, नागरिक समाज और नागरिक स्वयंसेवकों के सभी स्तरों पर 'टीम इंडिया' एक साझेदारी मॉडल के रूप में आगे बढ़ी। यही सहयोगात्मक शक्ति अब जीईएम और गतिशक्ति जैसे सुधारों को संस्थागत रूप दे रही है। उन्होंने नेतृत्व की आदतों को संरचनाओं में भी ढाला। जो चिंतन शिविर–आवासीय, पदानुक्रम-समतल विचार-मंथन सत्र–गुजरात में शुरू किए गए थे वे अब केंद्र सरकार की कार्यपुस्तिका का हिस्सा हैं। निरंतर सीखने पर उनका बल व्यक्तिगत है। अपने ज्ञान और कौशल का निरंतर विस्तार करने के अलावा, वे यह भी जांचने के लिए जाने जाते हैं कि क्या प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी आईजीओटी डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करते हैं। संस्थागत स्मृति के साथ उनके व्यवहार में बहुत समावेशीता है। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद, उन्होंने मंत्रियों से दशकों तक एक तरह से व्यवस्था से भली-भांति परिचित अपने सहायकों और अनुभाग अधिकारियों से सीखने का आग्रह किया। व्यवहार में संस्कृति परिवर्तन ऐसा ही दिखाई देता है।



जमीनी स्तर पर, सुधार की रीढ़ उद्देश्यपूर्ण तकनीक है। आईजीओटी - कर्मयोगी प्लेटफ़ॉर्म एक व्यापक, कभी भी और कहीं भी सीखने का ईको सिस्टम है। इसमें 3,000 से ज़्यादा स्व-प्रगति पाठ्यक्रम हैं जो सभी के लिए सुलभ हैं और सीखने को लोकतंत्रात्मक बनाते हैं। यह सीखने को मानव संसाधन कार्यों जैसे योग्यता मानचित्रण, करियर नियोजन और मार्गदर्शन से जोड़ता है–देश को प्रदर्शन पुलिसिंग से सक्षम क्षमता की ओर ले जाता है। यह पहले से ही बड़े पैमाने पर शक्ति प्रदान कर रहा है। लाखों अधिकारियों को नए कानूनी ढांचों के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया है; देश भर में लाखों पुलिस, डॉक्टर और अन्य कर्मचारी नागरिक संपर्क को मजबूत कर रहे हैं और सेवाभाव कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं; और बड़ी संख्या में लोग एआई और आईओटी जैसी उभरती तकनीकों में प्रमाणपत्र प्राप्त कर रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री की 'तकनीक-अनुकूल' प्राथमिकता संस्थागत ताकत में परिवर्तित हो चुकी है।

दार्शनिक सार भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मिशन कर्मयोगी प्राचीन सभ्यतागत ज्ञान को आधुनिक शासन-कला के साथ जोड़ता है–विकास, गर्व, कर्तव्य और एकता जैसे संकल्पों के साथ-साथ स्वाध्याय, सहकार्यता, राजकर्म और स्वधर्म (नागरिकों पर ध्यान) जैसे व्यक्तिगत गुणों को भी समाहित करता है। यह कोई पुरानी यादें नहीं हैं; यह उच्च तकनीक युग के लिए एक व्यावहारिक नैतिकता है, जो यह सुनिश्चित करती है कि योग्यता चरित्र में समाहित हो।

नागरिक-केंद्रितता–जनभागीदारी–दूसरा स्तंभ है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार इस बात पर ज़ोर देते रहे हैं कि प्रत्येक सार्वजनिक निर्णय के केंद्र में नागरिक होने चाहिए। यही उनका शासन मंत्र है। व्यवहार में नागरिक सहभागिता दोतरफा समझौता बन जाती है। नीति और क्रियान्वयन में लोगों की भागीदारी होती है और अधिकारी अंतिम छोर पर खड़े अंतिम नागरिक की सेवा के लिए तैयार होते हैं। मिशन कर्मयोगी इस समझौते के लिए मानसिकता और तरीके विकसित करने का राज्य का साधन है। आत्मनिर्भरता इसकी पूरक है। यह एकाकीपन नहीं है; यह खुलेपन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से प्रेरित क्षमता और आत्मविश्वास है। यही दृष्टिकोण क्षमता निर्माण के प्रयासों और माईगव जैसे प्लेटफ़ॉर्म के व्यापक प्रसार में भी दिखाई देता है, जो नागरिकों को निष्क्रिय प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि सह-निर्माता बनाता है। यह कथा भारत के सभ्यतागत लोकाचार में निहित है–और संस्थानों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में फलने-फूलने के लिए तैयार करती है।

कार्यक्रम की संस्थागत संरचना प्रधानमंत्री मोदी की व्यावहारिकता को दर्शाती है। डिजिटल आधार और बाज़ार को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष प्रयोजन वाहन, कर्मयोगी भारत, समन्वय के लिए एक मंत्रीमंडल सचिवालय इकाई; संरक्षक और मानक-निर्धारक के रूप में क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी); और शीर्ष-स्तरीय संचालन के लिए प्रधानमंत्री ने मानव संसाधन परिषद का नेतृत्व किया । इसकी संरचना सहयोगात्मक, लेखा-परीक्षण योग्य और परिणाम-उन्मुख है–एक ऐसा शासन ढांचा जो कहीं से भी काम करने वाले देश के लिए उपयुक्त है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जो सीखता है उसे संचित नहीं कर रहा है। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के अनुरूप, देश अपने ज्ञान, अनुभव और उपकरणों को साझा करने की तैयारी कर रहा है। इन्हें लोक प्रशासन में एक आदर्श के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण है, वहां तकनीकी व्यवधानों के बीच देशों को समान क्षमता की कमी का सामना करना पड़ रहा है। मॉरीशस को इस दिशा में पहले ही सहायता की पेशकश की जा चुकी है–यह एक प्रारंभिक संकेत है कि मिशन कर्मयोगी विकासशील लोकतंत्रों में एक अभ्यास समुदाय का निर्माण कर सकता है।

सीधे शब्दों में कहें तो, मिशन कर्मयोगी एक दूरदर्शी विचार को एक व्यवस्था में बदल देता है। यह प्रधानमंत्री मोदी के शासन के लंबे दायरे–उनकी सीमाओं को तोड़ने की सहज प्रवृत्ति, तकनीक के साथ उनका सहज व्यवहार, संस्थागत स्मृति के प्रति उनके सम्मान और उनकी नैतिक शब्दावली–को एक दोहराए जाने योग्य संचालन मॉडल में बदल देता है- भूमिका-आधारित मानव संसाधन; निरंतर, डिजिटल शिक्षा; नागरिक भागीदारी; और सभ्यता पर आधारित नैतिकता इसमें समाहित हैं। इस तरह आप किसी देश को भविष्य के लिए तैयार करते हैं। अगर भारत इसी राह पर चलता रहा, तो इसका फ़ायदा सिर्फ़ तेज़ गति से आगे बढने वाली काम की फ़ाइलों और व्यवस्थित संगठनात्मक चार्ट में ही नहीं, बल्कि भरोसे में भी दिखेगा। नागरिक एक ऐसी सरकार का अनुभव करेंगे जो सुनती है, सीखती है और काम करती है। यही प्रधानमंत्री मोदी के दांव का मूल है। और यही वजह है कि मिशन कर्मयोगी, हाल के दशकों के किसी भी प्रशासनिक सुधार से ज़्यादा, अपने असली रूप में देखा जाना चाहिए। यह लोगों की सेवा करने वाले लोगों में एक पीढ़ीगत निवेश है और इसे एक ऐसे नेता ने तैयार किया है जिसने अपना जीवन लोगों की सेवा में ही लगा दिया है।

**लेखक- श्री डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम**
**भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग के मानव संसाधन सदस्य**

## सुप्रीम कोर्ट की एसआईटी ने वनतारा को दी क्लीन चिट

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। वनतारा मामले की जांच कर रही सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एसआईटी ने गुजरात के जामनगर स्थित प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि वनतारा में अनुपालन और नियमों की पालना के मुद्दे को लेकर एसआईटी संतुष्ट है।

रिपोर्ट शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को दी गई थी और शीर्ष अदालत ने सोमवार को इसका अवलोकन किया। अदालत ने कहा कि वह रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद ही वे विस्तृत आदेश पारित करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने वनतारा के खिलाफ कानूनों का पालन न करने और भारत तथा विदेशों से जानवरों, विशेष रूप से हाथियों के अधिग्रहण के आरोपों के मद्देनजर 25 अगस्त को एसआईटी के गठन का आदेश दिया था।

कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों और गैर-सरकारी संगठनों व वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था।

14 अगस्त को, शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता सी.आर. जया सुकिन द्वारा दायर याचिका को 'पूरी तरह से अस्पष्ट' बताया, जिसमें वनतारा में बंदी हाथियों को उनके मालिकों को वापस करने के लिए एक निगरानी समिति गठित करने की मांग की गई थी।

## उत्तर प्रदेश में जमीनी रफ्तार और हवाई उड़ान, एक्सप्रेसवे से एयरपोर्ट तक विकास की नई पहचान: योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश 'विकसित यूपी @2047' के विजन की ओर बढ़ते हुए परिवहन और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव का साक्षी बन रहा है। पिछले साढ़े आठ वर्षों में जिस तेजी से सड़क, एक्सप्रेसवे और एविएशन सेक्टर में प्रगति हुई है, उसने न केवल प्रदेश की रफ्तार बढ़ाई है बल्कि इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेश और विकास का नया केंद्र बना दिया है।

मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ की सरकार ने 2017 के बाद सड़क, हवाई और जल परिवहन में समन्वित दृष्टिकोण के साथ ठोस कदम उठाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क लंबाई 2024-25 तक 77,425 किलोमीटर तक पहुंच गई। वहीं, एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश ने देश में सबसे आगे निकलते हुए 22 एक्सप्रेसवे का जाल बिछाने के महाअभियान में जुटी हुई है। एविएशन सेक्टर में भी उत्तर प्रदेश ने छलांग लगाई और 12 घरेलू तथा 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे संचालित हो चुके।

उत्तर प्रदेश अब 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' के रूप में जाना जा रहा है। 1949-50 में जहां कोई एक्सप्रेसवे नहीं था, वहीं 2016-17 तक यह संख्या केवल 3 तक पहुंच सकी थी लेकिन 2025-26 तक यह बढ़कर 22 हो गई है, इसमें संचालित और निर्माणाधीन दोनों शामिल हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट न केवल आंतरिक कनेक्टिविटी बढ़ा रहे हैं, बल्कि लॉजिस्टिक हब के रूप में यूपी की स्थिति को मजबूत कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे नेटवर्क को और व्यापक बनाने के लिए कई नए प्रोजेक्ट शुरू हो गये हैं। इनमें गंगा एक्सप्रेसवे के साथ ही चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, लखनऊ लिंक एक्सप्रेसवे, फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे, जेवर लिंक एक्सप्रेसवे, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे, विंध्य एक्सप्रेसवे, विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे, मेरठ-हरिद्वार लिंक एक्सप्रेसवे (मुजफ्फरनगर के रास्ते) और चित्रकूट-रीवा लिंक एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद प्रदेश का सड़क नेटवर्क न केवल और मजबूत होगा बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

2004-05 में उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क 5,599 किलोमीटर था, जो 2023-24 तक बढ़कर 12,292 किलोमीटर हो गया। इस दोगुनी से अधिक वृद्धि ने राज्य के भीतर व्यापार, माल ढुलाई और औद्योगिक विकास को नई गति दी है। इससे न केवल रसद लागत कम हुई है, बल्कि यूपी उत्तर भारत में एक रणनीतिक ट्रांजिट हब बन गया है।

1950 में जहां प्रदेश में एक भी हवाई अड्डा नहीं था, वहीं 2025 तक इनकी संख्या 16 (पांच निर्माणाधीन सहित) हो चुकी है। इसमें 12 घरेलू और 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शामिल हैं। विशेष रूप से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आने वाले समय में एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में शुमार होगा और कार्गो तथा ट्रांजिट हब के रूप में उत्तर प्रदेश को नई पहचान देगा।

## आंध्र प्रदेश को सूखा-मुक्त बनाने का लक्ष्य 2027 तक पूरी होगी पोलावरम परियोजना







अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

अमरावती (आंध्र प्रदेश)। जल संसाधन विभाग के विशेष मुख्य सचिव जी. साई प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार का प्राथमिक लक्ष्य सभी क्षेत्रों को पर्याप्त जल उपलब्ध कराकर आंध्र प्रदेश को सूखा-मुक्त बनाना है। उन्होंने जिला कलेक्टरों के सम्मेलन में जल संसाधनों पर प्रस्तुति देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा अनिश्चित हो गई है, ऐसे में जल संरक्षण और संसाधनों का प्रभावी उपयोग सबसे बड़ी चुनौती है।

उन्होंने बताया कि राज्य भर के जलाशय 87.51त्न भरे हुए हैं। 1,105.85 टीएमसी क्षमता वाले जलाशयों में 967.69 टीएमसी पानी जमा है। केंद्र सरकार के वित्त पोषण से 38,457 मध्यम सिंचाई तालाबों के विकास की योजना है, जिनमें से 5,815 तालाब बनकर तैयार हो चुके हैं। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देश दिया कि विशेषकर 7,762 ऐसे गांवों में पुनर्भरण कार्यक्रम लागू किए जाएं जहां भूजल स्तर 8 मीटर से नीचे चला गया है।

साई प्रसाद ने कहा कि पोलावरम परियोजना दिसंबर 2027 तक पूरी हो जाएगी और इसे जून 2027 तक पूरा करने का प्रयास है। उन्होंने जानकारी दी कि पोलावरम बाएँ मुख्य नहर का निर्माण अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा जिससे अनकापल्ली तक पानी पहुंच सकेगा। उन्होंने बताया कि 9,221.4 करोड़ की लागत से सात सिंचाई परियोजनाओं के कार्य पूरे किए जा रहे हैं, जिससे 3.21 लाख एकड़ आयाकट (सिंचित भूमि) स्थिर होगी।

## पीएचडीसीसीआई की चार दिवसीय इन्स एंड आउट प्रदर्शनी संपन्न, 40 हजार लोगों किया भ्रमण



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित चार दिवसीय 11वी इन्स आउट आर्किबिल्ड प्रदर्शनी सोमवार को संपन्न हो गई। पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चेप्टर के अध्यक्ष मधुसूदन विज ने बताया कि इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ आर्किटेक्टस, द फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडियन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), चंडीगढ़ बिजली वितरण लिमिटेड और नेटवर्क ऑफ पीपल फॉर कंस्ट्रक्शन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 40 हजार लोगों ने भृमण किया है। प्रदर्शनी में करीब 150 कारोबारियों ने भाग लिया। पीएचडीसीसीआई की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक भारती सूद ने बताया कि समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे राज्य सभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने बेस्ट इनोवेशन में विजेता ला-एस्पदा, उपविजेता बुरकान इंजीनियरिंग, बेस्ट डिस्पले में पॉलीकैब इंस्डस्ट्री को विजेता तथा ग्लास पैलेस को उपविजेता, बेस्ट फुटफॉल के लिए विजेता का अवार्ड टोस्टेम तथा उप विजेता का अवार्ड विवा लाइफ स्टाइल को दिया गया।

भारती सूद ने बताया कि चार दिनों के दौरान, विषय विशेषज्ञों ने आधुनिक निर्माण तकनीक, अग्नि सुरक्षा, सुरक्षा, रियल एस्टेट, साज-सज्जा और सजावट सहित विविध विषयों के अलावा पीएम सूर्य घर योजना, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा शुरू की गई रैंप योजना पर आयोजित सेमिनार के माध्यम से यहां आने वाले लोगों को जागरूक किया।

## हिंदी परिवर्तन, विकास एवं नवनिर्माण की भाषा की भूमिका निभा रही है: महाप्रबंधक

राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम एवं क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि हिंदी सदियों से देश की संपर्क भाषा और जनभाषा रही है तथा इस रूप में इसने राष्ट्रीय मूल्यों और देश की भावनात्मक एकता को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया है। हिंदी पूरे देश में आपसी मेलजोल, समन्वय और संवाद से पल्लवित और विकसित हुई है। हिंदी को राजभाषा बनाने की ऐतिहासिक एवं संवैधानिक यात्रा विविधता में एकता की समृद्ध विरासत की जीवंत झांकी है, जिसमें हिंदीतर भाषी महापुरुषों के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। आज हिंदी परिवर्तन, विकास एवं नवनिर्माण की भाषा की भूमिका निभा रही है। सूचना टेक्नालॉजी के बढ़ते कदमों के कारण मीडिया, मनोरंजन, व्यापार, वाणिज्य जैसे विविध क्षेत्रों के अतिरिक्त उन तकनीकी क्षेत्रों में भी हिंदी के प्रगामी प्रयोग की क्षमता और संभावना कई गुना बढ़ गई है, जहाँ पहले निहित कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह ने कहा कि राजभाषा हिंदी से संबंधित जो संवैधानिक एवं कानूनी दायित्व निर्धारित किए गए हैं, उन्हें निष्ठापूर्वक पूरा करना हमारा नैतिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है। उत्तर मध्य रेलवे का कार्यक्षेत्र हिंदी भाषा और साहित्य की समृद्ध परंपराओं और साहित्यिक उपलब्धियों के लिए जाना जाता है।

## रैपिडो के सम्मान समारोह में मेयर ने कैप्टन्स को किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ। रविवार को बाइक-टैक्सी सेवा रैपिडो ने अपने कैप्टन्स के लिए विशेष रिवॉर्ड्स एंड रिकग्निशन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर मेयर हरप्रीत कौर बबला ने शिरकत की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 50 कैप्टन्स को सम्मानित किया। लगभग 250-300 कैप्टन्स ने भाग लिया और अपनी प्रेरणा दायक कहानियाँ साझा कीं । मेयर ने कहा कि रैपिडो जैसे प्लेटफॉर्म युवाओं को रोज़गार उपलब्ध करने के साथ साथ शहर की गति शीलता और विकास में भी अहम भूमिका अदा कर रहा है।

रैपिडो के जोनल हेड आकाश गुप्ता ने कहा कि रैपिडो कैप्टन्स की मेहनत और लगन ही रैपिडो की असली ताकत है और यह सम्मान उसी का प्रतीक है।

बता दें कि एक दशक पहले स्थापित हुआ रैपिडो आज 295+ शहरों में 50 लाख से अधिक कैप्टन्स के साथ प्रतिदिन लगभग 45 लाख यात्रियों को सुविधा प्रदान कर रहा है।

## नई दिल्ली में होगा 9वां मार्था फैरल पुरस्कार समारोह, जमीनी स्तर पर लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को मिलेगी पहचान

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** शनिवार, 20 सितंबर को मार्था फैरल फाउंडेशन के साथ साझेदारी में पार्टिसिपेटरी रिसर्च इन एशिया, मार्था फैरल पुरस्कार समारोह का अयोजन कर रहा है। ये पुरस्कर समारोह नई दिल्ली के मंडी हाउस में स्थित इंडियन नेशनल साइंस अकादमी में आयोजित होगा।

मार्था फैरल पुरस्कार, 2017 में शुरू की गई एक अनूठी पहल है जिसमे फाउंडेशन, देश भर में जो लिंग समानता और जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयासों के माध्यम से बहुमूल्य योगदान दे रहे है ऐसे मध्य-कैरियर व्यक्तियों और संगठनों को मान्यता देती है और उनको पुरस्कार से समानित करती है। फाउंडेशन यह पुरस्कार, प्रसिद्ध जेंडर प्रैक्टिशनर और सिविल सोसाइटी लीडर डॉ. मार्था फैरल की विरासत को आगे बढ़ाते हुए और उनके सम्मान में देती है। सभी के लिए सुरक्षित और अधिक समावेशी स्थानों का निर्माण और जेंडर जस्ट सोसाइटी के सपने को साकार करती डॉ. मार्था फैरल, 2015 मं काबुल के आतंकवादी हमले में मारी गई थीं ।

स्थापना के बाद से, मार्था फैरल पुरस्कार के लिए फाउंडेशन को भारत के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 1,462 नामांकन प्राप्त हुए हैं। इस वर्ष, 9वें मार्था फैरल पुरस्कार के लिए फाउंडेशन को पूरे भारत से 187 नामांकन प्राप्त हुए, इंडिविजुअल केटेगरी में 100 और आर्गेनाईजेशन केटेगरी में 87 नामांकन प्राप्त हुए।

एक लंबी सूची, शॉर्टलिस्ट, ऑनलाइन और ऑफ़लाइन डिलिजेंस की चयन प्रक्रिया के बाद, हमारी प्रतिष्ठित छह-सदस्यीय पुरस्कार जूरी द्वारा अंतिम चयन के बाद, विनर्स और फाइनलिस्ट को चुना जाता है। यह पुरस्कार दो केटेगरी में दिया जाता है: सबसे आशाजनक व्यक्ति और लैंगिक समानता के लिए सर्वश्रेष्ठ संगठन, साथ ही प्रत्येक श्रेणी में विशेष जूरी पुरस्कार।

**ग्रासरूट्स चेंजमेकर्स - फाइनलिस्ट (इंडिविजुअल केटेगरी):** इस वर्ष इंडिविजुअल केटेगरी के फाइनलिस्ट के अनुभव उनके साहस, दृढ़ संकल्प और रेसिलिएंस की असाधारण कहानियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके बारे में यहां पढ़ें -

**1. नामगेल आंगमो (लद्दाख)** - लद्दाख की एक सामाजिक कार्यकर्ता, नामगेल ग्रामीण लद्दाख में मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में वर्जनाओं को तोड़ रही हैं। स्कूलों, मस्जिदों और सामुदायिक स्थानों में जागरूकता सत्रों को लेने से लेकर वेस्ट फैसिलिटीज के प्रबंधन और पर्यावरण के अनुकूल मासिक धर्म प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने तक, नामगेल ने 25 गांवों में 2,500 से अधिक महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाया है। लोक गीतों और नारीवादी कहानियों को डॉक्यूमेंट कहने के माध्यम से उन्होंने लद्दाखी महिलाओं की आवाज को संरक्षित किया है। उनकी इस अनूठी पहल ने लद्दाखी संस्कृति और इतिहास के संवाद और प्रलेखन के लिए नए स्थान बनाए हैं।

**2. जयंती बुरुडा (ओडिशा)** - ओडिशा के मलकानगिरी के सेरपाली गाँव में कोया आदिवासी समुदाय की एक पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता जयंती ने बड़ा दीदी यूनियन की स्थापना की, जो मासिक धर्म स्वास्थ्य, शिक्षा और वन अधिकारों की वकालत करता है। महामारी के दौरान एक पैड बैंक के साथ शुरुआत करते हुए, उनका काम अब 150 गांवों और 2,500 महिलाओं में तक पहुंच गया है। जिसमें से वो 70 आदिवासी लड़कियों को मीडिया स्किल्स और 150 से अधिक सामुदायिक नेताओं को उनके वन अधिकारों का दावा करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। जयंती आठ पैड बैंक भी चलाती है और कमजोर बच्चों को आश्रय देती है, जिससे वह अपने व्यक्तिगत संघर्षों को सामूहिक शक्ति में बदल देती है।

**3. तान्या खेड़ा (उत्तराखंड)**– समानता फाउंडेशन की संस्थापक, तान्या उत्तराखंड के छिध्यापुर जंगल में ताउंग्या, वन गुज्जर और हाशिए पर पड़े मुस्लिम समुदायों के साथ काम करती है, जो हरिद्वार और देहरादून के मुख्य शहरों के बीच स्थित है। राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के इस क्षेत्र में परित्यक्त स्कूलों को पुनर्जीवित करने से लेकर दो युवा केंद्रों और छह संसाधन केंद्रों की स्थापना तक, उन्होंने 150 से अधिक युवा नेताओं को सहकर्मी नेता और शिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षित किया है, और 3,500 बच्चों तक पहुंच बनाई है, और फेलोशिप के माध्यम से 100 से अधिक लड़कियों का समर्थन किया है। तान्या का सहभागी, समुदाय के नेतृत्व वाला मॉडल प्रतिबंधात्मक मानदंडों को चुनौती देता है और जमीनी स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व का पोषण करता है।

**4. अर्चना के आर (कर्नाटक)** - एक जमीनी कार्यकर्ता, अर्चना स्वच्छता और मासिक धर्म स्वास्थ्य के लिए लड़ने के लिए डेटा-संचालित वकालत और स्थानीय लामबंदी को जोड़ती हैं। स्वच्छता सुविधाओं और शिक्षा तक पहुंच की कमी के अपने जीवन के अनुभवों से प्रेरित होकर, अर्चना बेंगलुरु की मलिन बस्तियों में दलित, आदिवासी और ट्रांसजेंडर समुदायों के साथ काम करती हैं। उनके प्रयासों ने स्कूल के शौचालय के रखरखाव के लिए 100 करोड़ रुपये का राज्य वित्त पोषण हासिल करने में कामयाबी हासिल की है। पार्टिसिपेटरी ऑडिट और डिजिटल स्टोरीटेलिंग के माध्यम से, उन्होंने 100 से अधिक महिलाओं और ट्रांसजेंडर नेताओं को प्रशिक्षित किया है, 140 से अधिक सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाओं में सुधार किया है, और समुदाय के नेतृत्व वाले शहरी परिवर्तन का एक मॉडल बनाया है।

**5. डॉ. कविता नामदेव वारे (महाराष्ट्र)** - महादेव कोली जनजाति की पहली पी. एच. डी. धारक और अब मुरबाड गाँव की पंच डॉ. कविता जमीनी स्तर पर शासन को फिर से परिभाषित कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए अभियानों का नेतृत्व किया है, पर्यावरण करभरानी आंदोलन की स्थापना की है और पूरे महाराष्ट्र में 10,000 महिला पंचों को प्रशिक्षित किया है। उनके नेतृत्व ने पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं से लेकर लड़कियों की शिक्षा के लिए सुरक्षित परिवहन तक की पहलों के साथ 5,000 महिलाओं और 200 बच्चों को सीधे प्रभावित किया है।

### बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के लिए सरकार ने जमीनी स्तर पर प्रयास किए तेज

# स्पीकर संधवां ने अमृतसर में किया आधुनिक बाढ़ राहत व पुनर्वास मेगा वेयरहाउस का उद्घाटन

स्वच्छ माहौल के लिए सैनिटाइज़र व सफाई अभियान की शुरुआत आज नंगल से की: हरजोत बैंस

100 गाँव बाढ़ से प्रभावित, विशेष गिरदावरी लगातार जारी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 सितंबर।** हरजोत सिंह बैंस, शिक्षा एवं सूचना व लोक संपर्क विभाग मंत्री, पंजाब ने श्री आनंदपुर साहिब हलके में चल रहे सफाई अभियान की सफलता के लिए पंच-सरपंचों, यूथ क्लबों, नौजवानों और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से योगदान देने की अपील की। श्री बैंस ने आज नंगल से सैनिटाइज़र और सफाई अभियान की शुरुआत की, जो बाढ़ प्रभावित सभी गाँवों में जारी रहेगा। दवाइयों के छिड़काव के लिए स्प्रे और टेंट प्रभावित इलाकों में पहुँच चुके हैं। प्रभावित गाँवों में पशुओं के लिए चिकित्सीय सुविधाएँ और टीकाकरण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

श्री बैंस ने प्रत्येक गाँव के पंच-सरपंच से अपनी ग्राम पंचायत में तुरंत सफाई अभियान शुरू करने की अपील की। उन्होंने बताया कि आम आदमी क्लिनिक नियमित रूप से चल रहे हैं और सरकारी स्कूलों को साफ कर पुनः शुरू कर दिया गया है। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस स्वयं सैनिटाइज़िंग वाहन में बैठे और नंगल शहर तथा आसपास के इलाकों में अभियान की शुरुआत की तथा शहर के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया। यह विशेष वाहन आधुनिक प्रणाली और बड़े टैंक से लैस है, जो प्रभावित क्षेत्रों में दवा का छिड़काव करता है ताकि बाढ़ प्रभावित इलाकों की पूरी तरह सफाई की जा सके। उन्होंने कहा कि यह फॉगिंग अभियान अगले 15 दिन तक जारी रहेगा और विशेष टीमों द्वारा निगरानी की जाएगी क्योंकि लोगों की ज़िंदगी की रक्षा सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि श्री आनंदपुर साहिब हलके के लगभग 100 गाँव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। संपत्ति, फसलें, ज़मीनें और पशुओं को हुआ नुकसान वास्तविक अनुमान से कहीं अधिक है। इस स्थिति को देखते हुए, पंजाब सरकार ने प्रत्येक बाढ़ पीड़ित परिवार तक राहत पहुँचाने के लिए ÷ऑपरेशन राहत÷ जारी रखने का निर्णय लिया है।

श्री बैंस ने कहा कि चिकित्सा टीमें हर गाँव में पहुँच गई हैं और पशुओं के लिए विशेष टीकाकरण अभियान जारी है तथा साथ ही सफाई व सैनिटाइज़ेशन अभियान भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष गिरदावरी जारी है और प्रत्येक प्रभावित परिवार को आवश्यक सहायता व राहत उपलब्ध करवाई जाएगी। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने आज अमृतसर के अजनाला रोड पर स्थित एक रिसॉर्ट को आधुनिक बाढ़ राहत और पुनर्वास मेगा वेयरहाउस के रूप में स्थापित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास के कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को उचित मुआवज़ा दिया जाएगा।

#### फ़ाज़िल्का के गाँव किल्यांवाली व उस्मान खेड़ा में चलाया गया सफाई अभियान

उन्होंने बताया कि अमृतसर ज़िले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को तेज़ी देने के लिए पद्मश्री डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी, सांसद (राज्यसभा) तथा सन फाउंडेशन और वर्ल्ड पंजाबी ऑर्गनाइज़ेशन के सहयोग से यह वेयरहाउस स्थापित किया गया है। इस वेयरहाउस में 50 ट्रैक्टर और 10 जेसीबी मशीनें मलबा हटाने के लिए, 200 फॉगिंग मशीनें बीमारियों से बचाव के लिए, 1,000 बर्तन किटें, 500 मीट्रिक टन चारा, 500 क्विंटल चावल बी.पी.एल परिवारों के लिए, और 1,000 से अधिक परिवारों के लिए फोल्डिंग बेड, गद्दे, चादरें, कंबल, कुर्सियाँ, गैस स्टोव और मेडिकल किटें रखी गई हैं। यह सामग्री अमृतसर जिला प्रशासन के सहयोग से गाँव और घर-घर की मैपिंग कर सबसे ज़रूरतमंद परिवारों तक पहुँचाई जाएगी। ट्रैक्टर और जेसीबी मशीनें अमृतसर के प्रभावित गाँवों में एस.डी.एम. और तहसीलदारों के सहयोग से भेजी जाएँगी। इसके अलावा फ़ाज़िल्का ज़िले के गाँव किल्यांवाली और उस्मान खेड़ा में सफाई अभियान चलाया गया।

## जुगाड़ू रेहड़ी का पिछला पहिया अचानक टूटा, बड़ा हादसा टला

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 15 सितंबर।** ढकोली एरिया में गुरद्वारा साहिब के नजदीक एक जुगाड़ू रेहड़ी का पिछला पहिया अचानक टूट गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। गनीमत रही कि उस वक्त पीछे से कोई वाहन नहीं आ रहा था, वरना दुर्घटना हो सकती थी। यह घटना शहर में धड़ल्ले से दौड़ रही जुगाड़ रेहड़ियों पर सवाल खड़े कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रेहड़ी पर रेत से भारी हुई थी और चालक तेज रफ्तार में चल रहा था।

अचानक जोरदार आवाज के साथ पिछला चक्का टूट कर अलग हो गया और रेहड़ी एक ओर झुक गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट और बिना फिटनेस जांच वाली जुगाड़ रेहड़ियां आम हो गई हैं। ये न तो सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हैं और न ही इन पर किसी तरह का प्रशासनिक नियंत्रण है। कई बार ये रेहड़ियां ओवरलोड होकर सड़क पर धीमी रफ्तार में चलती हैं, जिससे जाम की स्थिति भी बनती है और हादसे का तो खतरा बना रहता है।

## करीब तीन किलोमीटर दूर कुत्ते के शव गाड़ी से घसीट कर, झाड़ियों में फेंका गलती पर माफी मांगी

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना



**खन्ना, 15 सितंबर।** खन्ना के मलेरकोटला रोड पर एक दुकान के बाहर कुत्ता मरा हुआ मिला, तो दुकानदार ने उसके पास सामान लेने आए व्यक्ति से कहा कि कुत्ता मर चुका है आप अपनी कार के पीछे कुत्ते के शव को बांधकर ले जाए उसे दूर फेंक देना, उक्त व्यक्ति ने बिल्कुल वैसा ही किया उसने एक रस्सी से कुत्ते को गाड़ी के पीछे बांध लिया, इस बीच किसी ने उसकी वीडियो बना ली, जिससे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। मामला ध्यान में आने के बाद नवजीवन वेलफेयर सोसाइटी के प्रमुख नवन शर्मा ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। नवन शर्मा ने बताया कि वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक कार से कुत्ते को रस्सी के सहारे बांधकर मलेरकोटला चौक से लेकर गांव रसूलड़ा तक करीब तीन किलोमीटर तक घसीटा गया। इस दौरान राह चलते लोगों ने इस अमानवीय कृत्य का विरोध किया और गाड़ी का पीछा करके उसे रुकवाया। शिकायत मिलने पर पुलिस जांच करने पहुंची तो दुकान से करीब तीन किलोमीटर दूर कुत्ते के शव झाड़ियों से बरामद किया गया। थाना सदर का मामला होने के चलते मामले को सिटी 2 पुलिस ने थाना सदर सौंप दिया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, सूत्रों के अनुसार कुत्ते के शव को कार से बांधकर दूर फेंकने वाले व्यक्ति को पुलिस ने ढूंढ लिया, जिसने अपनी गलती मान ली है।

## पनग्रेन चेयरमैन ने गोदामों का किया औचक निरीक्षण



अधिकारियों को पाई गई कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश भी दिए

कहा! किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं/लुधियाना, 15 सितंबर।** पनग्रेन चेयरमैन डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने जगराओं स्थित पनग्रेन एजेंसी के गोदामों का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर लुधियाना के खाद्य आपूर्ति अधिकारी लखवीर सिंह, सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी जगराओं और विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। जांच के दौरान चेयरमैन डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने कहा कि खाद्य भंडार के रखरखाव में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई कर्मचारी/अधिकारी लापरवाही में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। डॉ. गिल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य में लोगों को पारदर्शी प्रशासनिक सेवाओं के साथ भ्रष्टाचार और भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी खन्ना में किसानों के विश्राम गृह पर पुलिस का कब्जा बरकरार

किसान खुले आसमान के नीचे आराम करने को मजबूर, सुविधाओं का घोर अभाव

आज से शुरू होगी धान की सरकारी खरीद

अर्थ प्रकाश/केके/राजू खन्ना



**खन्ना, 15 सितंबर।** एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी खन्ना में किसानों के लिए बनाए गए विश्राम गृह पर खन्ना पुलिस का कब्जा पहले की तरह बरकरार होनें के हर सीजन किसानों को खुले आसमान के नीचे आराम करने को मजबूर होना पड़ेगा। हर सीजन किसानों को आश्वासन दिया जाता है कि जल्द ही विश्राम गृह उन्हें वापस सौंप दिया जाएगा, लेकिन हकीकत में यह स्थिति जस की तस बनी हुई है।

वहीं खन्ना मंडी में बुनियादी सुविधाओं का भी टोटा है। शौचालय और पीने के लिए वाटर कूलर जैसी जरूरी व्यवस्थाएं गिनी-चुनी जगहों पर ही हैं। मजबूरीवश कई किसान रात के समय आढ़तियों की दुकानों के बाहर बैठकर आराम करते हैं और वही पर साफ पानी पी कर अपनी रात गुजारते है।

किसान के विश्राम घर पर पिछले कई सालों से खन्ना पुलिस लाइन कब्जा है , पूछे गए इस सवाल का जवाब देते हुए मार्केट कमेटी के चेयरमैन जगतार सिंह रत्नहेड़ी ने कहा हमने अपनी फाइल पुट अप कर दी है जल्द ही खाली करवा लिया जाएगा और रही बात टॉयलेट, बाथरूम व पीने के लिए आरओ सहित वाटर कूलर की तो मंडी में प्रबंध पूरे है, अगर कहीं कमी है, मंडी बहुत बड़ी है फंड आने पर और उनकी संख्या और बढ़ा दी जाएगी।

वहीं खन्ना मार्केट कमेटी के चेयरमैन जगतार सिंह रतनहेड़ी ने कहा कि एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी खन्ना में धान के सीजन को लेकर तैयारियां मुकम्मल करली गई है, सरकार के आदेश के मुताबिक 16 तारीख से धान की सरकारी शुरू हो रही है,सरकार दवारा इस बार परमल चावल का रेट 2389 रुपए निर्धारित किया गया है, परंतु ऐसा लग रहा है की मौसम व प्रदेश में आई बाढ़ के कारण फसल देरी से मंडी में पहुंचेगी।

वहीं बासमती चावल पर पूछे गए सवाल पर चेयरमैन ने कहा कि आज ही हमने व्यापारियों के साथ बैठक की है और उनसे से अपील की है कि बासमती का जो रेट है ज्यादा से ज्यादा लगाए, क्योंकि किसान अभी बहुत बड़ी मुसीबत में है, पंजाब में चल रही कुदरती मार के कारण फसल का झाड़ भी बहुत कम निकला, हमने व्यापारियों से अपील की गई है कि इस मुसीबत की घड़ी में फसल का ज्यादा से ज्यादा रेट लगा आप भी किसानों के महरम लगाने का काम कर सकते है जिस पर सभी व्यापारियों सहमति जताई।



चेयरमैन ने बताया कि मंडी में पहुंचे बासमती चावल का मूल्य 2600 से लेकर 32 तक तय हुआ है, प्राइवेट खरीद हो रही है, अभी तक हमारे पास 2200 क्विंटल के करीब बासमती चावल की मंडी में आमद हुई थी, लगभग सभी बासमती चावल की खरीद भी हो चुकी है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मार्केट कमेटी के चेयरमैन ने आगे बताया कि धान के सीजन को लेकर हमारी सभी तैयारियां मुकम्मल हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने सभी खरीद एजेंसी को आदेश दिए है कि 24 घंटे में किसान की फसल की खरीद से 48 घंटे के अंदर फसल का भुगतान व 72 घंटे के भीतर मंडी से फसल लिफ्टिंग सुनिश्चित बनाई जाए, ताकि किसानों को किसी तरह की समस्याओं का सामना ना करना पड़े ,चेयरमैन ने किसानों से अपील की गई है कि वे फसल को सुखाकर ही मंडी में लेकर आएं, ताकि लंबे समय तक मंडी में बैठना न पड़े।

–चेयरमैन, जगतार सिंह रतनहेडी

## पंचकूला में महिलाओं की रामलीला का जीरकपुर में विरोध

रिहर्सल कर रहीं महिलाओं के सामने हिंदू संगठनों ने की नारेबाज़ी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**ज़ीरकपुर, 15 सितंबर।** पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में 'जड़ों से जुड़ो' संस्था द्वारा करवाई जा रही महिलाओं की रामलीला का कुछ हिंदू संगठनों ने ज़ोरदार विरोध किया। ढकोली स्थित रहमत होम्स में जब महिलाएँ रामलीला की रिहर्सल कर रही थीं, तब विरोध करने वालों ने वहाँ पहुँचकर नारेबाज़ी की।

हिंदू संगठनों का कहना था कि रामलीला में श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और परशुराम जैसे पवित्र किरदार महिलाएँ नहीं निभा सकतीं। उनका तर्क था कि यह हिंदू धर्म का अपमान है और वे किसी भी हालत में महिलाओं की रामलीला नहीं होने देंगे, चाहे इसके लिए जेल ही क्यों न जाना पड़े। दूसरी ओर, रामलीला का आयोजन कर रही संस्था 'जड़ों से जुड़ो' की अध्यक्ष एकता नागपाल ने कहा कि वे किसी विरोध के आगे झुकने वाली नहीं हैं और न ही कोई गलत काम कर रही हैं। उनकी टीम हमेशा की तरह इस बार भी महिलाओं की रामलीला आयोजित करेगी।

विरोध कर रहे चंडीगढ़ रामलीला क्लबों के अध्यक्ष रोहित शर्मा, विजय दत्ता, ललित गोयल, नरेंद्र गोयल, हिमांशु, दीपांशु सूद आदि ने कहा कि वे रामलीला का नहीं, बल्कि पुरुष देवताओं के किरदारों को महिलाएँ निभाएँ, इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि हनुमान जी आजीवन ब्रह्मचारी और यती थे, उन्होंने कभी किसी महिला की ओर दृष्टि तक नहीं उठाई, ऐसे में कोई महिला उनका किरदार कैसे निभा सकती है।

उन्होंने बताया कि पिछले साल भी उन्होंने यही आपत्ति दर्ज करवाई थी, लेकिन इस बार भी संस्था ने रामलीला का स्वरूप बदलने की कोशिश की है। इन नेताओं ने पुलिस में शिकायत देकर रामलीला रुकवाने और धार्मिक आस्थाओं के अपमान का मामला दर्ज करने की मांग की है।

एकता नागपाल ने जवाब दिया कि जब रामलीला में सीता माता और अन्य महिला पात्रों की भूमिकाएँ पुरुष कलाकार निभा सकते हैं, तो पुरुष पात्रों की भूमिकाएँ महिलाएँ क्यों नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा, ÷पुरुषों को जन्म देने वाली भी महिलाएँ ही हैं। यह विरोध बेबुनियाद है और हम कभी इसके आगे नहीं झुकेंगे। अगर हमारी रामलीला को देखने आ रही हिंदू धर्म की बड़ी हस्तियों को आपत्ति नहीं है, तो दूसरों को क्यों होनी चाहिए। रामलीला हर हाल में होगी।'

## विधायक रंधावा ने वार्ड संख्या 24 और 26 में नए ट्यूबवेल का उद्घाटन कर काम शुरू करवाया



रामगढ़ भूड़ा और दयालपुरा गाँव के निवासियों के लिए एक बड़ी सौगात

दोनों ट्यूबवेल 81.06 लाख रुपये की लागत से लगाए जाएंगे

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ज़ीरकपुर, 15 सितंबर।** क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने ज़ीरकपुर नगर परिषद के अंतर्गत वार्ड संख्या 24 और 26 में लगाए जाने वाले नए ट्यूबवेल का उद्घाटन किया और कार्यारंभ कराया। विधायक रंधावा ने कहा कि इन ट्यूबवेल परियोजनाओं की लागत 40.53 लाख रुपये है और ये रामगढ़ भूड़ा और दयालपुरा गाँव के निवासियों को पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि वे हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि शहरवासियों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल और स्वच्छ वातावरण मिले। विधायक रंधावा के कार्यालय पहुँचकर वार्ड निवासियों ने आज पेयजल ट्यूबवेल का कार्य शुरू करने के लिए उनका धन्यवाद किया और कहा कि पिछले कई वर्षों की यह मांग पूरी हो रही है। विधायक रंधावा ने कहा कि नगर परिषद लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए दिन-रात काम कर रही है और जहाँ काम की तुरंत ज़रूरत है, वहाँ बिना देरी किए काम शुरू किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कड़ी मेहनत और ईमानदारी से काम करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर पूरी आदमी पार्टी टीम, स्थानीय निवासी और नगर परिषद के अधिकारी मौजूद थे।

# बाढ़ की स्थिति में सुधार के साथ पंजाब में जन-जीवन फिर से पटरी पर लौटा: मुंडियां

कैंपों में ठहरे लोगों की संख्या घटने से राहत कैंपों का आंकड़ा 82 से घटकर 66 हुआ

राहत, सफ़ाई और पुनर्वास के प्रयास युद्ध स्तर पर जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 सितम्बर।** पंजाब के राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री श्री हरदीप सिंह मुंडियां ने आज बताया कि पूरे राज्य में बाढ़ की स्थिति में सुधार होने से पंजाब का जन-जीवन फिर से पटरी पर आ गया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब के लोगों के धैर्य और सरकार द्वारा समय पर किए गए उचित प्रयासों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बाढ़ संबंधी 14 सितम्बर और 15 सितम्बर की रिपोर्टों की तुलना करते हुए बताया कि प्रभावित गांवों की संख्या का आंकड़ा बिना किसी बदलाव के 2,472 है जबकि प्रभावित आबादी का आंकड़ा 3,89,176 रहा। उन्होंने कहा कि हालांकि राहत के स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है, जिसमें राहत कैंपों की संख्या 24 घंटों के भीतर 82 से घटाकर 66 कर दी गई है, जिससे यह संकेत मिलता है कि लोग लगातार अपने घरों की ओर लौट रहे हैं। इसी तरह इस अवधि के दौरान राहत कैंपों में ठहरे हुए लोगों की संख्या 3,699 से घटकर 3,449 हो गई। कैबिनेट मंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि राहत, सफ़ाई और पुनर्वास के प्रयास जोर-शोर से जारी हैं।

राजस्व मंत्री ने आगे बताया कि ज़मीनी स्थिति में सुधार को देखते हुए एन.डी.आर.एफ., एस.डी.आर. एफ. और सेना की टीमों की तैनाती को भी तर्कसंगत किया गया है। उन्होंने कहा कि 14 सितम्बर तक एन.डी.आर.एफ. की दो टीमें फाजिल्का में और एक टीम फिरोज़पुर में तैनात थीं, जबकि 15 सितम्बर तक फिरोज़पुर में एक टीम राहत कार्य संबंधी तैयारियों को सुनिश्चित करने में लगी हुई है।

श्री मुंडियां ने बताया कि इसके साथ ही सुरक्षित निकाले गए व्यक्तियों की संख्या पिछले दिन की तरह 23,340 रही, जबकि फसली नुकसान का क्षेत्र भी पहले दिन की तरह 1,98,525 हेक्टेयर रहा।

## के-एरिया फ्लाईओवर की सर्विस रोड 15 दिन से बंद, लोगों को हो रही भारी परेशानी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 15 सितंबर।** के-एरिया फ्लाईओवर की सर्विस रोड पिछले पंद्रह दिनों से बंद पड़ी है, जिससे बलटाना और आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। यह सड़क बलटाना और ढकोली को जोड़ती है और रोज़ाना हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। सर्विस रोड की मरम्मत के लिए एनएचएआई ने बरसाती पानी की निकासी हेतु ड्रेन पाइप डालने का काम शुरू किया था, लेकिन अचानक हुई बारिश ने पूरा काम अधूरा छोड़ दिया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि काम की शुरुआत होते ही तेज बरसात शुरू हो गई, जिसके बाद कई दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। इससे न केवल काम रुक गया, बल्कि खुदाई के कारण सड़क की हालत और भी खराब हो गई। अब सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है और बीते 15 दिनों से यहां से आवागमन पूरी तरह बंद है।

बलटाना और ढकोली की ओर जाने वाले वाहन चालकों को या तो लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ रहा है या फिर मजबूर होकर रॉन्ग साइड से निकलना पड़ता है, जो बेहद खतरनाक है। रोज़ाना ऑफिस और काम पर जाने वाले लोगों का सफर दोगुना हो गया है। ट्रैफिक बढ़ने से आस-पास की दूसरी सड़कों पर भी जाम की स्थिति बन रही है।

स्थानीय व्यापारियों और निवासियों ने एनएचएआई से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कर इसे चालू करने की मांग की है। उनका कहना है कि हर दिन की देरी से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है और त्योहारों के समय यह समस्या और बड़ी हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते काम पूरा नहीं हुआ तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। लोगों का कहना है कि बरसात अब थम चुकी है, इसलिए एनएचएआई को तुरंत काम दोबारा शुरू कर सड़क को दुरुस्त करना चाहिए ताकि आमजन को राहत मिल सके और त्योहारों के दौरान लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।

#### दुकानदारों की चिंता बढ़ी

बलटाना और कलगीधर रोड पर दुकानदारों का कहना है कि त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है, ऐसे में सड़क बंद होने से उनकी दुकानदारी पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है और बिक्री पर बुरा असर पड़ रहा है। कई दुकानदारों ने बताया कि ग्राहक अब यहां आने से कतराने लगे हैं, जिससे उनकी रोज़ी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है।

## किसानों की सैकड़ों एकड़ धान की फसल वायरस की चपेट में

कृषि यूनिवर्सिटी द्वारा प्रमाणित धान की किस्मों पर भी बीमारी का हमला: प्रभावित किसान

राज्य सरकार से विशेष गिरदावरी करवाकर मुआवजा देने की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 14 सितंबर।** बनूड़ क्षेत्र के किसानों की लगभग सौ एकड़ धान की फसल वायरस की चपेट में आ गई है। इस बीमारी से बर्बाद हुई फसल को दिखाते हुए किसान सरपंच नाहर सिंह कुरडी, इकबाल सिंह ढोल, बलकार सिंह स्याऊ, करनैल सिंह, तरलोचन सिंह नडियाली, मान सिंह राजपुरा, गुरमीत सिंह पूर्व सरपंच, कमलजीत पत्तों, करनैल सिंह फौजी, मनजीत सिंह, बहादुर सिंह, जसपाल सिंह मोती और गुरजंट सिंह हुलका ने बताया कि उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना से प्रमाणित धान की 131 और 126 किस्में लगाई थी। उन्होंने बताया कि इस धान की किस्म पर वायरस का हमला हुआ है, जिससे किसानों की सैकड़ों एकड़ धान की फसल बर्बाद हो गई है। किसान नाहर सिंह कुरडी ने बताया कि उनके गांव के किसानों की लगभग 70 एकड़ फसल इस वायरस की भेंट चढ़ गई है। गांव स्याऊ के पूर्व सरपंच गुरमीत सिंह की 20 एकड़, जसवीर सिंह खलौर की 12 एकड़ के अलावा कुल मिलाकर क्षेत्र के किसानों की सैकड़ों एकड़ धान की फसल इस वायरस की भेंट चढ़ गई है। किसानों ने बताया कि उन्होंने इस फसल पर महंगी दवाइयों का छिड़काव किया, लेकिन इसके बावजूद फसल को काफी नुकसान पहुंचा है, जिसके चलते उनको इस फसल को जोतने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

प्रभावित किसानों ने मांग की है कि राज्य सरकार खराब हुई फसल की विशेष गिरदावरी करवाए और उचित मुआवजा दे, ताकि पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों को राहत मिल सके। इसके साथ ही किसानों ने चेतावनी दी कि अगर राज्य सरकार ने उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया, तो वे कृषि विभाग कार्यालय के सामने धरना देने से भी नहीं हिचकिचाएंगे।

# भूस्खलन और बढ़ती अस्थिरता से चिंतित अखाड़ा बाजार के लोग

## मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, गत दिनों पहले भूस्खलन की चपेट में आने से 9 लोगों की मौत

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 15 सितंबर।** कुल्लू के इनर अखाड़ा बाजार के सामने स्थित मठ क्षेत्र में बार-बार हो रहे भूस्खलन और बढ़ती अस्थिरता से चिंतित निवासियों ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को उपायुक्त के माध्यम से तत्काल सुधारात्मक उपायों की अपील की है। सोमवार को सौंपे गए एक विस्तृत ज्ञापन में, उन्होंने चेतावनी दी है कि अनियंत्रित निर्माण, खराब जल निकासी और सरकारी लापरवाही ने मिलकर हजारों निवासियों के लिए गंभीर खतरे की स्थिति पैदा कर दी है।

प्रभावित परिवारों की ओर से हस्ताक्षरित ज्ञापन में 13 विशिष्ट माँगों पर प्रकाश डाला गया है जिन पर तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। इनमें से, निवासियों ने जल शक्ति विभाग से मठ क्षेत्र में, विशेष रूप से संवेदनशील किनारों पर, सीवरेज और जल निकासी व्यवस्था का तकनीकी मूल्यांकन करने और बिना किसी देरी के सुधारात्मक उपाय लागू करने का आग्रह किया है। उन्होंने खतरनाक अतिक्रमणों को ध्वस्त करने, खनेड़ में खुले जल निकासी पर भारी जुर्माना लगाने और मठ-सुल्तानपुर सड़क जल निकासी व्यवस्था के उचित तटीकरण की भी माँग की है।

दीर्घकालिक सुरक्षा उपायों की माँग करते हुए, निवासियों ने मठ और भेखली मंदिर तक के पूरे क्षेत्र में नए निर्माण पर प्रतिबंध लगाने और इसे ÷निर्माण-निषेध हरित क्षेत्र÷ घोषित करने की माँग की। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि आगे कटाव को रोकने के लिए क्षतिग्रस्त घरों का मलबा तुरंत हटाया जाना चाहिए, जबकि वन विभाग को नाज़ुक ढलानों को स्थिर करने के लिए मृदा परीक्षण और वनरोपण अभियान चलाना चाहिए। ज्ञापन में वादा की गई वित्तीय सहायता तुरंत जारी करने पर भी ज़ोर दिया गया है। असुरक्षित घरों से निकाले गए परिवारों को किराए के लिए 10,000 रुपये और अपना सामान गँवाने वालों को 70,000 रुपये। निवासियों ने स्थायी समाधान खोजने और इस क्षेत्र को स्थायी रूप से रेड ज़ोन में वर्गीकृत होने से रोकने के लिए भूवैज्ञानिकों और आईआईटी विशेषज्ञों द्वारा एक संयुक्त तकनीकी सर्वेक्षण की भी माँग की है। साथ ही, इस बात पर भी सवाल उठाए गए हैं कि इतने नाज़ुक क्षेत्र में बहुमंजिला इमारतों को कैसे मंज़ूरी दी गई। निवासियों ने नगर परिषद और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से स्पष्टीकरण माँगा है और आग्रह किया है कि चल रहे सभी बड़े निर्माण कार्यों को रोका जाए और उनकी समीक्षा की जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर दबाव कम करने के लिए ज़मीन मालिकों द्वारा किरायेदारों की भीड़भाड़ को सीमित किया जाए।

इसी तरह, निवासियों ने कुल्लू के उपायुक्त कार्यालय में सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदन भी दायर किया है। इसके माध्यम से, वे इनर अखाड़ा बाजार में हाल ही में हुए भूस्खलन के लिए जवाबदेही की मांग कर रहे हैं, जिसके कारण मौतें, विस्थापन और संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है। आवेदन में निर्माण अनुमोदन, निरीक्षण रिपोर्ट, जल निकासी मूल्यांकन और विभागीय संचार के

## जिले में आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

**कुल्लू 15 सितंबर (अशेष शर्मा)।** उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने जानकारी देते हुए कहा कि हाल ही में भारी वर्षा के कारण जिले में जहां सड़कों, पेयजल योजनाओं, विद्युत आपूर्ति को जहां बहुत बड़ा नुकसान हुआ है, वहीं प्रशासन तथा संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी इन आवश्यक सेवाओं को बहाल करने में रात- दिन के के परिश्रम से इन्हें बहाल करने में जुटे हैं। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले में सभी विद्युत आपूर्ति की मुख्य लाइनों को बहाल कर दिया गया है। विद्युत विभाग के रात- दिन के परिश्रम के पश्चात जिला के मणिकरण, मनाली, जरी, कल वरशेनी, लगघाटी, पाहनाला की सभी विद्युत लाइनों को दुरुस्त करके विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि बंजार उपमंडल के अंतर्गत बंजार, बठाहड, बाहु, मोहनी, जीभी,सैंज, शेंशर तथा शांघड आदि स्थानों पर भी अब बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित कर दी गई है। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आपदा से जिला भर के 2062 विद्युत ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए थे। जिनमें से 1925 ट्रांसफार्मर को कड़ी मशक्कत और रात दिन के श्रम के बाद बहस कर दिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि अभी तक 104 ट्रांसफार्मर जो कि अति दूर दराज तथा मुश्किल क्षेत्र से संबंधित हैं उनमें दिन-रात बहाली का कार्य चल रहा है उन्हें शीघ्र बहाल कर दिया जाएगा। जिला की मुख्य सड़कों सहित रज्जू मार्गो को खोलने का कार्य भी युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि एनएच- 305 को भी हल्के वाहनों के लिए बहाल किया गया है। लारजी - न्यूली सड़क को हल्के वाहनों के लिए सैंज से आगे न्यूली तक हल्के वाहनों तक खोल दिया गया है तथा अन्य सड़कों को खोलने का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है।

## सांसद अनुराग ठाकुर आज करेंगे व्यापारियों के साथ बैठक

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** भाजपा जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुऐ बताया कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर कल दिनांक 16 सितंबर 2025, मंगलवार को दोपहर 3ः15 बजे भाजपा कार्यालय, ऊना में व्यापारी वर्ग के साथ विशेष बैठक करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य त्रस्ञ्ज (वस्तु एवं सेवा कर) में हुए संशोधनों पर विस्तृत चर्चा करना है। अनुराग ठाकुर इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा किए गए सुधारों, व्यापारियों को मिलने वाले लाभ, कर प्रणाली की पारदर्शिता और सरलता के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। बैठक के दौरान व्यापारी वर्ग को अपनी जिज्ञासाएँ एवं सुझाव रखने का अवसर भी मिलेगा, जिससे सरकार और व्यापारियों के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो सके।

विनय शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने त्रस्ञ्ज में निरंतर सुधार करते हुए इसे वन नेशन, वन टैक्स की भावना के अनुरूप सरल और पारदर्शी बनाया है। छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को राहत देने के लिए कंपोजीशन स्कीम, ऑनलाइन रिटर्न सिस्टम में सुधार, टैक्स स्लैब में कमी और समय पर रिफंड की व्यवस्था जैसे कदम उठाए गए हैं। इन सुधारों से व्यापारियों को सुविधा मिली है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त हुई है।

वहीं दूसरी ओर, कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कर व्यवस्था अत्यधिक जटिल, भ्रष्टाचार पूर्ण और अव्यवस्थित रही। विभिन्न करों की भरमार से व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। न तो पारदर्शिता थी और न ही व्यापारियों के हितों का ध्यान रखा जाता था। कांग्रेस की नीतियाँ केवल बोझ बढ़ाने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य करती थीं। विनय शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने न केवल इन कमियों को दूर किया है, बल्कि व्यापारी वर्ग को सम्मान और सुविधा प्रदान की है। यही कारण है कि आज भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती की ओर अग्रसर है और व्यापारियों का योगदान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

विनय शर्मा, जिला भाजपा प्रवक्ता, ऊना, ने सभी सम्मानित पत्रकार साथियों एवं व्यापारी वर्ग से आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अनुराग ठाकुर के विचारों को सुनें और अपने सुझाव रखें।

# जल्लुग्रा में गैस सिलिंडर फटने से 6 लोग घायल

**जोनल अस्पताल में चल रहा इलाज, तीन महिला, एक बच्ची और दो पुरुष घायल**

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 15 सितंबर।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के जलुग्रां में एक सिलेंडर फटने से परिवार के छह लोग झुलस गए। इनमें एक नन्हा और दो-तीन और भी छोटे बच्चे झुलसे हैं।

हालांकि दर्द से कहराते सभी लोगों को एक एंबुलेंस में तीन और एक जीप में महिला और एक जीप में नन्हें झुलसे बच्चे को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू की तरफ लाया जा रहा था। इसी बीच नाकाधार में भूस्खलन होने से मणिकर्ण-भुंतर सड़क बन्द हो गई। ऐसे में काफी देर तक वाहन फंसे रहे।

झुलसे लोगों को मार्ग बंद होने पर और परेशान होना पड़ा। हालांकि इसके बाद मार्ग बहाल हुआ। लिहाजा मणिकर्ण सड़क बार बार भूस्खलन होने लोगों के लिए परेशानी बनीं है। वहीं छोटी जेसीबी से मार्ग बहाली में देरी लग रही है। घाटी के लोगों ने प्रशासन से बड़ी मशीनें यहां तैनात करने की मांग की है। सभी घायलों का कुल्लू अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## नवनियुक्त प्रदेश सचिव तिलक राज ने धूमल से की भेंट



**हमीरपुर (शिल्पा शर्मा)।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में सचिव नियुक्त होने के बाद तिलक राज ने आज पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। तिलक राज ने प्रोफेसर धूमल का आशीर्वाद लिया और पार्टी नेतृत्व का इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए आभार जताया। इस अवसर पर तिलक राज ने कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

# विधायक ने पीड़ित परिवारों को वितरित की राहत सामग्री

**सुरेंद्र शौरी ने सैंज घाटी के भूस्खलन प्रभावित सारी गांव का किया दौरा**

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 15 सितंबर।** बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने सैंज घाटी के भूस्खलन प्रभावित सारी गांव का दौरा कर वहाँ की भयावह स्थिति का जायजा लिया। इस वर्ष की भारी बरसात के चलते सारी गांव की जमीन धंसने से पूरी बस्ती उजड़ गई है। कई स्थानों पर भूमि कई मीटर तक धंस चुकी है और नदी से कटाव के कारण पूरी पहाड़ी दरक गई है। परिणामस्वरूप, करीब 60 मकान जमींदोज हो गए हैं।

ग्राम पंचायत तलाड़ा में कुल मिलाकर लगभग 80 मकानों को नुकसान पहुँचा है। प्रभावित ग्रामीण वर्तमान में तंबुओं में रह रहे हैं और गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं।



विधायक शौरी ने बताया कि यह पूरा क्षेत्र अब सिंकिंग ज़ोन बन चुका है, जिससे लोगों की आजीविका और सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 122 परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री वितरित की जा चुकी है। अन्य प्रभावित क्षेत्रों में भी आवश्यकता अनुसार चरणबद्ध तरीके से राहत पहुँचाई जाएगी।

विधायक सुरेंद्र शौरी स्वयं राहत सामग्री लेकर सारी गांव पहुँचे और पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी पीड़ा साझा की। उन्होंने ग्रामीणों को पुनर्वास कार्यों में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और कहा कि वे पूरे क्षेत्र का विस्तृत दौरा कर आवश्यक योजनाओं पर कार्य करेंगे।

विधायक शौरी ने कहा कि

हम संकट की इस घड़ी में ग्रामीणों के साथ खड़े हैं। प्रशासन व सबंधित विभागों को हर प्रभावित परिवार तक राहत पहुँचाने के निर्देश किए गए हैं व पुनर्वास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ पत्रकार की धर्मपत्नी के निधन पर जताया शोक

**ऊना।** अंग्रेजी दैनिक दि ट्रिब्यून के वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता शर्मा का सोमवार, 15 सितंबर को असामयिक निधन हो गया। वे 57 वर्ष की थीं और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। शर्मा समाज सेवा में सक्रिय रहीं और उत्तर भारत में महिलाओं के सबसे बड़े संगठनों में शामिल स्वां वूमेन फेडरेशन से जुड़ी रहीं। महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज के उत्थान में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राजीव कुमार, उपायुक्त ऊना जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव, जिला लोक संपर्क अधिकारी ऊना तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ऊना के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह अपूरणीय क्षति सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी व्यक्त किया शोक

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दि ट्रिब्यून समाचार पत्र के ऊना से संवाददाता राजेश शर्मा की पत्नी सुनीता शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उनका आज ऊना में 57 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुनीता शर्मा एक समाजसेवी महिला थीं, जिन्होंने क्षेत्र की महिलाओं के उत्थान में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शान्ति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय की क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

**वहीं** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दि ट्रिब्यून समाचार पत्र के संवाददाता राजेश शर्मा की धर्मपत्नी सुनीता शर्मा के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि सुनीता शर्मा ने सामाजिक गतिविधियों से जड़ी रहीं और उन्होंने विशेषकर महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया।

# सेब व्यापारी के चुराए थे 40 हजार रुपये, आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**10 सितंबर का है मामला सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान**

**सोलन।** परवाणू पुलिस ने एक सेब व्यापारी की गाड़ी से 40,000 रुपये की चोरी के मामले को सुलझा लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करके उसे हरियाणा के मुरथल से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शिमला के फागली निवासी 38 वर्षीय प्रवीण कुमार के रूप में हुई है।

चोरी का यह मामला 10 सितंबर का है। जानकारी के मुताबि? रोहड़ू निवासी मेघुराम परवाणू सेब मंडी में अपनी फसल बेचने आए थे तब यह चोरी हो ही थी।

मेघुराम ने अपनी महिंद्रा पिकअप को बाजार में तक्ष एंटरप्राइजेज के पास खड़ा किया और राशन खरीदने चले गए। जब मेघुराम वापस लौटे तो उन्होंने पाया कि गाड़ी में ड्राइवर सीट के पीछे रखे 40,000 रुपये गायब थे, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चुरा लिया था। मेघुराम ने तुरंत इसकी शिकायत परवाणू पुलिस थाने में दर्ज करवाई।

शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घटनास्थल के आसपास लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के विश्लेषण से आरोपी की पहचान हो गई, जिसके बाद पुलिस टीम ने रविवार को उसे हरियाणा के मुरथल से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि प्रवीण कुमार एक ट्रक ड्राइवर है और पुलिस ने उसके ट्रक को भी जब्त कर लिया है। यह भी पता चला है कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसके खिलाफ बद्दी पुलिस थाने में नशीले पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज है, जिसमें उसे 10 किलो गांजे के साथ पकड़ा गया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को आज अदालत में पेश किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# सीएम ने नारी तू नारायणी कार्यक्रम में महिलाओं को किया सम्मानित

**समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाएं निभा रही अहम भूमिका**

**सम्मानित नारायणियों को 51-51 हजार रुपये की घोषणा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि महिलाओं का समाज के विकास में अहम योगदान है तथा ये जीवन के हर क्षेत्र में नित नई उंचाइयां छूते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं। मुख्यमंत्री आज यहां दैनिक समाचार पत्र हिमाचल दस्तक द्वारा आयोजित 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा शानदार उपलब्धियां हासिल करने पर उनके सम्मान में मनाया जा रहा है।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि एक समय ऐसा था जब महिलाओं को घर के कार्यों तक ही सीमित रखा जाता था। उस दौर में समाज में लड़कियों को पढ़ाने-लिखाने के प्रति झुकाव बेहद कम था और घर से बाहर नौकरी करने से भी रोका जाता था। उन्होंने कहा कि बहुत समय तक आधी आबादी को बौद्धिक और आर्थिक विकास से वंचित रखा गया।

उन्होंने कहा कि समय में परिवर्तन के साथ महिलाओं की सामाजिक स्थिति में बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि यह बहुत गौरव की बात है कि आज महिलाएं अपनी लग्न, मेहनत, दृढ़ निश्चय और काबिलियत से समाज के हर क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाकर दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनकर उभरी हैं।

सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं आरम्भ की हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना भी लागू की है। इसके अन्तर्गत आवास निर्माण के लिए आर्थिक रूप से कमजोर विधवाओं एवं एकल नारियों को 3 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 65 हजार रुपये से ब?ाकर 2 लाख रुपये किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के प्रयासों से ही महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिला ताकि जमीनी स्तर तक विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि सबसे बड़े जिले लाहौल-स्पीति से विधायक भी महिला है तथा वहां तैनात सभी ब? प्रशासनिक अधिकारी भी महिलाएं हैं, जो वर्तमान सरकार की महिलाओं के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

सुक्खू ने सम्मानित नारायणियों को सरकार की ओर से 51-51 हजार रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने के लिए नारी तू नारायणी सीजन-4 की नारायणियों को पुरस्कार भी वितरित किए।

# जीएसटी 2.0 लागू करने को लेकर अभियान चलाएगी भाजपा : सिकंदर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी 2.0 लागू करने को लेकर जनजागरण अभियान चलाएगी। इस हेतु भाजपा के प्रदेश नेतृत्व द्वारा एक टीम की घोषणा की गई है जिसमें मुझे संयोजक एवं विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पवन काजल, विधायक एवं वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल एवं शिमला से पूर्व प्रत्याशी संजय सूद को सह-संयोजक का दायित्व किया गया है। डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काऊंसिल की बैठक, जिसमें प्रत्येक राज्य के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, में सर्वसम्मति से जीएसटी रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय हुआ। उन्होनें कहा कि पूर्व में जीएसटी के 4 स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत हुआ करते थे परन्तु अब जीएसटी के दो ही स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत निर्धारित किए गए है।

कुछ ऐसी वस्तुएं हैं जिनके इस्तेमाल से व्यक्ति के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं केवल उन्हीं वस्तुओं पर जीएसटी को 40 प्रतिशत किया गया है और आम आदमी की रोजमर्रा की चीजों पर जीएसटी को बहुत कम कर दिया गया है जिससे रोजमर्रा की चीजें आने वाले समय में सस्ती होंगी और देश के 140 करोड़ देशवासियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। डॉ. सिकंदर ने कहा कि 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत जीएसटी निर्धारण से 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुएं की कीमतों पर 10 से 35 प्रतिशत तक की कमी आएगी।

डॉ. सिकंदर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 10 सितम्बर से 15 अक्तूबर, 2025 तक जीएसटी रिफॉमर्स को लेकर राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान चलाएगी।

# साइबर क्राइम से बिलासपुर नहीं रहा अछूता, जागरूक होना आवश्यक : एस.पी.

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर।** इंटरनेट और स्मार्टफोन ने जहां जीवन को आसान और तेज़ बनाया है, वहीं साइबर अपराधियों ने भी इसे ठगी का सबसे आसान हथियार बना लिया है। हिमाचल प्रदेश सहित जिला बिलासपुर भी अब साइबर अपराध की चपेट से अछूता नहीं रहा। हाल ही में सामने आए कई मामले इस बात की गवाही देते हैं कि ज़रा-सी लापरवाही किसी की जिंदगी भर की पूंजी को पलभर में छीन सकती है।



पुलिस अधीक्षक संदीप धवल का कहना है कि साइबर अपराधियों के तौर-तरीके लगातार बदल रहे हैं और ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

डिजिटल अरेस्ट स्कैम जैसे मामलों में भी ठगी का नया तरीका सामने आया है। अपराधी खुद को पुलिस अधिकारी या सरकारी एजेंसी का प्रतिनिधि बताकर वीडियो कॉल करते हैं और पृष्ठभूमि इस तरह दिखाते हैं मानो व्यक्ति किसी थाने या सरकारी दफ्तर से बात कर रहा हो। इसके बाद लोगों को डराकर धन वसूली की जाती है। बिलासपुर में हाल ही में सामने आए एक मामले में 20 लाख रूपए से अधिक की ठगी की जांच चल रही है।

# सड़कों की बदहाली से सेब-सब्जी मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहा, बागवानों की मेहनत बर्बादी के कगार पर : राकेश

**शिमला , 15 सितम्बर।** प्रदेश की सुक्खु सरकार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के बजाए हर बात का ठीकरा केंद्र पर फोडने का प्रयास कर रही है। प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश की सड़कें बदहाली की स्थिति में हैं। बरसात के चलते चंबा, कुल्लू, मंडी, शिमला जैसे जिलों में बड़ी संख्या में सड़कें बंद पड़ी हुई हैं। इसका खामियाजा किसान-बागवानों को उठाना पड़ रहा है, जिन्हें अपनी सालभर की मेहनत की कमाई ङ्क सेब व सब्जियों की फसल ङ्क मंडियों तक पहुंचाने में भारी परेशानी हो रही है।



उन्होंने कहा कि जब भी कोई जनप्रतिनिधि इस गंभीर मुद्दे को उठाता है तो प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने लगते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार के अधीन आने वाले नेशनल हाईवे और फोरलेन को लेकर एनएचएआई व अन्य एजेंसियां लगातार काम कर रही हैं और सड़कों को बहाल कर रही हैं। लेकिन प्रदेश सरकार के अधीन आने वाले स्टेट हाईवे, मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड और लिंक रोड आज भी बंद पड़े हैं। राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है।

प्रदेश में सरकार भी चल रही है और सड़कों की हालत सुधारना उसका पहला दायित्व है, लेकिन कांग्रेस सरकार केवल बयानबाज़ी और दोषारोपण की राजनीति में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि 2023 की बरसात में भी प्रदेश की कई सड़कें महीनों तक बंद रही थीं और आज भी कई सड़कें दो साल बाद भी पूरी तरह नहीं खुल पाई हैं। इसके बावजूद वर्तमान सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने तीखे लहजे में कहा कि किसानों और बागवानों की समस्या से प्रदेश सरकार को कोई लेना-देना नहीं है।

# खेलों से होता है मानसिक विकास : बलजीत कौशिक

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने हॉकी टूर्नामेंट में शिरकत कर खिलाडि?ं का बढ़ाया हौंसला

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि खेलों से जहां मनुष्य का शारीरिक व मानसिक विकास होता है वहीं खेलों से सामाजिक भाईचारे की भावना को भी मिल मिलता है।

उन्होंने कहा कि हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है और युवाओं में इस खेल के प्रति बढ़ता रुझान इसकी लोकप्रियता को प्रदर्शित करता है, खिलाड़ियों को चाहिए कि वह हार-जीत का दरकिनार कर खेल को खेल भावना से खेले ताकि आपसी भाईचारा मजबूत हो सके।

कौशिक युवा टीम प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब सीही द्वारा सेक्टर-7 स्थित ग्राउंड में आयोजित 120वीं मेजर ध्यानचंद हॉकी प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि खिलाडि?ं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजन समिति के सदस्यों ने बलजीत कौशिक का फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

बलजीत कौशिक ने खिलाडि?ं से हाथ मिलाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में खेल और खिलाड़ियों को पूरा प्रोत्साहन दिया जाता था, लेकिन आज सूबे में भाजपा सरकार के राज में खिलाडि?ं की घोर अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है, इसके बावजूद इस खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार कोई कारगर कदम नहीं उठा रही।

### जिले में 11 सालों से नहीं बना स्टेडियम

उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में फरीदाबाद सहित समूचे हरियाणा में कोई खेल स्टेडियम नहीं बना, केवल घोषणाएं करके लोगों को गुमराह करने का काम किया है। उन्होनें घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम बनवाएं जाएंगे और युवा प्रतिभाओं को आगे लाकर प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला प्रिंस क्लब सीही और फेथ क्लब दिल्ली के बीच खेला गया, जिसे प्रिंस क्लब सीही की टीम ने जीत लिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने विजेता टीम के खिलाडि?ं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कमांडर मान साहब, वीरेंद्र डागर, के पी तेवतिया, अनिल शर्मा, पूर्व पार्षद, अमित मलिक, देवेन्द्र दीक्षित, विनोद कौशिक, योगेश तंवर, राहुल दीक्षित, कुलदीप धर्मा, जीत सिंह, जितेंद्र तेवतिया, हेमराज तेवतिया, धर्मबीर तेवतिया सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# महिला का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की मजबूती की कुंजी : नगराधीश टीनू पोसवाल

17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक जिले में चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान : सीएमओ विजय

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 15 सितंबर।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत विशेष टीकाकरण सप्ताह की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता नगराधीश टीनू पोसवाल ने की। मेडिकल ऑफिसर नवमीत ने कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई।

नगराधीश पोसवाल ने कहा कि महिला का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की मजबूती की असली कुंजी है। यदि नारी स्वस्थ रहती है, तो परिवार स्वतः ही सशक्त, सक्षम और खुशहाल बनता है। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी से कार्य करने और अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि 17 से 27 सितंबर तक यह विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सही पोषण, नियमित जांच, टीकाकरण, एनीमिया एवं अन्य बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ महिला आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी होती है तथा पूरे समाज की प्रगति का आधार बनती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय मलिक ने जानकारी दी कि 2 से 5 वर्ष तक के बच्चों सहित बड़ी आयु के बच्चों का भी टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही प्राइवेट अस्पतालों को भी टीकाकरण का ब्यौरा विभाग को देना होगा। विशेषज्ञ चिकित्सकों की विशेष परामर्श शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को सामान्य अस्पताल पानीपत, 18 को सीएससी बापौली, 19 को यूएचटीसी सेक्टर 11-12, 20 को सीएससी नौल्था, 24 को सीएचसी ददलाना, 25 को यूएचटीसी सेक्टर 25, 27 को सीएचसी मतलोडा, 29 को सीएचसी अहर और 1 अक्टूबर को सीएचसी नारायण में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## बिजली निगम करेगा उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण

**हिसार (सुनील सिंघई)।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, एच्चडी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं ताकि उपभाक्ताओं की समस्याओं की त्वरित रूप में सुलझाया जा सके।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम एसई फहीम रजा नकवी ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार फोरम के तहत आने वाले जिला हिसार के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत की सुनवाई 16 सितम्बर को सुबह 11 से दोपहर 01 बजे तक अधीक्षण अभियंता ऑपरेशन सर्कल हिसार के कार्यालय में की जाएगी। एसई फहीम रजा नकवी बताया कि एक कमेटी द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

# सदी के महान जननायक नेता के रूप में उभरे हैं भूपेन्द्र हुड्डा : सुमित गौड

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** हरियाण प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड के संयोजन में आज हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा का जन्मदिवस बडी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। श्री गौड के नेतृत्व में काफी संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली स्थित उनके निवास पर पहुंचे और श्री हुड्डा को फूलों के बुक्के देकर और केक कटवाकर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभी नेता सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा से भी मिले और उन्हें भी उनके पिता चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के जन्मदिवस की बधाई दी। इस मौके पर उनके साथ मुख्यरूप से प्रदेश प्रवक्ता नीरज गुप्ता, वरिष्ठ नेता वेदपाल दायमा, सुनील बींसला, संजय सोलंकी, अनिल कुमार नेताजी, वरूण बंसल प्रमुख समाजसेवी, युवा नेता गौरव चौधरी आदि काफी संख्या में फरीदाबाद के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड ने इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को इस सदी के महान जननायक नेता की संज्ञा देते हुए कहा कि श्री हुड्डा सही मायनों में आम, गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी, महिला एवं युवा वर्ग सहित हर वर्ग व हर धर्म के सच्चे हितैषी नेता हैं। उन्होंने जहां मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश के विकास और हर वर्ग के सम्मान को बढाने का कार्य किया वहीं आज विपक्ष में रहते गरीब, कमजोर, शोषित, पीडित व हर जरूरतमंद की आवाज बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि श्री हुड्डा के नेतत्व में हरियाणा विधानसभा के पटल पर कांग्रेस विधायक भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करने का कार्य कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि आज समूचा हरियाणा हुड्डा के जन्मदिवस को एक उत्सव के रूप में मना रहा है।

# बल्लभगढ़ कांग्रेस कार्यालय में कुमारी सैलजा का भव्य स्वागत

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा का बीती रात्रि बल्लभगढ़ के सेक्टर-64 स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर बल्लभगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल व बल्लभगढ़ की पीसीसी डेलीगेट प्रियंका अग्रवाल के नेतृत्व में भारी संख्या में मौजूद गणमान्य जनों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रुप से फरीदाबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय बल्लभगढ़ में मौजूद अपार जनसमूह देखकर गदगद कुमारी सैलजा ने मनोज अग्रवाल की पीठ थपथपाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और संगठन सर्वोपरि की उनकी भावना निश्चित तौर पर उल्लेखनीय है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा की आज एक ओर बाढ़ की भीषण तबाही है तो दूसरी ओर भाजपा सरकार की बेरुख़ी और धोखाधड़ी है।

सरकारी आंकड़े खुद गवाही दे रहे हैं कि प्रदेश के 6,017 गांवों के 3,80,156 किसानों ने 22 लाख 41 हजार 637 एकड़ से अधिक भूमि में फसलों के नुकसान की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि इन दुखों के बीच किसानों को राहत के नाम पर केवल पोर्टल की लंबी प्रक्रियाओं और मज़ाक़ जैसे मुआवज़े का सामना करना पड़ रहा है। भूमिहीन मज़दूरों को अब तक एक फूटी कौड़ी तक नहीं मिली। कुमारी सैलजा ने कहा कि किसान संगठन आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा सरकार ने त्रासदी में भी गरीब परिवारों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। बाढ़ जैसी आपदा में भी राहत देने की जगह सरकार और बीमा कंपनियां किसानों से दुश्मनों जैसा सलूक कर रही हैं। इससे पूर्व बल्लभगढ़ पहुंचने पर कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुमारी सैलजा का फूलों का बुक्के भेंट कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। मनोज अग्रवाल ने कहा कि भाजपा का डबल इंजन इस बार लूट और धोखे के डबल बुलडोज़र में बदल चुका है, जिसने लाखों किसानों और गरीब परिवारों को संकट के दलदल में धकेल दिया है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश तंवर, सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय त्यागी, महिला कांग्रेस महासचिव सोनू चौधरी व गजना लाम्बा, सेवादल प्रदेश सचिव नसीमा खान व सगीरन खान, संजीव चौधरी, योगेश ढींगरा, रेनू तंवर, सविता चौधरी, मोहन ढिल्लों, प्रताप शर्मा, गौरव ढींगरा, अशोक रावल, बाबूलाल रवि, डॉ.एस. एल शर्मा, सुन्दर नेताजी, अनीता शर्मा, धर्मवती, कन्हैयालाल शर्मा, अनिल शर्मा, श्याम नायक, आदिल खान, प्रवीण बंसल, प्रकाश गर्ग, नीरज बंसल, पुष्पेंद्र पांचल, शुभम कसाना, आजाद सैनी, राहुल गुप्ता, अमित ठाकुर सहित भारी संख्या में बल्लभगढ़ के सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# श्री रामलीला कमेटी कटला के सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को रामलीला का दिया निमंत्रण

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**हिसार।** ऐतिहासिक रामलीला श्री रामलीला कमेटी कटला (रजि) हिसार के तत्वावधान में 22 सितंबर को होने वाले रामलीला मंचन को लेकर कमेटी के प्रशासक एन के गोयल व कमेटी के सदस्यों ने आज स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मुलाकात की।

उनसे मिल कर उन्हें रामलीला के लिए आमंत्रित किया,व उन्हें पूरे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला का मंचन 22 सितंबर को पुराना राजकीय कालेज ग्राऊंड में प्रारंभ होगा जो 3 अक्टूबर तक रहेगा।जिसमें वृंदावन धाम से कलाकार पहुँचे गे।

इस अवसर पर लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कमेटी द्वारा दिए निमंत्रण को सहजता से स्वीकार करते हुए कमेटी को आश्वासन दिया कि हरियाणा की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन देखने का सौभाग्य, सौभाग्यशाली व्यक्ति को मिलता है। वह अवश्य पहुचेंगे। इस मौके पर कमेटी के प्रशासक एन के गोयल, विनोद गुप्ता पूर्व प्रधान, सज्जन गुप्ता, ऋषि राज बुडाकिया, वीरभान बंसल,रमेश लोहिया, राजेन्द्र बंसल(नेता जी) राजेन्द्र शर्मा,नंद किशोर,प्रतीक बंसल, सोनू, चन्द्र भान सोनी, अशोक शर्मा, ललित गोयल, विनोद कंसल, अनिल महाजन के अलावा काफी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बिजली निगम कार्यालय में सीएम फ्लाइंग की रेड, जेई गैर हाजिर मिले

अर्थ प्रकाश/धनेश विद्यार्थी



**रेवाड़ी।** नगर के झज्जर रोड़ स्थित बिजली निगम के सब डिवीजन अर्ध शहरी दफ्तर पर सीएम फ्लाइंग टीम ने अचानक छापेमारी की, जिससे बिजली विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इस रेड के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई, जिनमें गैर - हाजिर कर्मचारी, ओवर ड्यू फाइलें और लंबित शिकायतें शामिल हैं।

सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर सतेंद्र और मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र कुमार यादव की संयुक्त टीम ने बिजली निगम के कार्यालय में पहुंचकर उपस्थिति पंजिका और अन्य सरकारी रिकॉर्डों की बारीकी से जांच की। टीम की जांच में 2 जूनियर इंजीनियर (जेई), 2 लाइनमैन, 2 असिस्टेंट लाइनमैन और एक लोअर डिवीजन क्लर्क गैर - हाजिर पाए गए।

इसके अलावा 41 बिजली कनेक्शन की फाइलें ओवर ड्यू पाई गईं, जिनके लिए 3 जूनियर इंजीनियर को जिम्मेदार ठहराया गया। निरीक्षण के दौरान ने बिजली कनेक्शन की 64 फाइल लंबित मिली। इसके साथ ही सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतें भी लंबित मिली हैं, जिनका लंबित होना निगम के कर्मचारियों की कार्य शैली पर सवाल खड़े करती हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार बिजली निगम के इस कार्यालय में कुल 25 कर्मचारी कार्यरत हैं। रेड के दौरान टीम ने लंबित कार्यों के लिए जिम्मेदार सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की फाइलें जब्त कर ली गई और इन्हें मुख्यालय को भेज दिया गया है।

# शिक्षकों की सुरक्षा के लिए पीएम से हस्तक्षेप की अपील

सुमित गौड़ व सुंदर सिंह बोले, अभियान चलाकर खोले भाजपा सरकार की पोल

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (क्क्ररू) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन भेजकर 01 सितम्बर 2025 को उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। इस निर्णय के अनुसार कक्षा आठ तक पढ़ाने वाले सभी सेवारत शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) अनिवार्य कर दी गई है, चाहे उनकी नियुक्ति की तिथि कुछ भी रही हो। महासंघ ने कहा कि यह निर्णय देशभर के लाखों शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और आजीविका को संकट में डाल देगा।

एबीआरएसएम ने स्पष्ट किया कि आरटीई अधिनियम 2009 एवं एनसीटीई की अधिसूचना 23 अगस्त 2010 के अनुसार दो अलग-अलग श्रेणियाँ मान्य थीं– 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक, जिन्हें योग्य माना गया और टीईटी से छूट दी गई, तथा 2010 के बाद नियुक्त शिक्षक, जिन्हें एक निश्चित अवधि में टीईटी उत्तीर्ण करना आवश्यक था। न्यायालय के इस निर्णय ने इस अंतर को नकार दिया है, जिससे 2010 से पूर्व वैध रूप से नियुक्त शिक्षकों की सेवाएँ भी असुरक्षित हो गई हैं।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रामवीर शर्मा ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को लम्बे समय से संभाल रहे अनुभवी शिक्षकों पर अचानक टीईटी की अनिवार्यता थोपना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि शिक्षा की निरंतरता और गुणवत्ता को भी प्रभावित करेगा। सरकार को चाहिए कि वह इस आदेश को केवल भविष्य की नियुक्तियों पर लागू करे।

फरीदाबाद इकाई के जिला अध्यक्ष देवेंद्र गौड़ ने कहा कि इस निर्णय से देशभर के 20 लाख से अधिक शिक्षक प्रभावित होंगे। वैधानिक प्रक्रिया से नियुक्त हुए शिक्षकों की सेवा असुरक्षित हो जाएगी, जिससे उनका मनोबल टूटेगा और शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

# अधिकारियों को तीव्रता से करना होगा जनता की समस्याओं का समाधान : डॉ. संजय

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 15 सितंबर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश भर में सप्ताह में दो दिन आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में सोमवार को जिला सचिवालय में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि हर अधिकारी को जिम्मेदारी से शिकायतों का निस्तारण करना चाहिए। पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस विभाग की ज्यादा जिम्मेदारी है।

जो भी शिकायतें आम नागरिक द्वारा दी जाती है उन पर शीघ्रता से अधिकारियों को संज्ञान लेना चाहिए। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से जो शिकायतें नागरिकों द्वारा आती हैं उनको अच्छी तरह से सुनकर उन पर तीव्रता से कार्य करना चाहिए। जनता समाधान शिविर में पुलिस, पेंशन, क्रीड विभाग से जुड़ी 30 समस्याएं पहुंची निगम संयुक्त आयुक्त ने अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

प्रार्थी वासी नूरपुर मंगला ने नूरपुर मंगल से पसीना वाली सड़क को ठीक करने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया उन्होंने सड़क की स्थिति पर भी प्रकाश डाला। प्रार्थी यशपाल ने सामान्य अस्पताल में मरीज को रेफर करने को लेकर पारदर्शिता बरतने से संबंधित प्रशासन से प्रार्थना की।

**बैठक** — मोहम्मद इमरान रजा ने वीसी के माध्यम से सीईओ को अवगत कराई रिपोर्ट

# मतदाता सूचियों का होगा पुनः गहन निरीक्षण : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद 15 सितंबर।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने सोमवार को चंडीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से उपायुक्तों व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मतदाताओं की सूची व अन्य बिंदुओं बारे विस्तार से समीक्षा की।

वीसी की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक पार्टियों के साथ समय - समय पर बैठक होने बारे, बीएलओ के कार्ड वितरित किए जाने बारे, सौ वर्ष से आयु से अधिक के मतदाताओं की वेरिफिकेशन करने बारे, बीएलओज की नियुक्ति बारे व वर्ष 2002 में दर्ज मतदाताओं की संख्या के तहत वर्तमान में कितने मतदाता सूची में दर्ज है उस बारे समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला में पांच विधानसभा क्षेत्र है, जिनमें जींद, जुलाना, नरवाना, उचाना व सफीदों शामिल है। उन्होंने बताया कि 100 वर्ष आयु से अधिक वाले मतदाताओं की वेरिफिकेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। समय- समय पर बीएलओज को चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदयातों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। बैठक में एडीसी विवेक आर्य, जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान, जुलाना के एसडीएम हो

# बलदेव बने सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अम्बाला/शाहाबाद मारकंडा।** हरियाणा सरकार द्वारा नगर पालिका के पूर्व प्रधान बलदेवराज चावला को सीएम विंडो एमिनैंट सदस्य नियुक्त किया गया है। बलदेव राज चावला ने अपनी नियुक्ति के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कुरुक्षेत्र जिला भाजपा अध्यक्ष तेजिंदर सिंह गोल्डी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष कलसाना का आभार व्यक्त किया है। बलदेव राज चावला ने कहा कि वह हरियाणा सरकार द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और जन-समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि इस जिम्मेदारी का सरोकार जनता से जुड़े मसलों व कार्यों से है, इसलिए यही प्रयास रहे कि जनता को अपने काम के लिए किसी तरह की परेशानी न हो और जो भी व्यक्ति काम के लिए आए वह कार्य निष्पक्ष ढंग से हो।

बलदेव राज चावला की नियुक्ति पर राजेश चावला, ऋषि चावला, राज सतीजा, ऋषि गंभीर, अशोक भसीन, जतीन पोपली सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।




# विकास के लिए सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी : परनीत

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** भाजपा नेता हरजीत सिंह मिंटा ने राजपुरा में हुई बैठक के दौरान डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विकास और भविष्य की संभावनाओं पर आज केंद्रीय मंत्री रक्षाशा खडसे और महारानी परनीत कौर की चर्चा की। इस बैठक में भारत सरकार की केंद्रीय राज्य मंत्री (युवा मामले एवं खेल) रक्षाशा खडसे और पूर्व विदेश राज्य मंत्री एवं पटियाला से पूर्व सांसद महारानी परनीत कौर ने शिरकत की।



बैठक राजपुरा स्थित प्रसिद्ध मयूर सिमरन ढाबा में हुई, जहां सभी नेताओं ने एक साथ दोपहर का भोजन किया। इस मौके पर भाजपा नेता हरजीत सिंह मिंटा ने विधानसभा क्षेत्र डेरा बस्सी क्षेत्र की जरूरतों, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। केंद्रीय मंत्री रक्षाशा खडसे ने खेल और युवाओं के उत्थान के लिए केंद्र सरकार की चल रही योजनाओं की जानकारी दी और भरोसा दिलाया कि डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में भी इन योजनाओं को लागू किया जाएगा। वहीं, महारानी परनीत कौर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि विकास के लिए सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी हैं। बैठक के दौरान क्षेत्र की मौजूदा परिस्थितियों और भविष्य की योजनाओं को लेकर खुलकर विचार-विमर्श हुआ। इस मौके पर भाजपा के बहुत सारे नेता वह कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा ढाबा मालिक और पुराने मित्र महिंदर कुमार पप्पू भी मौजूद रहे, जिन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया और विशेष भोजन की व्यवस्था की।

खुशनुमा माहौल, सौहार्दपूर्ण बातचीत और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ यह मुलाकात सभी के लिए यादगार बन गई। भाजपा नेता हरजीत सिंह मिंटा व अन्य नेताओं का मानना है कि इस तरह के संपर्क न सिर्फ जनता से जुड़ाव को मजबूत करते हैं, बल्कि भविष्य में विकास की नई राहें भी खोलते हैं।

# जीएमआरएल शीघ्र ही संभालेगा रैपिड मेट्रो संचालन

**चंडीगढ़, 15 सितम्बर।** हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचएमआरटीसी) ने गुरुग्राम रैपिड मेट्रो प्रणाली को दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) से गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जब तक गुरुग्राम रैपिड मेट्रो की पूरी जिम्मेदारी जीएमआरएल को नहीं सौंप दी जाती, तब तक इसका संचालन और रखरखाव डीएमआरसी तथा जीएमआरएल द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस हस्तांतरण को सुचारू बनाने के लिए संयुक्त समितियों का गठन किया गया है तथा संदर्भ की शर्तें (टीओआर) तय कर दी गई हैं। इसके लिए एक व्यापक कार्यप्रणाली और निश्चित समय-सीमा को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# सीआईएसएफ ने आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की पहल एमपावर के साथ समझौता ज्ञापन को 3 साल के लिए बढ़ाया

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय कांसल नयागांव में उप. महानिरीक्षक, श्री अजय दहिया आईएनटी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट (एबीईटी) के अंतर्गत आने वाले मानसिक स्वास्थ्य सामाजिक उद्यम एमपावर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए, जिससे इसे तीन साल के लिए और बढ़ा दिया गया।



यह विस्तार श्रीमती नीरजा बिड़ला द्वारा स्थापित सीआईएसएफ और एमपावर द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की गई एक अग्रणी मानसिक स्वास्थ्य पहल, प्रोजेक्ट मन के सफल कार्यान्वयन के बाद हुआ है। कार्यक्रम के दौरान, एमपावर की अध्यक्ष श्रीमती परवीन शेख और संरक्षिका की उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा सेंथिल ने औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रोजेक्ट मन के लिए प्रारंभिक समझौता ज्ञापन पर सीआईएसएफ ने एमपावर के साथ नवंबर 2024 में एक वर्ष के लिए हस्ताक्षर किए थे। पिछले लगभग एक वर्ष के दौरान, 75,000 से अधिक सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों को पेशेवर सेवाओं का लाभ मिला है। सीआईएसएफ में आत्महत्या की दर 2024 और 2025 में राष्ट्रीय औसत से कम हो गई है। वर्तमान में 13 सीआईएसएफ क्षेत्रों में 23 एमपावर परामर्शदाताओं/नैदानिक मनोवैज्ञानिकों द्वारा सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। समझौता ज्ञापन के विस्तार के साथ, परामर्शदाताओं की संख्या बढ़कर 30 हो जाएगी, और पटना, अहमदाबाद, प्रयागराज, भोपाल/इंदौर, जम्मू, चंडीगढ़, जयपुर और कोचीन सहित अन्य स्थानों पर सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

# नगर निगम आयुक्त की गैर-मौजूदगी में उस जिले का उपयुक्त होगा लिंक अधिकारी

**चंडीगढ़, 15 सितम्बर।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में नगर निगमों का सुचारू कार्य संचालन सुनिश्चित करने के मकसद से संबंधित जिले के उपायुक्त को उस नगर निगम आयुक्त का लिंक अधिकारी नामित किया है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार, यदि स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति, अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे अथवा चुनावी कार्य के कारण किसी नगर निगम आयुक्त का पद रिक्त रहता है, तो संबंधित जिले का उपायुक्त उस नगर निगम आयुक्त का कामकाज देखेगा।

## पेज 1 का शेष...

### श्रद्धालुओं को पाकिस्तान...

मुख्यमंत्री ने अफसोस जताया कि जब क्रिकेट बोर्ड अमित शाह के बेटे के हाथों में है, तब पाकिस्तान के साथ अचानक मैच करवाना भारत सरकार की मजबूरी थी। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि पाकिस्तान के भारत विरोधी रवैये को देखते हुए यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसे मैचों से मिलने वाले पैसे का पाकिस्तान क्या करेगा। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में, इससे पाकिस्तान को फायदा होगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अगर भारत, पाकिस्तान के साथ मैच खेल सकता है, तो श्रद्धालु श्री करतारपुर साहिब और श्री ननकाना साहिब माथा टेकने क्यों नहीं जा सकते।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जब अफगानिस्तान में भूकंप आया, तब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने वहां तुरंत मदद भेज दी। उन्होंने कहा कि अब जब पंजाब बाढ़ के कारण तबाही का सामना कर रहा है, तब भाजपा की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पंजाब के जायज फंड भी रोक दिए हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भाजपा लगातार पंजाब और पंजाबियों के साथ भेदभाव करती आ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपए भी जारी नहीं किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल तक पंजाब के भाजपा नेता राज्य सरकार के खिलाफ निराधार सवाल उठाते रहे। उन्होंने जाखड़ और बिट्टू को चुनौती दी कि वे बताएं कि जब क्रिकेट मैच की अनुमति दी जा सकती है, तो जत्थे श्री करतारपुर साहिब क्यों नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि करतारपुर साहिब वह पवित्र स्थान है, जहां श्री गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन के आखिरी साल बिताए, जबकि श्री ननकाना साहिब में गुरु साहिब का जन्म हुआ था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि हमारे लिए यह मुद्दे सियासत या कारोबार नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं से जुड़े हैं, क्योंकि ये दोनों स्थान पंजाबियों की आस्था के बड़े केंद्र हैं। दर्शन करना चाहते हैं और कहा कि श्रद्धालुओं को इन पवित्र स्थानों पर जाने से रोकना न केवल अन्याय है, बल्कि यह लाखों सिखों की धार्मिक भावनाओं को भी गहरी ठेस पहुंचाता है। भगवंत सिंह मान ने सवाल किया कि क्या अमित शाह का बेटा सरकार के लिए लाखों सिख संगतों से ज्यादा महत्वपूर्ण है? उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि राजनीति इंतजार कर सकती है, क्रिकेट इंतजार कर सकता है, लेकिन श्रद्धा इंतजार नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि चढ़ते और लहिंदे पंजाब के बीच भाईचारे और सांस्कृतिक साझा है, लेकिन ये नेता अपनी घटिया साजिशों से इसे कमजोर करने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज मोदी देश के प्रधानमंत्री इसलिए हैं क्योंकि पंजाबियों ने विदेशी साम्राज्यवाद की गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में महान बलिदान दिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में पंजाब का बड़ा योगदान है और मोदी और उनके समूह के निजी हितों के लिए ऐसी चयनात्मक अनुमतियों और प्रतिबंधों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# म्यूजिकल इवेंट में पहुंचेंगी एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि : रंजू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चण्डीगढ़।** स्वर कोकिला सुश्री लता मंगेशकर की जयंती पर बसंत गिरिजा श्री सोसायटी द्वारा टैगोर थियेटर, सेक्टर 18 में जिंदगी हर कदम इक नई जंग है, जीत जाएंगे हम सुरीला सफर-23 का संगीतमय शाम का आयोजन 20 सितंबर को शाम 4.30 बजे से होगा।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सोसायटी की संस्थापक रंजू प्रसाद, भारतीय डाक सेवा अधिकारी, (सेवानिवृत) एवं उनके पति डॉ. एसएस प्रसाद, (आईएएस) अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा, गृह विभाग,(सेवानिवृत ) ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि इस कार्यक्रम को ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय जवानों को भी समर्पित किया गया है। बसंत गिरिजा श्री सोसायटी लगभग 20 वर्षों से कार्यरत है। उन्होंने बताया कि सोसायटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सुरमई शाम का आयोजन हो रहा है जिसमें स्वर्गीय लता मंगेशकर के गीतों को इस बार कार्यक्रम में गुनगुनाया जाएगा, जिसमें कई राज्यों एवं ट्राईसिटी के लगभग 100 गायक भाग लेंगे जिसमें से लगभग 50 गायक सीनियर सिटीजन संस्था के सदस्य भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि हर कार्यक्रम में किसी बॉलीवुड चेहरे को भी भव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाता है, ताकि शहर के लोग भी उनसे मिल सकें। ऐसे में इस बार एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि को इस कार्यक्रम आमंत्रित किया गया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्याम सिंह राणा कृषि मंत्री हरियाणा और कृष्ण कुमार बेदी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री हरियाणा और मुख्य अतिथि डॉ. आरसी मिश्रा आईपीएस (सेवानिवृत )अध्यक्ष एचपीसीए, सोनम छेवांग, सीनियर डिवीजन मैनेजर, एलआईसी, चंडीगढ़, अजय मितल, भाजपा जिला अध्यक्ष पंचकूला, प्रीति गोयल, जिया डायमंड्स, रजनी थरेजा, गुरुकुल स्कूल, पीएस गुप्ता, सेवानिवृत एसएओ और मोहित बंसल, सीईओ, जीएमआई उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम की शुरुआत गणेश श्लोक से होगी। उसके बाद डॉ. एसएस प्रसाद और रंजू प्रसाद, वेद, रमेश अनेजा तरसेम राज, आरसी दास बबीता,सुरिंदर कक्कड़, नरेश सैनी, सुनील छाबड़ा, सोनिया पांचाल, नीना भाटिया, संजीव कौरा, याशी, डॉ. प्रदीप भारद्वाज अनीता रतन, कुलदीप, पंकज वर्मा भी गीत प्रस्तुत करेंगे।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)


## आईएएस पूजा खेडकर और उनकी मां पर अपहरण का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। नौकरी से हटाई गई आईएएस पूजा खेडकर एक नई मुसीबत में फंस गई हैं। उन पर और उनकी मां पर एक ट्रक ड्राइवर को अगवा कर अपने घर में छिपाने का आरोप लगा है। यह मामला तब सामने आया जब ड्राइवर ने अपने मिक्सर ट्रक से एक कार को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, इस घटना के बाद कार में सवार दो लोगों ने ड्राइवर प्रहलाद कुमार को जबरदस्ती अपनी कार में बैठकर लेकर चले गए। पुलिस ने जब कार का पता लगाया, तब वह पूजा खेडकर के पुणे स्थित चतुश्रृंगी घर में मिली। पुलिस ने वहां से अपहृत ड्राइवर को सुरक्षित बचाया।

पुलिस के मुताबिक, इस दौरान पूजा की मां मनोरमा खेडकर ने पुलिस का विरोध कर दरवाजा खोलने से मना कर दिया। उन्होंने पुलिस के काम में बाधा डालने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने मनोरमा खेडकर को पूछताछ के लिए बुलाया है। यह पहला मामला नहीं है जब उनकी मां विवादों में फंसी हैं। पिछले साल भी एक जमीन विवाद के दौरान उनका बंदूक लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

## मांझी ने बढ़ाया टेंशन कहा– 15 नहीं मिलीं तो 100 सीटों पर अकेले लड़ेंगे चुनाव

पटना (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए की सहयोगी, केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने एक बार फिर से बड़ा बयान दिया है। उन्होने कहा कि अगर उन्हें 15 सीटें नहीं मिली तो अकेले ही उनकी पार्टी 100 सीटों पर चुनाव लड़ जाएगी। बिहार की हर विधानसभा सीट पर हमारी पार्टी (हम) के 10 से 15 हजार वोटर हैं। ऐसे में हम लोगों को 15 सीटें मिलें। बता दें एनडीए में बीजेपी, जेडीयू, चिराग पासवान की लोजपा–आर, जीतनराम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम शामिल है। मांझी ने कहा कि इस बार उनकी पार्टी का लक्ष्य हर हाल में मान्यता प्राप्त दल बनना है। इसके लिए पार्टी की कम से कम आठ सीटों



पर जीत हासिल हो और कुल मतों का 6 फीसदी वोट मिले। ये तभी संभव है, जब हमें 15 सीटें दी जाएं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पार्टी को बने दस साल हो गए हैं और अब तक निबंधित पार्टी बने रहना उनके लिए अपमानजनक है। ये बातें जीतन मांझी ने बोधगया में मीडिया से बातचीत के दौरान कही। जीतन राम मांझी की इस बड़ी डिमांड के बाद एनडीए के अहम सहयोगी बीजेपी और जेडीयू पर प्रेशर बन गया है। सीट बंटवारे से पहले ही मांझी ने अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। इससे पहले उन्होने दावा करते हुए कहा था कि उनकी पार्टी को 20 से 40 सीटें मिलनी चाहिए। और अब 15 सीट पर अड़े है।

## अवैध ऑनलाइन बेटिंग मामले में उर्वशी और मिमी से ईडी की पूछताछ

नई दिल्ली (एजेंसी)। अवैध ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और टीएमसी की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती को ईडी ने समन भेजा है। ईडी ने मिमी चक्रवर्ती को दिल्ली मुख्यालय में पेश होने का आदेश दिया। दोनों से एजेंसी उनके वित्तीय लेन–देन और बैंक खातों से जुड़े पहलुओं पर पूछताछ करेगी। ईडी यह जानना चाहती है कि उन्हें इस सट्टेबाजी ऐप के प्रचार के बदले भुगतान कहां से और किस माध्यम से मिला। इससे पहले भी कई हाई–प्रोफाइल हस्तियों से पूछताछ हो चुकी है। जून 2025 में ईडी ने पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, युवराज सिंह, सुरेश रैना, अभिनेता सोनू सूद और उर्वशी रौतेला को ऐप्स के प्रमोशन को लेकर बुलाया गया था। हाल ही में शिखर धवन ने 4 सितंबर को ईडी के सामने पेश होकर प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अपना बयान दर्ज कराया। अगस्त में सुरेश रैना से भी पूछताछ की गई थी। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ईडी इस पूरे अवैध बेटिंग सिंडिकेट से जुड़े और लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। आने वाले दिनों में और भी नाम सामने आ सकते हैं। एजेंसी का लक्ष्य इस नेटवर्क को जड़ से खत्म करना और इसमें शामिल सभी लोगों को कानून के दायरे में लाना है।

## भूकंप के आने के बाद भी नहीं डरीं ड्यूटी पर तैनात नर्सें... नवजात बच्चों को संभालने में जुटी

**-वीडियो सामने आने पर लोग कर रहे तारीफ**

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के नौगांव सहित कई जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। धरती हिली लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। नौगांव के हॉस्पिटल में ड्यूटी पर तैनात नर्सों ने लेकिन इस दौरान गजब की हिम्मत दिखाई। वे झटकों के बीच वॉर्ड में भर्ती नवजात बच्चों को संभालने में जुट गई। उन्होंने समझदारी दिखाकर उन मशीनों को थामे रखा, जिस पर बच्चे थे। जब यह वीडियो सामने आया, तब लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि नॉर्थ ईस्ट सिसेमिक जोन का हिस्सा है और यहां अक्सर भूपंक के झटके आते हैं। असम में रविवार दोपहर 4.41 बजे 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों के अलावा पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में महसूस हुए। इसका केंद्र असम के उदलगुरी जिले में 5 किमी की गहराई पर था। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि भूकंप का केंद्र उदलगुरी के पास था। अभी तक किसी बड़े नुकसान या जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। हम स्थिति पर सक्रिय रूप से नजर रख रहे हैं। रिपोर्टस के अनुसार, भूकंप आते ही गुवाहाटी में लोग घरों से बाहर निकल गए। नौगांव के हॉस्पिटल में दो नर्स भी बच्चों के वॉर्ड में ड्यूटी कर रही थी। जब उन्हें भूकंप महसूस हुआ वह तुरंत नवजात बच्चों के पास चली गईं और यह ख्याल रखा कि वह वेंटिलेटर से नहीं गिरे।

# शासन की प्रक्रिया में पहली बार युवाओं को मिल रही भागीदारी: रेखा गुप्ता

**–मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लॉन्च किया सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम, अगले तीन महीने सरकार के साथ काम करेंगे 87 युवा**



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में नवगठित बीजेपी सरकार के साथ जुड़कर काम करना व सीखने वाले युवाओं के लिए सरकार ने इंटर्नशिप कार्यक्रम को लॉन्च किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज 'विकसित भारत मुख्यमंत्री इंटर्नशिप प्रोग्राम' का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली के युवाओं को दिल्ली सरकार के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। यह इंटर्नशिप युवाओं को शासन की चुनौतियों से परिचित कराएगी और उन्हें समाधानकारी सोच विकसित करने का मंच देगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि, 'आज से विकसित भारत सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम का शुभारंभ हो रहा है। ग्रेजुएशन और पोस्ट-ग्रेजुएशन कर रहे 87 युवाओं को दिल्ली सरकार के साथ काम करने के लिए चुना गया है। आने वाले 3 महीने तक ये युवा हमारी सरकार की नीतियों और परियोजनाओं के साथ प्रत्यक्ष रूप से जुड़े रहेंगे। यह पहली बार है जब शासन की प्रक्रिया में युवा माइंड्स को इतनी सीधी भागीदारी दी जा रही है। विकसित भारत सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम भविष्य के नीति-निर्माताओं को तैयार करने और लोकतंत्र को और जीवंत बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है।'

### दिल्ली सरकार के साथ तीन महीने काम करने का मौका

मुख्यमंत्री का कहना है कि यह दिल्ली सरकार की ऐतिहासिक पहल है, जिससे युवाओं को राजधानी का भविष्य गढ़ने में अपनी भूमिका मजबूत करने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम के तहत होनहार युवाओं का चयन किया जाएगा, जो तीन महीनों तक दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों, वरिष्ठ अधिकारियों और जमीनी परियोजनाओं के साथ प्रत्यक्ष रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रामाणिक बनाया गया है, ताकि श्रेष्ठ युवा नेतृत्व सामने आए।

### इस तरह हुआ है चयन

सबसे पहले, ऑनलाइन आवेदन के तहत अभ्यर्थियों की सोच, नेतृत्व क्षमता, नागरिक दृष्टिकोण और प्रशासन की समझ को परखा गया। इसके बाद 2000 छात्रों में से चयनित अभ्यर्थियों को एक दिवसीय बूट कैंप में आमंत्रित किया गया था। जिसमें संवाद, कार्यशालाएं और अंतिम निबंध लेखन के जरिए युवा चुने गए।

### तीन महीने तक मिलेगा 20 हजार का मासिक मानदेय

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि हर इंटर्न को तीन महीने तक 20,000 रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा। दिल्ली सरकार का मानना है कि यह केवल इंटर्नशिप नहीं, बल्कि दिल्ली और देश के भविष्य का सह-निर्माण है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम तीन चरणों में युवाओं की यात्रा को आकार देगा। पहले चरण में उन्हें दिल्ली सरकार की संरचना, प्रशासन, नीति-निर्माण और सामाजिक समस्याओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

दूसरे चरण में वो सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में फील्डवर्क करेंगे, जहां लोगों से बातचीत कर समस्याएं पहचानेंगे और समाधान तैयार करेंगे। तीसरे चरण में विभागों में उनकी प्रतिनियुक्ति होगी, जहां वे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ काम करके 10 प्रमुख समस्याओं पर नीति-पत्र तैयार करेंगे, जिनमें से शीर्ष 2 पॉलिसी डाक्यूमेंट्स मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री के अनुसार इस कार्यक्रम का एक और महत्वपूर्ण उद्देश्य 'विकसित भारत एम्बेसडर' तैयार करना है। चयनित युवा भविष्य में अपने कॉलेजों, समुदायों और सोशल प्लेटफॉर्म्स पर विकसित दिल्ली की सोच और नीतियों को आगे बढ़ाएंगे। यह इंटर्नशिप युवाओं को शासन की चुनौतियों से परिचित कराएगी और उन्हें समाधान करने वाली सोच विकसित करने का मंच देगी। मुख्यमंत्री ने कहा हमारी सरकार का विश्वास है कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से युवा सिर्फ शासन को नजदीक से देखेंगे ही नहीं, बल्कि उसमें बदलाव लाने का अवसर भी पाएंगे। शहर का हर सपना, हर संघर्ष, हर उम्मीद इंटर्न्स की ऊर्जा से पूरी होगी।

## पाकिस्तान को फायदा पहुंचाने मैच खेला गया, लगा था करोड़ों का सट्टा : राउत

नई दिल्ली (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए मुकाबले को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ खेलना ही एक अपराध और देशद्रोह है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया है, लेकिन उन 25 महिलाओं की मांग का क्या जो मिटा दिया गया था? जब पाकिस्तान को घुसकर मारने का मौका था, तब बीजेपी की सरकार पीछे हट गई। राउत ने कहा कि क्रिकेट के मैदान पर रविवार को जो हुआ क्या वह फिक्स मैच था। उस मैच पर डेढ़ लाख करोड़ रुपए का सट्टा लगा था, इसमें पाकिस्तान को भी उसका हिस्सा



मिला होगा। कल के मैच की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को कम से कम एक हजार करोड़ रुपए मिले होंगे। राउत ने कहा कि आप पाकिस्तान को हमारी महिलाओं की मांग मिटाने के लिए सक्षम बना रहे हैं। पाकिस्तान जीता या हारा, इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। कुल मिलाकर मैच में डेढ़ लाख करोड़ का सट्टा खेला गया। सब कुछ पहले से फिक्स करके ये मैच खेला गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान को फायदा पहुंचाने के लिए यह मैच खेला गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए सांसद राउत ने सवाल किया कि क्या शाह को ये सब नहीं पता है, क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड को ये नहीं पता चला। भारतीय टीम की मैच खेलने की इच्छा नहीं थी, फिर भी सरकार ने उन्हें खेलने पर मजबूर किया। अगर सरकार ने खेलने की अनुमति नहीं दी होती तो टीम मैदान में नहीं उतरती। वहीं राउत ने शिंदे गुट (शिवसेना) पर निशाना साधते हुए कहा कि बाला साहेब ठाकरे की तस्वीर लगाना बंद करो। बाला साहेब ठाकरे ने भारत-पाकिस्तान मैच का विरोध किया था। क्या आप लोगों को इस बारे में नहीं पता है? संजय राउत ने देवेंद्र फडणवीस और शरद पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रवाद पर भाषण देना और पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना यही भारत के कई नेताओं ने किया है।

## वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत : केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू

**–सपा प्रमुख बोले– बीजेपी हटेगी तभी संविधान बचेगा, आरक्षण बचेगा**

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का स्वागत किया है। यह फैसला हमारे संसदीय लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इंकार किया है, लेकिन इसकी संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय दिखाता है कि वह संसद के अधिकार का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि कोई संसद के अधिकार को चुनौती नहीं दे सकता, बल्कि कानून के कुछ विशिष्ट प्रावधानों को चुनौती दी जा सकती है। उन्होंने इस फैसले को भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और हमारी संस्थाओं, खासकर न्यायपालिका, में लोगों के विश्वास का प्रतीक बताया। रिजिजू ने ज़ोर देकर कहा कि संशोधित कानून का लक्ष्य गरीब मुसलमानों, खासकर महिलाओं, बच्चों और अनाथों को सीधे लाभ पहुँचाना है। इससे वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार उन प्रावधानों पर विचार करेगी, जिन पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है, और नियमों की समीक्षा करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूरे वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर रोक लगाने से मना कर दिया, लेकिन अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि संशोधित अधिनियम की कुछ धाराओं को संरक्षण की आवश्यकता है। अंतरिम आदेश पारित करते हुए, पीठ ने अधिनियम के उस प्रावधान पर रोक लगा दी जिसके तहत वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति को पाँच साल तक इस्लाम का अनुयायी होना आवश्यक था।

# मानसून की राजस्थान से विदाई, मुंबई की सड़कें पानी-पानी; यूपी और तेलंगाना में बाढ़ से हाहाकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में मानसून अब विदाई की ओर है, लेकिन कई राज्यों में अभी भी भारी बारिश और बाढ़ का कहर जारी है। एक तरफ जहां राजस्थान से मानसून की विदाई तीन दिन पहले 14 सितंबर से शुरु हो गई तो वहीं दूसरी तरफ यूपी और तेलंगाना में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। मुंबई में रात से ही बारिश शुरु हो गई, जिस कारण सोमवार सुबह कई सड़कों में पानी भर गया।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा दी गई जानकारी अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी पश्चिमी राजस्थान से तय समय से तीन दिन पहले ही 14 सितंबर को शुरू हो गई है। आमतौर पर मानसून 17 सितंबर से लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक देश से पूरी तरह विदा हो जाता है। यहां मौसम विभाग ने मुंबई में अगले तीन घंटों के लिए रेड अलर्ट जारी किया था। यहां तेज बारिश के साथ 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान लगाया गया। यहां रविवार रात को भारी बारिश के कारण सोमवार सुबह से ही सेंट्रल रेलवे की मेन और हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेनें करीब



10 मिनट की देरी से चल रही हैं। नवी मुंबई में भी कई सड़कों पर पानी भर गया है।

### यूपी के उन्नाव में 80 गांव जलमग्न

जानकारी अनुसार उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में गंगा के उफान से 80 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। हालत यह है कि गांवों में सड़कों पर नावें चल रही हैं। बाढ़ के चलते अधिकाशं क्षेत्रों में जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों ने सुरक्षित स्थलों का रुख किया है, शासन-प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं।

### मणिपुर और तेलंगाना में बाढ़-लैंडस्लाइड

मणिपुर में रविवार को हुई भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। वहीं, हैदराबाद में मूसलधार बारिश के बाद अफजलसागर इलाके में दो लोगों के बह जाने की आशंका है, जबकि एक और व्यक्ति लापता है। आईएमडी ने तेलंगाना के हैदराबाद, निजामाबाद, महबूबनगर समेत कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब में नुकसान

उत्तराखंड और तेलंगाना में भी रविवार को जोरदार बारिश दर्ज की गई। हिमाचल प्रदेश में इस मॉनसून सीजन में बारिश और भूस्खलन से अब तक 404 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, पंजाब में बारिश और बाढ़ से लगभग 14,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

### मानसून का पैटर्न

आईएमडी के मुताबिक, इस बार मानसून ने 24 मई को केरल में दस्तक दी थी, जो 2009 के बाद से सबसे जल्दी आगमन था। 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लिया गया था, जो सामान्य तिथि से नौ दिन पहले है। अब वापसी भी समय से पहले शुरू हो गई है। इस सीजन में देश में औसतन 836.2 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य बारिश (778.6 मिमी) से सात प्रतिशत अधिक है।

# कश्मीर से दिल्ली तक पहली बार मालवाहक पार्सल ट्रेन चली, उपराज्यपाल सिन्हा ने दिखाई हरी झंडी

**–घाटी के बागवानों और कारोबारियों को बड़ी राहत, अगले ही दिन पहुंचेगा माल**

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले से सोमवार को पहली बार मालवाहक पार्सल ट्रेन दिल्ली के लिए रवाना हुई। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नौगाम रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। इस सेवा की शुरुआत से घाटी के बागवानों और कारोबारियों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि अब फलों जैसे जल्दी खराब होने वाले उत्पाद सीधे और तेज़ी से देश के प्रमुख बाजारों तक पहुंच सकेंगे।



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मालवाहक पार्सल ट्रेन को रवाना कर कहा कि मालगाड़ी सेवा कश्मीर की अर्थव्यवस्था के लिए एक नई ताकत साबित होगी। इससे बागवानी और कृषि उत्पादकों को देशभर के बाजारों तक पहुंचने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि रेल नेटवर्क के जरिए घाटी को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। यह पार्सल ट्रेन प्रतिदिन 23 से 24 टन सेब और अन्य नाशवान सामान दिल्ली ले जाएगी। खास बात यह है कि बडगाम से रवाना होकर ट्रेन अगले ही दिन दिल्ली पहुंच जाएगी। इससे उत्पादकों को समय और परिवहन लागत दोनों में बचत होगी। अब तक कश्मीर से माल ढुलाई के लिए मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन खराब मौसम, बर्फबारी और भूस्खलन के चलते हाईवे लंबे समय तक बंद हो जाता था, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। इस नई रेल सेवा से अब इन बाधाओं से राहत मिलेगी और परिवहन का भरोसेमंद विकल्प उपलब्ध होगा।

स्थानीय व्यापारियों और किसानों ने भी इस पहल का स्वागत किया। उनका कहना है कि इससे न केवल समय पर माल पहुंच पाएगा, बल्कि ताजगी और गुणवत्ता भी बनी रहेगी। बदलते कश्मीर की यह तस्वीर न सिर्फ राज्य की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान देगी बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

# चुनाव आयोग को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शिकायतों पर ध्यान देना चाहिए: एसवाई कुरैशी

**विपक्ष के साथ आयोग के व्यवहार को लेकर उन्होंने चिंता जाहिर की**

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एसवाई कुरैशी ने चुनाव आयोग की तीखी आलोचना कर कहा कि चुनाव आयोग को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'वोट चोरी' संबंधी आरोपों की जांच करनी चाहिए थी, न कि उनके खिलाफ 'आपत्तिजनक और अपमानजनक' भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए था।



पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुरैशी ने मीडिया हाऊस को दिए इंटरव्यू में कहा कि राहुल गांधी ने आरोप लगाते समय कई राजनीतिक शब्दों का इस्तेमाल किया था जैसे 'हाइड्रोजन बम' लेकिन यह महज 'राजनीतिक बयानबाजी' है। इसके बावजूद उन्होंने जो गंभीर शिकायतें उठाई हैं, उनके द्वारा उठाई गई शिकायतों की विस्तार से जांच होनी चाहिए थी।

कुरैशी ने बिहार में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की प्रक्रिया की आलोचना कर कहा कि इससे आयोग ने 'भानुमती का पिटारा' खोल दिया है और 'मधुमक्खी के छत्ते' में हाथ डाल दिया है, जिससे खुद संस्था की साख को नुकसान होगा। कुरैशी ने कहा कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष होने के साथ-साथ निष्पक्ष दिखना भी जरूरी है।

कुरैशी ने कहा कि राहुल विपक्ष के नेता हैं और करोड़ों लोगों की आवाज उठाते हैं। इसके बाद चुनाव आयोग को उनसे 'शपथपत्र दीजिए, वरना कार्रवाई होगी' जैसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। उन्होंने इस बयानबाजी को चुनाव आयोग की गरिमा के खिलाफ बताकर कहा कि सामान्य प्रक्रिया शिकायत पर जांच करवाने की होती है, डराने की नहीं।

उन्होंने एसआईआर को खतरनाक कदम बताया। उनके अनुसार 3 दशक में जो काम धीरे-धीरे हुआ था, उसे कुछ महीनों में बदलने की कोशिश गलत है और इससे विवाद और बढ़ेगा उन्होंने मतदाता पहचान पत्र (एपिक) को दस्तावेजों की सूची से बाहर करने को भी गंभीर चूक बताकर कहा कि यह आयोग की अपनी ही पहचान है जिसे नकारने से लोकतंत्र पर असर पड़ेगा।

कुरैशी विपक्ष के साथ आयोग के व्यवहार को लेकर उन्होंने चिंता जाहिर की है। उनका कहना था कि विपक्ष को सुनना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है, लेकिन आज हालात यह हैं कि 23 दलों को कहना पड़ा कि उन्हें आयोग से मिलने का समय नहीं मिल रहा। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है।

# कर्नाटक में कांग्रेस का नया दांव: लिंगायतों को बताया अलग धर्म, सियासी जंग तय...

बेंगलुरु (एजेंसी)। यहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री बनने की आस लगाए बैठे हैं, लेकिन उनका नंबर नहीं आ रहा है। कांग्रेस की आपसी जंग शांत होती इससे पहले यहां के एक मंत्री ने नया दांव चलते हुए लिंगायतों को हिंदुओं से अलग समुदाय होने दावा कर दिया है। इससे राज्य में सियासी जंग छिड़ना स्वाभाविक है। कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार में वन मंत्री ईश्वर खांड्रे ने हाल ही में वीरशैव-लिंगायत महासभा की ओर से बोलते हुए कहा कि समुदाय के सदस्यों को धर्म वाले कॉलम में अन्य चुनना चाहिए और खुद को वीरशैव-लिंगायत के रूप में पहचान बतानी चाहिए। उन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि उन्हें जाति वाले कॉलम में लिंगायत या वीरशैव और तीसरे कॉलम में अपनी उपजाति लिखनी होगी।

विपक्षी भाजपा के लिंगायत नेताओं ने उनके इस सुझाव की निंदा की है और इसे कांग्रेस पार्टी की हिंदू वोटों को विभाजित करने और भाजपा के आधार को कमज़ोर करने के लिए जाति सर्वेक्षण का इस्तेमाल करने की रणनीति के रूप में देखा है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और हावेरी के भाजपा सांसद बसवराज बोम्मई ने आरोप लगाया है कि वीरशैव लिंगायत महासभा पूरी तरह से कांग्रेस के साथ जुड़ गई है। उन्होंने कहा, महासभा से मेरा अनुरोध है कि वह कानून और संविधान के अनुसार सलाह दे।

बता दें कि लिंगायत खुद को हिन्दू धर्म का अनुयायी नहीं मानते हैं और एक अलग धर्म का दर्जा चाहते हैं, हालाँकि उन्हें आधिकारिक तौर पर वीरशैव लिंगायत के रूप में हिन्दू उप-जाति में वर्गीकृत किया जाता है। लिंगायत संप्रदाय महात्मा बसवण्णा द्वारा 12वीं शताब्दी में स्थापित एक शैव मत है, जो शिव को एकमात्र देवता के रूप में पूजता है, मूर्ति पूजा नहीं करता और जाति प्रथा व वेदों का खंडन करता है। रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने आगे कहा, महासभा को भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए। संविधान में केवल छह धर्मों का उल्लेख है, इसलिए केवल उन्हीं धर्मों के नाम लिखे जाने चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री बोम्मई ने आरोप लगाया कि सिद्धारमैया जाति सर्वेक्षण का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने भी कहा कि पार्टी का रुख स्पष्ट है। हम हिंदू हैं और चाहते हैं कि इसे हमारे धर्म के रूप में उल्लेखित किया जाए। वीरशैव-लिंगायत का धर्म के रूप में कोई उल्लेख नहीं है।

### जातीय गणना बनेगी मुसीबत



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आगामी 22 सितंबर से राज्य में जातीय जनगणना कराने का फैसला लिया है लेकिन उनका यह फैसला उनकी पार्टी के लिए मुसीबत बनती जा रही है क्योंकि राज्य के प्रभावशाली लिंगायत समुदाय के लिए यह जनगणना उनकी धार्मिक पहचान के लिए एक बड़ी लड़ाई बन चुकी है। वैसे तो लिंगायत समुदाय जाति सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए तैयार है लेकिन समुदाय में इस बात को लेकर मतभेद है कि जाति गणना के सर्वे में लिंगायत समुदाय के सदस्यों को अपनी धार्मिक पहचान वीरशैव-लिंगायत के रूप में दर्ज करानी चाहिए या हिंदू के रूप में।

# 16-17 सितंबर को होने वाली बैठक में तय होगा सोने का भविष्य...गिरेगा या फिर और बढ़ेगा

**नई दिल्ली**

सोने की कीमतों पर अमेरिका की फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) की 16-17 सितंबर को होने वाली नीतिगत बैठक का गहरा असर पड़ने की उम्मीद है। बाजार और निवेशकों की नजर बैठक पर टिकी है क्योंकि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लेकर एक बड़ा फैसला ले सकता है। अगर फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कड़ा फैसला लेता है, यानी उन्हें बढ़ाता है, तब सोने की कीमतों में 30,000 से 35,000 तक की बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। पिछले चार हफ्तों में सोने की कीमतों में 10 प्रतिशत से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन फेड की बैठक से पहले निवेशक सतर्क हो गए हैं। वे ऊंचे स्तर पर नए सौदे करने से बच रहे हैं। क्योंकि अगर फेड की होने वाली बैठक में ब्याज दरों में बढ़ोत्तरी होती हैं तब सोने की कीमत में बड़ी गिरावट हो सकती है। ऐसा होने पर निवेशकों को भारी नुकसान उठना पड़ सकता है। हाल ही में सोने के दाम बढ़ने के कई कारण हैं, जिसमें वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव शामिल हैं। इन कारणों से सोने को एक सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। इस वजह से दुनियाभर के निवेशक पीली धातु में जमकर पैसा लगा रहे थे क्योंकि रुस-यूक्रेन जंग के बाद से दुनिया में जारी जंग और तनाव के मौहाल में सोना सबसे सुरक्षित निवेश बना हुआ है। वहीं बाजार जानकारों के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारतीय सोने पर लगाए गए 50 प्रतिशत आयात शुल्क ने भी कीमतों को बढ़ाने में भूमिका निभाई है। बाजार जानकार का कहना है कि अब सोने की दिशा पूरी तरह से फेड की बैठक के नतीजों पर निर्भर करेगी अगर फेड ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करता, तब सोने की चाल स्थिर रह सकती है। अगर फेड दरों में कटौती करता है, तब सोने की कीमतें और बढ़ सकती हैं।



# एनपीसीआई ने पी2एम लेन-देन करने यूपीआई सीमा 10 लाख रुपए प्रतिदिन की

**मुंबई**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) भुगतानों के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपए प्रतिदिन कर दिया है। यह नई सीमा सोमवार से लागू हो गई है। इस कदम का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में बड़े भुगतानों को सुगम बनाना और उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों में डिजिटल अपनाने को बढ़ावा देना है। हालांकि एनपीसीआई ने पर्सन-टू-पर्सन (पी2पी) सीमा को एक लाख रुपए प्रतिदिन पर बनाए रखा है।इससे पहले बड़े लेनदेन करने वाले यूजर्स को लिमिट का सामना करना पड़ता था, जिससे उन्हें भुगतान टुकड़ों में या चेक और बैंक ट्रांसफर जैसे पारंपरिक तरीकों पर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ता था। नए फ्रेमवर्क के तहत कैपिटल मार्केट और इंश्योरेंस पेमेंट के लिए प्रति लेनदेन सीमा दो लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी है, जबकि दैनिक सीमा 10 लाख रुपए है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस लेनदेन की सीमा एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए प्रति लेनदेन कर दी गई है। यात्रा बुकिंग, ऋण चुकाना और ईएमआई संग्रह के लिए प्रति लेनदेन सीमा भी एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी गई है।क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान के लिए भी एक ही लेनदेन में पांच लाख रुपए तक की अनुमति है, हालांकि 24 घंटे की सीमा 6 लाख रुपए तय की गई है। ऋण और ईएमआई के लिए यूजर्स अब प्रति लेनदेन पांच लाख रुपए का भुगतान कर सकते हैं।

# बीमा सेक्टर में 100 फीसदी एफडीआई का प्रस्ताव शीतकालीन सत्र में हो सकता है पेश

**नई दिल्ली**

वित्त मंत्रीमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बीमा सेक्टर में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला बीमा संशोधन विधेयक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है। संसद का शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के आखिर में शुरू होता है। बता दें वित्त मंत्री ने इस साल के बजट भाषण में नई पीढ़ी के फाइनैंशियल सेक्टर सुधारों के तहत बीमा सेक्टर में विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा के 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि यह बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए उपलब्ध होगी जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करती हैं। विदेशी निवेश से जुड़ी मौजूदा सुरक्षा और शर्तों की समीक्षा की जाएगी और उन्हें सरल बनाया जाएगा।अब तक बीमा सेक्टर ने एफडीआई के जरिए 82,000 करोड़ रुपए आकर्षित किए हैं। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें बीमा सेक्टर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाकर 100 फीसदी करना, चुकता पूंजी में कमी और एक समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है। एक व्यापक विधायी प्रक्रिया के तहत, जीवन बीमा निगम और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण में बीमा अधिनियम-1938 के साथ-साथ संशोधन किया जाएगा। एलआईसी अधिनियम में संशोधनों का प्रस्ताव है कि इसके बोर्ड को शाखा विस्तार और भर्ती जैसे परिचालन संबंधी निर्णय लेने का अधिकार दिया जाए।प्रस्तावित संशोधन मुख्य रूप से पॉलिसीधारकों के हितों को बढ़ावा देने, उनकी वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने और बीमा बाजार में ज्यादा कंपनियों के प्रवेश को सुगम बनाने पर केंद्रित हैं, जिससे आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। ऐसे बदलाव बीमा उद्योग की दक्षता बढ़ाने, कारोबार सुगमता और 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बीमा की पहुंच बढ़ाने में मदद करेंगे। 1938 का बीमा अधिनियम भारत में बीमा के लिए विधायी ढांचा प्रदान करने वाला प्रमुख अधिनियम है। यह बीमा कारोबार के कामकाज के लिए रूपरेखा प्रदान करता है और बीमाकर्ता, उसके पॉलिसीधारकों, शेयरधारकों और नियामक इरडा के बीच संबंधों को नियंत्रित करता है।

# नया प्रस्तावः दो दशक तक डेटा सेंटर डेवलपर्स को मिलेगी कर में छूट

**नई दिल्ली**

सरकारी नियम और गाइडलाइन को फॉलो करने वाले देश दुनिया के तमाम डेटा सेंटर डेवलपरों को दो दशक तक टैक्स में छूट देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। मसौदे के अनुसार इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय नए डेटा सेंटर के निर्माण, हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग के लिए उपकरणों और डेटा सेंटर में चलने वाले बिजली के अन्य सिस्टमों जैसी पूंजीगत संपत्तियों पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर इनपुट टैक्स क्रेडिट देने का अनुरोध वित्त मंत्रालय से कर सकता है। 2025 की डेटा सेंटर नीति के मसौदे के अनुसार कम से कम 100 मेगावाट क्षमता वाले डेटा सेंटर चलाने वाले या भारतीय कंपनियों से उन्हें पट्टे पर लेने वाली विदेशी कंपनियों को भी स्थायी प्रतिष्ठान का दर्जा दिया जा सकता है। इसके लिए जल्द ही दिशानिर्देश तैयार होने की उम्मीद है।मसौदे में प्रस्ताव है कि राज्यों को डेटा सेंटर का बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए औद्योगिक गलियारों, आईटी हब या विनिर्माण क्लस्टरों के पास जमीन मुहैया करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस जमीन पर भी ऐसे केंद्रों के लिए खास क्षेत्र तय किए जाएंगे। नई नीति के मसौदे में यह भी कहा गया है कि आईटी मंत्रालय को बिजली मंत्रालय, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया तथा अन्य प्रमुख सरकारी संस्थाओं के साथ तालमेल बिठाकर डेटा सेंटरों के लिए बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। उक्त अधिकारी ने कहा, बिजली की उपलब्धता डेटा सेंटरों की प्रमुख मांगों में है।

हमारे लिए जरूरी है कि नए डेटा सेंटरों को अक्षय ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। हमने नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और भंडारण के लिए समान दिशा निर्देश जैसे कुछ बदलाव प्रस्तावित किए हैं तथा डेटा सेंटर पार्कों के पास छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों को प्रोत्साहन देने का भी विचार है।

नई नीति में कहा गया है कि इसका लाभ लेने की पात्र कंपनियों को उसी शहर में या किसी नई जगह नया आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) डेवलपमेंट या मॉडलिंग सेंटर या ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापित करने का हौसला मिल सकता है। नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा, इससे महानगरों में ही नहीं बल्कि छोटे-मझोले शहरों और कस्बों में भी एआई तथा मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा जैसी उन्नत प्रौद्योगिकी में नया रोजगार आएगा।

# विदेशी संस्थागत निवेशक निकाल रहे भारत से पैसा....चीन और जापान में निवेश

**नई दिल्ली**

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआईएस) लगातार भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे हैं और बिकवाली का स्तर करीब रिकॉर्ड तक पहुंच गया है। जानकार का कहना है कि इसका बड़ा हिस्सा चीन और अन्य एशियाई बाजारों में जा रहा है, जहां वैल्यूएशन भारत की तुलना में सस्ता है और इस साल का प्रदर्शन भी बेहतर रहा है।विश्लेषकों के मुताबिक भारतीय बाजार को हमेशा प्रीमियम मिला है लेकिन हाल की कमजोर तिमाही नतीजों और सुस्त अर्निंग ग्रोथ ने विदेशी निवेशकों का भरोसा तोड़ा। इसके उलट घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआईएस) लगातार खरीदारी कर रहे हैं। उम्मीद है कि अगर आने वाले महीनों में अर्निंग्स में सुधार होता है, तब एफआईआई निवेश फिर से लौट सकता है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने और कंपनियों के निराशाजनक रिजल्ट्स ने विदेशी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया है। सर्वे के अनुसार, 30 प्रतिशत ग्लोबल फंड मैनेजर्स फिलहाल भारत को अंडरवेट मान रहे हैं,




जबकि जापान और चीन उनकी नई पसंद बने हुए हैं। सिर्फ जुलाई में ही विदेशी निवेशकों ने भारतीय टेक शेयरों से करीब 20,000 करोड़ की हिस्सेदारी घटाई। आईटी कंपनियों के कमजोर आउटलुक, डॉलर की मजबूती और ऊंची बॉन्ड यील्ड्स ने मिलकर बाजार पर दबाव बढ़ाया है। नतीजतन, बीते डेढ़ महीने में भारत ने अपने एशियाई साथियों की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया है।

## सैमसंग का नया गैलेक्सी एस25 एफई लॉन्च

**नई दिल्ली** सैमसंग का नया गैलेक्सी एस25 एफई भारत में लॉन्च हो चुका है। अब टिप्स्टर योगेश ब्रार ने दावा किया है कि इसका शुरुआती वेरिएंट 59,999 रुपये में आ सकता है। सैमसंग गैलेक्सी एस25 एफई में 6.7-इंच एफएचडी प्लस डायनामिक अमोलेड 2एक्स डिस्प्ले है, जो 120 एचझेड रिफ्रेश रेट और विजन बुस्टर टेक्नोलॉजी के साथ आता है। फोन में 50एमपी ओआईएस मेन कैमरा, 12एमपी अल्ट्रा-वाइड और 8एमपी टेलीफोटो लेंस दिया गया है। सेल्फी के लिए इसमें 12एमपी फ्रंट कैमरा मौजूद है। यह स्मार्टफोन सैमसंग के एक्सीनोस 2400 चिपसेट से लैस है, जो 4 एनएम फैब्रिकेशन पर आधारित डेका-कोर प्रोसेसर है। इसमें 8जीबी रैम और 128जीबी, 256जीबी तथा 512 जीबी तक स्टोरेज विकल्प मिलेंगे। यह फोन अरमोर एल्यूमिनियम फ्रेम और आईपी68 रेटिंग के साथ आता है, यानी यह डस्ट और वॉटर रेजिस्टेंट है। इस फोन का मुकाबला भारत में आईक्यूओ 13, वनप्लस 13 और गूगल पिक्सल 9 प्रो जैसे फ्लैगशिप डिवाइस से होगा। बैटरी 4,900 एमएएच की है, जो 45वॉट फास्ट चार्जिंग और वायरलेस चार्जिंग दोनों सपोर्ट करती है। गैलेक्सी एस25 एफई एंड्राएड 16 आधारित वन यूआई 8 पर चलता है।

## केआरबीएल ने किया अपने शेयरधारकों को 3.5 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का ऐलान

**नई दिल्ली** एग्रीकल्चर प्रोडक्ट सेक्टर की दिग्गज कंपनी केआरबीएल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 31 मार्च 2025 को खत्म होने पर अपने शेयरधारकों के लिए फाइनल डिविडेंड 3.5 रुपए प्रति शेयर देने का ऐलान किया है। कंपनी का मार्केट कैप करीब 10,165 करोड़ रुपए है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि 17 सितंबर बुधवार को रिकॉर्ड डेट तय की है। इसका मतलब है कि इस दिन जिन निवेशकों के पास कंपनी के शेयर होंगे, वही फाइनल डिविडेंड पाने के हकदार होंगे। कंपनी का फेस वैल्यू 1 रुपए प्रति शेयर है और उस पर 350 फीसदी यानी 3.5 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड घोषित किया गया है।केआरबीएल लिमिटेड लगातार अपने निवेशकों को डिविडेंड देती रही है। पिछले साल कंपनी ने 4 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड घोषित किया था। उससे पहले 2023 में 1 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड और शेयर बायबैक किया था। वहीं, 2022 में भी कंपनी ने 3.5 रुपए प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड दिया था। बता दें शुक्रवार को बीएसई पर केआरबीएल का शेयर 0.7 फीसदी या 3.05 रुपए गिरकर 444.10 रुपए पर बंद हुआ, जबकि पिछले कारोबारी दिन यह 447.15 रुपए पर बंद हुआ था।

## सोने में गिरावट, चांदी कमजोर शुरुआत के बाद उछली

**नई दिल्ली** घरेलू बाजार में सोने में गिरावट आई है। वहीं चांदी में शुरुआती गिरावट के बाद बढ़त दर्ज की गयी। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दोनों ही कीमती धातुओं के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले पर बाद में चांदी की कीमतें ऊपर आयीं। वहीं गत सप्ताह ही चांदी की कीमतें अपने शीर्ष स्तर पर पहुंच गयीं। घरेलू बाजार में सोने के भाव 1,09,200 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,29,000 रुपये पर कामकाज कर रहे थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी की वायदा कीमतों में गिरावट रही। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर अनुबंध 115 रुपये नीचे आकर 1,09,255 रुपये के भाव पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 1,09,370 रुपये था। एक समय ये अनुबंध 131 रुपये की गिरावट के साथ 1,09,239 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,09,265 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,09,150 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। सोने के वायदा भाव ने इस माह 1,09,840 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर हासिल किया।चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध 1,717 रुपये की गिरावट के साथ 1,27,121 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,28,838 रुपये था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार को सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई कॉमेक्स पर सोना 3,6780.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,686.40 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 6.90 डॉलर की गिरावट के साथ 3,679.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने 3,715 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही बाजार नीचे आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 118.96 अंक टूटकर 81,785.74 और 50 शेयरों वाला एनएसइ निफ्टी 44.80 अंक नीचे आकर 25,069.20 पर बंद हुआ।वहीं लार्जकैप की जगह पर मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 258.90 अंक बढ़कर 58,486.10 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 137.10 अंक ऊपर आकर 18,127 पर बंद हुआ।वहीं सेक्टोरल आधार पर देखें तो पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, कंजप्शन और सर्विसेज के शेयर गिरावट पर बंद हुए। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, ट्रेंट और आईसीआईसीआई बैंक टॉप के शेयर लाभ में रहे जबकि एमएंडएम, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाइटन, सन फार्मा, टीसीएस, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयरों में नुकसान हुआ। भारतीय इक्विटी बाजारों की आज मिली-जुली शुरुआत हुई थी, लेकिन अंतिम कारोबारी घंटों में बिकवाली रही। इस सप्ताह के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति घोषणा को लेकर भी निवेशकों ने सावधानी बरती। बाजार की आज सुबह सपाट शुरुआत हुई। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर फैसले से पहले निवेशकों



ने सतर्क रुख अपनाया। सेंसेक्स 20 अंक की हल्की बढ़त के साथ ही 81,925.51 अंक पर खुला। वहीं कुछ ही देर में इसमें गिरावट आने लगी। सुबह सेंसेक्स 39.76 अंक टूटकर 81,864.94 पर कारोबार कर रहा था।वहीं इसी प्रकार निफ्टी भी बढ़कर खुला पर कुछ देर बाद ही नीचे आने लगा। कुछ समय बाद ही ये 25,092 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती और इस महीने वस्तु एवं सेवा कर में बदलाव के बाद भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक ने भारतीय शेयरों में बिकवाली जारी रखी है। वहीं एशियाई बाजारों में सोमवार को मिलाजुला रुख देखने को मिला। अमेरिकी वॉल स्ट्रीट पर नैस्डैक कंपोजिट ने एक और रिकॉर्ड हाई दर्ज किया। यह लगातार दूसरे सप्ताह 2 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो अगस्त की शुरुआत के बाद से इसका बेस्ट वीकली प्रदर्शन है। जबकि डॉव में 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव आया

**नई दिल्ली** घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव आया है। चारों महानगरों में दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये जबकि डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर जबकि कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर पर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे चे तेल की कीमतें पिछले कई दिनों से 67 डॉलर के आसपास बनी हुई हैं। इससे घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर भी प्रभाव पड़ा है तेल कंपनियों की ओर से सुबह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गिरावट रही। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल की कीमतें 35 पैसे कम हुई हैं, बिहार में भी इसकी कीमतों में कमी आई है हालांकि तेल कंपनियों ने चारों महानगरों में तेल कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। तेल कंपनियों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल की कीमतें 35 पैसे कम हुई हैं और ये 94.77 रुपये लीटर जबकि डीजल 40 पैसे नीचे आकर 89 रुपये लीटर पहुंच गया है। लखनऊ में भी पेट्रोल 11 पैसे गिरावट के साथ 94.58 रुपये लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 13 पैसे गिरकर 87.68 रुपये लीटर बिक रहा है। दूसरी ओर बिहार में तेल की कीमतें बढ़ी हैं। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 51 पैसे बढ़त के साथ 106.11 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 49 पैसे बढ़कर 92.32 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतें मामूली रूप से बढ़ गई हैं। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 67.07 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है।

## पुरानी कार मालिकों की जेब पर बढ़ेगा बोझ



**नई दिल्ली** सड़क परिवहन मंत्रालय ने पुराने वाहनों की फिटनेस टेस्ट फीस में भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव के लागू होने के बाद अगर आपके पास 20 साल से पुरानी कार है, तो अब जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ने वाला है। नए नियम लागू होने पर कार मालिकों को फिटनेस टेस्ट कराने के लिए 2,600 रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। वहीं, 15 साल से पुराने ट्रक और बसों की फिटनेस फीस 25,000 रुपये तक होगी। अब तक रजिस्ट्रेशन के 15 साल पूरे होने पर आरटीओ महज औपचारिक जांच कर फिटनेस सर्टिफिकेट दे देता था। लेकिन अब प्रस्ताव है कि हर 15 साल पुराने वाहन को स्वचालित मशीनों पर तकनीकी टेस्ट से गुजरना होगा। सरकार का तर्क है कि पुराने वाहन प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह हैं। बढ़ी हुई फीस से लोग नई गाड़ियां खरीदने की ओर बढ़ेंगे और पुराने वाहनों को धीरे-धीरे हटाया जा सकेगा। कमर्शियल वाहनों पर असर सबसे ज्यादा होगा।प्रस्ताव के अनुसार, 10, 13, 15 और 20 साल पुराने ट्रक-बसों की फीस अलग-अलग तय की जाएगी। खासतौर पर छोटे ऑपरेटरों के लिए ये नई लागत भारी पड़ सकती है, क्योंकि वे पहले ही ईंधन और टैक्स की मार झेल रहे हैं। वर्तमान नियमों के अनुसार, कमर्शियल वाहन आठ साल तक हर दो साल में फिटनेस टेस्ट से गुजरते हैं और उसके बाद हर साल।

# अगस्त माह में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 0.52 प्रतिशत

**नई दिल्ली**

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त माह में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर 0.52 प्रतिशत रही। जुलाई में यह -0.58 प्रतिशत पर थी।अगस्त में महंगाई दर सकारात्मक रहने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, अन्य विनिर्मित वस्तुओं, गैर-खाद्य उत्पादों, गैर-धात्विक खनिज उत्पादों और परिवहन उपकरणों की कीमतों में बढ़ोतरी रही। जुलाई में थोक महंगाई दर घटकर माइनस 0.58 प्रतिशत पर आ गई थी, जो बीते दो साल का निम्न स्तर था। इससे पहले जून 2023 में यह माइनस 4.12 प्रतिशत रही थी। वहीं, मई 2025 में डब्ल्यूपीआई 0.39 प्रतिशत और अप्रैल 2025 में 0.85 प्रतिशत पर दर्ज हुई थी।रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई माइनस 4.95 से बढ़कर माइनस 2.10 प्रतिशत हो गई। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई माइनस 2.15 से बढ़कर 0.21 प्रतिशत हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 2.43 प्रतिशत से घटकर माइनस 3.17 प्रतिशत रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.05 प्रतिशत से बढ़कर 2.55 प्रतिशत रही। वहीं अगस्त में रिटेल महंगाई दर जुलाई के 1.61 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर 2.07 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी है। रिटेल महंगाई के आंकड़े 12 सितंबर को जारी हुए थे।डब्ल्यूपीआई बास्केट का सबसे बड़ा हिस्सा विनिर्मित उत्पादों का है। अगस्त में इनकी कीमतें जुलाई के मुकाबले 0.21 फीसदी बढ़ीं। खाद्य उत्पादों, वस्त्रों, विद्युत उपकरणों, अन्य परिवहन उपकरणों और मशीनरी की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई। वहीं, बेसिक मेटल, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल प्रोडक्ट्स, परिधान, लकड़ी और उससे बने उत्पादों तथा फर्नीचर की कीमतें इस दौरान घट गईं। इसी बीच, खुदरा महंगाई दर (सीपीआई) भी अगस्त में बढ़कर 2.07 फीसदी पर पहुंच गई, जो जुलाई में 1.61 फीसदी थी।

## अगस्त में मारुति सुजुकी इर्टिगा ने बाजी मारी

**नई दिल्ली** अगस्त 2025 में भारतीय बाजार में कार बिक्री के आंकड़े जारी हुए हैं। अगस्त महीने में बिक्री के मामले में मारुति सुजुकी इर्टिगा ने बाजी मारी। एमपीवी सेगमेंट की इस कार ने 18,365 यूनिट्स की बिक्री के साथ देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार बनकर सबको पीछे छोड़ दिया।दूसरे नंबर पर मारुति सुजुकी डिजायर रही, जिसकी बिक्री 55 प्रतिशत बढ़कर 16,509 यूनिट्स रही। तीसरे पर हयूदै क्रेटा रही, हालांकि इसकी बिक्री 5 प्रतिशत घटकर 15,924 यूनिट्स रही। चौथे पर वेगनआर रही, जिसकी बिक्री 14,552 यूनिट्स रही। टॉप-5 में टाटा नेक्सान भी शामिल रही, जिसने 14,004 यूनिट्स बेचीं।

वहीं, मारुति ब्रेझा की बिक्री 29 प्रतिशत गिरकर 13,620 यूनिट्स रही। इसके अलावा बलेनो (12,549 यूनिट्स), फ्रोंक्स (12,422 यूनिट्स) और स्वीफट (12,385 यूनिट्स) ने टॉप-10 में जगह बनाई। दसवें नंबर पर मारुति इको रही, जिसकी बिक्री 10,785 यूनिट्स रही। महिंद्रा स्कार्पियो 9,840 यूनिट्स के साथ 12वें स्थान पर रही, जबकि टोयोटा इनोवा 9,304 यूनिट्स के साथ 13वें स्थान पर। किआ सोनेट, महिंद्रा बोलेरो और हयूदै वेन्यू ने भी अच्छी बिक्री दर्ज की। 25वें नंबर पर टोयोटा ग्लांझा रही, जिसकी 5,102 यूनिट्स बिकीं।

# डेराबस्सी : एसएस जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मिड डे मील के लिए रोटी मेकिंग मशीन का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

डेराबस्सी में एसएस जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हलका विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा ने मिड डे मील योजना के तहत स्कूल मैनेजिंग कमेटी द्वारा खरीदी गई ऑटोमेटिक रोटी मेकिंग मशीन का भव्य उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम बच्चों के हित में आयोजित किया गया, ताकि उन्हें पौष्टिक और गर्म भोजन उपलब्ध कराया जा सके। विधायक रंधावा ने इस अवसर पर बच्चों को अपने हाथों से खाना परोसा। इस अवसर पर उन्होंने शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वस्थ विकास हमारे समाज की प्रगति का आधार है और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में श्रीमती आशु उपनेजा, प्रधान नगर कौंसिल डेरा बस्सी, उनके पति श्री नरेश उपनेजा, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, प्रबंधक राजेश जैन, सचिव अश्विनी जैन तथा प्रधानाचार्य डॉ. गरिमा धारीवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि गणों का स्वागत करके किया गया। इसके अलावा तरसेम जैन, रविंद्र जैन, धर्मवीर जैन, पंकज जैन, विशाल जैन, गौरव जैन सहित कई गणमान्य नागरिक भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि मिड डे मील योजना के माध्यम से बच्चों को नियमित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्कूल प्रशासन को भी इस योजना को बेहतर तरीके से लागू करने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने बच्चों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी सक्रिय रूप से भाग लें।

इस मौके पर खास रूप से बताया गया कि यह अत्याधुनिक ऑटोमेटिक रोटी मेकिंग मशीन एक घंटे में 1000 चपाती तैयार कर सकती है। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि बच्चों को स्वच्छ और गर्म भोजन समय पर उपलब्ध कराना भी आसान हो जाएगा। इस मशीन के माध्यम से मिड डे मील योजना की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

कार्यक्रम में खास बात यह रही कि स्कूल कमेटी ने पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए ?1,00,000 की राहत राशि भी विधायक को भेंट की। यह राशि स्कूल कमेटी की प्रेरणा से डॉक्टर गिन्नी दुग्गल के मार्गदर्शन में एकत्रित की गई थी। विधायक रंधावा ने इस उदार कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज में इस प्रकार की जिम्मेदार और मानवतावादी पहलें हमें एकजुट बनाती हैं और संकट की इस घड़ी में जरूरतमंदों के लिए मदद पहुंचाने का उदाहरण पेश करती हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार के प्रयासों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। ऑटोमेटिक रोटी मेकिंग मशीन के



माध्यम से अब बच्चों को समय पर और स्वच्छ वातावरण में गर्म रोटियां उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे उनकी सेहत और पढ़ाई दोनों में सुधार होगा। इस तरह का कदम स्थानीय प्रशासन और समाज के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र में सुधार और बच्चों के बेहतर कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र की महिला विंग की बैठक विधायक रंधावा की उपस्थिति में हुई



अर्थ प्रकाश/डेराबस्सी। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र की महिला विंग की एक बैठक विधायक कुलजीत सिंह रंधावा की उपस्थिति में रेस्ट हाउस मुबारिकपुर में हुई, जिसमें पार्टी के लिए मजबूती से काम करने पर चर्चा हुई और विधायक रंधावा ने सभी को बधाई दी और बर्फी खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर बोलते हुए डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि आम आदमी पार्टी महिला सशक्तिकरण और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर अपनी गंभीरता को देखते हुए पार्टी में महिलाओं को आगे ला रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी में महिलाओं की यह नियुक्ति पार्टी की महिला विंग को और मजबूत करने तथा पंजाब में महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई को तेज करने में सहायक होगी। विधायक रंधावा ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी हाईकमान द्वारा उन्हें पंजाब और हलके में यह जिम्मेदारी सौंपने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी क्योंकि सभी महिला बहनें पार्टी की अथक मेहनती सदस्य हैं जिन्होंने पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए बहुत मेहनत की है। इस अवसर पर मालवा पूर्वी महिला विंग की अध्यक्ष बीबी स्वर्णजीत कौर, जिला अध्यक्ष बीबी कश्मीर कौर और हलका संयोजक श्रीमती कुलदीप कौर ने विधायक रंधावा को विश्वास दिलाया कि वे इन सभी महिला बहनों के साथ मिलकर पंजाब और हलके की महिलाओं की समस्याओं को हल करने और उन्हें सुरक्षित, शैक्षिक और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह समर्पित रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 'अगर 12 हजार करोड़ रुपये सही तरीके से खर्च किए होते तो आज पंजाब नहीं डूबताः गुरुदर्शन सिंह सैनी', कहा - पंजाबियों को अपने हक़ का हिसाब चाहिए



अर्थ प्रकाश/ डेरा बस्सी। पंजाब में बाढ़ का पानी नहीं, बल्कि राजनीतिज्ञों की लापरवाही से बर्बादी फैल रही है। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए डिजास्टर रिस्पॉन्स फंड के तहत पंजाब के पास 12,000 करोड़ रुपये उपलब्ध थे, लेकिन यह पैसा सही उद्देश्य में खर्च नहीं किया गया। यदि ये पैसे सही तरह से खर्च किए जाते, तो आज पंजाब के गांव और शहर बाढ़ की चपेट में न होते। यह विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी श्री गुरुदर्शन सिंह सैनी ने पंजाब सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन के दौरान साझा किए। श्री सैनी ने कहा कि पंजाब सरकार को जवाब देना होगा, क्योंकि पंजाबियों को अपने हक़ का हिसाब चाहिए। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार हर राज्य के लिए डिजास्टर रिस्पॉन्स फंड का प्रबंध करती है, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की मदद की जा सके। इस समय पंजाब के खाते में भी करोड़ों रुपये फंड के अंतर्गत उपलब्ध हैं। यदि सरकार ने पहले से मजबूती से बाढ़ रोकने के प्रबंध किए होते, तो आज यह स्थिति नहीं बनती। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ने न तो बांध मजबूत करवाए, न नहरों के किनारे सुरक्षा दी, जिसके कारण आम लोगों को भारी नुक्सान झेलना पड़ रहा है। श्री सैनी ने पंजाब सरकार से तुरंत बाढ़ प्रभावित इलाकों में गिरदावरी कराकर किसानों को फसल और आम जनता को हुए नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा बाढ़ पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी है और किसी भी हाल में लोगों को अकेला नहीं छोड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जब से बाढ़ जैसे हालात बने हैं, पंजाब भाजपा लगातार लोगों की मदद के लिए सक्रिय है। इस अवसर पर सतपाल बांसल मंडल प्रधान -2, एकता नागपाल, अनुज अग्रवाल (वाइस प्रधान, जिला मोहाली), प्रदीप, सुदीप बत्रा, अचिंत जी, सोनी समगौली, रमण लमबरदार समगौली, मेजर सिंह, दियाल सिंह सैनी, जसवीर पंच, बलविंदर अंताला, मनदीप राणा, संजीव भगवासी, अर्जन सिंह, दविंदर सिंह, बब्बू कूरा वाला, पुष्पिंदर मेहता, भारतवाज, विकास जैन, एडवोकेट विक्रांत, राज किशन, सूबेदार रवींदर मौजूद थे।

### कहीं नहीं जा रहा, अब राजग के साथ ही रहूंगाट्ट नीतीश ने मोदी की मौजूदगी में कहा

अर्थ प्रकाश/ पूर्णिया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को आश्वासन दिया कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ ही रहेंगे। कुमार ने कुछ समय के लिए आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन में शामिल होने पर खेद व्यक्त किया और यह आरोप लगाया कि ''जब भी उन्होंने सत्ता में साझेदारी की तो उन्होंने (आरजेडी-कांग्रेस) हमेशा इसका दुरुपयोग किया है।'' कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा होने से कुछ सप्ताह पहले पूर्णिया में सोमवार को मोदी की उपस्थिति में आयोजित एक रैली में ये बातें कहीं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'लल्लन' की ओर इशारा करते हुए कहा, ''यह जद(यू)-भाजपा गठबंधन ही था जिसने नवंबर 2005 में पहली बार बिहार में सरकार बनाई थी। अपनी ही पार्टी के कुछ साथियों के कहने पर ही मैं एक-दो बार दूसरी तरफ चला गया था। उन साथियों में से एक यहीं बैठे हैं।'' जद (यू) प्रमुख ने कहा, ''लेकिन, वो अब बीती बात हो गई। मुझे यह गठबंधन कभी रास नहीं आया। जब भी हमने सत्ता में साझेदारी की, उन्होंने हमेशा इसका दुरुपयोग किया ज अब मैं वापस आ गया हूं और अब कहीं नहीं जाऊंगा।'' नीतीश की इस बात पर प्रधानमंत्री मुस्कुराए और तालियां बजाईं।

### भारत को विश्व स्तर पर शीर्ष स्थान पर पहुंचाने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जाना चाहिएः नायडू

अर्थ प्रकाश/ अमरावती, 15 सितंबर (वेब वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा कि भारत को विश्व स्तर पर शीर्ष स्थान पर पहुंचाने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जाना चाहिए। सचिवालय में जिलाधिकारियों से संबंधित सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से चौथे स्थान पर लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ की। नायडू ने कहा, ''हमें भारत को नंबर एक बनाने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध अब असमान शक्ति संतुलन से आगे बढ़कर बराबरी के स्तर पर पहुंच गए हैं और यह आपसी लेन-देन एवं सहयोग पर आधारित हैं। नायडू के अनुसार, 1991 से पहले भारत में कोई सुधार नहीं हुए थे और उस समय भारत को वैश्विक स्तर पर 'हिंदू विकास दर' वाला देश कहकर उपहास का पात्र बनाया जाता था। उन्होंने भारत के विकसित भारत-2047 दृष्टिकोण और आंध्र प्रदेश के स्वर्ण आंध्र-2047 (स्वर्णिम आंध्र) दृष्टिकोण का जिक्र किया और कहा कि यह प्रत्येक जिलाधिकारी के लिए बहुत महत्वपूर्ण बन जाना चाहिए।

# डेरा बस्सी में भाजपा का जोरदार धरना प्रदर्शन, डिजास्टर मैनेजमेंट फंड के सही उपयोग को लेकर पंजाब सरकार पर हमला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**डेरा बस्सी।** भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बन्नी संधू की अगुवाई में आज डेरा बस्सी के रामलीला ग्राउंड पर पंजाब सरकार के खिलाफ जोरदार धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह धरना पंजाब में हाल ही में आई भारी बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु केंद्र द्वारा दी गई राशि के सही उपयोग को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से किया गया। भाजपा नेताओं ने केंद्र सरकार द्वारा डिजास्टर मैनेजमेंट फंड के तहत पहले से ही पंजाब सरकार को ?12,000 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई जा चुकी होने पर सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में ?1,600 करोड़ की अतिरिक्त राहत राशि देने की घोषणा का भी जिक्र किया।



धरने के दौरान मनप्रीत सिंह बन्नी संधू ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, ÷पंजाब सरकार के पास डिजास्टर मैनेजमेंट फंड के अंतर्गत पहले से ही ?12,000 करोड़ की राशि उपलब्ध है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री और उनके मंत्री यह झूठ फैला रहे हैं कि उनके पास राहत कार्य के लिए पैसे नहीं हैं। यदि यह राशि पहले से उपलब्ध है और प्रधानमंत्री ने हाल ही में अतिरिक्त ?1,600 करोड़ की फोरी राहत राशि देने की घोषणा भी की है, तो फिर सरकार बाढ़ पीड़ितों को राहत देने में क्यों संकोच कर रही है?÷ उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सब झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने की साजिश है, जिसे जनता कभी भी स्वीकार नहीं करेगी।

इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। इनमें रविन्द्र वैष्णव (ओबीसी वाइस अध्यक्ष पंजाब), पवन धीमाँन (मंडल अध्यक्ष डेरा बस्सी सहरी), सुखदेव राणा (मंडल अध्यक्ष डेरा बस्सी दिहाती), रविन्द्र बत्रा, सुरेश खटकर, दिनेश वैष्णव, हरमेश गुप्ता, रविन्द्र पाल पुंडीर, हरीश हण्डा, बालकर सिंह, मक्खन सिंह, बंटी शर्मा, निर्मल सिंह (जनरल सेक्रेट्री), गुरमीत सिंह खेड़ीगुजरा, मेवा राम कूड़ावाला, जसवीर सिंह कारकोर, मोहन लाल मियापुर, साहिल कुमार घोलूमाजरा, जसवीर पंच खेड़ीगुजरा, अशोक कुमार, मनीष धीमाँन, हरभजन सिंह, ललित शर्मा और रमेश धीमाँन शामिल थे। उन्होंने एकजुट होकर सरकार से यह मांग की कि डिजास्टर मैनेजमेंट फंड का पारदर्शी और त्वरित उपयोग किया जाए ताकि पीड़ितों को राहत समय पर मिल सके।

धरने में उपस्थित लोगों ने जोर देकर कहा कि केंद्र द्वारा दी गई राहत राशि का सही उपयोग सुनिश्चित होना प्राथमिक कर्तव्य है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मामले में सुधार नहीं किया तो भाजपा इस लड़ाई को और भी व्यापक स्तर पर ले जाएगी। इस धरना प्रदर्शन से यह स्पष्ट हो गया कि जनता के बीच भाजपा की मांगें और संघर्ष लगातार मजबूत होते जा रहे हैं।

## सुखमणि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस में राष्ट्रीय इंजीनियर्स दिवस धूमधाम से मनाया गया




अर्थ प्रकाश/ डेरा बसी। श्री सुखमणि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस (एसएसजीआई), डेरा बसी में राष्ट्रीय इंजीनियर्स दिवस बड़े हर्षोल्लास और गर्व के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इंजीनियरों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया गया और दूरदर्शी इंजीनियर व राजनीतिज्ञ सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. उमेश शर्मा, डीन (एसआरआईसी एवं आईसीसी), पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़, प्रोफेसर दमनजीत सिंह, निदेशक एसएसजीआई, प्रोफेसर रशपाल सिंह, मुख्य प्रशासक, डॉ. जी. एन. वर्मा, प्रिंसिपल एसएसजीआईईटी, डॉ. मुकेश वर्मा, डीन अकादमिक, डॉ. एस. के. भटाचार्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। स्वागत भाषण में डॉ. मुकेश वर्मा ने इंजीनियर्स दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और इस वर्ष की थीम ऋइंजीनियरिंग के माध्यम से सतत भविष्यऋ पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. जी. एन. वर्मा और डॉ. एस. के. भटाचार्य ने समाज और राष्ट्र निर्माण में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को नवाचार के लिए प्रेरित किया। मुख्य भाषण में डॉ. उमेश शर्मा ने देश के आर्थिक विकास में इंजीनियरिंग अनुसंधान की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि आधुनिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और जल संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। समारोह में विज़, पोस्टर मेकिंग, प्रोजेक्ट एक्सपो, वाद-विवाद, पैनल चर्चा व भाषण प्रतियोगिताओं सहित कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस बार प्रतियोगिताओं में विजेता रहे – मनदीप, जसप्रीत, रितिका, शाह फारिक, अनुराग, करण और हरेमेश की टीम। अंत में एसएसजीआई के अध्यक्ष श्री कमलजीत सिंह, निदेशक प्रोफेसर दमनजीत सिंह व मुख्य प्रशासक प्रोफेसर रशपाल सिंह ने इंजीनियरों के योगदान व उपलब्धियों की सराहना की और छात्रों को नवाचार कर भविष्य संवारने के लिए प्रोत्साहित किया।

## तेजस्वी ने मंत्री जीवेश कुमार पर पत्रकार से दुर्व्यवहार का लगाया आरोप, कार्रवाई की मांग की

अर्थ प्रकाश/ पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता एवं बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं राज्य के नगर विकास मंत्री जीवेश कुमार पर दरभंगा जिले में उनके निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े सवाल पूछने पर एक पत्रकार के साथ अशोभनीय व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाया और मंत्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। तेजस्वी यादव ने कहा कि मंत्री ने पत्रकार की मां और बहनों के लिए भी अपशब्द कहे, लेकिन अब तक पुलिस ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। उन्होंने मांग की कि मंत्री पर न केवल प्राथमिकी दर्ज हो, बल्कि उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई भी की जाए। यादव ने संवाददाताओं से कहा, ''पत्रकार भी किसी का बेटा या भाई होता है। उससे मारपीट की गई। मैंने पहले कभी किसी मंत्री को पत्रकार के साथ इस तरह अशोभनीय व्यवहार और मारपीट करते नहीं देखा। यह कैसा प्रशासन है? अगर कानून सबके लिए बराबर है, तो मंत्री के खिलाफ अब तक प्राथमिकी क्यों नहीं हुई?''

# बसंत गिरिजा श्री सोसायटी द्वारा स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती पर भव्य कार्यक्रम सुरीला सफर 23 का आयोजन 20 सितंबर को

म्यूजिकल इवेंट में पहुंचेंगी एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ः रंजू प्रसाद

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह



**चण्डीगढ़।** स्वर कोकिला सुश्री लता मंगेशकर की जयंती पर बसंत गिरिजा श्री सोसायटी द्वारा टैगोर थियेटर, सेक्टर 18 में जिंदगी हर कदम इक नई जंग है, जीत जाएंगे हम सुरीला सफ़र-23 का संगीतमय शाम का आयोजन 20 सितंबर को शाम 4.30 बजे से होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सोसायटी की संस्थापक रंजू प्रसाद, भारतीय डाक सेवा अधिकारी, (सेवानिवृत) एवं उनके पति डॉ. एसएस प्रसाद, (आईएएस) अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा, गृह विभाग,(सेवानिवृत ) ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि इस कार्यक्रम को ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय जवानों को भी समर्पित किया गया है। बसंत गिरिजा श्री सोसायटी लगभग 20 वर्षों से कार्यरत है।

उन्होंने बताया कि सोसायटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सुरमई शाम का आयोजन हो रहा है जिसमें स्वर्गीय लता मंगेशकर के गीतों को इस बार कार्यक्रम में गुनगुनाया जाएगा, जिसमें कई राज्यों एवं ट्राईसिटी के लगभग 100 गायक भाग लेंगे जिसमें से लगभग 50 गायक सीनियर सिटीजन संस्था के सदस्य भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि हर कार्यक्रम में किसी बॉलीवुड चेहरे को भी भव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाता है, ताकि शहर के लोग भी उनसे मिल सकें। ऐसे में इस बार एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि को इस कार्यक्रम आमंत्रित किया गया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्याम सिंह राणा कृषि मंत्री हरियाणा और कृष्ण कुमार बेदी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री हरियाणा और मुख्य अतिथि डॉ. आरसी मिश्रा आईपीएस (सेवानिवृत )अध्यक्ष एचपीसीए, सोनम छेवांग, सीनियर डिवीजन मैनेजर, एलआईसी, चंडीगढ़, अजय मितल, भाजपा जिला अध्यक्ष पंचकूला, प्रीति गोयल, जिया डायमंड्स, रजनी थरेजा, गुरुकुल स्कूल, पीएस गुप्ता, सेवानिवृत एसएओ और मोहित बंसल, सीईओ, जीएमआई उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम की शुरुआत गणेश श्लोक से होगी। उसके बाद डॉ. एसएस प्रसाद और रंजू प्रसाद, वेद, रमेश अनेजा तरसेम राज, आरसी दास बबीता,सुरिंदर कक्कड़, नरेश सैनी, सुनील छाबड़ा, सोनिया पांचाल, नीना भाटिया, संजीव कौरा, याशी, डॉ. प्रदीप भारद्वाज अनीता रतन, रोशन लाल, अनन्या दत, दीव्यांशी, मुकेश आनंद, दीपा, नंदकिशोर, सुचेता, करमवीर, जगदीप दोंदा, राधिका ग्रोवर सुमन रानी, जगतार, दीपांशु, नैन्सी, आली गुप्ता, गगनदीप, डॉ. नवीन चावला, सिमरन अभिजीत, आदित्य गोगिया, कुलदीप, पंकज वर्मा भी गीत प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों के नायक और शहीद परिवार और युद्ध नायकों को विशेष तौर पर आमंत्रित कर सम्मानित किया जायेगा कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय जवानों के शौर्य और साथ ही उनके द्वारा देश के लिए समर्पित जज्बे को भी सलाम किया जाएगा। कार्यक्रम में एंट्री पूरी तरह फ्री रखी जाएगी, जिसमें कोई भी इस संगीत कार्यक्रम शामिल हो सकता है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस मे आदर्श गोयल, एफडीए हरियाणा (रिटायर्ड), आरसी दास, एज़ीएम (रिटायर्ड), विनय गोयल व गीता गोयल आदि भी उपस्थित रहे।

# आचार्यश्री सुबल सागर महाराज के 49 वें अवतरण दिवस पर हुआ नाटिका मंचन

विवेक से आचार्य सुबल सागर के जीवन की गाथा नाटक में बताई,उमड़ी भींड गूंजी तालियां।

सच्चा ज्ञान वही कहलाता है जो व्यक्ति को गलत कार्यों से बचा ले-ः आचार्य श्री सुबल सागरजी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** – नेमीनाथ जैन मिलन बालिका एवं महिला शाखा की ओर से आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के 49 वें अवतरण दिवस पर बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा विवेक से सुबल तक का सफर भक्तिमय नाटिका का मंचन किया गया। यह आयोजन नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में सन्मति सुबल वर्षायोग समिति एवं सकल जैन समाज के निर्देशन में किया गया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि जैन मिलन महिलाओ ओर बालिकाओं ने विवेक से सुबल तक का सागर पर आधारित नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी। नाटिका का शुभारंभ पारी जैन के माध्यम से मंगलाचरण के द्वारा किया गया। नाटिका में बताया कि भिंड नगर में 14 सितम्बर, 1976 में मां प्रभादेवी की कोख से जन्मे विवेक के आने से घर में परिवार खुशियों से झूमा उठा। विवेक धीरे धीरे बड़े हुए उनके पिता वीरेंद्र जैन हमेश उनको अपने साथ मंदिर ले जाते ओर प्रभु दर्शन कसता मुनिराजों के भी दर्शन करने के साथ धर्म संस्कार की शिक्षा देते। विवेक लौकिक शिक्षा बी. ए पढ़ने के साथ धार्मिक ज्ञान की शिक्षा ग्रहण करते थे। जैसे तैसे बड़े हुए धर्म में रुचि बढ़ती गई। उन्होंने ने परिवार को बिना बताए सन् 1997 में पूज्य आर्यिका 105 सरस्वती माताजी से ब्रह्मचर्य व्रत नियम ग्रहण कर लिया। घर वाले विवेक की शादी की बात चल रहे थे तभी विवेक ने बताया कि मैने ब्रह्मचर्य व्रत ले लिया है मैं शादी नहीं करूंगा। धीरे धीरे संयम पालन करते करते 07 दिसम्बर 2010 कोल्हापुर (महा.) में विवेक ने मुनि दीक्षा अपने गुरु तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर जी महाराज से ग्रहण की। तभी से विवेक से आचार्य श्री सुबल सागर का सफर मोक्ष मार्ग तक नाटक मंचन के माध्यम से दर्शाया गया। नाटिका में समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।नाटिका की प्रस्तुति डॉ वीणा जैन, सोनल जैन, वंदना जैन, नेहा जैन, नीलम जैन, ललिता जैन, पिंकी जैन, ज्योति जैन, रूबी जैन, अर्पित जैन, आवी बिट्टू जैन ने शानदार नाटक में प्रस्तुतियां दी। संचालन सोनल जैन ने किया।

**सच्चा ज्ञान वही कहलाता है जो व्यक्ति को गलत कार्यों से बचा ले: आचार्य श्री सुबल सागरजी।**

आचार्यश्री सुबल सागर महाराज ने कहा कि जीवन में धर्म से बढ़कर दूसरी और कोई नेकी नहीं है और उसे भुला देने से बढ़कर दूसरी कोई बुराई नहीं है। दुनिया में सबसे बड़ी अच्छाई है धर्म को धारण करना। धर्म के बिना ज्ञान प्राप्त करना भार हो जाता है।सच्चा ज्ञान वही कहलाता है जो व्यक्ति को



गलत कार्यों से बचा ले। गुरु के पास सम्मान की कामना नहीं करना चाहिए बल्कि उनसे सन्मार्ग मांगना चाहिए। जो व्यक्ति प्रभु, गुरु और माता-पिता के अनुसार जीवन जीता है, वह सदाचारी बन जाता है। सदाचारी व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है। धर्म संसार के दुखों से निकालकर सुख के सागर की ओर ले जाता है। पापों से दुख और पुण्य से सुख का संचय होता है। आचार्य श्री के चरणों में श्रीफल भेट चतुर्मास समिति के महामंत्री निर्मल पाटनी, बालचंद्र जैन, विनय कासलीवाल, वीरेंद्र बाबा, प्रमोद जैन, विकास जैन, प्रदीप जैन आदि ने किया।

# एशिया कप 2025: बंगलादेश के खिलाफ सुपर चार में जगह पक्की करने उतरेगा अफगानिस्तान

**अबू धाबी (एजेंसी)।** एशिया कप में बंगलादेश की टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए मंगलवार को होने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ मैच को हर-हाल में जीतना होगा। वहीं अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने मैदान में उतरेगा। बंगलादेश के खिलाफ अफगानिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं।

इस दौरान पांच में बांग्लादेश को जीत मिली है। सात मुकाबले अफगानिस्तान ने जीत हैं। दोनों टीमों के बीच खेले गए आखिरी पांच मैचों की बात की जाये तो अफगानिस्तान ने तीन मैच जीते हैं और बंगलादेश को दो में सफलता मिली है। बंगलादेश को एशिया कप के अपने पिछले मैच में श्रीलंका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। उसे हार की निराशा से बाहर निकलकर जायेद क्रिकेट स्टेडियम में कल अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत के लिए पूरी ताकत झोकनी होगी।

बल्लेबाजी की बात की जाये तो टूर्नामेंट में बंगलादेश का शीर्ष क्रम बिल्कुल भी नहीं चल पा रहा है। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मिलकर दो मैचों में केवल 33 रन जोड़े हैं। कप्तान लिटन दास एक बेहतरीन खिलाड़ी है उन्हें स्वयं को पूरी तरह से झोंककर लय बनाते हुए थोड़ा साहस दिखाना होगा और जरूरत पड़ने पर लंबी पारी खेलनी होगी। तौहीद हृदय और महेदी हसन को उनका साथ देना होगा तथा जैकर अली और शमीम हुसैन जैसे बल्लेबाजो को निचले क्रम में मजबूती से बल्लेबाजी करनी होगी।

दूसरी ओर, अफगानिस्तान कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरी टीम दिख रही है। राशिद खान की टीम ने अपने पिछले मैच में हांगकांग को 94 रनों से हराया था और वे इन परिस्थितियों में लगातार जीत रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं और ऐसा लगता है कि वह खाड़ी में खेलने में मजा ले रहे है। हांगकांग के खिलाफ सिदिकुल्लाह अटल की 73 रनों की पारी ने उनकी बल्लेबाजी में मजबूती दिखाई, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई और मोहम्मद नबी मध्यक्रम में जरूरत पड़ने पर अपनी लय बदल सकते है।



राशिद और करीम जनत को इसमें शामिल कर लें, तो उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो बंगलादेश के गेंदबाजों की लेंथ बिगड़ सकते हैं। वहीं अगर गेंदबाजी की बात की जाये तो अफगानिस्तान के पास विविधता और आत्मविश्वास है। फजलहक फारूकी और ओमरजई नई गेंद से अहम ओवरों में योगदान दे सकते हैं और राशिद की स्पिन बेहतर रही है। अगर नूर अहमद या एएम गजनफर सही गेंदबाजी करते हैं, तो वे बीच के ओवरों में विपक्षी टीम को धूल चटा सकते हैं। बंगलादेश को अफगानिस्तान को हराने के लिए बल्ले से अनुशासन और गेंद से सटीकता की जरूरत होगी, क्योंकि अफगानिस्तान के पास लय और स्थिरता है।

राशिद खान की टीम जानती है कि अगर वे संयम बनाये रखते है तो इस जीत के साथ उनका सुपर 4 में स्थान पक्का हो जाएगा। इस बीच, बंगलादेश को अपनी गेंदबाजी की धार फिर से तलाशनी होगी। मुस्तफिजुर रहमान और शोरफुल इस्लाम अपनी लय में आकर खतरनाक साबित हो सकते हैं, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ वे नाकाम रहे। महेदी हसन और रिशाद हुसैन को अफगानिस्तान के आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ संयम बनाए रखना होगा।

### संभावित प्लेइंग 11

**बंगलादेश** = लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), परवेज हुसैन इमोन, तंजीद हसन तमीम, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तंजीम हसन साकिब, शोरफुल इस्लाम और मुस्तफिजुर रहमान

**अफगानिस्तान** = राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नाइब, अजमतुल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी, करीम जनत, नूर अहमद, एएम गजनफर और फजलहक फारूकी।

# योगेश कथुनिया विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश में



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत पहली बार विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, ऐसे में पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो F56 स्पर्धा में रजत पदक विजेता योगेश कथुनिया पहले से कहीं अधिक दृढ़ हैं। वह 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस महामुकाबले में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करेंगे। चैंपियनशिप का यह संस्करण ऐतिहासिक है, न केवल इसलिए कि यह पहली बार भारत और दक्षिण एशिया में इस तरह का कोई वैश्विक पैरा एथलेटिक्स आयोजन हो रहा है, बल्कि इसलिए भी कि यह योगेश को घरेलू मैदान पर खेलने का लाभ और अपने ही लोगों के सामने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने का मौका देता है।

योगेश के लिए यह कोई साधारण प्रतियोगिता नहीं है। उनका पूरा परिवार वहां मौजूद होगा, उनका उत्साहवर्धन करेगा, हर टॉस और हर सांस का साक्षी होगा। स्टैंड में प्रियजनों का होना भावनात्मक समर्थन से कहीं अधिक मायने रखता है, यह वह उत्साह है जो दबाव को शक्ति में बदल देता है। भारतीय पैरालंपिक समिति (PCI) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, योगेश ने कहा, 'घरेलू धरती पर विश्व चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करना जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव है। यह जानना कि मेरा परिवार स्टैंड में होगा, मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अतिरिक्त प्रेरणा देता है।'

टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में स्न56 डिस्कस थ्रो स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले योगेश इस चैंपियनशिप में एक स्पष्ट लक्ष्य के साथ उतर रहे हैं और वह यह अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ना। वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं, अपनी तकनीक को निखार रहे हैं, अपने थ्रो को और बेहतर बना रहे हैं और इस घरेलू प्रतियोगिता में, वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य दिल्ली में अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़ना है। मैं ब्राजील के मजबूत थ्रोअर बतिस्ता डॉस सैंटोस के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हूँ, यह एक बड़ी चुनौती है।'

# पाक के खिलाफ पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने पांड्या



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने यहां एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया है। हार्दिक ने मुकाबले की पहली ही गेंद पर पाक बल्लेबाज को आउट कर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की।

हार्दिक ने सैम अयूब को आउट कर इतिहास रच दिया क्योंकि यह पहली बार था जब किसी भारतीय गेंदबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 मैच की पहली गेंद पर विकेट लिया। पांड्या अब टी20 में पाक के खिलाफ मैच की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने हैं। इससे पहले श्रीलंका के नुवान कुलशेखरा ने साल 2009 में श्रीलंका के लिए यह रिकार्ड बनायास था। इसके अलावा जॉर्ज लिंडे ने साल 2021 में दक्षिण अफ्रीका की ओर से पहली ही गेंद पर विकेट लिया था। पाकिस्तान के खिलाफ 91 रन और 13 विकेट के साथ हार्दिक पांड्या पहले ही टी20 में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं।

# बुमराह टी20 में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, भुवनेश्वर को पीछे छोड़ा



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने यहां पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले में दो विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इसी के साथ ही ÷बुमराह ने टी20आई क्रिकेट में भुवनेश्वर कुमार का सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड तोड़ दिया। बुमराह ने 4 ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। इसी के साथ ही अब बुमराह के 72 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 17.67 की औसत और 6.29 की शानदार इकॉनमी रेट के साथ ही 92 विकेट हो गये हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सात रन देकर तीन विकेट है। इसी के साथ ही उन्होंने भुवनेश्वर के 87 मैचों में 90 विकेट के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया है। बुमराह के आगे अब हार्दिक पांड्या 116 मैचों में 95 विकेट, स्पिनर युजवेंद्र चहल 80 मैचों में 96 विकेट और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 63 मैचों में 99 विकेट हैं। बुमराह के अलावा कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ 18 रन देकर तीन विकेट लेने के साथ ही स्पिनर अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन को भी पीछे छोड़ दिया। इस प्रकार कुलदीप टी20आई में भारत की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 42 मैचों में 13.10 की औसत और 6.66 की इकॉनमी रेट से 76 विकेट लिए हैं, जिसमें 5/17 का सर्वश्रेष्ठ स्पेल भी शामिल है। अब पाकिस्तान के खिलाफ आठ अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 8 मैचों में 12.66 की औसत और 5/25 के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 18 विकेट लिए हैं। वहीं अक्षर ने इस मैच में दो विकेट लेकर आर अश्विन को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 73 मैचों में 21.64 की औसत और 3/9 के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 74 विकेट लिए हैं। अक्षर ने इस मैच में अपने 200 अंतरराष्ट्रीय विकेट भी पूरे किए।

# पाक के खिलाफ टी20 में जीत दिलाने वाले तीसरे कप्तान बने सूर्यकुमार

दुबई ।भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान . सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले में जीत के साथ ही एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है।सूर्यकुमार की कप्तानी में भारतीय टीम ने पाक के खिलाफ पहले ही मैच में 7 विकेट से दूसरी जीत हासिल की है।इसी के साथ ही सूर्या पाकिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बन गए हैं।इस प्रकार वह रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी के एलीट क्लब में शामिल हो गये।सूर्यकुमार पाक के खिलाफ पहली बार टी20 में बतौर कप्तान उतरे थे। सूर्या से पहले दिग्गज कप्तान महेंद्र धोनी और रोहित की कप्तानी में भारत ने पाकिस्तान को हराया था।

# पीसीबी ने आईसीसी से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की, एशिया कप से हटने की धमकी दी

दुबई ।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशिया कप में भारतीय टीम के खिलाफ हुए मैच के बाद मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट हो हटाने की मांग की है।पीसीबी ने कहा है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह एशिया कप से हट जाएगी।पीसीबी ने मैच रैफरी पाइक्रॉफ्ट पर आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।पाक टीम को भारतीय टीम के खिलाफ मुकाबले में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा।इस मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने पाक टीम से हाथ नहीं मिलाया था।इस कारण पाक टीम बौखलायी है।पाक बोर्ड ने इससे उसके खिलाड़ियों का अपमान बताया है। इस मामले में पहले तो पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट से ही भारतीय टीम की शिकायत की। वहीं अब उसी रैफरी को हटाने की मांग अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से शिकायत कर दी है।पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि पीसीबी ने मैच रेफरी की आईसीसी आचार संहिता उल्लंघन को लेकर में शिकायत दर्ज कराई है उसका आरोप है कि रैफरी ने दोनों कप्तानों को टॉस के समय हाथ न मिलाने के लिए कहा।

# अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मोहम्मद सिराज



दुबई ।भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को अगस्त महीने का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आयरलैंड की महिला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को भी सिराज के साथ महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत ने यह मैच छह रन से जीत कर श्रृंखला बराबर कराई। इस भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा, 'आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी एक यादगार श्रृंखला थी और यह उन सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक थी जिनका मैं हिस्सा रहा हूं।' सिराज ने कहा, 'मुझे गर्व है कि मैं कुछ महत्वपूर्ण स्पैल में योगदान दे सका, खासकर निर्णायक क्षणों में। शीर्ष बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ उनकी घरेलू परिस्थितियों में गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।'

# भारतीय टीम के हाथ नहीं मिलाने से भड़का पीसीबी

**-खेल भावना के खिलाफ बताया, आईसीसी से की शिकायत**

**हांगकांग (एजेंसी)।** दुबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां हुए एशिया कप 2025 मैच में पाकिस्तान टीम को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से हराने के बाद उससे हाथ भी नहीं मिलाया जिससे पाक बोखलाया हुआ है। इस प्रकार भारतीय टीम ने पाक को एक कड़ा संदेश भी दिया है कि आतंकवाद सहन नहीं किया जाएगा। इस मैच के दौरान कई अवसरों पर पाक खिलाड़ियों ने हाथ मिलाने और खेल भावना दिखाने के प्रयास किये पर भारतीय टीम ने उसे अनदेखा कर दिया। इसी कारण टॉस के समय ही कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाक कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। पूरे मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने पाक से दूरी बनाये रखी। वहीं भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार और शिवम दुबे विजयी शॉट लगाकर पाक खिलाड़ियों को नजरअंदाज करते हुए बिना हाथ मिलाये ही सीधे सीधे ड्रेसिंग रूम की ओर बढ़ गए। इससे पाक खिलाड़ी उन्हें जीत के बाद वापस जाते हुए देखते रहे। इस मामले को पाक बोर्ड पीसीबी ने अपने खिलाड़ियों की बेइज्जती मानते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से भी शिकायत की है। पीसीबी के टीम मैनेजर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और भारतीय टीम के रवैये पर नाराजगी जतायी है। वहीं भारतीय टीम का इस प्रकार का व्यवहार स्वाभाविक था क्योंकि मैच से पहले ही टीम पाक की आतंक घटनाओं से रोष में थी पर उसने तय किया था कि पाक खिलाड़ियों से कोई हाथ नहीं मिलाएगा। यह कदम पहलगाम



आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि और पाकिस्तान को करारा जवाब देने के तौर पर लिया गया। मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार ने पत्रकार वार्ता में ये जीत ÷पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों÷ को समर्पित की और सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर के लिए आभार जताया। वहीं पाक के पूर्व क्रिकेटरों ने इस मामले में नाराजगी जतायी है। उसके पूर्व क्रिकेटरों बासित अली, कामरान अकमल और राशिद लतीफ ने भारतीय टीम के इस कदम को ÷क्रिकेट भावना के खिलाफ÷ बताया है। राशिद लतीफ ने कहा कि आईसीसी को ये मामला क्यों नहीं दिख रहा है। वहीं भारत में सभी ने टीम के इस रवैये को सही करार देते हुए कहा कि क्रिकेट खेलना अलग बात है पर आतंक घटनाओं में शामिल देश के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया जा सकता है।

# सूर्यकुमार ने पहलगाम हमले के पीड़ितों और सेना को समर्पित की जीत



दुबई ।भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत को सेना और पहलगाम हमले के पीड़ितों को समर्पित करते हुए कहा है कि हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं।इस मैच में भारतीय टीम के सामने पाकिस्तान टीम टिक नहीं पायी और उसे एकतरफा मुकाबले में करारी हार का सामना करना पड़ा।भारतीय स्पिनरों कुलदीप यादव ,अक्षर पटेल और वरूण चक्रवर्ती के सामने पाक के बल्लेबाज बेबस नजर आये और पूरी टीम नौ विकेट पर 127 रन ही बना पायी।वहीं इसके बाद भारतीय टीम ने 15.5 ओवर में ही जीत दर्ज कर ली।सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।अभिषेक शर्मा ने पाक टीम के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को जमकर पीटा और 12 गेंद में ही 31 रन बनाये। वहीं कप्तान सूर्यकुमार ने 37 गेंद में नाबाद 47 रन बनाये।सूर्यकुमार ने कहा, '' यह जीत सुखद अहसास है।मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि अंत तक क्रीज पर बना रहूं और आज मैच समाप्त कर खुश हूं।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ खेलना भी किसी अन्य प्रतिद्वंद्वी की तरह ही है।अंत में सूर्यकुमार ने कहा, ''हम पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवारों के साथ खड़े हैं।हम अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं और हम आज की जीत को पीड़ितों और सशस्त्र बलों को समर्पित करना चाहते हैं।

# भारतीय टेनिस की मदद के लिए सिर्फ पद पर काबिज होना ही एकमात्र रास्ता नहीं है: सानिया

**दुबई (एजेंसी)।** राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के अनुसार देश के प्रत्येक खेल महासंघ की 15 सदस्यीय कार्यकारी समिति में चार महिलाओं का होना अनिवार्य है लेकिन दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्जा का मानना ??है कि युवा प्रतिभाओं को तराशने में उनकी भूमिका अखिल भारतीय टेनिस संघ (ढ्ढ्ढ) में एक पद से कहीं अधिक है। खेलों में भारतीय महिलाओं के लिए पथ प्रदर्शक रहीं सानिया ने अपने दुबई स्थित आवास से पीटीआई से कई मुद्दों पर बात की जिनमें टेनिस में वेतन समानता से लेकर स्विट्जरलैंड के खिलाफ भारत की डेविस कप जीत शामिल रहीं जबकि उन्होंने 16 साल की माया राजेश्वरन रेवती की विशेष प्रतिभा पर भी बात की है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह निकट भविष्य में खेल प्रशासन में दिखाई दे सकती हैं तो सानिया ने इसमें ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मदद करने के लिए उस शक्तिशाली पद पर होना ही एकमात्र तरीका है। ईमानदारी से कहूं तो मेरा यही जवाब है। अगर मुझे मौका मिले तो क्या मैं कर पाऊंगी, तो क्या मैं उस पद पर रहकर और योगदान दे पाऊंगी तो मैं ऐसा करना पसंद करूंगी। लेकिन क्या मैं इसका लक्ष्य बना रही हूं तो मेरा जवाब है, नहीं। क्योंकि यह मेरा लक्ष्य नहीं है।'

सानिया के लिए भारतीय टेनिस की अगली पीढ़ी के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए कोई पद पर बैठना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य युवा पीढ़ी के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों और विशेषकर युवा लड़कियों की मदद करना है क्योंकि मुझे लगता है कि उनके पास ज्यादा आदर्श नहीं हैं जिनसे वे प्रेरणा ले सकें।' सानिया ने कहा, 'मैं अपने अनुभव साझा करना चाहती हूं। और अगर मुझे इसके लिए किसी तंत्र में शामिल होने का मौका मिलता है और इससे मुझे सिर्फ फोन पर बात करने या कोर्ट पर उनकी मदद करने या किसी भी तरह की अन्य चीज से ज्यादा मौके मिलते है तो मुझे ऐसा करने में खुशी होगी।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मेरा फोकस इस पर नहीं है। यह मेरा लक्ष्य नहीं है।'

सानिया के बाद भारत में महिला टेनिस में कौन उभरती हुई प्रतिभा है , यह पूछने पर उन्होंने माया राजेश्वरन रेवती का नाम लिया । माया स्पेन में राफेल नडाल अकादमी में ट्रेनिंग लेती हैं। सानिया ने कहा, 'माया में काफी प्रतिभा है। मेरे बाद कौन आएगा, यह ऐसा सवाल है जिससे हम शायद पिछले 25 साल से जूझ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'तो एक 15-16 साल की युवा खिलाड़ी को आगे बढ़ते हुए देखना और अपने आयु वर्ग के ऊपर वर्गों में भी अपनी पकड़ बनाए रखते हुए देखना अच्छा लगता है।'

एकल में पूर्व 27वें नंबर की खिलाड़ी सानिया ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ डेविस कप मुकाबला जीतने के लिए भारतीय पुरुष टीम की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'डेविस कप टीम तारीफ की हकदार है जिसने यूरोप में शायद 31 या 32 साल बाद स्विट्जरलैंड को हराकर एक यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली बार जीत हासिल की है। सुमित नागल ने अच्छा नेतृत्व किया और पिछले डेढ़ साल में एक तरह से शानदार वापसी की है।'

नागल के बारे में बात करते हुए सानिया ने कहा कि भारत का शीर्ष एकल खिलाड़ी अभी 28 साल का है। उन्होंने कहा, 'लेकिन यह खिलाड़ी अब उतना युवा नहीं है। ये खिलाड़ी



28, 29, 30 साल के हैं। और टेनिस के लिहाज से ये इतने युवा नहीं हैं। यही सच है। लेकिन सुमित ने पिछले कुछ सालों से अकेले ही अविश्वसनीय काम किया है और डेविस कप में भी जीत हासिल की है।'

जहां तक युवा दक्षिणेश्वर सुरेश की बात है तो सानिया अभी थोड़ा और इंतजार करना चाहती हैं। ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में पुरुषों और महिलाओं के लिए पुरस्कार राशि समान होती है लेकिन सानिया आने वाले दिनों में अन्य टूर्नामेंट के वेतन में और समानता देखना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'महिला और पुरुष टेनिस खिलाड़ी बराबर पैसा कमाते हैं, असल में यह एक मिथक है। हां, ग्रैंडस्लैम में दोनों बराबर पैसा कमाते हैं। लेकिन इसके अलावा शायद एक-दो टूर्नामेंट में ही ऐसा होता है। लेकिन ज्यादा टूर्नामेंट में ऐसा नहीं है।' सानिया ने कहा, 'मुझे लगता है कि आज के जमाने में बराबर इनामी राशि होना चर्चा का विषय भी नहीं होना चाहिए क्योंकि इसमें जो मेहनत लगती है, जो खर्च होता है, वह महिला और पुरुष दोनों के लिए एक जैसा है।'

# अब लिवरपूल की ओर से खेलेंगे फॉरवर्ड ह्यूगो

लंदन ।फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके अब फुटबॉल क्लब लिवरपूल की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे।प्रीमियर लीग विजेता लीवरपूल ने आइंट्राख्ट फ्रैंकफर्ट के स्ट्राइकर एकिटिके से करार किया है।यह सौदा करीब 79 मिलियन पाउंड में हुआ। लिवरपूल ने इस फैसले की घोषणा सोशल मीडिया पर की और कहा कि उसने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड एकिटिके के ट्रांसफर के लिए एक करार किया है। क्लब ने कहा कि एकिटिके मेडिकल टेस्ट में पास हो गये हैं और लिवरपूल के साथ व्यक्तिगत शर्तों पर भी वह तैयार हैं।अब वह इस सप्ताह के अंत में एशिया के प्री-सीजन दौरे पर हांगकांग जा सकेंगे। लिवरपूल के नए मैनेजर आर्ने स्लॉट के अनुसार ये चौथा बड़ा ट्रांसफर है। इससे पहले क्लब ने फ्लोरियन विर्ट्ज को करीब 110 मिलियन पाउंड में खरीदा था। उनके अलावा डिफेंडर मिलोस केरकेज और जरेमी फ्रिमपोंग से भी करार किया। फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके, किसी भी पोजीशन पर खेल सकते हैं।उन्होंने पिछले सीजन में 48 मैचों में 22 गोल किए और एक दर्जन से अधिक गोलों में सहायोग दिया।लिवरपूल ने इस ट्रांसफर विंडो में अब तक 250 मिलियन पाउंड से ज्यादा खर्च कर दिए हैं। वहीं डार्विन नुनेज के भी क्लब छोड़ने की संभावना है।इसके अलावा फेडेरिको कियेसा को टीम के एशिया टूर के प्री-सीजन स्क्वाड में शामिल नहीं किया गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि वह भी क्लब से बाहर जा सकते हैं।कुछ दिन पहले लिवरपूल ने यह ऐलान किया कि उन्होंने कई मजबूत दावेदारों को पीछे छोड़ते हुए एकिटिके के ट्रांसफर पर समझौता कर लिया है।सोमवार को क्लब की ओर से जारी बयान में कहा गया, रेड्स और जर्मन टीम ने एक ट्रांसफर डील की, जिसकी कीमत 6.9 करोड़ पाउंड और 1 करोड़ पाउंड अतिरिक्त होने की बात कही जा रही है।23 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी एकिटिके मेडिकल जांच कराने और मैनेजर आर्ने स्लॉट की टीम के साथ लंबे समय के कॉन्ट्रैक्ट को अंतिम रूप देने के लिए मर्सीसाइड पहुंच गए। वहीं इससे पहले शनिवार को फ्रैंकफर्ट के प्री-सीजन मैत्री मैच में एकिटिके बेंच पर रहे और मैदान में नहीं उतरे, क्योंकि उनके भविष्य को लेकर बातचीत जारी थी।

